LAKṢAṆĀVALI

dictionary of Jaina philosophical tern

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोश)

तृतीय भाग (प्रकरणसमाजाति-ह्रस्व तक)

सम्पादक
बालचन्द्र सिद्धान्त-शास्त्री

वी. नि. सं० २५०५
विक्रम संवत् २०३६
सन् १९७९

मुद्रक
प्रिंट आर्ट प्रेस
नवीन शाहदरा, दिल्ली-३२
कम्पोजिंग गीता प्रिंटिंग एजेंसी

JAINA LAKṢAṆĀVALI

(An authentic discriptive dictionary of Jaina philosophical ter

EDITED BY

BĀLCHANDRA SIDDHĀNTA SHĀSTRI

VIR SEWA MANDIR

21, Daryaganj, New Delhi-2

४. **स्व० श्री साहू शान्तिप्रसाद जी जैन**—स्व० साहू जी न केवल इस ग्रन्थ की रचना में निरन्तर प्रेरणा, सुझाव व सहायता देते रहे; अपितु "वीर सेवा मन्दिर" के अध्यक्ष के पद पर सदा

सोसायटी के मन-प्राण ही रहे। आर्थिक योगदान "जैन लक्षणावली" के प्रकाशन में मूलरूप से उन्हीं का रहा। यहां तक कि इस अन्तिम भाग के प्रकाशन में भी उनकी प्रेरणा से "भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट" से दस हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिसके विना कार्य में अवरोध उत्पन्न होना अवश्यम्भावी था।

मेरे पास शब्द नहीं हैं कि मैं इन चार महान् व्यक्तियों का समुचित रूप से आभार प्रकट कर सकूं। 'वीर सेवा मन्दिर' चिरकाल तक इनका हृदय से आभारी रहेगा।

महेन्द्र सेन
महासचिव

नई दिल्ली
७-४-७९

सम्पादकीय

प्रस्तुत जैन लक्षणावली का दूसरा भाग लगभग ५ वर्ष पूर्व (१९७३) में प्रकाशित हुआ था। अब उसका यह अन्तिम तीसरा भाग कुछ विलम्ब से जिज्ञासु पाठकों के हाथों में पहुंच रहा है। इतना लम्बा समय लग जाने का कारण यह है कि सितम्बर १९७४ में मैं अस्वस्थ हो गया था। दिल्ली में अकेले रहते हुए स्वास्थ्यसुधार की आशा कुछ कम रह गई थी। इससे मुझे दिल्ली छोड़कर घर चला जाना पड़ा। इधर प्रस्तुत लक्षणावली के शेष कार्य के कराने की कोई अन्य व्यवस्था नहीं हो सकी। इसके लिए मुझे प्रेरणा की गई। इस सम्बन्ध में मुझे जो स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी जैन (अध्यक्ष वीर सेवा मन्दिर) का दि. १८-११-७४ का पत्र मिला, उससे मुझे यह निश्चय करना पड़ा कि स्वास्थ्य के कुछ ठीक होते ही मुझे दिल्ली पहुंच कर जिस किसी भी प्रकार से उसके शेष कार्य को पूरा अवश्य करा देना है। तदनुसार स्वास्थ्य के कुछ ठीक हो जाने पर मैं दि. १३ नवम्बर १९७५ को पुनः दिल्ली पहुंचा और लगभग १० मास वहां रहकर उसके शेष कार्य को सम्पन्न करते हुए उसकी पाण्डुलिपि तैयार करा दी। मुद्रण कार्य में विलम्ब होते देख मैं पुनः घर वापिस चला आया। मुद्रण कार्य के चालू हो जाने पर उसके दूसरे प्रूफों को मैं यहां मंगाकर देखता रहा तथा प्रथम और अन्तिम प्रूफों को वहीं देखकर श्री पं. पद्मचन्द्रजी शास्त्री मुद्रण का कार्य सुचारु रूप से कराते रहे। इस प्रकार से उसके इस अन्तिम भाग का कार्य सम्पन्न हो सका।

इस समय मुझे उन स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी का विशेष स्मरण हो रहा है, जिनकी सद्भावना-पूर्ण प्रेरणा से मैं इस कार्य को सम्पन्न करा सका। दुःख इस बात का है कि जिनका इस कार्य के कराने में इतना महत्त्वपूर्ण योगदान रहा वे साहू जी इसे सम्पन्न होता न देख सके और बीच में ही काल-कवलित हो गये।

जैसी कि प्रथम भाग की प्रस्तावना में (पृ. ६९) सूचना की गई थी, इस भाग की प्रस्तावना में शेष ग्रन्थों का परिचय कराना अभीष्ट था, पर स्वास्थ्य की शिथिलता और यहां (हैदराबाद) उन ग्रन्थों की अनुपलभ्यता के कारण उनका परिचय नहीं कराया जा सका।

इस भाग में नयविवरण, रयणसार और वसुदेवहिंडी जैसे २-४ ग्रन्थों को छोड़कर अन्य नये ग्रन्थों का उपयोग नहीं हुआ है। इसी से इस भाग के अन्त में प्रथम और द्वितीय भाग के समान ग्रन्थ और ग्रन्थकारों की अनुक्रमणिका नहीं दी गई है।

आभार—

इस भाग के सम्पादन कार्य में श्री पन्नालाल जी अग्रवाल और पं. परमानन्द जी शास्त्री का सहयोग पूर्ववत् रहा है। बीच में परिस्थिति वश कार्य के कुछ रुक जाने पर उसे पूरा करा देने के सम्बन्ध में अग्रवाल जी के तो मुझे कई प्रेरणात्मक पत्र भी मिले हैं।

स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी की सद्भावनापूर्ण प्रेरणा के अतिरिक्त वीर सेवा मन्दिर के उपाध्यक्ष ला. इन्द्रसेन जी, महासचिव श्री महेन्द्रसेन जी और साहित्यसचिव श्री गोकुलप्रसाद जी एम्. ए., साहित्य-रत्न की अत्यधिक प्रेरणा से जो मुझे बल मिला उसके आश्रय से ही मेरे द्वारा यह रुका हुआ कार्य सम्पन्न हो सका है।

श्री प्रकाशचन्द्र जी एम. ए. प्राचार्य समन्तभद्र विद्यालय से पाण्डुलिपि के तैयार करने में सहयोग मिला है।

श्री विद्यावारिधि डा. ज्योतिप्रसाद जी जैन लखनऊ ने हमारे निवेदन पर अंग्रेजो में फोरवर्ड लिख देने की कृपा की है। आपने यह महत्त्वपूर्ण सुझाव भी दिया है कि जो बहुत से लक्ष्य शब्द इस संस्करण में संगृहीत नहीं हो सके हैं उनका संकलन करके परिशिष्ट के रूप में एक पुस्तिका को प्रकाशित कराया जाय, जिसमें जिन शेष ग्रन्थों का परिचय नहीं कराया जा सका है उनके परिचय के साथ ग्रन्थकारों के संशोधित समय आदि के सम्बन्ध में भी प्रकाश डाला जाय। आपका यह सुझाव बहुत उपयोगी है, पर उसके लिये अनुकूल कभी वैसी परिस्थिति निर्मित होगी, इस विषय में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

श्री पं. पद्मचन्द्र जी शास्त्री एम्. ए. ने पहिले और अन्तिम प्रूफों को देखकर मुद्रण के कार्य में सहायता की है, साथ ही प्रसंगवश यदि कभी किसी ग्रन्थ के सन्दिग्ध स्थलविशेष को देखना पड़ा तो वे उसे यथासम्भव देखकर उसकी सूचना मुझे करते रहे हैं।

श्री सत्यनारायण जी शुक्ला (कंपोजिंग गीता प्रिंटिंग एजेंसी) ने ग्रन्थ के मुद्रण कार्य में काफी रुचि दिखलायी है। यदि कभी संशोधन कार्य कुछ बढ़ भी गया तो इसके लिये उन्होंने कभी विमनस्कता नहीं प्रगट की।

इस प्रकार इन उपर्युक्त सभी महानुभावों के यथायोग्य सहयोग के बल पर ही यह कार्य सम्पन्न हुआ है। अतः मैं इन सभी का हृदय से आभार मानता हूं।

महावीर जयन्ती
१०-४-७६

बालचन्द्र शास्त्री
हैदराबाद

Jainism represents a fully developed, very comprehensive and one of the oldest living religious and cultural systems indigenous to India. It possesses a vast and varied literature of its own, most of the early and basic works being composed in the Prakrit language; supplemented by those in Sanskrit and Apabhramsha. Thanks to the patient and painstaking work done by a number of eminent orientalists, both Indian and Western, during the past two hundred years or so, Jainology has now come to be recognised as a distinct, rich and important branch of Indology or oriental studies. In the Indian, as also in several foreign universities, dozens of scholars have done research work or undertaken specialised studies in various aspects of the Jaina religion, philosophy, culture, tradition, history, art and literature, during the past several decades, and the number is daily on the increase. If no more in its infancy, Jainology is still in its adolescence; there is yet immense scope and new vistas open to those who delve deeper in any of its branches.

Most of the available ancient works, written in different languages have been published. Many of these are well-edited, are often accompanied by vernacular or English translations and commentaries, useful appendices and indices, and usually carry a learned and critical introduction. But all the manuscripts preserved in the numerous Jaina Shastra Bhandars, which are scattered over the country, have not been exhausted, and of the published ones many are such as need be produced in revised, improved and standard editions by specialists in the subjects concerned. The number of independent modern treatises and dissertations is also not small, but some aspects or branches still remain unrepresented or poorly represented.

In order to facilitate the work of the students and researchers of Jainology, what are most needed are the suitable, authentic and up-to-date reference books of different categories, such as, reports of manuscript libraries, catalogues of manuscripts and of published books, comprehensive index of authors and works, classified histories of literature, bibliographies, well-edited collections of Pattavalis (pontifical genealogies), colophons, other historical documents and inscriptions, reports of the survey of Jaina archaeological sites and cultural and pilgrim centres, regionwise and periodwise catalogues of Jaina antiquities, art and architecture, directories, geographical and biographical dictionaries, index of verses of the ancient texts, topical dictionaries, dictionaries of technical terms and a good encyclopaedia Jainica.

Considerable work has been already done in this sphere and we do not now suffer from a lack of reference books, one or more of which are available in all but a few of the categories hinted above. But not all of these books are complete, com-

prehensive, systematic, authentic or of the requisite standard, wherefor much has yet to be done.

In the present context, we are chiefly concerned with the glossaries or the dictionaries of technical terms. Every science, art, skill, profession or department of knowledge possesses its own set of technical terms which have a significance peculiar to that subject, different from their ordinary dictionary meanings or common usages. Naturally, therefore, a well-developed and comprehensive religious, cultural and philosophical system with a long standing tradition as Jainism is, possesses numerous technical terms, related to its metaphysics, ontology, cosmology, mythology, epistemology, psychology, philosophy, diolectics, dogmatics, ethics and ritual. One not knowing the real import of such a term with reference to the context will find great difficulty in grasping the meaning of the text and is likely to misunderstand and misinterpret it.

There are certain terms which are exclusively used in the Jaina system, some others are such as are common to both, the Jaina and non-Jaina systems, but are used in the Jaina in an altogether different sense, or even if the sense is the same or similar, the philosophical concept implied in the term differs materially, and there are also terms which are current in common usage but have been adopted in Jainism and given a peculiar meaning. Moreover, there are certain terms, each conveying more than one sense which differ from context to context, in Jainism itself; and cases are not wanting when the definitions of the same term, given by several ancient writers, differ from one another. Many a time this helps in tracing the development in the meaning of a term and consequently in the concept, philosophical or otherwise, implied by that term. Then there are also some terms the definitions of which have a wider import and are interesting as well as valuable for the cultural, social, economic and even political history of ancient India. Hence the need for compilation of glossaries containing independent definitions and precise explanations of the words and expressions used in the Jaina system with technical and specialised meaning has been imperative.

Happily, it was early realised by the pioneers of the Jaina renaissance in the modern age. As early as 1909, Pt. Gopaldas Baraiya published his glossary, the **Jain Siddhanta Praveshika**, in 1908 J.L. Jaini brought out his **Jaina Gem Dictionary** and in 1925, Bihari Lal Chaitanya's **Jain Shabda Maharnava**, Part I, was published from Barabanki, the second part of which was compiled by Br. Sital Prasad and published from Surat in 1934. In the mean time, Vijaya Rajendra Suri's famous **Abhidhana-Rajendra**, in seven volumes, was published from Ratlam in 1913-34, the **Ardhmagadhi Kosha** of Ratanchandra Shatavadhani from Ajmer-Bombay in 1923-32 and the **Paiya-sadda-mahannavo** of Hargovindadas, T. Shah from Calcutta in 1928. The **Alpa-parichita-saiddhantic-sabda-Kosha**, Part I, of Anandsagar Suri came out from Surat in 1954 and the two excellent topical dictionaries, the **Leshya Kosha** and the **Kriya-Kosha**, by the joint efforts of Mohanlal Banthia and Srichand Chorariya from Calcutta, in 1966 and 1969 respectively. **A Dictionary of Prakrit Proper Names**, Part I (1970) and Part II (1972), has been published by the L.D. Institute of Indology, Ahmedabad, and the four volumes of Jinendra Varni's **Jainendra Siddhanta Kosha**, by the Bharatiya Jnanpith, New Delhi in 1970-73.

All these works have proved very useful for the students of Jainology, and remain so for time to come. But whereas the Abhidhana Rajendra and the Jinendra Siddhanata Kosha aim at being veritable encyclopaedias, the former drawing upon mainly the Shvetambara literature and tradition and the latter upon the Digambara, the other dictionaries are either incomplete, partial, sectarian, or confined to a particular topic or section of literature. The need for a comprehensive, methodical, authentic and precise dictionary giving original definitions, in chronological sequence, of each of the Jaina technical terms, gleaned from a wide range of literature including almost all the ancient Jaina works, both Digambara and Shvetambara, and accepted as basic and authentic, therefore, remained unfilled.

It was the late Pt. Jugal Kishore Mukhtar (1877-1968) who, as early as 1932, conceived the idea of and later chalked out a detailed scheme for the compilation of exactly such a dictionary under the title Jaina Lakshanavali. He was a doyen of learning and an eminent pioneer researcher in the field of Jainology, who devoted the major part of his ninety-one years' life to the service of Jaina literature, and produced many valuable works including critical editions, translations and commentaries of several old texts, a number of scathing critiques, lists of mss., collections of colophons, a valuable index of verses of 64 important Prakrit texts, and historical discussions on most of the ancient authors and their works. In 1936, he founded the Vir Sewa Mandir, started its research journal the Anekant, and began in right earnest, work on his cherished scheme of the Jaina Lakshanavali. For about a year the work went on smoothly, but thereafter laxity crept in and, for several reasons, it was ultimately put off, though not wholly given up. After the Vir Seva Mandir was shifted, in the fifties, from Sarsawa to Delhi and a new registered society was formed to run it, Babu Chhote Lal Jain, its chairman, who had great respect for and interest in the work of Mukhtar Sahib, revived the scheme.

The task of compiling the dictionary was stupendous and required the devoted services of a very mature, experienced and learned scholar, quite at home with the whole range of ancient Jaina literature. Fortunately, the man most suited ,to this undertaking was Pt. Balchandra Shastri who had been associated with this work in its early stages in the late thirties. During the intervening 25 years or so, he had ably assisted in the editing and translating of the Dhavala volumes (VI to XVI), and himself edited and translated about a dozen other important Sanskrit and Prakrit texts. He was, therefore, entrusted, in the early sixties, with the completion and finalisation of the **Jaina Lakshanavali**. He took it as a labour of love. The result was that the first volume saw the light of the day in 1972, the second in 1973, and the present is the third and last volume.

This marvellous dictionary amply illustrates all the characteristics of Jaina technical terms, as indicated above. Each term, its Sanskrit form, carries with it its definitions in the original, with reference to the texts from which they have been gleaned, followed by an illuminating substance in Hindi, which enhances the usefulness of the work. Moreover, volume I also contains a list of the 390 texts used for the purpose. Their approximate chronology, a descriptive account of 102

प्रस्तावना

प्रस्तुत 'जैन लक्षणावली' भाग १ की प्रस्तावना में उस भाग में संग्रहीत लक्ष्य शब्दों में से कुछ के अन्तर्गत विशिष्ट लक्षणों के सम्बन्ध में आलोचनात्मक दृष्टि से 'लक्षण वैशिष्ट्य' शीर्षक में पृ. ७०-८५ में विचार किया गया है। अब यहां भाग २ व ३ में संग्रहीत लक्ष्य-शब्दों में से कुछ चुने हुए लक्ष्य शब्दों के अन्तर्गत विशिष्ट लक्षणों के सम्बन्ध में प्रकाश डाला जा रहा है। यह स्मरण रहे कि विवक्षित लक्ष्य शब्द के अन्तर्गत जितने ग्रन्थों से लक्षणों का संग्रह किया जा सका है उनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थों में भी जो पीछे प्रकृत लक्षण दृष्टिगत हुए हैं, समीक्षात्मक दृष्टि से विचार करते हुए यहां उन लक्षणों को तथा उनके पूर्वापर सम्बन्ध को भी विचार कोटि में ले लिया गया है।

कपित्थ दोष—इसका लक्षण मूलाचार वृत्ति (७-१७) और प्रवचनसारोद्धार आदि में उपलब्ध होता है। मूलाचार वृत्ति के रचयिता आ. वसुनन्दी और प्रवचनसारोद्धार के निर्माता नेमिचन्द्र हैं। दोनों का समय वि. की १२वीं शती रहा दिखता है। उनमें पूर्वोत्तर समयवर्ती कौन है, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। वसुनन्दी के द्वारा जो उसका लक्षण वहां निबद्ध किया गया है उसमें कहा गया है कि जो कपित्थ (कैंथ) के फल के समान मुट्ठी को बांधकर कायोत्सर्ग से स्थित होता है वह कायोत्सर्ग के इस कपित्थ नामक दोष का भागी होता है।

प्रवचन सारोद्धार (२५९) में उसके विषय में कहा गया है कि जो षट्पदों (मधुमक्खियों) के भय से शरीर को कपित्थ के समान वस्त्र से वेष्टित करके कायोत्सर्ग में स्थित होता है वह प्रकृत कपित्थ दोष का भाजन होता है। इसकी वृत्ति में और योगशास्त्र के स्वो. विवरण में भी मतान्तर को प्रगट करते हुए किंचित् अभिप्रायभेद के साथ यह विशेष निर्देश किया गया है कि मधुमक्खियों के भय से कपित्थ के समान चोलपट्ट से शरीर को ढककर व उसे मुट्ठी में ग्रहण करके अथवा जंघा आदि के मध्य में करके स्थित होना, यह कपित्थदोष का लक्षण है। अन्य आचार्यों के मत का उल्लेख करते हुए यहां यह भी निर्देश किया गया है—इसी प्रकार मुट्ठी को बांधकर स्थित होना, इसे अन्य आचार्य कपित्थ दोष का लक्षण कहते हैं।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय में चूंकि प्रायः वस्त्र का विधान है, अतः वहां उसका उक्त प्रकार का लक्षण संगत ही प्रतीत होता है। मूला. वृत्ति और अनगारधर्मामृत में जो लक्षण निर्दिष्ट किया गया है उसका आधार सम्भवतः शीत आदि की वेदना रहा होगा।

पर्व-पर्वांग—ये काल विशेष हैं। इनके विषय में भाग १ की प्रस्तावना पृ. ७१-७२ पर 'अटटांग' शब्द को देखिये।

काङ्क्षा व कांक्षा—यह सम्यग्दर्शन का एक अतिचार है। तत्त्वार्थाधिगमभाष्य (७-१८) में इसके लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि इस लोक और पर लोक सम्बन्धी विषयों की इच्छा करना, इसका नाम कांक्षा है। हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि विरचित उसकी वृत्तियों में विकल्प रूप में यह भी कहा गया है—अथवा विभिन्न दर्शनों (सम्प्रदायों) को स्वीकार करना, इसे काङ्क्षा कहा जाता है। इसकी पुष्टि में वहां 'तथा चागमः' ऐसा निर्देश करते हुए 'कंखा अण्णण्णदंसणग्गाहो' इस आगमवाक्य को भी उद्धृत किया गया है। यह आगमवाक्य श्रावकप्रज्ञप्ति की ८७वीं गाथा के अन्तर्गत है।

of them, and a very learned introduction, running into 87 pages and yet incomplete, is completed in the present volume. A perusal of the introduction reveals the difficulties and stupendousness of task, the method adopted in the compilation, and the value and importance of the glosses, through a critical discussion of some 25 typical specimens.

This is, no doubt, a monumental work, an authentic reference book, extremely useful not only for the students of Jainology, but also those of Indology and of philosophy, eastern and western, in general, All those associated with the initiation, preparation and publication of the work : Pt. Jugal Kishore Mukhtar, B. Chhote Lal Jain, Sahu Shanti Prasad Jain, the authorities of the Vir Seva Mandir, and Pt. Balchandra Shastri, its very competent editor, deserve our warm thanks. Unfortunately, B. Chhote Lal Jain (died 1966) and Mukhtar Sahib (died 1968) could not live to see it in print, and Sahu Shanti Prasad (died 1977) could have the satisfaction of seeing only the first two volumes published. We gratefully cherish the memory of all these noble servers of the cause of Jainology.

Jyoti Nikunj,
Charbagh, Lucknow-1
24 December, 1978

—Jyoti Prasad Jain

प्रस्तावना

प्रस्तुत 'जैन लक्षणावली' भाग १ की प्रस्तावना में उस भाग में संग्रहीत लक्ष्य शब्दों में से कुछ के अन्तर्गत विशिष्ट लक्षणों के सम्बन्ध में आलोचनात्मक दृष्टि से 'लक्षण वैशिष्ट्य' शीर्षक में पृ. ७०–८५ में विचार किया गया है। अब यहां भाग २ व ३ में संग्रहीत लक्ष्य-शब्दों में से कुछ चुने हुए लक्ष्य शब्दों के अन्तर्गत विशिष्ट लक्षणों के सम्बन्ध में प्रकाश डाला जा रहा है। यह स्मरण रहे कि विवक्षित लक्ष्य शब्द के अन्तर्गत जितने ग्रन्थों से लक्षणों का संग्रह किया जा सका है उनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थों में भी जो पीछे प्रकृत लक्षण दृष्टिगत हुए हैं, समीक्षात्मक दृष्टि से विचार करते हुए यहां उन लक्षणों को तथा उनके पूर्वापर सम्बन्ध को भी विचार कोटि में ले लिया गया है।

कपित्थ दोष—इसका लक्षण मूलाचार वृत्ति (७-१७) और प्रवचनसारोद्धार आदि में उपलब्ध होता है। मूलाचार वृत्ति के रचयिता आ. वसुनन्दी और प्रवचनसारोद्धार के निर्माता नेमिचन्द्र हैं। दोनों का समय वि. की १२वीं शती रहा दिखता है। उनमें पूर्वोत्तर समयवर्ती कौन है, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। वसुनन्दी के द्वारा जो उसका लक्षण वहां निबद्ध किया गया है उसमें कहा गया है कि जो कपित्थ (कैंथ) के फल के समान मुट्ठी को बांधकर कायोत्सर्ग से स्थित होता है वह कायोत्सर्ग के इस कपित्थ नामक दोष का भागी होता है।

प्रवचन सारोद्धार (२५६) में उसके विषय में कहा गया है कि जो षट्पदों (मधुमक्खियों) के भय से शरीर को कपित्थ के समान वस्त्र से वेष्टित करके कायोत्सर्ग में स्थित होता है वह प्रकृत कपित्थ दोष का भाजन होता है। इसकी वृत्ति में और योगशास्त्र के स्वो. विवरण में भी मतान्तर को प्रगट करते हुए किंचित् अभिप्रायभेद के साथ यह विशेष निर्देश किया गया है कि मधुमक्खियों के भय से कपित्थ के समान चोलपट्ट से शरीर को ढककर व उसे मुट्ठी में ग्रहण करके अथवा जंघा आदि के मध्य में करके स्थित होना, यह कपित्थदोष का लक्षण है। अन्य आचार्यों के मत का उल्लेख करते हुए यहां यह भी निर्देश किया गया है—इसी प्रकार मुट्ठी को बांधकर स्थित होना, इसे अन्य आचार्य कपित्थ दोष का लक्षण कहते हैं।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय में चूंकि प्राय: वस्त्र का विधान है, अत: वहां उसका उक्त प्रकार का लक्षण संगत ही प्रतीत होता है। मूला. वृत्ति और अनगारधर्मामृत में जो लक्षण निर्दिष्ट किया गया है उसका आधार सम्भवत: शीत आदि की वेदना रहा होगा।

पर्व-पर्वांग—ये काल विशेष हैं। इनके विषय में भाग १ की प्रस्तावना पृ. ७१-७२ पर 'अटटांग' शब्द को देखिये।

काङ्क्षा व कांक्षा—यह सम्यग्दर्शन का एक अतिचार है। तत्त्वार्थाधिगमभाष्य (७-१८) में इसके लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि इस लोक और पर लोक सम्बन्धी विषयों की इच्छा करना, इसका नाम कांक्षा है। हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि विरचित उसकी वृत्तियों में विकल्प रूप में यह भी कहा गया है—अथवा विभिन्न दर्शनों (सम्प्रदायों) को स्वीकार करना, इसे काङ्क्षा कहा जाता है। इसकी पुष्टि में वहां 'तथा चागम:' ऐसा निर्देश करते हुए '**कंखा अण्णण्णदंसणग्गाहो**' इस आगमवाक्य को भी उद्धृत किया गया है। यह आगमवाक्य श्रावकप्रज्ञप्ति की ८७वीं गाथा के अन्तर्गत है।

रत्नकरण्डक (१२) में प्रकृत कांक्षा के विपरीत अनाकांक्षा या निःकांक्षित अंग के लक्षण में कहा गया है कि जो सांसारिक सुख कर्म के अधीन, विनश्वर एवं दुख का कारण है उस पाप के बीजभूत सुख में आस्था न रखना—उसकी स्थिरता पर विश्वास न करते हुए अभिलाषा न करना—इसका नाम निः-कांक्षित है। इससे यह फलित हुआ कि ऐसे सांसारिक सुख की इच्छा करना, यह उक्त कांक्षा का लक्षण है। भगवती आराधना की विजयो. टीका (४४) में आसक्ति को कांक्षा कहा गया है। आगे इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि दर्शन, व्रत, दान, देवपूजा एवं दान से उत्पन्न पुण्य के प्रसाद से मेरे लिए यह कुल, रूप, धन और स्त्री-पुत्रादि अतिशय को प्राप्त हों; इस प्रकार की जो अभिलाषा होती है उसे कांक्षा कहा जाता है। तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १) में निःकांक्षित अंग के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि उभय लोक सम्बन्धी विषयोपभोग की आकांक्षा न रखना अथवा मिथ्या दर्शनान्तरों की अभिलाषा न करना, इसे निःकांक्षित अंग कहा जाता है। तदनुसार उभय लोक सम्बन्धी विषयोपभोग की इच्छा को अथवा मिथ्या दर्शनों के ग्रहण की अभिलाषा को कांक्षा अतिचार समझना चाहिए।

इस प्रकार तत्त्वार्थाधिगम भाष्य में जहां केवल विषयोपभोग की आकांक्षा को कांक्षा का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है वहां उसकी वृत्ति में हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि ने इस लोक व परलोक सम्बन्धी विषयों की इच्छा के साथ विकल्प रूप में पूर्वोक्त आगमवचन के अनुसार विभिन्न दर्शनों के ग्रहण की अभिलाषा को भी कांक्षा कहा है। जैसा कि ऊपर संकेत किया गया है, उक्त आगम वाक्य श्रावकप्रज्ञप्ति की ८७वीं गाथा के अन्तर्गत उपलब्ध है जो किसी अन्य प्राचीन ग्रन्थ का होना चाहिए।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है तत्त्वार्थवार्तिककार को कांक्षा के लक्षण में विषयोपभोग की इच्छा और दर्शनान्तरों के ग्रहण की इच्छा दोनों ही अभिप्रेत रहे हैं। अमृतचन्द्र सूरि को तत्त्वार्थवार्तिक-कार के समान कांक्षा के लक्षण स्वरूप इस भव में वैभव आदि की अभिलाषा तथा पर भव में चक्रवर्ती आदि पदों की अभिलाषा के साथ एकान्तवाद से दूषित अन्य सम्प्रदायों के ग्रहण की अभिलाषा भी अभीष्ट रही है (पु. सि. २४)। उक्त त. वा. का अनुसरण चारित्रसार (पृ. ३) में भी किया गया है।

उक्त त. भा. को छोड़कर जहां प्रायः अन्य श्वेताम्बर ग्रन्थकारों को कांक्षा से विभिन्न दर्शनों का ग्रहण अभीष्ट रहा है वहां अधिकांश दि. ग्रन्थकारों को उससे विषयोपभोगाकांक्षा अभिप्रेत रही है। श्वे. ग्रन्थों में इसके दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—देशकांक्षा और सर्वकांक्षा। देशकांक्षा से उन्हें बौद्धादि किसी एक ही दर्शन की अभिलाषा अभिप्रेत रही है (देखिए दशवै. नि. १८२ की हरि. वृत्ति, श्रा. प्र. की टीका ८ और धर्मबिन्दु की वृत्ति २-११ आदि)।

गच्छ व गण—धवला (पु. १३, पृ. ६३) के अनुसार तीन पुरुषों के समुदाय का नाम गण और इससे अधिक पुरुषों के समुदाय का नाम गच्छ है। मूलाचार की वृत्ति (४-३२) में तीन पुरुषों के समुदाय को गण और सात पुरुषों के समुदाय को गच्छ कहा गया है। तत्त्वा. भाष्य की सिद्धसेन विर-चित वृत्ति (९-२४) व योगशास्त्र के स्वो. विवरण (४-९०) में एक आचार्य के नेतृत्व में रहने वाले साधुओं के समूह को गच्छ कहा गया है।

सर्वार्थसिद्धि (९-२४), तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (९-२४) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, २४, ८) आदि के अनुसार स्थविरों की सन्तति को गण कहा जाता है। आवश्यक निर्युक्ति (२११) की हरिभद्र व मलयगिरि विरचित वृत्ति के अनुसार एक वाचना, आचार व क्रिया में स्थित रहने वालों के समुदाय का नाम गण है। औपपातिक सूत्र की अभय. वृत्ति (२०) और योगशास्त्र के स्वो. विवरण (४-९०) में कुलों के समुदाय को गण कहा गया है।

ग्रन्थि—विशेषावश्यक भाष्य (११९३) में ग्रन्थि के लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि जिस प्रकार वृक्ष या रस्सी की कठोर व सघन गांठ अतिशय दुर्भेद्य होती है उसी प्रकार जीव का जो कर्मजनित राग-द्वेषरूप परिणाम अतिशय दुर्भेद्य होता है उसे उक्त ग्रन्थि के समान होने से ग्रन्थि कहा गया है। जब तक इस ग्रन्थि को नहीं भेदा जाता है तब तक जीव को सम्यक्त्व प्राप्त नहीं होता।

इस ग्रन्थि का भेदन अपूर्वकरण परिणामों के द्वारा होता है। यथाप्रवृत्तकरण जीव के अनादि काल से प्रवृत्त रहता है। जिस प्रकार नदी में पड़े हुए पत्थरों में से कोई घिसते-घिसते स्वयमेव गोल हो जाता है उसी प्रकार अनादि से प्रवृत्त इस करण में घर्षण-घूर्णन के निमित्त से ज्ञानावरणादि कर्मों की स्थिति में केवल एक कोड़ाकोड़ि को छोड़ शेष समस्त कोड़ाकोड़ियां क्षय को प्राप्त हो जाती हैं। पश्चात् शेष रही उस एक कोड़ाकोड़ि मात्र स्थिति में भी जब पल्योपम का असंख्यातवां भाग और भी क्षीण हो जाता है तब तक पूर्वोक्त ग्रन्थि अभिन्नपूर्व ही रहती है। उसका भेदन अपूर्वकरण परिणाम के द्वारा होता है। अनन्तर अनिवृत्तिकरण के अन्त में जीव को मोक्षपद के कारणभूत उस सम्यक्त्व का लाभ होता है। इस ग्रन्थि का प्रसंग विशेषा. भाष्य (११८८-१२१५) व अन्य भी श्वे. ग्रन्थों में उपलब्ध होता है। पर वह किसी दि. ग्रन्थ में मुझे दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

तत्त्वार्थवार्तिक (९, १, १३) में यथाप्रवृत्त के समानार्थक 'अथाप्रवृत्त' का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जीव कर्मों को अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति से युक्त करके कालादिलब्धिपूर्वक अथाप्रवृत्त करण के प्रथम समय में प्रविष्ट होता है। यह करण चूंकि पूर्व में उस प्रकार से कभी भी प्रवृत्त नहीं हुआ, अतः उसकी 'अथाप्रवृत्त' यह सार्थक संज्ञा है।

दि. ग्रन्थों में 'षट्खण्डागम' यह एक प्राचीनतम ग्रन्थ है। उसके प्रथम खण्डभूत जीवस्थान की नौ चूलिकाओं में आठवीं चूलिका के द्वारा सम्यक्त्व की उत्पत्ति की प्ररूपणा की गई है (देखिए पु. ६, पृ. २०३ से २६७)। उसके अनुसार पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक सर्वविशुद्ध जीव जब कर्मों की शेष स्थिति को क्षीण करके उसे संख्यात हजार सागरोपमों से हीन अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण कर देता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व के उत्पादन में समर्थ होता है (सूत्र १, ९-८, ३-५)। सर्वार्थसिद्धि (२-३) और तत्त्वार्थवार्तिक (२, ३, २) में प्रायः उक्त षट्खण्डागम के सूत्रों का शब्दशः अनुसरण किया गया है। जैसा कि पूर्व में निर्देश किया गया है त. वा. (९, १, १३) में सूचित 'कालादिलब्धि' की विशेष प्ररूपणा यहां की जा चुकी है।

उस समय उसके क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना, प्रायोग्य और करण ये पांच लब्धियां होती हैं। इनमें प्रथम चार लब्धियां तो साधारण हैं—वे भव्य के समान अभव्य के भी हो सकती हैं, किन्तु अन्तिम करणलब्धि सम्यक्त्व के उन्मुख हुए भव्य जीव के ही होती है। इस करणलब्धि में क्रम से अधःप्रवृत्त-करण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन करणों को करते हुए जीव के अनिवृत्तिकरण के अन्तिम समय में प्रथम सम्यक्त्व का लाभ होता है (इन लब्धियों का स्वरूप धवला पु. ६, पृ. २०४-३० पर देखा जा सकता है)।

छेद—आचार्य कुन्दकुन्द ने छेद के अभिप्राय को प्रगट करते हुए प्रवचनसार (३-१६) में कहा है कि शयन, आसन, स्थान और गमनादि कार्यों में जो श्रमण की प्रयत्न से रहित चर्या—असावधानता-पूर्ण प्रवृत्ति—होती है उसका नाम छेद है। यद्यपि मूल गाथा में प्रकृत छेद शब्द का प्रयोग न करके पूर्वोक्त प्रवृत्ति को हिंसा कहा गया है, तो भी उसकी व्याख्या करते हुए अमृतचन्द्र सूरि ने यह स्पष्ट कहा है कि अशुद्ध उपयोग का नाम छेद है, और चूंकि अनाचारपूर्ण प्रवृत्तिरूप मुनि का वह अशुद्ध उपयोग श्रमणधर्म का छेदन करता है—उसका विनाशक है, इसलिए उसे छेद कहना युक्तिसंगत है।

त. सूत्र (९-२२) और स. सि. आदि ग्रन्थों के अनुसार छेद यह नौ प्रकार के अथवा मूलाचार (५-१६५) के अनुसार दस प्रकार के प्रायश्चित्त के अन्तर्गत है। स. सि. में उसके लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अपराध के होने पर साधु की दीक्षा को यथायोग्य एक दिन, पक्ष व मास आदि से हीन कर देना, इसका नाम छेद प्रायश्चित्त है। त. वा. और (धवला पु. १३, पृ. ६१) आदि में प्रायः इसी का अनुसरण किया गया है। विशेषरूप से धवला में यह कहा गया है कि दिवस, पक्ष, मास, ऋतु, अयन और संवत्सर आदि प्रमाण दीक्षापर्याय को छेदकर अभीष्ट पर्याय से नीचे की भूमि में स्थापित करना, यह छेद नाम का प्रायश्चित्त है। यह प्रायश्चित्त अपराध करने वाले उस अभिमानी साधु के

रत्नकरण्डक (१२) में प्रकृत कांक्षा के विपरीत अनाकांक्षा या निःकांक्षित अंग के लक्षण में कहा गया है कि जो सांसारिक सुख कर्म के अधीन, विनश्वर एवं दुख का कारण है उस पाप के बीजभूत सुख में आस्था न रखना—उसकी स्थिरता पर विश्वास न करते हुए अभिलाषा न करना—इसका नाम निः-कांक्षित है। इससे यह फलित हुआ कि ऐसे सांसारिक सुख की इच्छा करना, यह उक्त कांक्षा का लक्षण है। भगवती आराधना की विजयो. टीका (४४) में आसक्ति को कांक्षा कहा गया है। आगे इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि दर्शन, व्रत, दान, देवपूजा एवं दान से उत्पन्न पुण्य के प्रसाद से मेरे लिए यह कुल, रूप, धन और स्त्री-पुत्रादि अतिशय को प्राप्त हों; इस प्रकार की जो अभिलाषा होती है उसे कांक्षा कहा जाता है। तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १) में निःकांक्षित अंग के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि उभय लोक सम्बन्धी विषयोपभोग की आकांक्षा न रखना अथवा मिथ्या दर्शनान्तरों की अभिलाषा न करना, इसे निःकांक्षित अंग कहा जाता है। तदनुसार उभय लोक सम्बन्धी विषयोपभोग की इच्छा को अथवा मिथ्या दर्शनों के ग्रहण को अभिलाषा को कांक्षा अतिचार समझना चाहिए।

इस प्रकार तत्त्वार्थाधिगम भाष्य में जहां केवल विषयोपभोग की आकांक्षा को कांक्षा का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है वहां उसकी वृत्ति में हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि ने इस लोक व परलोक सम्बन्धी विषयों की इच्छा के साथ विकल्प रूप में पूर्वोक्त आगमवचन के अनुसार विभिन्न दर्शनों के ग्रहण की अभिलाषा को भी कांक्षा कहा है। जैसा कि ऊपर संकेत किया गया है, उक्त आगम वाक्य श्रावकप्रज्ञप्ति की ८७वीं गाथा के अन्तर्गत उपलब्ध है जो किसी अन्य प्राचीन ग्रन्थ का होना चाहिए।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है तत्त्वार्थवार्तिककार को कांक्षा के लक्षण में विषयोपभोग की इच्छा और दर्शनान्तरों के ग्रहण की इच्छा दोनों ही अभिप्रेत रहे हैं। अमृतचन्द्र सूरि को तत्त्वार्थवार्तिक-कार के समान कांक्षा के लक्षण स्वरूप इस भव में वैभव आदि की अभिलाषा तथा पर भव में चक्रवर्ती आदि पदों की अभिलाषा के साथ एकान्तवाद से दूषित अन्य सम्प्रदायों के ग्रहण की अभिलाषा भी अभीष्ट रही है (पु. सि. २४)। उक्त त. वा. का अनुसरण चारित्रसार (पृ. ३) में भी किया गया है।

उक्त त. भा. को छोड़कर जहां प्रायः अन्य श्वेताम्बर ग्रन्थकारों को कांक्षा से विभिन्न दर्शनों का ग्रहण अभीष्ट रहा है वहां अधिकांश दि. ग्रन्थकारों को उससे विषयोपभोगाकांक्षा अभिप्रेत रही है। श्वे. ग्रन्थों में इसके दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—देशकांक्षा और सर्वकांक्षा। देशकांक्षा से उन्हें बौद्धादि किसी एक ही दर्शन की अभिलाषा अभिप्रेत रही है (देखिए दशवै. नि. १८२ की हरि. वृत्ति, श्रा. प्र. की टीका ८ और धर्मबिन्दु की वृत्ति २-११ आदि)।

गच्छ व गण—धवला (पु. १३, पृ. ६३) के अनुसार तीन पुरुषों के समुदाय का नाम गण और इससे अधिक पुरुषों के समुदाय का नाम गच्छ है। मूलाचार की वृत्ति (४-३२) में तीन पुरुषों के समुदाय को गण और सात पुरुषों के समुदाय को गच्छ कहा गया है। तत्त्वा. भाष्य की सिद्धसेन विर-चित वृत्ति (६-२४) व योगशास्त्र के स्वो. विवरण (४-६०) में एक आचार्य के नेतृत्व में रहने वाले साधुओं के समूह को गच्छ कहा गया है।

सर्वार्थसिद्धि (६-२४), तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (६-२४) और तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, ८) आदि के अनुसार स्थविरों की सन्तति को गण कहा जाता है। आवश्यक निर्युक्ति (२११) की हरिभद्र व मलयगिरि विरचित वृत्ति के अनुसार एक वाचना, आचार व क्रिया में स्थित रहने वालों के समुदाय का नाम गण है। औपपातिक सूत्र की अभय. वृत्ति (२०) और योगशास्त्र के स्वो. विवरण (४-६०) में कुलों के समुदाय को गण कहा गया है।

ग्रन्थि—विशेषावश्यक भाष्य (११९३) में ग्रन्थि के लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि जिस प्रकार वृक्ष या रस्सी की कठोर व सघन गांठ अतिशय दुर्भेद्य होती है उसी प्रकार जीव का जो कर्मजनित राग-द्वेषरूप परिणाम अतिशय दुर्भेद्य होता है उसे उक्त ग्रन्थि के समान होने से ग्रन्थि कहा गया है। जब तक इस ग्रन्थि को नहीं भेदा जाता है तब तक जीव को सम्यक्त्व प्राप्त नहीं होता।

इस ग्रन्थि का भेदन अपूर्वकरण परिणामों के द्वारा होता है। यथाप्रवृत्तकरण जीव के अनादि काल से प्रवृत्त रहता है। जिस प्रकार नदी में पड़े हुए पत्थरों में से कोई घिसते-घिसते स्वयमेव गोल हो जाता है उसी प्रकार अनादि से प्रवृत्त इस करण में घर्षण-घूर्णन के निमित्त से ज्ञानावरणादि कर्मों की स्थिति में केवल एक कोड़ाकोड़ि को छोड़ शेष समस्त कोड़ाकोड़ियां क्षय को प्राप्त हो जाती हैं। पश्चात् शेष रही उस एक कोड़ाकोड़ि मात्र स्थिति में भी जब पल्योपम का असंख्यातवां भाग और भी क्षीण हो जाता है तब तक पूर्वोक्त ग्रन्थि अभिन्नपूर्व ही रहती है। उसका भेदन अपूर्वकरण परिणाम के द्वारा होता है। अनन्तर अनिवृत्तिकरण के अन्त में जीव को मोक्षपद के कारणभूत उस सम्यक्त्व का लाभ होता है। इस ग्रन्थि का प्रसंग विशेषा. भाष्य (११८८-१२१५) व अन्य भी श्वे. ग्रन्थों में उपलब्ध होता है। पर वह किसी दि. ग्रन्थ में मुझे दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

तत्त्वार्थवार्तिक (९, १, १३) में यथाप्रवृत्त के समानार्थक 'अथाप्रवृत्त' का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जीव कर्मों को अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति से युक्त करके कालादिलब्धिपूर्वक अथाप्रवृत्त करण के प्रथम समय में प्रविष्ट होता है। यह करण चूंकि पूर्व में उस प्रकार से कभी भी प्रवृत्त नहीं हुआ, अतः उसकी 'अथाप्रवृत्त' यह सार्थक संज्ञा है।

दि. ग्रन्थों में 'षट्खण्डागम' यह एक प्राचीनतम ग्रन्थ है। उसके प्रथम खण्डभूत जीवस्थान की नौ चूलिकाओं में आठवीं चूलिका के द्वारा सम्यक्त्व की उत्पत्ति की प्ररूपणा की गई है (देखिए पु. ६, पृ. २०३ से २६७)। उसके अनुसार पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक सर्वविशुद्ध जीव जब कर्मों की शेष स्थिति को क्षीण करके उसे संख्यात हजार सागरोपमों से हीन अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण कर देता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व के उत्पादन में समर्थ होता है (सूत्र १, ९-८, ३-५)। सर्वार्थसिद्धि (२-३) और तत्त्वार्थवार्तिक (२, ३, २) में प्रायः उक्त षट्खण्डागम के सूत्रों का शब्दशः अनुसरण किया गया है। जैसा कि पूर्व में निर्देश किया गया है त. वा. (९, १, १३) में सूचित 'कालादिलब्धि' की विशेष प्ररूपणा यहां की जा चुकी है।

उस समय उसके क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना, प्रायोग्य और करण ये पांच लब्धियां होती हैं। इनमें प्रथम चार लब्धियां तो साधारण हैं—वे भव्य के समान अभव्य के भी हो सकती हैं, किन्तु अन्तिम करणलब्धि सम्यक्त्व के उन्मुख हुए भव्य जीव के ही होती है। इस करणलब्धि में क्रम से अधःप्रवृत्त-करण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन करणों को करते हुए जीव के अनिवृत्तिकरण के अन्तिम समय में प्रथम सम्यक्त्व का लाभ होता है (इन लब्धियों का स्वरूप धवला पु. ६, पृ. २०४-३० पर देखा जा सकता है)।

छेद—आचार्य कुन्दकुन्द ने छेद के अभिप्राय को प्रगट करते हुए प्रवचनसार (३-१६) में कहा है कि शयन, आसन, स्थान और गमनादि कार्यों में जो श्रमण की प्रयत्न से रहित चर्या—असावधानता-पूर्ण प्रवृत्ति—होती है उसका नाम छेद है। यद्यपि मूल गाथा में प्रकृत छेद शब्द का प्रयोग न करके पूर्वोक्त प्रवृत्ति को हिंसा कहा गया है, तो भी उसकी व्याख्या करते हुए अमृतचन्द्र सूरि ने यह स्पष्ट कहा है कि अशुद्ध उपयोग का नाम छेद है, और चूंकि अनाचारपूर्ण प्रवृत्तिरूप मुनि का वह अशुद्ध उप-योग श्रमणधर्म का छेदन करता है—उसका विनाशक है, इसलिए उसे छेद कहना युक्तिसंगत है।

त. सूत्र (९-२२) और स. सि. आदि ग्रन्थों के अनुसार छेद यह नौ प्रकार के अथवा मूलाचार (५-१६५) के अनुसार दस प्रकार के प्रायश्चित्त के अन्तर्गत है। स. सि. में उसके लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अपराध के होने पर साधु की दीक्षा को यथायोग्य एक दिन, पक्ष व मास आदि से हीन कर देना, इसका नाम छेद प्रायश्चित्त है। त. वा. और (धवला पु. १३, पृ. ६१) आदि में प्रायः इसी का अनुसरण किया गया है। विशेषरूप से धवला में यह कहा गया है कि दिवस, पक्ष, मास, ऋतु, अयन और संवत्सर आदि प्रमाण दीक्षापर्याय को छेदकर अभीष्ट पर्याय से नीचे की भूमि में स्थापित करना, यह छेद नाम का प्रायश्चित्त है। यह प्रायश्चित्त अपराध करने वाले उस अभिमानी साधु के

र्तक कर्म को त्रसनामकर्म कहा गया है। यहां भी त्रसभाव का कोई असाधारण लक्षण नहीं प्रगट किया गया। पर त. सू. की पूर्वोक्त स. सि. (८-११) आदि व्याख्याओं में त्रसनामकर्म उसे कहा गया है जिसके कि उदय से प्राणी का जन्म द्वीन्द्रिय आदि जीवों में होता है।

त. भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-१२) में 'त्रस्यन्तीति त्रसाः' ऐसी निरुक्ति करते हुए त्रस नामकर्म के उदय से परिस्पन्दन आदि से युक्त जीवों को त्रस कहा गया है। आगे उसी त. भाष्य की हरिभद्र व सिद्धसेन विरचित वृत्ति (८-१२) में 'त्रस्यन्तीति त्रसाः' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय लक्षण प्राणियों को त्रस कहा गया है। कारण का निर्देश करते हुए वहां यह भी कहा गया है कि क्योंकि उस (त्रस) कर्म के उदय से उपर्युक्त प्राणियों में परिस्पन्दन देखा जाता है। जिस कर्म के उदय से गमनादि क्रिया रूप उस प्रकार की विशेषता होती है वह त्रसभाव का निर्वर्तक त्रसनामकर्म कहलाता है। श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका (२२) में भी यही निर्देश किया गया है कि जिसके उदय से चलन वा स्पन्दन होता है वह त्रसनामकर्म कहलाता है। दशवैकालिक की चूर्णि में (४-१, पृ. १३६) 'तसंतीति तसा' ऐसी निरुक्ति मात्र की गई है। सूत्रकृतांग की शीलांक वृत्ति (२, ६, ४, पृ. १४०) में भी लगभग पूर्वोक्त अभिप्राय को ही व्यक्त किया गया है।

दशवैकालिक सूत्र (४-१, पृ. १३६) में छठे जीवनिकायस्वरूप त्रस जीवों के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदिम, सम्मूर्च्छिम, उद्भिज और औपपातिक जीवों का निर्देश किया गया है। आगे वहां कहा गया है कि जिन किन्हीं त्रस प्राणियों का ज्ञान उनके अभिमुख गमन, प्रतिकूल गमन, संकोचन, प्रसारण, रुत (शब्द), भंत (भ्रमण), पीड़ित होकर पलायन एवं गमनागमन से होता है। साथ ही यह भी कहा गया है कि कीट-पतंग, कुन्थु, पिपीलिका, सब दो इन्द्रिय, सब तीन इन्द्रिय, सब चार इन्द्रिय, सब पंचेन्द्रिय ये सब तिर्यंच; सब नारक, सब मनुष्य, सब देव और परमाधार्मिक प्राणी; इस छठे निकाय को त्रसकाय कहा जाता है। जीवाभिगम की वृत्ति (६) में कहा गया है कि जो जीव उष्ण आदि की वेदना से सन्तप्त होकर विवक्षित स्थान से छाया आदि के आसेवनार्थ अन्य स्थान को प्राप्त होते हैं वे त्रस कहलाते हैं। आगे इसे और भी स्पष्ट करते हुए विशेष रूप से यह निर्देश किया गया है कि (त्रसन्ति···इति त्रसाः) इस व्युत्पत्ति से त्रसनामकर्म के उदय के वशवर्ती जीवों को ही त्रस जानना चाहिए, शेष जीवों को त्रसरूप में नहीं ग्रहण करना चाहिए।

इस प्रकार दशवैकालिक सूत्र में कुछ त्रस जीवों का नामोल्लेख करते हुए उनका परिज्ञान गमनागमनादि क्रियाओं से कराया गया है। श्वे. मान्य तत्त्वार्थसूत्र (२, १३-१४) में पृथिवी, जल और वनस्पति जीवों को स्थावर बतलाते हुए तेज, वायु और द्वीन्द्रिय जीवों को त्रस कहा गया है। यहां तेज और वायु जीवों का निर्देश जो त्रस जीवों के अन्तर्गत किया गया है वह सम्भवतः क्रिया के आश्रय से किया गया है, न कि त्रसनामकर्म के उदय के आश्रय से। कारण यह कि उक्त दोनों प्रकार के जीवों के त्रसनामकर्म का उदय न रहकर स्थावरनामकर्म का ही उदय रहता है। यही कारण प्रतीत होता है जो उसकी व्याख्या में सिद्धसेन गणि ने क्रिया के आश्रय से तेज और वायु जीवों को त्रस बतलाते हुए लब्धि से स्थावरनामकर्म के उदय के वशीभुत होने से उन्हें भी उक्त पृथिवी आदि के साथ स्थावर बतलाया है। अन्यथा, पूर्वोक्त सूत्रकृतांग और स्थानांग की वृत्तियों में द्वीन्द्रियादि जीवों को ही त्रस बतलाना असंगत ठहरेगा।

दि. मान्य त. सू. (२, १३-१४) के पाठ के अनुसार पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति इनको स्थावर और द्वीन्द्रिय आदि जीवों को त्रस कहा गया है। यहां त्रसनाम के अन्तर्गत ग्रन्थों का सन्दर्भ भी द्रष्टव्य है।

दर्शन—दर्शन शब्द से यहां उपयोगविशेष विवक्षित है। सन्मतिसूत्र (२-१), त. भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-६), अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति (पृ. १०३), पंचास्तिकाय की अमृत-

चन्द्र विरचित वृत्ति (४१), अमितगति विरचित पंचसंग्रह (१-२४९), स्थानांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (२-१०५) औपपातिक की अभयदेव विरचित वृत्ति (१०, पृ. १५), आवश्यक निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (पृ. २७७ व पृ. ५९८ निर्युक्ति १०५१ की वृत्ति), प्रवचनसारोद्धार की वृत्ति (१२४९) और जीवाभिगम की मलय. वृत्ति (१-१३, पृ. १८) आदि ग्रन्थों में प्रकृत दर्शन का लक्षण सामान्यग्रहण निर्दिष्ट किया गया है।

तत्त्वार्थवार्तिक (२, ९, १), महापुराण (२४, १०१-२), अष्टसहस्री (१५, पृ. १३२), त. भा. की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-९), तत्त्वार्थसार (२-१२), सन्मतिसूत्र वृत्ति (२-१, पृ. ४५८), स्याद्वादरत्नाकर (२-१०), मोक्षपंचाशिका (३) और प्रतिष्ठासार (२-९०) में उक्त दर्शन का लक्षण अनाकार या निराकार कहा गया है।

उक्त तत्त्वार्थवार्तिक में आगे (९, ७, ११) तथा पूर्वनिर्दिष्ट तत्त्वार्थसार में भी आगे (२-८६) दर्शनावरण के क्षयोपशम से प्रादुर्भूत आलोचन को दर्शन कहा गया है।

ललितविस्तरा में (पृ. ६३) इस दर्शन के स्वरूप का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि सामान्य को प्रधान और विशेष को गौण करके जो पदार्थ का ग्रहण होता है उसे दर्शन कहा जाता है।

प्रकृत दर्शन का विचार आ. वीरसेन के द्वारा धवला टीका में यथाप्रसंग अनेक स्थलों में शंका-समाधानपूर्वक विस्तार से किया गया है। यथा— पु. १, पृ. १४५ पर 'दृश्यते अनेनेति दर्शनम्' इस निरुक्ति के साथ जिसके द्वारा देखा जाता है उसे दर्शन कहा गया है। इस सामान्य लक्षण के निर्देश से नेत्र व प्रकाश में जो अतिव्याप्ति का प्रसंग प्राप्त था उसका निराकरण करते हुए वहीं पर आगे अन्तर्मुख चित्प्रकाश को दर्शन कहा गया है। इसी पुस्तक में आगे (पृ. १४७) अनेक शंका-समाधानपूर्वक सामान्य-विशेषात्मक आत्मा के स्वरूप के ग्रहण को दर्शन सिद्ध किया गया है। ऐसी स्थिति में "जं सामण्णं गहणं तं दंसणं" इस आगमवचन के साथ जो विरोध की सम्भावना थी उसका निराकरण करते हुए उसका समन्वय किया गया गया है। वह सम्पूर्ण आगमवचन इस प्रकार है—

जं सामण्णं गहणं भावाणं णेव कट्टुमायारं।
अविसेसिऊण अत्थे दंसणमिति भण्णदे समए॥[1]

इसके साथ समन्वय करते हुए वहां यह कहा गया है कि 'सामान्य' शब्द से यहां समस्त बाह्य पदार्थों में साधारण होने से आत्मा को ग्रहण किया गया है। उक्त गाथा की व्याख्या करते हुए वहीं यह सूचित किया गया है कि गाथागत 'भाव' शब्द से बाह्य अर्थ विवक्षित हैं। उन बाह्य अर्थों के प्रतिकर्मव्यवस्थारूप आकार को ग्रहण न करके तथा 'यह अमुक पदार्थ है' इस प्रकार से पदार्थों की विशेषता को न करके जो सामान्य का—सामान्य-विशेषात्मक आत्मस्वरूप का—ग्रहण होता है उसे आगम में दर्शन कहा गया है। आगे यहीं पर (पृ. १४८) विकल्प रूप में आलोकनवृत्ति को दर्शन कहते हुए उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है—'आलोकते इति आलोकनम्' इस निरुक्ति के अनुसार आलोकन का अर्थ आत्मा और वृत्ति का अर्थ वर्तन है। तदनुसार आलोकन की वृत्ति को—स्वात्मसंवेदन को—दर्शन समझना चाहिए।

आगे यहां (पृ. १४९) प्रकारान्तर से प्रकाशवृत्ति को दर्शन कहते हुए प्रकाश का अर्थ ज्ञान किया गया है। तदनुसार उस प्रकाश के निमित्त आत्मा की जो प्रवृत्ति होती है उसे दर्शन कहा गया है जो विषय और विषयी के सम्पात से पूर्व की अवस्थारूप है। इसी पुस्तक में आगे (पृ. ३८४-८५) पुनः स्वरूपसंवेदन को दर्शन स्वीकार करने की प्रेरणा करते हुए अपने से भिन्न वस्तु के परिच्छेद को ज्ञान और अपने से अभिन्न वस्तु के परिच्छेद को दर्शन कहा गया है। इस प्रकार से ज्ञान और दर्शन में भेद भी प्रगट कर दिया गया है।

---

१. यह गाथा अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति (पृ. १०३) में उद्धृत है।

प्रकृत धवला में ही आगे (पु. ६, पृ. ६) में पुनः आत्मविषयक उपयोग को दर्शन बतलाते हुए ज्ञान के बाह्य पदार्थविषयक होने से इसकी भिन्नता भी प्रगट कर दी गई है। इसी पुस्तक में आगे (पु. ६, ३२-३३) ज्ञानोत्पादक प्रयत्न से अनुगत आत्मसंवेदन को दर्शन कहा है, जिसका अभिप्राय आत्मविषयक उपयोग ही रहा है। इस प्रकार से विचार करते हुए यहां (पृ. ३४) आत्मा को समस्त पदार्थों में साधारण होने से सामान्य सिद्ध करके तद्विषयक उपयोग को ही दर्शन कहा है। इससे ज्ञान और दर्शन में यह भेद भी प्रगट हो जाता है कि ज्ञान जहां बाह्य पदार्थों को विषय करता है वहां दर्शन अन्तरंग (आत्मा) को विषय करता है।

पूर्व में (पु. १, पृ. १४६) प्रकाशवृत्ति को दर्शन कहा जा चुका है। उसे पु. ७ (पृ. ७) में पुनः दोहराया गया है। पूर्व पु. १ (पृ. १४७) के समान इस पुस्तक (७, पृ. १००) में भी 'सामान्य' शब्द को आत्मार्थक बतलाते हुए पूर्वोक्त 'जं सामण्णग्गहणं' आदि आगमवाक्य के साथ प्रसंगप्राप्त विरोध का परिहार करके उसके साथ समन्वय प्रगट किया गया है।

प्रकृत धवला में ही आगे (पु. १३, पृ. २०७) अनाकार उपयोग को दर्शन बतलाते हुए आकार का अर्थ कर्म-कर्तृभाव प्रगट किया गया है और यह निर्देश किया गया है कि इस आकार के साथ जो उपयोग रहता है उसे साकार उपयोग (ज्ञान) कहा जाता है। इस साकार उपयोग से भिन्न—अनाकार उपयोग—दर्शन कहलाता है। यहीं पर आगे (पु. १३, पृ. २१६) विषय और विषयी के सन्निपातरूप ज्ञानोत्पत्ति से पूर्व की अवस्था को दर्शन कहते हुए उसका काल अन्तर्मुहूर्त निर्दिष्ट किया गया है आगे पु. १५ (पृ. ६) में भी यह निर्देश किया गया है कि बाह्य अर्थ से सम्बद्ध आत्मस्वरूप के संवेदन का नाम दर्शन है।

दिव्यध्वनि—इस दिव्य वाणी की विशेषता को प्रगट करते हुए आ. समन्तभद्र ने उसे सर्वभाषास्वभाववाली कहा है। वे अपने स्वयम्भूस्तोत्र में (९६) अर जिनकी स्तुति करते हुए कहते हैं कि हे भगवन्! समस्त भाषाओं के स्वभाव से परिणत होने वाली आपकी दिव्यवाणी समवसरण सभा में व्याप्त होकर प्राणियों को अमृत के समान प्रसन्न व सुखी करती है। उक्त स्वामी समन्तभद्र ने उसकी अलौकिकता को दिखलाते हुए अन्यत्र (रत्नकरण्डक ८) भी यह कहा है—जिस प्रकार वादक के हाथ के स्पर्श से ध्वनि करता हुआ मृदंग बिना किसी प्रकार के स्वार्थ या अनुराग के ही श्रोताजनों को मुग्ध किया करता है उसी प्रकार वीतराग सर्वज्ञ प्रभु आत्मप्रयोजन और जनानुराग के बिना ही अपनी दिव्यवाणी के द्वारा सत्पुरुषों को हित का उपदेश किया करते हैं।

तिलोयपण्णत्ती (१-७४) में अर्थकर्ता के प्रसंग में कहा गया है कि छद्मस्थ अवस्था से सम्बद्ध मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्ययरूप ज्ञान के विनष्ट हो जाने तथा अनन्तज्ञान (केवलज्ञान) के उत्पन्न हो जाने पर अरहंत की जो दिव्यध्वनि—अलौकिक वाणी—निकलती है वह नौ प्रकार के पदार्थों के रहस्य को सूत्र के रूप में निरूपण करती है। प्रकृत तिलोयपण्णत्ती में ही आगे (४, ९०१-५) केवलज्ञान के साथ प्रगट होने वाले ग्यारह अतिशयों का निरूपण करते हुए कहा गया है कि अरहंत देव अक्षर-अनक्षरस्वरूप अठारह महाभाषाओं और सात सौ क्षुद्र भाषाओं में तालु, दांत, ओष्ठ और कण्ठ के व्यापार से रहित होते हुए जिस दिव्य भाषा के द्वारा भव्य जीवों को उपदेश करते हैं वह दिव्यध्वनि के नाम से प्रसिद्ध है। स्वभावतः स्खलन से रहित वह दिव्य वाणी तीनों सन्ध्याकालों में नौ मुहूर्त निकलती है जो एक योजन तक फैलती है। गणधर, इन्द्र और चक्रवर्ती के प्रश्न के अनुसार वह दिव्यध्वनि उक्त तीन सन्ध्याकालों के अतिरिक्त अन्य समयों में भी सात भंगों के आश्रय से अर्थ का व्याख्यान करती है।

धवला (पु. १, पृ. ६४) में भी तिलोयपण्णत्ती के ही समान अभिप्राय प्रगट करते हुए वहां जो गाथा उद्धृत की गई है वह तिलोयपण्णत्ती की उस गाथा (१-७४) से प्रायः मिलती-जुलती ही है। इस धवला के निर्माता आ. वीरसेन उस दिव्यध्वनि के स्वरूप को प्रगट करते हुए जयधवला (१, १२६) में कहते हैं कि समस्त भाषास्वरूप वह दिव्यध्वनि अक्षर-अनक्षरात्मक होती हुई अनन्त अर्थ से गर्भित बीज पदों के द्वारा तीनों सन्ध्याकालों में छह घड़ी निरन्तर प्रवर्तमान होकर अर्थ का निरूपण करती है।

इसके अतिरिक्त संशय, विपर्यय व अनध्यवसाय को प्राप्त गणधर को लक्ष्य कर अन्य समय में भी प्रवृत्त होती है। विशद स्वरूप वाली वह दिव्य वाणी शंकर-व्यतिकर दोष से रहित उन्नीस धर्मकथाओं का निरूपण करती है।

भक्तामर स्तोत्र (३५) में उक्त दिव्यध्वनि की विशेषता को प्रगट करते हुए कहा गया है कि वह जिनेन्द्र की अनुपम वाणी स्वर्ग और मोक्ष को प्राप्त कराने वाले मार्ग के खोजने में कुशल होकर तीनों लोकों के प्राणियों को समीचीन धर्म का निरूपण करती है। विशद अर्थ की प्ररूपक उस वाणी का गुण समस्त भाषाओं में परिणत होने का है। भक्तामर का यह कथन पूर्वोक्त स्वयंभूस्तोत्र से प्रभावित रहा प्रतीत होता है।

हरिवंशपुराण (५८-९) में इस अनुपम जिनवाणी को मधुर, स्निग्ध, गम्भीर, दिव्य, उदात्त एवं स्पष्ट अक्षरस्वरूप निर्दिष्ट किया गया है। जीवन्धरचम्पू (६-१९) में इस दिव्य भाषा को समस्त वचन-भेदों की अकारक कहा गया है।

जिनेन्द्र का उपदेश अर्धमागधी भाषा में होता है। निशीथचूर्णि के अनुसार आधे मगध देश से सम्बद्ध भाषा को अर्धमागधी कहा जाता है, अथवा अठारह देशी भाषाओं में नियत भाषा अर्धमागधी कहलाती है। समवायांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (३४, पृ. ५९) के अनुसार प्राकृत आदि छह भाषा-भेदों में मागधी नाम की भाषा है। (यह सम्भवतः समस्त मगध देश की भाषा रही होगी)। र के स्थान में ल और श, ष एवं स इन तीनों के स्थान में एक मात्र स; इत्यादि व्याकरण नियमों से युक्त वह मागधी भाषा अपने समस्त नियमों का आश्रय न लेने से अर्धमागधी कही जाती है।

धर्म—आ. कुन्दकुन्द ने प्रवचनसार (१, ७-८) में चारित्र को धर्म कहा है जो समस्वरूप है। इस सम को उन्होंने मोह (दर्शनमोह) और क्षोभ (चारित्रमोह) से रहित आत्मपरिणति बतलाया है। आगे उन्होंने 'जो द्रव्य जिस रूप से परिणत होता है वह उस काल में तन्मय कहा जाता है' इस नियम के अनुसार धर्मस्वरूप से परिणत आत्मा को धर्म कहा है। यहीं पर आगे (१-११) उन्होंने यह भी कहा है कि इस प्रकार के धर्म से परिणत आत्मा यदि शुद्धोपयोग से सहित होता है तो वह निर्वाणसुख को प्राप्त करता है और यदि शुभोपयोग से संयुक्त होता है तो फिर स्वर्गसुख को प्राप्त करता है। उक्त कुन्द-कुन्दाचार्य ने सागार और निरागार के भेद से संयमचरण को दो प्रकार का बतलाकर (चा. प्रा. २१) उनमें सागार संयमचरण को श्रावकधर्म और शुद्ध (निरागार) संयमचरण को यतिधर्म कहा है (चा. प्रा. २७)। उक्त आ. कुन्दकुन्द ने भावप्राभृत (८३-८५) में भी प्रवचनसार के समान पुनः मोह और क्षोभ से रहित आत्मा के परिणाम को धर्म कहा है। यहां इतना विशेष कहा गया है कि व्रत सहित पूजा आदि में जो प्रवृत्ति होती है उससे उपार्जित पुण्य भोग का कारण होता है, कर्मक्षय का कारण वह नहीं होता। मोक्ष का कारण तो वह आत्मा है जो समस्त दोषों से रहित होता हुआ रागादि में निरत न होकर आत्मा में ही रत होता है। ऐसे आत्मा को ही यहां धर्म कहा गया है। इन्हीं आ. कुन्दकुन्द ने बोधप्राभृत (२४) में दया से विशुद्ध आचरण को भी धर्म कहा है। पूर्वोक्त प्रवचनसार (३, ४५-५४) में आ. कुन्दकुन्द ने श्रमणों को शुद्धोपयोग और शुभोपयोग इन दोनों से युक्त बतलाते हुए अरहन्तादि में जो भक्ति और प्रवचनाभियुक्तों में जो वात्सल्यभाव होता है उसे शुभोपयोगयुक्त चर्या बतलाया है। आचार्य आदि को आते देखकर वन्दना व नमस्कार के साथ उठकर खड़े हो जाना, पीछे-पीछे चलना और श्रमणों के श्रम को पादमर्दनादि के द्वारा दूर करना; इस सबको यहां सराग चारित्र में निन्द्य नहीं कहा गया, अतः उसे उपादेय ही समझना चाहिए। इतना यहां विशेष कहा गया है कि वैयावृत्त्य में उद्यत होकर श्रमण यदि प्राणियों को पीड़ा पहुंचाता है तो वह श्रमण नहीं रहता, किन्तु गृहस्थ हो जाता है; क्योंकि वह श्रावकों का धर्म है। श्रमणों की अथवा गृहस्थों की इस प्रशस्तभूत चर्या को यहां 'पर (उत्कृष्ट)' कहा गया है, कारण यह कि उससे साक्षात् अथवा परम्परा से मोक्षसुख प्राप्त होता है। आगे उन्होंने यहां (३-६०) यह भी स्पष्ट कह दिया है कि अशुभोपयोग से रहित होकर जो शुद्धोपयोग अथवा शुभोपयोग से युक्त होते

हैं वे लोक का कल्याण करते हैं। उनकी भक्ति करने वाला प्रशस्त (पुण्य) को प्राप्त करता है।

इस प्रकार आ. कुन्दकुन्द के उपर्युक्त विवेचन को देखते हुए हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि वे व्यवहार धर्म के सर्वथा विरुद्ध नहीं रहे। उनकी दृष्टि में जो शुद्धोपयोग की भूमिका पर आरूढ़ होने में असमर्थ हैं वे उसके ऊपर आरूढ़ होने की उत्कट अभिलाषा रखते हुए शुभोपयोगी होकर सम्यग्दर्शन के साथ उस व्यवहार धर्म का भी आचरण कर सकते हैं जो परम्परया मोक्षसुख का साधक है। इसी अभिप्राय को हृदयंगम करते हुए अमृतचन्द्र सूरि ने भी समयसारकलश (६) में प्राक्पदवी में—शुद्धोपयोग से पूर्व की शुभोपयोगरूप भूमिका में—व्यवहारनय को भी सहारा देने वाला बतलाया है। यह अवश्य है कि शुद्धोपयोग की उपेक्षा कर जो शुभोपयोग में ही निमग्न रहना चाहता है वह परम्परा से भी मोक्षसुख को प्राप्त नहीं कर सकता।

रत्नकरण्डक (३), धवला टीका (पु. ८, पृ. ९२) और तत्त्वानुशासन (५१) में जो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र को जो धर्म कहा गया है वह प्रवचनसार (१-७) का ही अनुसरण है। तत्त्वानुशासन (५१) में तो उक्त रत्नकरण्डक के श्लोक ३ के पूर्वार्द्ध को जैसा का तैसा आत्मसात् किया गया है।

विमलसूरि ने अपने पउमचरिउ (२६-३४) में मुनिजन के द्वारा निर्दिष्ट जीवदया और कषायों के निग्रह को धर्म बतलाते हुए यह भी कहा है कि इन प्रवृत्तियों में रत हुआ प्राणी सघन कर्मबन्ध से छूटता है—मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

दशवैकालिक (१-१), सर्वार्थसिद्धि (६-१३ व ९-७) तत्त्वार्थवार्तिक (६, १३, ५) और तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (६-१३) आदि में धर्म का लक्षण अहिंसा कहा गया है। स. सि. (९-२) और त. वा. (९, २, ३) आदि में 'इष्टस्थाने धत्ते इति धर्मः' इस निरुक्ति के साथ यह कहा गया है कि जो जीवों को इष्ट स्थान (मोक्ष) को प्राप्त कराता है उसे धर्म कहते हैं। यहां त. वा. में 'इष्ट स्थान' को स्पष्ट करते हुए स. सि. से इतना विशेष कहा गया है कि जो आत्मा को चक्रवर्ती, देवेन्द्र और मुनीन्द्र आदि के पद को प्राप्त कराता है उसका नाम धर्म है। इस निरुक्ति में पूर्वोक्त रत्नक. (२) का अनुसरण किया गया प्रतीत होता है। आगे रत्नक. (३) में धर्म को सम्यग्दर्शनादि स्वरूप बतलाकर सम्यग्दर्शन के माहात्म्य को दिखलाते हुए उसे इन्द्रादि पदों का प्रापक भी कहा गया है (४१)। उक्त त. वा. (९, २, ३) का अनुसरण करते हुए चारित्रसार (पृ. २) में नरेन्द्र (चक्रवर्ती) पदादि के साथ 'मुक्तिस्थान' को भी ग्रहण कर लिया है जो त. वा. में नहीं है। त. वा. (९, ७, १२) में अनुप्रेक्षा के प्रसंग में धर्म के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जीवस्थान और गुणस्थान इनके स्वतत्त्व का गति-इन्द्रियादि मार्गणास्थानों में जो विचार किया जाता है वह धर्म का लक्षण है। इस प्रकार के लक्षणयुक्त धर्म को भगवान् अरहन्त ने मोक्ष का हेतु कहा है। इसका अनुसरण त. श्लो. वा. (९-७) और चा. सा. (पृ. ८९) में भी किया गया है।

दशवै. चूर्णि में (पृ. १५) धर्म के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो नारक, तिर्यंच, कुमानुष और कुदेव पर्यायों में पड़ते हुए जीव का उनसे उद्धार करता है वह धर्म कहलाता है। रत्नक. (२) में निर्दिष्ट धर्म के लक्षण से इसके अभिप्राय में बहुत कुछ समानता है। इस कथन की पुष्टि वहां (द. चूर्णि) किसी प्राचीन ग्रन्थगत एक श्लोक को उद्धृत करते हुए उसके द्वारा की गई है। ललितविस्तरा (पृ. ९०), स्थानांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (१-४०, पृ. २१) और आव. निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (पृ. ५९२) में भी उक्त श्लोक को उद्धृत करते हुए उसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। ललितविस्तरा में उसके पूर्व (पृ. १६) धर्म को सम्यग्दर्शनादि स्वरूप तथा दान, शील एवं तपोभावनारूप भी बतलाते हुए उसे आस्रव से सहित और उनसे रहित भी निर्दिष्ट किया गया है।

इस प्रकार विविध ग्रन्थकारों ने अपनी रुचि के अनुसार प्रकृत धर्म को प्रायः अपने पूर्ववर्ती ग्रन्थों

का अनुसरण करते हुए कहीं मैत्री आदि भावनाओं स्वरूप, कहीं अभ्युदय व निश्रेयस का साधक, कहीं उत्तमक्षमादिरूप, कहीं श्रुत-चारित्रस्वरूप, कहीं दयाप्रधान और कहीं वस्तुस्वभावरूप कहा है।

नय—यह जैनागम का एक दृढ़तम आधार रहा है। विविध ग्रन्थों में इसके स्वरूप का विचार अनेक प्रकार से किया गया है व उपयोगिता भी उसकी अत्यधिक प्रगट की गई है। यथा—स्वयम्भूस्तोत्र (५२) में श्रेयान् जिनकी स्तुति करते हुए आ. समन्तभद्र ने कहा है—प्रतिषेधसापेक्ष विधि प्रमाण है। उक्त विधि व प्रतिषेध में एक प्रधान व दूसरा गौण हुआ करता है। उनमें जो मुख्य का नियमन करता है उसे नय कहा जाता है। इसी स्तुति में आगे (६५) यह भी कहा गया है कि 'स्यात्' पद से चिह्नित वे नय यथार्थ होते हुए इस प्रकार अभीष्ट गुणवाले हैं जिस प्रकार कि रसायन से अनुविद्ध लोह धातु प्रयोक्ता को अभीष्ट गुणवाली हुआ करती है। इसके पूर्व प्रकृत स्तुति में ही (६१) उसकी उपयोगिता और अनुपयोगिता को प्रगट करते हुए यह भी सूचित कर दिया गया है कि ये द्रव्यार्थिक व पर्यायार्थिक नय तभी स्व-पर के लिए उपकारक होते हैं जब वे परस्पर सापेक्ष हुआ करते हैं। इसके विपरीत—परस्पर की अपेक्षा के बिना—वे यथार्थता से दूर रहते हुए स्व-पर के घातक ही हुआ करते हैं। उक्त समन्तभद्राचार्य ने अपनी आप्तमीमांसा (१०६) में हेतुपरक नय के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा है कि साध्य का सधर्मा होने से जो बिना किसी प्रकार के विरोध के स्याद्वादस्वरूप नीति से विभक्त अर्थविशेष (साध्य) का व्यंजक होता है वह नय कहलाता है। लगभग इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए सर्वार्थसिद्धि (१-३३) में कहा गया है कि वस्तु अनेकान्तात्मक—नित्यत्व-अनित्यत्व, एकत्व-अनेकत्व, भावरूप-अभावरूप और भिन्नत्व-अभिन्नत्व आदि परस्पर विरुद्ध प्रतीत होने वाले अनेक धर्मोंस्वरूप है। उनमें जो प्रयोग बिना किसी प्रकार के विरोध के हेतु की मुख्यता से साध्यविशेष की यथार्थता की प्राप्ति में कुशल होता है उसे नय कहा जाता है।

तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (१-३५) में नय के प्रापक, कारक, साधक, निर्वर्तक, उपलम्भक और व्यंजक इन समानार्थक नामों का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो जीवादि पदार्थों को ले जाते हैं, प्राप्त कराते हैं, कारक हैं, सिद्ध कराते हैं, निर्वर्तित करते हैं, उपलब्ध कराते हैं और व्यक्त कराते हैं उनका नाम नय है। लगभग इसी अभिप्राय को उत्तराध्ययन चूर्णि (पृ. ४७) में भी प्रगट किया गया है। आवश्यक नि. (१०६६) और दशवैकालिक नि. (१४९) में नय के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि ग्रहण करने योग्य अथवा नहीं ग्रहण करने योग्य ज्ञात पदार्थ के विषय में प्रयत्न करना चाहिए, इस प्रकार का जो उपदेश है उसे नय कहा जाता है। न्यायावतार (२९) के अनुसार जो एक देश विशिष्ट पदार्थ को विषय करता है उसे नय माना गया है।

भट्टाकलंकदेव ने सिद्धिविनिश्चय (१०,१-२), लघीयस्त्रय (५२) और प्रमाणसंग्रह (८७) में ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहा है। इसके पूर्व लघीयस्त्रय (३०) में वे प्रकारान्तर से यह भी कहते हैं कि प्रमाण के विषयभूत (ज्ञेय) वस्तु भेदाभेदात्मक—सामान्य-विशेषस्वरूप है उसके विषय में पुरुषों के जो अपेक्षा और उसके बिना सामान्य व विशेष विषयक अभिप्राय हुआ करते हैं उन्हें यथाक्रम से नय और दुर्नय कहा जाता है। इस कारिका की स्वो. वृत्ति में भी उन्होंने ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहा है। इसी अभिप्राय को उन्होंने आगे भी इस लघीयस्त्रय की स्वो. वृत्ति (७१) में पुनः प्रगट किया है। उक्त लघीयस्त्रय की ६२वीं कारिका में उन्होंने श्रुत के दो उपयोग (व्यापार) बतलाये हैं—एक स्याद्वाद और दूसरा नय। इनमें स्याद्वाद को—अनेकान्तात्मक पदार्थ के कथन को—सकलादेश—सम्पूर्ण पदार्थ का कथन करने वाला—और नय को विकलसंकथा—वस्तु के एक देश का कथन करने वाला—कहा है। प्रकृत लघीयस्त्रय में आगे (६६) उन्होंने कहा है कि श्रुत के भेदभूत जो नय हैं वे नैगम-संग्रहादि के भेद से सात हैं। उनका मूल आधार द्रव्य व पर्याय है। इसका अभिप्राय यह है कि मूल में नय के दो भेद हैं—एक द्रव्यार्थिक नय और दूसरा पर्यायार्थिक नय। पूर्वनिर्दिष्ट नैगमादि सात में पूर्व के तीन द्रव्यार्थिक और अन्तिम चार पर्यायार्थिक नय के अन्तर्गत हैं। यह पूर्वोक्त

ज्ञाता के अभिप्रायस्वरूप नय के लक्षण का स्पष्टीकरण है। इन्हीं अकलंकदेव ने अपने तत्त्वार्थवार्तिक (१, ६, ३) में नय के लक्षण में कहा है कि जो अवयव को विषय करता है उसका नाम नय है। यह लघीयस्त्रय की ६२वीं कारिका में निर्दिष्ट 'विकलसंकथा' का ही स्पष्टीकरण है। यहीं पर आगे (१, ६, ६) उन्होंने सम्यक् एकान्त को नय का लक्षण कहा है। हेतुविशेष के सामर्थ्य की अपेक्षा रखकर जो प्रमाण के द्वारा प्ररूपित पदार्थ के एक देश का कथन किया करता है उसे सम्यक् एकान्त कहा जाता है। यहीं पर आगे (१, ३३, १) प्रकारान्तर से पुनः यह कहा गया है कि जो प्रमाण से प्रकाशित अस्तित्व-नास्तित्वादिरूप अनन्तधर्मात्मक जीवादि पदार्थों के विशेषों (पर्यायों) का निरूपण करने वाला है उसे नय कहा जाता है।

उत्तरा. चूर्णि (पृ. ९) और आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (७९) में वस्तु की पर्यायों के अधिगम को नय का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। दोनों में प्रायः शब्दशः समानता है। अनुयो. की हरिभद्रविरचित वृत्ति (पृ. २७ व ९९) में अनन्तधर्मात्मक वस्तु के एक अंश के ग्रहण करने को नय कहा गया है। इसी वृत्ति में आगे (पृ, १०५) प्रकारान्तर से यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि जो अनेक धर्मात्मक वस्तु को विवक्षित किसी एक धर्म से ले जाता है उसे नय कहते हैं।

धवला (पु. १, पृ. ८३ व पु. ९, पृ. १६४) में कहा गया है कि प्रमाण से परिगृहीत वस्तु के एक देश में जो वस्तु का निश्चय होता है उसे नय कहा जाता है। आगे इस धवला (पु. ९, पृ. १६२ व १६३) में लघीयस्त्रय की ५२वीं कारिका के अनुसार ज्ञाता के अभिप्राय को नय का लक्षण बतलाते हुए उसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि प्रमाण से परिगृहीत पदार्थ के एक देश में जो वस्तु का अध्यवसाय होता है, इसे नय जानना चाहिए। लधीय. की प्रकृत कारिकागत 'युक्तितोऽर्थपरिग्रहः' इसे हृदयंगम कर कहा गया है कि युक्ति का अर्थ प्रमाण है, इस प्रमाण से जो अर्थ का परिग्रह होता है—द्रव्य और पर्याय में से विवक्षा के अनुसार जो किसी एक का वस्तु के रूप में ग्रहण होता है उसे नय कहते हैं। यहीं पर आगे (पु. ९, पृ. १६५-६६) पूज्यपाद भट्टारक द्वारा निर्दिष्ट लक्षण को उद्धृत करते हुए यह कहा गया है कि प्रमाण से प्रकाशित अनेकधर्मात्मक पदार्थों के विशेषों (पर्यायों) की जो प्ररूपणा किया करता है उसे नय कहते हैं। इसे वीरसेनाचार्य ने धवला में जहां पूज्यपाद के अभिप्रायानुसार सामान्य नय का लक्षण बतलाया है वहीं उन्होंने उसे जयधवला (१, पृ. २१०) में तत्त्वार्थभाष्यगत (त. वा. १, ३३, १) वाक्यनय का लक्षण कहा है। त. वा. में उसकी उत्थानिका में उसे सामान्य नय का ही लक्षण निर्दिष्ट किया गया है—*तत्र सामान्यनयलक्षणमुच्यते*। इसी पु. ९ में आगे (पृ. १६६) प्रभाचन्द्र भट्टारक के द्वारा निर्दिष्ट 'प्रमाणव्यपाश्रय' इत्यादि वाक्य को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि प्रमाण के आश्रय से होने वाले परिणामविकल्पों के—अभिप्रायविशेषों के—वशीभूत पदार्थगत विशेषों के निरूपण में जो प्रयोग अथवा प्रयोक्ता समर्थ होता है उसे नय समझना चाहिए। आगे (पृ. १६७) आ. पूज्यपाद विरचित सारसंग्रहगत 'अनन्तपर्यायात्मकस्य' इत्यादि वाक्य को उद्धृत करते हुए तदनुसार यह कहा गया है कि अनन्तपर्यायस्वरूप वस्तु की उन पर्यायों में से किसी एक पर्याय को ग्रहण करते समय उत्तम हेतु की अपेक्षा करके जो निर्दोष प्रयोग किया जाता है उसका नाम नय है। जयधवला (१, पृ. २१०) में पूर्वोक्त धवला (पु. ९, पृ. १६६-६७) के ही अभिप्राय को व्यक्त करते हुए जहां धवला में सारसंग्रहोक्त नय के उस लक्षण को विशेषरूप में वाक्यनय का लक्षण कहा गया है। इसी प्रकार प्रभाचन्द्र के द्वारा निर्दिष्ट पूर्वोक्त नय के लक्षण को धवला में जहां सामान्य से नय का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है वहां जयधवला में उसे प्रभाचन्द्रीय वाक्यनय का लक्षण कहा गया है।

तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (१, ६, ४) और नयविवरण (४) में स्वार्थ के—प्रमाण के विषयभूत पदार्थ के—एक देश के निर्णय को नय का लक्षण प्रगट किया गया है। यहां आगे (१, ३३, २) नय के लक्षण में जो यह कहा गया है कि स्याद्वाद से विभक्त अर्थविशेष का जो व्यंजक होता है वह नय कहलाता है, यह शब्दशः आप्तमीमांसा १०६ का अनुसरण है। यहां आगे (१, ३३, ६ व नयवि. १८) यह

निर्देश किया गया है कि श्रुत के विषयभूत अर्थ के एक देश को जो ग्रहण किया करता है उसका नाम नय है। सम्भवतः इसी का अनुसरण करते हुए प्रमाणनयतत्त्वालोक (७-१) में यह कहा गया है कि जो श्रुत नामक प्रमाण के विषयभूत पदार्थ के अन्य अंशों की ओर से उदासीन होकर एक अंश को ले जाता है उस प्रतिपत्ता के अभिप्रायविशेष को नय कहते हैं। यह पूर्वोक्त त. श्लोकवार्तिक (१, ३३, ६) के उस संक्षिप्त लक्षण का ही स्पष्टीकरण दिखता है।

नयचक्र (२) और द्रव्यस्वभावप्रकाशनयचक्र (१७४) में कहा गया है कि वस्तु के अंश को ग्रहण करने वाला जो श्रुत का भेदभूत ज्ञानियों का विकल्प (अभिप्राय) है उसे नय कहा गया है। इसका अभिप्राय पूर्वोक्त त. श्लो. वा. (१, ३३, ६) में निर्दिष्ट लक्षण से भिन्न नहीं है। लगभग यही अभिप्राय आलापपद्धति (पृ. १४५) में निर्दिष्ट नय के लक्षण में देखा जाता है। विकल्परूप में यहां इतना विशेष कहा गया है कि अथवा जो वस्तु को नाना स्वभावों से पृथक् करके एक किसी विवक्षित स्वभाव में ले जाता है—प्राप्त कराता है उसे नय जानना चाहिए।

सूर्यप्रज्ञप्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१-७, पृ. ३६) में कहा गया गया है कि वक्ता का जो विशेष अभिप्राय वस्तु के प्रतिनियत एक अंश को विषय करता है उसका नाम नय है। इसकी पुष्टि में वहां समन्तभद्रादि के नाम निर्देशपूर्वक 'नयो ज्ञातुरभिप्रायः' (लघीय. ५२) इस वाक्य को उद्धृत किया गया है।

इस प्रकार विविध ग्रन्थकारों ने अपनी रुचि के अनुसार पूर्ववर्ती ग्रन्थों का अनुसरण कर प्रकृत नय के लक्षण को व्यक्त किया है। निष्कर्ष रूप में कुछ लक्षण इस प्रकार हैं—

१ समन्तभद्र—विधि-प्रतिषेध में मुख्य का नियामक।
 ,, स्याद्वाद से विभक्त अर्थ के विशेष का व्यंजक।

२. पूज्यपाद—अनेकान्तात्मक वस्तु में विना किसी विरोध के हेतु की प्रमुखता से साध्यविशेष
 ,, की यथार्थता प्रगट करने वाला प्रयोग।
 ,, अनन्तपर्यायात्मक वस्तु की अन्यतम पर्यायविषयक अधिगम के समय निर्दोष हेतु अपेक्षा निरवद्य प्रयोग (सारसंग्रह)।
 ,, प्रमाणप्रकाशित अर्थ के विशेष (नित्यानित्यत्वादि) का प्ररूपक।

३ तत्त्वार्थाधिगमभाष्यकार—प्रापक, कारक, साधक, निर्वर्तक, निर्भासक, उपलम्भक अथवा व्यंजक।

४ निर्युक्तिकार—ग्राह्याग्राह्य अर्थ के विषय में यत्नविषयक उपदेश।

५ उत्तरा. चूर्णिकार—वस्तु की पर्यायों में सम्भव पर्याय की अपेक्षा वस्तु का अधिगमन।

६ सिद्धसेन दिवाकर—एकदेशविशिष्ट अर्थ को विषय करने वाला।

७ अकलंकदेव—भेदाभेदात्मक ज्ञेय के विषय में भेदाभेदविषयक सापेक्ष अभिप्राय।
 ,, ज्ञाता का अभिप्राय।
 ,, अवयव को विषय करने वाला।
 ,, सम्यक् एकान्त।
 ,, प्रमाणप्ररूपित अर्थ की पर्यायों का प्ररूपक।

८ हरिभद्र सूरि—अनन्त पर्यायात्मक वस्तु के एक अंश का परिच्छेद।
 ,, अनेक धर्मात्मक ज्ञेय के अध्यवसायान्तर का हेतु।

९ वीरसेन—प्रमाणपरिगृहीत अर्थ के एक देश में वस्तु का अध्यवसाय।

१० विद्यानन्द—स्वार्थ के एकदेश का निर्णय।
 ,, श्रुतार्थांश का ज्ञापक।

११ स्वामिकुमार—लोकव्यवहार का प्रसाधक श्रुतज्ञान का विकल्प।

ज्ञाता के अभिप्रायस्वरूप नय के लक्षण का स्पष्टीकरण है। इन्हीं अकलंकदेव ने अपने तत्त्वार्थवार्तिक (१, ६, ३) में नय के लक्षण में कहा है कि जो अवयव को विषय करता है उसका नाम नय है। यह लघीयस्त्रय की ६२वीं कारिका में निर्दिष्ट 'विकलसंकथा' का ही स्पष्टीकरण है। यहीं पर आगे (१, ६, ६) उन्होंने सम्यक् एकान्त को नय का लक्षण कहा है। हेतुविशेष के सामर्थ्य की अपेक्षा रखकर जो प्रमाण के द्वारा प्ररूपित पदार्थ के एक देश का कथन किया करता है उसे सम्यक् एकान्त कहा जाता है। यहीं पर आगे (१, ३३, १) प्रकारान्तर से पुनः यह कहा गया है कि जो प्रमाण से प्रकाशित अस्तित्व-नास्तित्वादिरूप अनन्तधर्मात्मक जीवादि पदार्थों के विशेषों (पर्यायों) का निरूपण करने वाला है उसे नय कहा जाता है।

उत्तरा. चूर्णि (पृ. ९) और आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (७९) में वस्तु की पर्यायों के अधिगम को नय का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। दोनों में प्रायः शब्दशः समानता है। अनुयो. की हरिभद्रविरचित वृत्ति (पृ. २७ व ९९) में अनन्तधर्मात्मक वस्तु के एक अंश के ग्रहण करने को नय कहा गया है। इसी वृत्ति में आगे (पृ, १०५) प्रकारान्तर से यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि जो अनेक धर्मात्मक वस्तु को विवक्षित किसी एक धर्म से ले जाता है उसे नय कहते हैं।

धवला (पु. १, पृ. ८३ व पु. ९, पृ. १६४) में कहा गया है कि प्रमाण से परिगृहीत वस्तु के एक देश में जो वस्तु का निश्चय होता है उसे नय कहा जाता है। आगे इस धवला (पु. ९, पृ. १६२ व १६३) में लघीयस्त्रय की ५२वीं कारिका के अनुसार ज्ञाता के अभिप्राय को नय का लक्षण बतलाते हुए उसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि प्रमाण से परिगृहीत पदार्थ के एक देश में जो वस्तु का अध्यवसाय होता है, इसे नय जानना चाहिए। लघीय. की प्रकृत कारिकागत 'युक्तितोऽर्थपरिग्रहः' इसे हृदयंगम कर कहा गया है कि युक्ति का अर्थ प्रमाण है, इस प्रमाण से जो अर्थ का परिग्रह होता है—द्रव्य और पर्याय में से विवक्षा के अनुसार जो किसी एक का वस्तु के रूप में ग्रहण होता है उसे नय कहते हैं। यहीं पर आगे (पु. ९, पृ. १६५-६६) पूज्यपाद भट्टारक द्वारा निर्दिष्ट लक्षण को उद्धृत करते हुए यह कहा गया है कि प्रमाण से प्रकाशित अनेकधर्मात्मक पदार्थों के विशेषों (पर्यायों) की जो प्ररूपणा किया करता है उसे नय कहते हैं। इसे वीरसेनाचार्य ने धवला में जहां पूज्यपाद के अभिप्रायानुसार सामान्य नय का लक्षण बतलाया है वहीं उन्होंने उसे जयधवला (१, पृ. २१०) में तत्त्वार्थभाष्यगत (त. वा. १, ३३, १) वाक्यनय का लक्षण कहा है। त. वा. में उसकी उत्थानिका में उसे सामान्य नय का ही लक्षण निर्दिष्ट किया गया है—तत्र सामान्यनयलक्षणमुच्यते। इसी पु. ९ में आगे (पृ. १६६) प्रभाचन्द्र भट्टारक के द्वारा निर्दिष्ट 'प्रमाणव्यपाश्रय' इत्यादि वाक्य को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि प्रमाण के आश्रय से होने वाले परिणामविकल्पों के—अभिप्रायविशेषों के—वशीभूत पदार्थगत विशेषों के निरूपण में जो प्रयोग अथवा प्रयोक्ता समर्थ होता है उसे नय समझना चाहिए। आगे (पृ. १६७) आ. पूज्यपाद विरचित सारसंग्रहगत 'अनन्तपर्यायात्मकस्य' इत्यादि वाक्य को उद्धृत करते हुए तदनुसार यह कहा गया है कि अनन्तपर्यायस्वरूप वस्तु की उन पर्यायों में से किसी एक पर्याय को ग्रहण करते समय उत्तम हेतु की अपेक्षा करके जो निर्दोष प्रयोग किया जाता है उसका नाम नय है। जयधवला (१, पृ. २१०) में पूर्वोक्त धवला (पु. ९, पृ. १६६-६७) के ही अभिप्राय को व्यक्त करते हुए जहां धवला में सारसंग्रहोक्त नय के उस लक्षण को विशेषरूप में वाक्यनय का लक्षण कहा गया है। इसी प्रकार प्रभाचन्द्र के द्वारा निर्दिष्ट पूर्वोक्त नय के लक्षण को धवला में जहां सामान्य से नय का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है वहां जयधवला में उसे प्रभाचन्द्रीय वाक्यनय का लक्षण कहा गया है।

तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (१, ६, ४) और नयविवरण (४) में स्वार्थ के—प्रमाण के विषयभूत पदार्थ के—एक देश के निर्णय को नय का लक्षण प्रगट किया गया है। यहां आगे (१, ३३, २) नय के लक्षण में जो यह कहा गया है कि स्याद्वाद से विभक्त अर्थविशेष का जो व्यंजक होता है वह नय कहलाता है, यह शब्दशः आप्तमीमांसा १०६ का अनुसरण है। यहां आगे (१, ३३, ६ व नयवि. १८) यह

हैं। धवलाकार ने साधारण जीवों का लक्षण एक शरीर में निवास करने वाले निर्दिष्ट किया है (पु. १४, पृ. २२७)। एक ही शरीर में अवस्थित ये साधारण बादर व सूक्ष्म निगोदजीव एकमेक के साथ परस्पर में बद्ध और स्पृष्ट होते हैं। उदाहरण यहां मूली व थूहर आदि का दिया गया है। इन निगोद जीवों में ऐसे भी अनन्त (नित्यनिगोद) जीव हैं जिन्होंने संक्लेश की प्रचुरता के कारण कभी त्रस पर्याय को नहीं प्राप्त किया है (षट्खं. ५, ६, १२६-२७—पु. १४, पृ. २२६–३४ द्रष्टव्य हैं)।

जीवाजीवाभिगम की मलयगिरि विरचित वृत्ति (५, २, २३८, पृ. ४२३) में जीवों के आश्रय-विशेषों को निगोद कहा गया है।

गो. जीवकाण्ड की जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका (१९१) और कार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका (१३१) में समानरूप से 'नियतां गां भूमिं क्षेत्रं निवासं अनन्तानन्तजीवानां ददातीति निगोदम्' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जो अनन्तानन्त जीवों को नियमित निवास देता है उसका नाम निगोद है।

ये निगोदजीव दो प्रकार के माने गये हैं—नित्यनिगोदजीव और अनित्यनिगोदजीव। तत्त्वार्थ-वार्तिक २, ३२, २७) में योनिभेदों की प्ररूपणा के प्रसंग में इन दो प्रकार के निगोदजीवों के स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो जीव तीनों ही कालों में त्रस पर्याय प्राप्त करने के योग्य नहीं हैं उन्हें नित्यनिगोत और जो त्रस पर्याय को प्राप्त कर चुके हैं तथा आगे भी उसे प्राप्त करने वाले हैं उन्हें अनित्यनिगोत कहा जाता है। यहां 'निगोत' शब्द का उपयोग 'निगोद' के समानार्थक रूप में हुआ है। इसे प्राकृत 'णिगोद' का संस्कृत में रूपान्तर हुआ समझना चाहिये। इस निगोत शब्द का उपयोग अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (४-२२) में उद्धृत एक श्लोक में भी हुआ है।

धवला (पु. १४, पृ. २३६) में 'अनित्यनिगोत' के स्थान में 'चतुर्गतिनिगोद' शब्द का उपयोग हुआ है। वहां इनके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि चतुर्गतिनिगोद जीव वे हैं जो देव, नारक, तिर्यंच और मनुष्यों में उत्पन्न होकर पुनः निगोदों में प्रविष्ट होकर रहते हैं तथा जो जीव सदा निगोदों में ही रहते हैं उन्हें नित्यनिगोदजीव जानना चाहिए। यही अभिप्राय अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (४-२२) में भी प्रगट किया गया है।

पूर्वोक्त षट्खण्डागम के जिस गाथासूत्र (५, ६, १२७) के अनुसार ऐसे अनन्त जीवों का उल्लेख किया गया है जिन्होंने कभी त्रस पर्याय को प्राप्त नहीं किया, उस गाथासूत्र को गो. जीवकाण्ड में (१९१) उसी रूप में आत्मसात् किया गया है। उसकी जी. प्र. टीका में यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि प्रकृत गाथा में उपयुक्त 'प्रचुर' शब्द एकदेशाभाव से विशिष्ट समस्त अर्थ का वाचक है। अतः उसके आश्रय से यह सूचित किया गया है कि आठ समय अधिक छह मासों के भीतर चतुर्गतिरूप जीवराशि से निकल कर छह सौ आठ जीवों के मुक्त हो जाने पर उतने (६०८) ही जीव नित्यनिगोदभव को छोड़कर चतु-र्गतिभव को प्राप्त होते हैं। उपर्युक्त आठ समय अधिक छह मासों में छह सौ आठ जीवों के मुक्त (क्षपक-श्रेणिप्रायोग्य) होने का उल्लेख धवला (पु. ३, पृ. ९२-९३) में भी किया गया है।

निर्ग्रन्थ—नाग्न्यपरीषहजय के प्रसंग में निर्ग्रन्थता अपेक्षित है, यह पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है। प्रकृत में निर्ग्रन्थ की विशेषता को प्रगट करते हुए सूत्रकृतांग (१, १६, ४) में कहा गया है कि जो एक है, एकवित्—एक आत्मा को ही जानता है, प्रबुद्ध है, कर्मागम के स्रोतों (आस्रवों) को नष्ट कर चुका है, अतिशय संयत है, समितियों का दृढ़ता से पालन करता है, सुसामायिक—शत्रु-मित्रादि के विषय में समभाव रखता है, आत्मवाद को प्राप्त है, विज्ञ है, द्रव्य व भावरूप दोनों स्रोतों को नष्ट कर चुका है, पूजा-सत्कार की अपेक्षा नहीं करता है, धर्मार्थी है, धर्म का वेत्ता है और नियागप्रतिपन्न है—मोक्ष-मार्ग को प्राप्त है; उसे निर्ग्रन्थ कहा जाता है। ऐसा निर्ग्रन्थ इन्द्रियों व कषायों का दमन करके शरीर से निःस्पृह होता हुआ समित—समतास्वरूप आचरण करता है। इस प्रकार यहां बाह्य व अभ्यन्तर परिग्रह से रहित साधु की सामान्य से प्रशंसा की गई है।

१२ प्रभाचन्द—प्रतिपक्ष का निराकरण न करके वस्त्वंश का ग्राहक ज्ञाता का अभिप्राय।

१३ मलयगिरि—विशेषाकांक्ष सामान्य का ग्राहक अथवा सामान्यापेक्ष विशेष का ग्राहक।
(लघीयस्त्रयगत कारिका ३० का फलितार्थ)।

इन नयलक्षणों में उत्तरोत्तर कुछ विकास हुआ प्रतीत होता है। अन्य ग्रन्थकारों के द्वारा निर्दिष्ट लक्षण इन्हीं लक्षणों में से किसी के आधार पर होना चाहिए।

नाग्न्यपरीषहजय—सर्वार्थसिद्धि (९-९) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, ९, १०) आदि में प्रार्थना की सम्भावना से रहित; याचना (दीनता), रक्षण व हिंसा आदि दोषों से विहीन तथा परिग्रह से रहित होने के कारण निर्वाणपद की प्राप्ति के प्रति अद्वितीय साधनभूत ऐसे बाधा से रहित बालक की नग्नता के समान स्वाभाविक नग्नवेष को धारण करने वाला साधु मानसिक विकार से युक्त हो जाने के कारण स्त्रियों के रूप को अपवित्र व घृणास्पद देखता हुआ दिन-रात अखण्डित ब्रह्मचर्य पर अधिष्ठित रहकर निर्दोष अचेलव्रत को जो धारण करता है उसे उसका नाग्न्यपरीषहजय कहा गया है।

उत्तराध्ययन (२-१३) में इसके स्वरूप का विचार करते हुए कहा गया है कि तत्त्वज्ञानी साधु कभी अचेल (निर्वस्त्र) और कभी सचेल (सवस्त्र) होता है। पर निर्वस्त्र होने पर जो अनेक प्रकार की शैत्य आदि की उसे बाधा होती है उससे वह खेद को प्राप्त नहीं होता व उसे धर्म के लिए हितकर मानता है। यदि वह सवस्त्र है, पर वस्त्र अनुकूल नहीं है अथवा वह जीर्ण हो गया है तो उसके लिए याचना करते हुए वह दीनता को प्रगट नहीं करता। इस प्रकार से वह उपर्युक्त दोनों ही अवस्थाओं में खेदखिन्न नहीं होता। यह उसके नाग्न्यपरीषह या अचेलपरीषहजय का लक्षण है। आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (९१८, पृ. ४०३) में परीषहों से सम्बद्ध श्लोकों को किसी पूर्वकालीन ग्रन्थ से उद्धृत कर प्रकृत परीषह के विषय में कहा गया है कि लाभ-अलाभ की विचित्रता को जानता हुआ साधु नग्नता से उपद्रवित होकर 'मेरा वस्त्र अशुभ या नहीं' इस विचार से उत्तम या निकृष्ट वस्त्र की इच्छा न करे। त. भा. की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (९-९) में कहा गया है कि दिगम्बर या भौत आदि के समान उपकरणों से रहित होना ही नाग्न्यपरीषह नहीं है। तो फिर वह क्या है, इसके उत्तर में वहां कहा गया है कि प्रवचन में उसका जो विधान कहा गया है तदनुसार नग्नता को जानना चाहिए।

इस नग्नता का पर्यायवाची शब्द अचेलकता है। प्रकृत लक्षणावली के प्रथम भाग की प्रस्तावना में (पृ. ७०-७१) आचारांग आदि के आश्रय से अचेलकता के विषय में विशेष विचार किया जा चुका है। विशेष जिज्ञासुओं को उसे वहां पर देखना चाहिए।

निगोदजीव—धवला पु. ३ (पृ. ३५७) में निगोद जीवों के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जिन अनन्तानन्त जीवों का साधारणरूप से एक ही शरीर होता है उन्हें निगोदजीव कहा जाता है। इसी धवला में आगे (पु. ७, पृ. ५०६) कहा गया है कि जो जीव निगोदों में अथवा निगोदभाव से जीते हैं वे निगोदजीव कहलाते हैं। यहीं पर आगे (पु १४, पृ. ८५ और पृ. ४९२) पुलवियों को निगोद कहा गया है। इसी पुस्तक में पृ. ८६ पर पुलवियों के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि स्कन्ध, अण्डर, आवास, पुलविया और निगोदशरीर ये पांच होते हैं। यहां पृथक्-पृथक् पांचों के स्वरूप का भी निर्देश किया है। पूर्व में यहां (धवला पु. ३, पु. ३५७) में निगोद जीवों के स्वरूप को दिखलाते हुए उन अनन्तानन्त जीवों का एक ही साधारण शरीर निर्दिष्ट किया गया है। ऐसे साधारण शरीर वाले जीव नियम से वनस्पतिकायके अन्तर्गत हैं (षट्खं. ५, ६, १२०—पु. १४, पृ. २२५)। इन साधारण जीवों के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि साधारण जीव वे हैं जिनका आहार और आन-पानग्रहण साधारण है, अर्थात् एक जीव के द्वारा आहार ग्रहण करने पर सभी अनन्तानन्त जीवों का वह साधारण आहार होता है। यही प्रक्रिया उनके श्वासोच्छ्वास की भी जानना चाहिए (षट्खं. ५, ६, १२२—पु. १४, पृ. २२६)। जहां एक का मरण होता है वहां एक साथ अनन्त साधारण जीवों का मरण होता है, इसी प्रकार जहां एक उत्पन्न होता है वे वहां सभी एक साथ उत्पन्न होते

इस व्रत में अंगार, वन, शकट, भाटक, स्फोटन तथा दांत, लाख, रस, केश और विष विषयक व्यापार; यंत्र-पीडन, निर्लांछन, दवदान, तालाब-ह्रद-तडाग का शोषण और असतीपोष इन पन्द्रह सावद्य कर्मों को निषिद्ध प्रगट किया गया है।

दि. सम्प्रदाय के श्रावकाचारविषयक ग्रन्थों में इनका उल्लेख किया गया नहीं दिखता। हां, पं. आशाधर विरचित सागारधर्मामृत (५, २१-२३) में इनका निर्देश तो किया गया है, पर वह पूर्वोक्त मान्यता के निराकरण के रूप में किया गया है। पं. आशाधर का कहना है कि ऐसे सावद्य कर्म निषिद्ध तो हैं, पर जब वे अगणित हैं तब वैसी अवस्था में पूर्वोक्त पन्द्रह कर्मों का ही परित्याग कराना उचित प्रतीत नहीं होता। अथवा, अतिशय मन्दमतियों को लक्ष्य करके यदि उनका परित्याग कराया जाता है तो वह अनुचित भी नहीं है। यहां यह स्मरणीय है कि श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका में हरिभद्र सूरि ने भी इसी प्रकार के अभिप्राय को प्रगट करते हुए यह कहा है कि इन बहुसावद्य कर्मों का यहां प्रदर्शन मात्र किया गया है, क्योंकि इनके अतिरिक्त अन्य भी कितने ही ऐसे सावद्य कर्म हो सकते हैं जिनकी गणना नहीं की जा सकती है। अतएव उनकी यहां गणना की गई नहीं समझना चाहिये।

इसी प्रकार प्रकृत व्रत के अतिचारों के विषय में भी मतभेद देखा जाता है। यथा—त. सू. (दि. ७-३५ और श्वे. ७-३०) में उक्त व्रत के ये पांच अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं—सचित्ताहार, सचित्तसंबद्धाहार, सचित्तमिश्राहार, अभिषवाहार और दुष्पक्वाहार। किन्तु रत्नकरण्डक (९०) में विषयरूप विष की उपेक्षा न करना, विषयों का पुनः पुनः स्मरण करना, उनके सेवन में अतिशय लोलुपता, उनके सेवन की अतिशय आकांक्षा और अतिशय आसक्ति के साथ उनका उपभोग; ये पांच अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं। श्रा. प्र. (२८६) में उसके जो अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं उनमें तीन अतिचार तो त. सू. के समान हैं, पर दो में कुछ उससे भिन्नता है। यथा—सचित्ताहार, सचित्तप्रतिबद्धाहार, अपक्वभक्षण, दुष्पक्व-भक्षण और तुच्छ औषधिभक्षण। पं. आशाधर ने अपने सा. ध. (५-२०) में त. सू. के समान उसके अतिचारों का निर्देश करके स्वो. टीका में 'अत्राह स्वामी' ऐसा कहते हुए रत्नक. में निर्दिष्ट पूर्वोक्त अतिचारों का भी निर्देश कर दिया है व उनकी व्याख्या भी की है। यहीं पर उन्होंने 'तद्वच्चेमेऽपि श्रीसोमदेवविबुधाभिमताः' ऐसी सूचना करके प्रकृतव्रतातिचारविषयक उपासकाध्ययन के श्लोक (७६२) को भी उद्धृत कर दिया है। तदनुसार वे अतिचार ये हैं—दुष्पक्वभक्षण, निषिद्धभक्षण, जन्तुसम्बद्धभक्षण, जन्तुसम्मिश्रभक्षण और अवीक्षितभक्षण। इस प्रकार उक्त व्रत के जो भी अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं वे सब भोजन से ही सम्बद्ध हैं, कर्म से सम्बन्धित अतिचारों का कहीं कोई निर्देश नहीं किया गया। यह व्रत बहुत व्यापक है। यही कारण है जो रत्नक. (८४-८९) में त्रसघात के परिहार के लिये इस व्रत में मद्य-मांस आदि कितने ही अन्य विषयों का भी नियम कराया गया है।

पादपोपगमन—आगम में त्यक्त शरीर के प्रायोपगमन, इंगिनीमरण और भक्तप्रत्याख्यान ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। प्राकृत में प्रायोपगमन के वाचक पाओवगमण, पाओवगमन और पाउग्गगमण ये शब्द उपलब्ध होते हैं। इनके संस्कृत रूप भी अनेक हुए हैं। जैसे—पादपोपगमन, पादोपगमन, प्रायोगमन, प्रायोग्यगमन और प्रायोपगमन। शब्दभेद होने से कुछ अर्थभेद भी हुआ है, पर अभिप्राय प्रायः सबका समान ही रहा है। यथा—

पण्डित मरण के प्रसंग में भगवती आराधना (२०६८-६९) में कहा गया है कि क्षपक (आराधक) शरीर से निर्ममत्व होकर उसे जहां जिस प्रकार से रखता है जीवन पर्यन्त वह उसे स्वयं नहीं चलाता है—हलन-चलन क्रिया से रहित उसी प्रकार से उसे स्थिर रखता है। इस प्रकार निष्प्रतिकर्म—स्व-परप्रतीकार से रहित—मरण को प्रायोपगमन मरण कहा जाता है। इसी भ. आ. की विजयोदया और मूलाराधना-दर्पण टीकाओं (२९) में इसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि संघ को छोड़कर अपने पावों से अन्यत्र चले जाने पर आराधक का जो अपनी व अन्य की वैयावृत्ति से रहित मरण होता है उसे पादोप-गमन मरण कहते हैं। यह उसकी सार्थक संज्ञा है। प्रकारान्तर से वहां यह भी संकेत किया गया है—अथवा

दशवैकालिक वृत्ति आदि में मतिभ्रम या चित्तविप्लुतिको प्रथम विकल्प के रूप में निर्दिष्ट किया गया है और विद्वज्जुगुप्सा या साधुजुगुप्सा को द्वितीय विकल्प के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। जैसा कि पूर्व में निर्देश किया जा चुका है आ. अमितगति और भट्टारक शुभचन्द्र (कार्ति. टीकाकार) ने भी निर्विचिकित्सा के प्रसंग में साधुजुगुप्सा का निषेध किया है। हरिभद्र सूरि ने तो विचिकित्साविषयक इन दोनों अभिप्रायों की पुष्टि में पृथक्-पृथक् दो कथानक भी दिये हैं (श्रा. प्र. टीका ९३)।

परिभोग—श्रावक के १२ व्रतों में एक भोगोपभोगपरिमाण या उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत भी है। तत्त्वार्थसूत्र (दि. ७-२१, श्वे. ७-१६) में इस व्रतका उल्लेख जहां उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत के नाम से किया गया है (श्वे. त. सू में 'उपभोग-परिभोगव्रत' के नाम से ही उसका निर्देश किया गया है) वहां रत्नकरण्डक (८२) में उसका निर्देश भोगोपभोगपरिमाण व्रत के नाम से किया गया है। तदनुसार भोग, उपभोग व परिभोग के लक्षण में भी भेद रहा है। यथा—त.सू. की व्याख्या स्वरूप सर्वार्थसिद्धि में अशन, पान, और गन्ध-माल्यादि को उपभोग तथा आच्छादन, प्रावरण, अलंकार, शयन, आसन, गृह और वाहन आदि को परिभोग कहा गया है। त. भाष्य में भी लगभग इसी अभिप्राय को प्रकट करते हुए अशन, पान खाद्य, स्वाद्य और गन्धमाल्य आदि के साथ आच्छादन, प्रावरण, अलंकार, शयन, आसन, गृह, यान और वाहन आदि में जो बहुत सावद्य से युक्त हैं उनके परित्याग को उपभोग-परिभोगव्रत कहा गया है। इसके साथ वहां यह सूचना की गई है कि उनमें जो अल्प सावद्य से युक्त हैं उनका परिमाण करना भी इस व्रत में अभिप्रेत है। यहां 'गन्धमाल्यादि' तथा 'वाहनादि' में जो 'च' शब्द के साथ पृथक् पृथक् षष्ठी बहुवचन का निर्देश किया गया है उससे यही प्रतीत होता है कि भाष्यकार को अशन-पान आदि भोगरूप से और आच्छादन-प्रावरण आदि परिभोग रूप से अभिप्रेत हैं। यहां स. सि. से यह विशेषता रही है कि स. सि. में उपभोग के लक्षण में जिन खाद्य व स्वाद्य शब्दों का निर्देश नहीं किया गया है वे यहाँ उसके अन्तर्गत उपलब्ध होते हैं। इसी प्रकार परिभोग के लक्षण में यहां स. सि. की अपेक्षा 'गृह' और 'वाहन' के मध्य में 'यान' शब्द अधिक पाया जाता है।

त. वा. (७, २१, ८) में 'उपेत्य भुज्यते इत्युपभोगः' इस निरुक्ति के साथ जिन अशन-पानादि को आत्मसात् करके भोगा जाता है उन्हें उपभोग तथा 'परित्यज्य भुज्यते इति परिभोगः' इस निरुक्ति के साथ जिन आच्छादन-प्रावरण आदि को एक बार भोगकर पुनः भोगा जाता है उन्हें परिभोग कहा गया है। श्रावकप्रज्ञप्ति (२८४) की टीका में भी उक्त दोनों शब्दों की इसी प्रकार से निरुक्ति करते हुए लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। त. वा. से यहां इतनी विशेषता है कि विकल्प रूप में यहां 'उप' शब्द को अन्तर्वचन मानकर तदनुसार विषय और विषयी में अभेदोपचार से अन्तर्भोगको उपभोग और 'परि' शब्द को बहिर्वाचक मानकर तदनुसार बहिर्भोगको परिभोग कहा गया है। इसके पूर्व इसी श्रा. प्र. (२६) टीका में भोगान्तराय और उपभोगान्तराय के प्रसंग में एक बार भोगे जाने वाले आहार आदि को भोग और पुनः पुनः भोगे जाने वाले भवन-वलय आदि को उपभोग कहा गया है। अपने इस अभिप्राय की पुष्टि में वहां "सइभुज्जइत्ति भोगो" आदि एक गाथा भी उद्धृत की गई है। इस प्रकार एक ही ग्रन्थ में यह अभिप्राय भेद देखा जाता है।

रत्नकरण्डक (८२-८३) आदि में जहां इस व्रत को भोगोपभोगपरिमाण व्रत के नाम से निर्दिष्ट किया गया है वहां एक ही बार भोगे जाने वाले आहार आदि को भोग और पुनः पुनः भोगे जानेवाले वस्त्रादि को उपभोग कहा गया है। इस प्रकार से यदि कहीं (स. सि. आदि) एक ही बार भोगे जाने वाले भोजन आदि को उपभोग और पुनः-पुनः भोगे जाने वाले आच्छादन व प्रावरण आदि को परिभोग के अन्तर्गत किया है तो अन्यत्र (रत्नक. आदि में) उन्हें क्रम से भोग और उपभोग के अन्तर्गत किया गया है।

प्रकृत उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत के प्रसंग में श्वे. सम्प्रदाय के श्रावकाचारविषयक ग्रन्थों में—जैसे उवासगदसाओ (५१) और श्रावकप्रज्ञप्ति (२८५ व २८७-८८) आदि में—एक यह विशेषता देखी जाती है कि वहां इस व्रत के भोजन व कर्म की अपेक्षा दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। उनमें कर्म की अपेक्षा

इस व्रत में अंगार, वन, शकट, भाटक, स्फोटन तथा दांत, लाख, रस, केश और विष विषयक व्यापार; यंत्र-पीडन, निर्लाञ्छन, दवदान, तालाव-ह्रद-तडाग का शोषण और असतीपोष इन पन्द्रह सावद्य कर्मो को निषिद्ध प्रगट किया गया है।

दि. सम्प्रदाय के श्रावकाचारविषयक ग्रन्थों में इनका उल्लेख किया गया नहीं दिखता। हां, पं. आशाधर विरचित सागारधर्मामृत (५, २१-२३) में इनका निर्देश तो किया गया है, पर वह पूर्वोक्त मान्यता के निराकरण के रूप में किया गया है। पं. आशाधर का कहना है कि ऐसे सावद्य कर्म निषिद्ध तो हैं, पर जब वे अगणित हैं तब वैसी अवस्था में पूर्वोक्त पन्द्रह कर्मो का ही परित्याग कराना उचित प्रतीत नहीं होता। अथवा, अतिशय मन्दमतियों को लक्ष्य करके यदि उनका परित्याग कराया जाता है तो वह अनुचित भी नहीं है। यहां यह स्मरणीय है कि श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका में हरिभद्र सूरि ने भी इसी प्रकार के अभिप्राय को प्रगट करते हुए यह कहा है कि इन बहुसावद्य कर्मों का यहां प्रदर्शन मात्र किया गया है, क्योंकि इनके अतिरिक्त अन्य भी कितने ही ऐसे सावद्य कर्म हो सकते हैं जिनकी गणना नहीं की जा सकती है। अतएव उनकी यहां गणना की गई नहीं समझना चाहिये।

इसी प्रकार प्रकृत व्रत के अतिचारों के विषय में भी मतभेद देखा जाता है। यथा—त. सू. (दि. ७-३५ और श्वे. ७-३०) में उक्त व्रत के ये पांच अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं—सचित्ताहार, सचित्तसंबद्धाहार, सचित्तमिश्राहार, अभिषवाहार और दुष्पक्वाहार। किन्तु रत्नकरण्डक (९०) में विषयरूप विष की उपेक्षा न करना, विषयों का पुनः पुनः स्मरण करना, उनके सेवन में अतिशय लोलुपता, उनके सेवन की अतिशय आकांक्षा और अतिशय आसक्ति के साथ उनका उपभोग; ये पांच अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं। श्रा. प्र. (२८६) में उसके जो अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं उनमें तीन अतिचार तो त. सू. के समान हैं, पर दो में कुछ उससे भिन्नता है। यथा—सचित्ताहार, सचित्तप्रतिबद्धाहार, अपक्वभक्षण, दुष्पक्व-भक्षण और तुच्छ औषधिभक्षण। पं. आशाधर ने अपने सा. ध. (५-२०) में त. सू. के समान उसके अतिचारों का निर्देश करके स्वो. टीका में 'अत्राह स्वामी' ऐसा कहते हुए रत्नक. में निर्दिष्ट पूर्वोक्त अतिचारों का भी निर्देश कर दिया है व उनकी व्याख्या भी की है। यहीं पर उन्होंने 'तद्वच्चेमेऽपि श्रीसोमदेवविबुधाभिमताः' ऐसी सूचना करके प्रकृतव्रतातिचारविषयक उपासकाध्ययन के श्लोक (७६३) को भी उद्धृत कर दिया है। तदनुसार वे अतिचार ये हैं—दुष्पक्वभक्षण, निषिद्धभक्षण, जन्तुसम्बद्धभक्षण, जन्तुसम्मिश्रभक्षण और अवीक्षितभक्षण। इस प्रकार उक्त व्रत के जो भी अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं वे सब भोजन से ही सम्बद्ध हैं, कर्म से सम्बन्धित अतिचारों का कहीं कोई निर्देश नहीं किया गया। यह व्रत बहुत व्यापक है। यही कारण है जो रत्नक. (८४-८९) में त्रसघात के परिहार के लिये इस व्रत में मद्य-मांस आदि कितने ही अन्य विषयों का भी नियम कराया गया है।

पादपोपगमन—आगम में त्यक्त शरीर के प्रायोपगमन, इंगिनीमरण और भक्तप्रत्याख्यान ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। प्राकृत में प्रायोपगमन के वाचक पाओवगमण, पाओवगमन और पाउग्गगमण ये शब्द उपलब्ध होते हैं। इनके संस्कृत रूप भी अनेक हुए हैं। जैसे—पादपोपगमन, पादोपगमन, प्रायोगमन, प्रायोग्यगमन और प्रायोपगमन। शब्दभेद होने से कुछ अर्थभेद भी हुआ है, पर अभिप्राय प्रायः सबका समान ही रहा है। यथा—

पण्डित मरण के प्रसंग में भगवती आराधना (२०६८-६९) में कहा गया है कि क्षपक (आराधक) शरीर से निर्ममत्व होकर उसे जहां जिस प्रकार से रखता है जीवन पर्यन्त वह उसे स्वयं नहीं चलाता है—हलन-चलन क्रिया से रहित उसी प्रकार से उसे स्थिर रखता है। इस प्रकार निष्प्रतिकर्म—स्व-परप्रतीकार से रहित—मरण को प्रायोपगमन मरण कहा जाता है। इसी भ. आ. की विजयोदया और मूलाराधना-दर्पण टीकाओं (२९) में इसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि संघ को छोड़कर अपने पावों से अन्यत्र चले जाने पर आराधक का जो अपनी व अन्य की वैयावृत्ति से रहित मरण होता है उसे पादोप-गमन मरण कहते हैं। यह उसकी सार्थक संज्ञा है। प्रकारान्तर से वहां यह भी संकेत किया गया है—अथवा

'पाउग्गगमण मरण' ऐसा पाठ है। तदनुसार 'प्रायोग्य' शब्द से संसार का अन्त करने योग्य संहनन और संस्थान को ग्रहण किया गया है तथा 'गमन' का अर्थ प्राप्ति है, इस प्रकार के संहनन और संस्थान की प्राप्ति के आश्रय से जो मरण होता है वह प्रायोग्य मरण कहलाता है। यह भी उसकी सार्थक संज्ञा है। मूलाराधनादर्पण में इतना विशेष कहा गया है कि इसे 'प्रायोगमन' भी कहा जाता है। तदनुसार वहां 'प्राय' शब्द से संन्यास युक्त अनशन को ग्रहण किया गया है। प्रकृत मरण चूंकि संन्यास युक्त अनशन की प्राप्ति होने पर सिद्ध किया जाता है, इसीलिए उसे 'प्रायोगमन' कहा गया है। यह नाम भी उसका सार्थक है।

पुलाक—तत्त्वार्थसूत्र (दि. ९-४६, श्वे. ९-४८) में जिन पांच निर्ग्रन्थों का निर्देश किया गया है उनमें पुलाक प्रथम हैं। उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए स. सि. और त. वा. (९, ४६, १) आदि में कहा गया है कि जिन निर्ग्रन्थ मुनियों का मन उत्तरगुणों की भावनाओं से दूर रहता है तथा जो कहीं व कभी व्रतों की परिपूर्णता से भी रहित होते हैं उन्हें पुलाक निर्ग्रन्थ कहा जाता है। पुलाक नाम तुच्छ धान्य का है। ये निर्ग्रन्थ चूंकि शुद्धि से रहित होते हुए उस तुच्छ धान्य के समान होते हैं, इसीलिए उनका उल्लेख 'पुलाक' नाम से किया गया है। त. भाष्य (९-४८) में पुलाक उन निर्ग्रन्थों को कहा गया है जो जिनप्रणीत आगम से निरन्तर विचलित नहीं होते। इसी भाष्य में आगे (९-४९) प्रतिसेवना के प्रसंग में यह भी कहा गया है कि जो दूसरे के अभियोग (आक्षेप या कहने) से अथवा दवाव से पांच मूलगुणों और छठे रात्रि-भोजनव्रत इनमें से किसी एक का सेवन करता है उसे पुलाक कहते हैं। यहां मतान्तर को प्रगट करते हुए यह भी कहा गया है कि किन्हीं आचार्यों के अभिमतानुसार पुलाक नाम उसका है जो मैथुन का प्रतिसेवन करता है। इस भाष्य की सिद्ध. वृत्ति (९-४९) में भाष्योक्त इस लक्षण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि 'सम्यग्दर्शनपूर्वक होने वाले ज्ञान और चारित्र मोक्ष के हेतु हैं' इस प्रकार के आगम से जो कभी भ्रष्ट न होकर—उसपर दृढ़ रहते हुए—ज्ञान के अनुसार क्रिया का अनुष्ठान करते हैं, साथ ही जो तप और श्रुत के आश्रय से उत्पन्न हुई लब्धि (ऋद्धि) को उपजीवित रखते हुए—उसमें अनुरक्त रहकर—सकल संयम (महाव्रत) के गलने से अपने आपको तन्दुल कणों से शून्य धान्य के समान निःसार करते हैं उन्हें पुलाक कहा जाता है। कारण यह कि ज्ञान, दर्शन और चारित्र ये सारभूत हैं, उनके विनाश से ही उक्त पुलाक निर्ग्रन्थों को निःसार कहा गया है। लगभग यही अभिप्राय प्रवचनसारोद्धार की वृत्ति (७२३) में भी प्रगट किया गया है।

प्रवचनवत्सलत्व—सर्वार्थसिद्धि (६-२४) और तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १३) आदि में इसके लक्षण में यह कहा गया है कि जिस प्रकार गाय अपने बछड़े से स्नेह करती है उसी प्रकार से साधर्मी जन के साथ जो स्नेह किया जाता है उसका नाम प्रवचनवत्सलत्व है। त. भा. (६-२३) में उसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जो जिनशासन में विहित अनुष्ठान के करने वाले व श्रुत के पारंगत हैं उनका तथा बाल, वृद्ध, तपस्वी, शैक्ष और ग्लान आदिकों का संग्रह, उपग्रह और अनुग्रह करना; यह प्रवचनवत्सलत्व का लक्षण है। स. सि. की अपेक्षा इस भाष्य में 'सधर्मा' को उक्त प्रकार से स्पष्ट किया गया है। धवला (पु. ८, पृ. ९०) व चारित्रसार (पृ. ३६) में समान रूप से कहा गया है कि प्रवचन तथा देशव्रती, महाव्रती और सम्यग्दृष्टि इनके विषय में जो अनुराग, आकांक्षा एवं ममेदंभाव होता है उसका नाम प्रवचनवत्सलता है।

बकुश—पांच प्रकार के निर्ग्रन्थ मुनियों में बकुश दूसरे हैं। सर्वार्थसिद्धि में उनके लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो निर्ग्रन्थता के प्रति स्थित [प्रस्थित] हैं—उसपर आरूढ़ हैं—व अखण्डित (निरतिचार) व्रतों का पालन करते हैं, पर जो शरीर और उपकरणों (पीछी व कमण्डलु) की विभूषा की अपेक्षा रखते हैं तथा जिनका परिवार से मोह नहीं छूटा है; ऐसे मोह की विचित्रता से युक्त निर्ग्रन्थ बकुश कहलाते हैं। 'बकुश' शब्द का अर्थ विचित्र है। उनका यह लक्षण कुछ विशेषता के साथ तत्त्वार्थभाष्य (९-४८) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, ४६, २) इन दोनों में प्रायः शब्दशः समान पाया जाता है। वहां कहा गया है कि जो निर्ग्रन्थता के प्रति प्रस्थित हैं—प्रस्थान कर चुके हैं (उसपर आरूढ़ हैं), शरीर और उपकरणों की विभूषा (संस्कार या स्वच्छता) की अपेक्षा करते हैं, ऋद्धि व यश के अभिलाषी हैं, सात गौरव के आश्रित हैं, परिवार

के मोह से रहित नहीं हुए हैं, तथा छेद (प्रायश्चित्तविशेष) की विचित्रता से संयुक्त होते हैं; उन्हें बकुश कहा जाता है। स. सि. की अपेक्षा इनदोनों में 'ऋद्धि-यशस्कामाः, सातगौरवाश्रिताः, छेदशबलयुक्ताः' (स. सि. में 'मोहशबलयुक्ताः' ऐसा विशेषण है) ये विशेषण अधिक हैं। त. वा. में 'अखण्डितव्रताः' यह पद भी स. सि. के समान है, पर वह त. भाष्य में नहीं है। प्रकृत लक्षण के प्रसंग में स. सि. में 'नैर्ग्रन्थ्यं प्रति स्थिताः' त. भा. में 'नैर्ग्रन्थ्यं प्रति प्रस्थिताः' और त. वा. में 'नैर्ग्रन्थ्यं प्रस्थिताः' ऐसा पाठभेद पाया जाता है। इनमें त. भा. का पाठ अधिक संगत दिखता है। सम्भवतः प्रतिलेखकों के आश्रय से यह पाठभेद हुआ है।

ब्रह्मचर्यअणुव्रत—श्रावक के पांच अणुव्रतों में यह चौथा है। इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए चारित्रप्राभृत (२३) में कहा गया है कि परसे प्रेमका परिहार करना—उससे निवृत्त होना—इसका नाम ब्रह्मचर्य अणुव्रत है। रत्नकरण्डक (३-१३)के अनुसार जो पाप के भय से—न कि राजदण्डादि के भय से—न तो स्वयं परस्त्री के साथ समागम करता है और न उसके लिए दूसरे को प्रेरित करता है, इसे परदार-निवृत्ति कहा जाता है। दूसरे नाम से इसे वहां स्वदार सन्तोष भी कहा गया है। सर्वार्थसिद्धि(७-२०) के अनुसार जिसका अनुराग उपात्त और अनुपात्त अन्य स्त्री के संग से हट चुका है ऐसा गृहस्थ प्रकृत अणुव्रत का धारक होता है। लगभग यही अभिप्राय प्रायः उन्हीं शब्दों में त. वार्तिक(७, २०, ४), त. श्लोकवार्तिक और चरित्रसार (पृ. ६) में भी प्रगट किया गया है।

श्रावकप्रज्ञप्ति (२७०) और पंचाशक प्रकरण (१-१५) में पर-स्त्री के परित्याग और स्वदार-सन्तोषको चतुर्थ (ब्रह्मचर्य)अणुव्रत का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। यहां औदारिक और वैक्रियिक के भेद से पर-स्त्री को दो प्रकार कहा गया है। श्रा. प्र. की प्रकृत टीका में वैक्रियिक से विद्याधरी आदि को ग्रहण किया गया है।

पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (१०७-१०) में अब्रह्म के स्वरूप को दिखलाकर उसे हिंसा का कारण बतलाते हुए यह कहा गया है कि जो मोह के वश अपनी स्त्री मात्र को नहीं छोड़ सकते हैं उन्हें भी अन्य सभी स्त्रियों का सेवन नहीं करना चाहिए। कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३३७-३८) में कहा गया है कि जो अशुचिस्वरूप व दुर्गन्धित स्त्री के शरीर की ओर से विरक्त होता हुआ उसके रूप-लावण्य को भी मन के मोहित करने का कारण मानता है तथा जो मन, वचन व काय से परस्त्री को माता, बहिन और पुत्री के समान मानता है वह स्थूल ब्रह्मचारी—ब्रह्मचर्य अणुव्रत का धारक—होता है। यही अभिप्राय सुभाषितरत्नसन्दोह (७७८) में भी प्रगट किया गया है।

योगशास्त्र (२-७६) में प्रकृत अणुव्रत के लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि ब्रह्मचर्याणुव्रती गृहस्थ को अब्रह्म के फलभूत नपुंसकता और इन्द्रियछेद को देखकर स्व-स्त्री में सन्तुष्ट रहते हुए अन्य स्त्रियों का परित्याग करना चाहिये। इसके स्वो. विवरण में विशेष रूप से यह निर्देश किया गया है कि अपनी धर्मपत्नी में सन्तुष्ट रहना, गृहस्थ का यह एक ब्रह्मचर्य है तथा अन्य से सम्बन्धित स्त्रियों का छोड़ना, यह उसका दूसरा ब्रह्मचर्य है।

सागारधर्मामृत (४, ५१-५२) में स्वदारसन्तोष अणुव्रत(ब्रह्मचर्याणुव्रत) के प्रसंग में रत्नकरण्डक का अनुसरण करते हुए कहा गया है कि स्वदारसन्तोषी वह गृहस्थ होता है जो पाप के भय से—न कि राजदण्डादि के भय से—अन्य स्त्रियों और प्रगट स्त्रियों के साथ न तो स्वयं समागम करता है और न दूसरों को कराता है। इसकी स्वो. टीका में अन्य स्त्री और प्रगट स्त्री का स्पष्टीकरण करते हुए कहा गया है कि अन्य स्त्री से अभिप्राय उन परस्त्रियों से है जो चाहे परिगृहीत हों और चाहे अपरिगृहीत हों। इनमें परिगृहीत स्त्रियां वे हैं जो स्वामी से सनाथ है। स्वेच्छाचारिणी, जिसका पति प्रवास में है अथवा अनाथ कुलांगना इनको अपरिगृहीत माना जाता है। भविष्य में पति से सम्बद्ध होने के कारण अथवा पिता आदि के अधीन होने के कारण कन्या को भी सनाथ माना जाता है—उसे अनाथ नहीं माना जा सकता।

यहां आ. कुन्दकुन्द ने प्रकृत ब्रह्मचर्याणुव्रत के प्रसंग में जो संक्षेप से 'परिहारो परपिम्मे' इतना मात्र कहा है उसमें उनका यही अभिप्राय रहा दिखता है कि परस्त्रीविषयक प्रेम को छोड़ना, यह ब्रह्मचर्य

अणुव्रत का लक्षण है। रत्नकरण्डककार को इस अणुव्रत में कृत व कारित रूप में पर स्त्री संसर्ग का परित्याग अभीष्ट रहा है। वह राजदण्डादिके भय से न होकर पाप के भय से होना चाहिये। इसका उन्होंने दूसरा नाम स्वदारसन्तोष भी दिया है। कारण यह कि स्वदारसन्तोष होने के विना परदारपरित्याग सम्भव नहीं है। सर्वार्थसिद्धिकार ने अन्य स्त्री को स्पष्ट करते हुए उसे उपात्त और अनुपात्त विशेषणों से विशिष्ट किया है। उपात्त-अनुपात्त से उनका क्या अभिप्राय रहा है, यह प्रकृत में स्पष्ट नहीं है। फिर भी आगे उसके अतिचारों के प्रसंग (७-२८) में सूत्रनिर्दिष्ट इत्वरिका के परिगृहीत व अपरिगृहीत विशेषण दृष्टिगोचर होते हैं। सम्भव है सर्वार्थसिद्धिकारका अभिप्राय उपात्त से परिगृहीत और अनुपात्त से अपरिगृहीत अन्य स्त्री का रहा हो। यहां परिगृहीत और अपरिगृहीत को स्पष्ट करते हुए स. सि. में परिगृहीत उस स्त्री को कहा गया है जिसका एक पुरुष भर्ता (पति) है। स्वामिविहीन वेश्या अथवा दुश्चरित्र होने से स्वभावतः पर पुरुष से समागम करने वाली स्त्री का निर्देश यहां अपरिगृहीता के रूप में किया गया है। सर्वार्थसिद्धिकारका 'अन्य स्त्री' से अभिप्राय विधिपूर्वक परिणीत अपनी पत्नी से भिन्न स्त्री मात्रका रहा है, ऐसा प्रतीत होता है; उससे उनका अभिप्राय 'अन्य की स्त्री' नहीं रहा।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है हरिभद्र सूरि ने परस्त्री के दो भेद निर्दिष्ट किये हैं—औदारिक और वैक्रियिक। औदारिक से उन्होंने मनुष्यनी व तिर्यंचनी तथा वैक्रियिक से विद्याधरी आदि को ग्रहण किया है। हरिभद्र के पूर्व इन भेदों का उल्लेख कहां व किसके द्वारा किया गया है, यह अन्वेषणीय है। इसके अतिरिक्त हरिभद्र सूरिने इत्वरपरिगृहीतागमन और अपरिगृहीतागमन इनको प्रकृत व्रत का अतिचार माना है। इनमें इत्वरपरिगृहीतागमन को स्पष्ट करते हुए उन्होंने अपनी टीका में कहा है कि जिस वेश्या को भाड़ा देकर कुछ काल के लिए अपने वश कर लिया है उसका सेवन करने पर व्रत भंग न होकर इत्वरपरिगृहीतागमन नाम का अतिचार ही होता है। जिस वेश्या ने किसी दूसरे से भाड़ा नहीं ग्रहण किया है उसको तथा स्वामिविहीन कुलांगना को उन्होंने अपरिगृहीता माना है। इनके साथ समागम करने पर भी उक्त व्रत का अतिचार ही होता है। प्रकृत व्रत को हरिभद्र सूरिने परदारपरित्याग और स्वदारसन्तोष के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया है। तदनुसार इस चतुर्थ अणुव्रत का धारी गृहस्थ इस व्रत को विकल्प के रूप में स्वीकार करता है—वह या तो परस्त्री का ही त्याग करता है या फिर केवल स्वदारसन्तोष को ही स्वीकार करता है। यही कारण है जो उन्होंने आगे प्रकृत व्रत के पांच अतिचारों के प्रसंग (२७३) में उपर्युक्त इत्वरपरिगृहीतागमन अतिचार को स्वदारसन्तोषी के लिए और अपरिगृहीतागमन अतिचार को परदारपरित्यागी के लिये निर्दिष्ट किया है। इन अतिचारों के सम्बन्ध में लगभग इसी अभिप्राय को विशेष विशदीकरण के साथ हेमचन्द्र सूरिने अपने योगशास्त्र के स्वो. विवरण (३-९४) में तथा पं. आशाधर ने अपने सा. ध. की स्वो. टीका (४-५८) में भी व्यक्त किया है।

भोगोपभोगपरिमाणव्रत—देखिये पीछे पृ. १८-२० 'परिभोग' शब्द।

यथाप्रवृत्तकरण—इसके अथाप्रवृत्तकरण और अधःप्रवृत्तकरण ये अन्य पर्यायनाम भी उपलब्ध होते हैं। प्रथम सम्यक्त्वकी प्राप्ति के प्रसंग में षट्खण्डागम (१, ९-८, ३-४, पु. ६, पृ. २०३ व २०६) में कहा गया है कि जीव जब कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति को बांधता है तब वह उस प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है—उसकी प्राप्ति के योग्य होता है। यह सम्यक्त्व को प्राप्त करने वाला जीव कैसा होना चाहिये, इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि वह पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक और सर्वविशुद्ध—अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण रूप तीन प्रकार की विशुद्धियों से परिणत—होना चाहिए। षट्खण्डागमगत इस अभिप्राय को सर्वार्थसिद्धि (२-३) और तत्त्वार्थवार्तिक (२, ३, २) में भी प्रायः वैसे ही शब्दों द्वारा व्यक्त किया गया है। त. वा. (९, १, ११) में 'सर्वविशुद्ध' पद के स्पष्टीकरण में जिन तीन प्रकार की विशुद्धियों का उल्लेख किया गया है उनमें प्रकृत अथाप्रवृत्त (अधःप्रवृत्त) करण प्रथम है। वहां सामान्य से अथाप्रवृत्त, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीनों करणों को समस्त ही कर्म

अणुव्रत का लक्षण है। रत्नकरण्डककार को इस अणुव्रत में कृत व कारित रूप में पर स्त्री संसर्ग का परित्याग अभीष्ट रहा है। वह राजदण्डादिके भय से न होकर पाप के भय से होना चाहिये। इसका उन्होंने दूसरा नाम स्वदारसन्तोष भी दिया है। कारण यह कि स्वदारसन्तोष होने के विना परदारपरित्याग सम्भव नहीं है। सर्वार्थसिद्धिकार ने अन्य स्त्री को स्पष्ट करते हुए उसे उपात्त और अनुपात्त विशेषणों से विशिष्ट किया है। उपात्त-अनुपात्त से उनका क्या अभिप्राय रहा है, यह प्रकृत में स्पष्ट नहीं है। फिर भी आगे उसके अतिचारों के प्रसंग (७-२८) में सूत्रनिर्दिष्ट इत्वरिका के परिगृहीत व अपरिगृहीत विशेषण दृष्टिगोचर होते हैं। सम्भव है सर्वार्थसिद्धिकारका अभिप्राय उपात्त से परिगृहीत और अनुपात्त से अपरिगृहीत अन्य स्त्री का रहा हो। यहां परिगृहीत और अपरिगृहीत को स्पष्ट करते हुए स. सि. में परिगृहीत उस स्त्री को कहा गया है जिसका एक पुरुष भर्ता (पति) है। स्वामिविहीन वेश्या अथवा दुश्चरित्र होने से स्वभावतः पर पुरुष से समागम करने वाली स्त्री का निर्देश यहां अपरिगृहीता के रूप में किया गया है। सर्वार्थसिद्धिकारका 'अन्य स्त्री' से अभिप्राय विधिपूर्वक परिणीत अपनी पत्नी से भिन्न स्त्री मात्र का रहा है, ऐसा प्रतीत होता है; उससे उनका अभिप्राय 'अन्य की स्त्री' नहीं रहा।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है हरिभद्र सूरि ने परस्त्री के दो भेद निर्दिष्ट किये हैं—औदारिक और वैक्रियिक। औदारिक से उन्होंने मनुष्यनी व तिर्यञ्चनी तथा वैक्रियिक से विद्याधरी आदि को ग्रहण किया है। हरिभद्र के पूर्व इन भेदों का उल्लेख कहां व किसके द्वारा किया गया है, यह अन्वेषणीय है। इसके अतिरिक्त हरिभद्र सूरिने इत्वरपरिगृहीतागमन और अपरिगृहीतागमन इनको प्रकृत व्रत का अतिचार माना है। इनमें इत्वरपरिगृहीतागमन को स्पष्ट करते हुए उन्होंने अपनी टीका में कहा है कि जिस वेश्या को भाड़ा देकर कुछ काल के लिए अपने वश कर लिया है उसका सेवन करने पर व्रत भंग न होकर इत्वरपरिगृहीतागमन नाम का अतिचार ही होता है। जिस वेश्या ने किसी दूसरे से भाड़ा नहीं ग्रहण किया है उसको तथा स्वामिविहीन कुलांगना को उन्होंने अपरिगृहीता माना है। इनके साथ समागम करने पर भी उक्त व्रत का अतिचार ही होता है। प्रकृत व्रत को हरिभद्र सूरिने परदारपरित्याग और स्वदारसन्तोष के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया है। तदनुसार इस चतुर्थ अणुव्रत का धारी गृहस्थ इस व्रत को विकल्प के रूप में स्वीकार करता है—वह या तो परस्त्री का ही त्याग करता है या फिर केवल स्वदारसन्तोष को ही स्वीकार करता है। यही कारण है जो उन्होंने आगे प्रकृत व्रत के पांच अतिचारों के प्रसंग (२७३) में उपर्युक्त इत्वरपरिगृहीतागमन अतिचार को स्वदारसन्तोषी के लिए और अपरिगृहीतागमन अतिचार को परदारपरित्यागी के लिये निर्दिष्ट किया है। इन अतिचारों के सम्बन्ध में लगभग इसी अभिप्राय को विशेष विशदीकरण के साथ हेमचन्द्र सूरिने अपने योगशास्त्र के स्वो. विवरण (३-९४) में तथा पं. आशाधर ने अपने सा. ध. की स्वो. टीका (४-५८) में भी व्यक्त किया है।

भोगोपभोगपरिमाणव्रत—देखिये पीछे पृ. १८-२० 'परिभोग' शब्द।

यथाप्रवृत्तकरण—इसके अथाप्रवृत्तकरण और अधःप्रवृत्तकरण ये अन्य पर्यायनाम भी उपलब्ध होते हैं। प्रथम सम्यक्त्वकी प्राप्ति के प्रसंग में षट्खण्डागम (१, ९-८, ३-४, पु. ६, पृ. २०३ व २०६) में कहा गया है कि जीव जब कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति को बांधता है तब वह उस प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है—उसकी प्राप्ति के योग्य होता है। यह सम्यक्त्व को प्राप्त करने वाला जीव कैसा होना चाहिये, इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि वह पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक और सर्वविशुद्ध—अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण रूप तीन प्रकार की विशुद्धियों से परिणत—होना चाहिए। षट्खण्डागमगत इस अभिप्राय को सर्वार्थसिद्धि (२-३) और तत्त्वार्थवार्तिक (२, ३, २) में भी प्रायः वैसे ही शब्दों द्वारा व्यक्त किया गया है। त. वा. (९, १, ११) में 'सर्वविशुद्ध' पद के स्पष्टीकरण में जिन तीन प्रकार की विशुद्धियों का उल्लेख किया गया है उनमें प्रकृत अथाप्रवृत्त (अधःप्रवृत्त) करण प्रथम है। वहां सामान्य से अथाप्रवृत्त, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीनों करणों को समस्त ही कर्म

तियों की स्थिति को हीन करने वाले तथा अशुभ प्रकृतियों के अनुभागबन्ध को हीन और शुभ प्रकृतियों नुभागबन्ध को वृद्धिंगत करनेवाले कहा गया है। वहां यह स्पष्ट किया गया है कि प्रथम सम्यक्त्व के मुख हुआ जीव कर्मों को अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति से युक्त करके कालादिलब्धि को प्राप्त होता त अथाप्रवृत्तकरण के प्रथम समय में प्रविष्ट होता है। यह करण चूंकि पूर्व में कभी प्रवृत्त नहीं हुआ, सीलिए इसका 'अथाप्रवृत्त' यह सार्थक नाम है। इस अथाप्रवृत्तकरण के अन्तिम समय तक नाना जीवों के धस्तन व उपरिम परिणाम सम भी होते हैं और विषम भी। इन असंख्यात लोक प्रमाण परिणामों के मुदाय का नाम अथाप्रवृत्त है। लगभग इसी अभिप्राय को अमितगति विरचित पंचसंग्रह (पृ. ३०) में भी गट किया गया है। इतनी यहां विशेषता है कि विकल्प के रूप में उसके 'अधःप्रवृत्तकरण' इस नामान्तर का भी निर्देश किया गया है। इस करण में चूंकि उपरितन जीवों के परिणाम अधस्तन समयवर्ती जीवों के परिणामों से समान प्रवृत्त होते हैं, इस प्रकार से उसकी उक्त संज्ञा की भी यहां सार्थकता दिखलायी गई है।

धवला (पु. ६, पृ. २१७) के अनुसार उत्तरोत्तर अनन्तगुणित अधःप्रवृत्त रूप विशुद्धियों का नाम अधःप्रवृत्तकरण है। इस करण में चूंकि ऊपर के परिणाम नीचे के परिणामों में प्रवृत्त होते हैं, अतएव यह उनका सार्थक नाम है। इन परिणामों का उल्लेख 'करण' नाम से क्यों किया गया, इसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि इन परिणामों में तलवार व वसूला आदि के समान करण का लक्षण (साधकतमत्व) पाया जाता है, इसीसे उन्हें करण कहा गया है। पूर्वोक्त पंचसंग्रह में विकल्प रूप में 'अधःप्रवृत्तकरण' इस नाम का भी जो निर्देश किया गया है उसे प्रकृत धवला का अनुसरण समझना चाहिये। सामान्य से इसी प्रकार का अभिप्राय जो गो. जीवकाण्ड (४८) और लब्धिसार (३५) में प्रगट किया गया है वह भी धवला का अनुसरण है।

सम्यक्त्वकी प्राप्ति के प्रसंग में विशेषावश्यक भाष्य में कहा गया है कि आयु को छोड़कर शेष सात कर्मों की उत्कृष्ट अथवा जघन्य स्थिति के होने पर सम्यक्त्व, श्रुत, देशव्रत और सर्वव्रत इन चार सामायिकों में से कोई भी नहीं प्राप्त होता। उन कर्मों की स्थिति जब अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण होकर उसमें भी पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन हो जाती है तब कहीं उसकी प्राप्ति सम्भव है। कर्मों की इस स्थिति तक घन राग-द्वेष परिणाम स्वरूप ग्रन्थि अभिन्न ही रहती है। उसका भेदन जब अपूर्वकरण परिणाम के द्वारा कर दिया जाता है तब कहीं उक्त सम्यक्त्व आदि का लाभ हो सकता है। अथाप्रवृत्त, अपूर्व और अनिवृत्ति के भेद से करण तीन प्रकार का है। इनमें अथाप्रवृत्तकरण भव्य और अभव्य दोनों के सम्भव है, किन्तु अपूर्व-करण और अनिवृत्तिकरण ये दोनों भव्य के ही सम्भव हैं, अभव्य के नहीं। प्रथम अथाप्रवृत्तकरण अनादि काल से रहकर उक्त ग्रन्थिस्थान तक रहता है। जिस प्रकार पहाड़ी नदी के भीतर पड़े हुए पत्थर प्रवाह में परस्पर के संघर्षण से स्वयमेव अनेक आकारों में परिणत हो जाते हैं उसी प्रकार अनादिसिद्ध उस अथा-प्रवृत्तकरण के आश्रय से उक्त ग्रन्थिस्थान तक पूर्वोक्त कर्मों की स्थिति स्वयमेव हीन हो जाती है। उक्त सम्यक्त्व आदि की प्राप्ति के विषय में वहाँ पल्य, गिरिसरित्पाषाण एवं पिपीलिका आदि के कितने ही उदाहरण भी दिये गये हैं। विशेष के लिए देखिये विशेषावश्यक भाष्य (द. ला. भारतीय विद्यामन्दिर, अहमदाबाद) ११८८-१२१३ आदि। विशेषावश्यकभाष्यगत सम्यक्त्व प्राप्ति विषयक इस अभिप्राय का अनुसरण संक्षेप में श्रावकप्रज्ञप्ति (३१-३७) में भी किया गया है। गाथा ३२ की टीका में वहां विशेषावश्यक भाष्य की 'गंठित्ति सुदुब्भेओ' आदि गाथा (११९३) को भी उद्धृत किया गया है।

आवश्यक निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१०६) में यथाप्रवृत्तकरण के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अनादिसिद्धि प्रकार से जो करण प्रवृत्त है उसका नाम यथाप्रवृत्त है, 'क्रियते कर्मक्षपणमनेनेति करणम्' इस निरुक्ति के अनुसार जिसके द्वारा कर्म का क्षय किया जाता है उसे यहां करण कहा गया है। अभिप्राय यह हुआ कि पहाड़ी नदी में अवस्थित पाषाणों की घोलना के समान जो अध्यवसाय-विशेष अनादि काल से कर्मक्षय में प्रवृत्त है उसे यथाप्रवृत्तकरण जानना चाहिये।

याचनापरीषहजय—प्रकृत परीषह के स्वरूप का विचार करते हुए सर्वार्थसिद्धि (९-९) और

तत्त्वार्थवार्तिक (६, ६, १६) में कहा गया है कि बाह्य और अभ्यन्तर तप का आचरण करते हुए साधु का शरीर यद्यपि अतिशय दुर्बल व कान्ति से हीन हो जाता है, फिर भी वह प्राण निकल जाने पर भी दीन वचन कहकर या मुख की विवर्णता को प्रगट करके भोजन, वसति और ओषध आदि की याचना नहीं करता तथा भिक्षा के समय भी वह दुरुपलक्ष्य रहकर शीघ्रता से निकल जाता है—किसी गृहस्थ के द्वार पर विशेष रुकता नहीं है। इस प्रकार से वह याचनापरीषह पर विजय प्राप्त करता है।

आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (६१८) में कहा गया है कि साधु दूसरों के द्वारा दिये गये भोजन आदि पर जीवित रहता है। उसे चूंकि विना याचना के कुछ प्राप्त होता नहीं है, इसीलिए उसे याचनाजनित दुख को सहन करना चाहिये और गृहस्थपने की इच्छा नहीं करना चाहिये। यह अभिप्राय हरिभद्र सूरि ने वहां एक प्राचीन पद्य को उद्धृत कर उसके आश्रय से प्रगट किया है। यहीं पर उन्होंने आगे चतुर्थ अध्ययन की वृत्ति (पृ. ६५७) में पुनः यह कहा है कि याचना का अर्थ अन्वेषण है। भिक्षु को वस्त्र, पात्र, अन्न-पान एवं वसति आदि सब दूसरों से प्राप्त करना पड़ते हैं। जो शालीन—धृष्टता से रहित—होता है वह याचना के प्रति आदरभाव नहीं रखता, पर प्रतिभासम्पन्न साधु को कार्य के उपस्थित होने पर अपने धर्म और शरीर के संरक्षण के लिये याचना अवश्य करना चाहिये। इस प्रकार से याचना करता हुआ साधु याचनापरीषह पर विजय प्राप्त करता है।

यहां सर्वार्थसिद्धि के कर्ता आ. पूज्यपाद और आव. निर्युक्ति के वृत्तिकार हरिभद्र सूरि के अभिप्राय में यह विशेषता है कि पूज्यपाद जहां भोजन आदि के अलाभ में कष्ट के होने पर साधु के लिए किसी भी प्रकार की याचना न करने की प्रेरणा करते हैं वहां हरिभद्र सूरि याचना को अनिवार्य वतलाकर उसके लिए प्रेरित करते हुए साधु को तज्जन्य दुख के सहन करने का उपदेश करते हैं।

रसत्याग, रसपरित्याग—यह अनशन आदि छह बाह्य तपों में चौथा है। इसके स्वरूप को प्रगट करते हुए मूलाचार (५-१५५) में कहा गया है कि दूध, दही, घी, तेल, गुड़ और नमक इनका तथा तिक्त, कटुक, कषाय, आम्ल और मधुर इन रसों का जो परित्याग किया जाता है उसका नाम रसपरित्याग तप है। इसी अभिप्राय को भगवती आराधना (२१५-१७) में भी कुछ विस्तार से प्रगट करते हुए वहां इतना विशेष निर्देश किया गया है कि इस तप का आराधन विशेष कर सल्लेखना करने वाले के लिए समझना चाहिये।

त. भाष्य (६-१६) में रसपरित्याग को अनेक प्रकार का कहा गया है। जैसे—मद्य रस के विकृति-भूत मांस, मधु और नवनीत आदि का परित्याग करते हुए नीरस व रूखे भोजन का नियम करना आदि। इसका कुछ स्पष्टीकरण योगशास्त्र के स्वो. विवरण में किया गया है। वहां यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि 'रसपरित्याग' के अन्तर्गत 'रस' शब्द से रसवान् अभिप्रेत है, कारण कि यहां 'मतुप्' प्रत्यय का लोप हो गया है। तदनुसार विशिष्ट रस से संयुक्त गरिष्ठ व विकार के हेतुभूत मद्य, मांस, मधु और नवनीत तथा अभिग्रह के योग्य दूध, दही, तेल व गुड़ आदि के परित्याग को रसपरित्याग तप जानना चाहिये।

यहां यह विचारणीय है कि जिन मद्य, मांस और मधु आदि से गृहस्थ भी परहेज करता है उनका परित्याग साधु के द्वारा अनुष्ठेय प्रकृत रसपरित्याग तप के अन्तर्गत क्यों कराया गया। आ. समन्तभद्र ने तो रत्नकरण्डक (६६) में उक्त मद्य, मांस और मधुके परित्याग को श्रावक के मूलगुणों में गर्भित किया है। इसके अतिरिक्त भोगोपभोगपरिमाणव्रत के प्रसंग में भी उन्होंने उनके परित्याग को अनिवार्य समझते हुए कहा है कि श्रावक को त्रसहिंसा के परिहारार्थ मधु और मांस का तथा प्रमादपरिहार के लिए मद्य का भी परित्याग करना चाहिये (रत्नक. ८४)। इसी प्रकार अमृतचन्द्र सूरि ने भी अपने पुरुषार्थसिद्ध्युपाय में उक्त मद्य, मांस और मधु के साथ पांच उदुम्बर फलों के भी दोषों को दिखलाते हुए उनका परित्याग गृहस्थ को अहिंसाणुव्रत के अन्तर्गत कराया है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि जो निर्मलबुद्धि भव्य जीव दुस्तर पाप के स्थानभूत उन आठों का परित्याग कर देते हैं वे ही जिनधर्मदेशना के पात्र होते हैं (पु. सि. ६१-७४)। इसी प्रकार हेमचन्द्र सूरि ने भी अपने योगशास्त्र (३,६-७) में उक्त मद्य, मांस, मधु और नवनीत को हेय वतलाकर उनके परित्याग के लिये गृहस्थ को प्रेरित किया है।

वलन्मरण, वलाकामरण, वलायमरण—ये प्रायः समान अभिप्राय के सूचक हैं। इनके लक्षण का निर्देश करते हुए उत्तराध्ययनचूर्णि (५ पृ., १२८) में कहा गया है कि जो संयमयोगसे—संयम के सम्बन्ध से अथवा संयम व योग (ध्यान-समाधि) के अनुष्ठान से—विषाद को प्राप्त होकर मरते हैं उनके इस मरण को वलायमरण या वलाकामरण कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि जिनके संयमयोग है वे मरण को तो स्वीकार करते हैं, किन्तु संयम को सर्वथा नहीं छोड़ते, यह वलायमरण का लक्षण है। अथवा क्षुधादिपरीषहों से वलते हुए—भ्रष्ट होकर—जो मरते हैं उनके मरण को वलायमरण समझना चाहिये। उपसर्गमरण को वलायमरण नहीं कहा जा सकता। भ. आ. की विजयोदया टीका (२५, पृ. ८६) के अनुसार जो विनय व वैयावृत्य आदि के विषय में आदर नहीं करते, प्रशस्त योग के धारण करने में आलस्य करते हैं, प्रमाद से युक्त रहते हैं; व्रतों, समितियों एवं गुप्तियों के परिपालन में अपनी शक्ति को छिपाते हैं; तथा धर्म के चिन्तन में निद्रा से झूमते हुए के समान उपयोग से रहित होकर ध्यान व नमस्कार आदि से दूर भागते हैं, उनके मरण को वलायमरण कहा जाता है। प्रवचनसारोद्धार (१०१०) में उक्त उत्तरा. चूर्णि के समान ही अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। स्थानांगकी अभयदेव विरचित वृत्ति (१०२) और समवायांग की भी अभयदेव विरचित वृत्ति (१७) में प्रायः समान रूप से यह कहा गया है कि परीषहादि से पीड़ित होकर जो संयम से निवर्तमान होते हैं उनके मरण को वलन्मरण कहते हैं।

पं. आशाधर ने भ. आ. की मूलाराधनादर्पण टीका (२५) में पार्श्वस्थ रूप से होने वाले मरण को वलाकामरण कहा है।

विहायोगति नामकर्म—स. सिद्धि (८-११) त. वा. (८, ११, १८), धवला (पु. ६, पृ. ६१) और मूलाचार वृत्ति (१२-१९५) में कहा गया है कि विहायस् नाम आकाश का है, जिस नामकर्म के उदय से जीव का आकाश में गमन होता है उसे विहायोगति नामकर्म कहा जाता है। धवला में आगे (पु. १३, पृ. ३६५) कुछ विशेष रूप में यह कहा गया है कि जिसके उदय से पृथ्वी का आश्रय लेकर अथवा बिना उसका आश्रय लिये भी जीवों का आकाश में गमन होता है वह विहायोगति नामकर्म कहलाता है।

त. भाष्य (८-१२) के अनुसार जो कर्म लब्धिनिमित्तक, शिक्षानिमित्तक अथवा ऋद्धिनिमित्तक आकाशगमन का कारण है उसे विहायोगति नामकर्म कहते हैं। समवायांग की वृत्ति (४२) में कहा गया है कि जिसके आश्रय से जीव शुभ या अशुभ गति से युक्त होता है उसका नाम विहायोगति नामकर्म है।

वृत्तिपरिसंख्यान तप—यह छह बाह्य तपों में तीसरा है। मूलाचार (५-१५८) में कहा गया है कि गोचर (गृह) के प्रमाण के साथ दाता—जैसे पुरुष, स्त्री, वृद्ध अथवा युवक आदि; पात्र और भोजनविषयक विशेषता के नियम को ग्रहण करके तदनुसार भोजन के प्राप्त होने पर उसे ग्रहण करना, अन्यथा उपवास करना, इसका नाम वृत्तिपरिसंख्यान तप है। लगभग इसी प्रकार का अभिप्राय स. सि. (९-१९) व त. वा. (९, १९, ४) आदि में भी प्रगट किया गया है।

भगवती आराधना (२१८-२१) में इसके लक्षण को प्रगट करते हुए ऋजु व गोमूत्रिका आदि अनेक प्रकार की वीथी (गली) की विशेषता; पाटक, णियंसण एवं भिक्षा के प्रमाण और ग्रास के प्रमाण, इत्यादि कितनी ही विशेषताओं को प्रगट करते हुए तदनुसार ही भोजन के प्राप्त होने पर उसके ग्रहण करने को वृत्तिपरिसंख्यान तप कहा गया है।

त. भाष्य (९-१९) में प्रकृत तप को अनेक प्रकार का बतलाया गया है। जैसे—उत्क्षिप्तचर्या, अन्तचर्या अथवा प्रान्तचर्या आदि में तथा सत्तू, कल्माष अथवा ओदन आदि में से किसी एक का नियम करके शेष सबका परित्याग करना।

व्यवहारनय—स. सिद्धि (१-३३), त. वा. (१, ३३, ६), धवला (पु. १, पृ. ८४ व पु. ६, पृ. १७१), त. श्लो. वा. (१, ३३, ५८), नयविवरण (७४), ह. पुराण (५८-४५) और त. सार (१-४६) आदि में प्रकृत नय के लक्षण का निर्देश करते हुए प्रायः समान रूप में यही कहा गया है कि संग्रहनय के द्वारा गृहीत पदार्थों का जो विधिपूर्वक अवहरण (विभाग) किया जाता है, इसे व्यवहारनय कहते हैं। आगे धवला में (पु. ६,

पृ. १७१) इतना विशेष कहा गया है कि पर्यायरूप कलंक से रहित शुद्ध द्रव्यार्थिक स्वरूप संग्रहनय के विषयभूत अद्वैत से शेष दो-तीन आदि अनन्त विकल्परूप संग्रह प्रस्तार का आलम्बन लेने वाला जो व्यवहारनय है उसे पर्यायरूप कलंक से दूषित होने के कारण अशुद्ध द्रव्यार्थिक जानना चाहिये। यही अभिप्राय जयधवला (१, पृ. २९९) में भी प्रगट किया गया है।

आव. निर्युक्ति (७५६) में उसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जो विनिश्चयार्थ—सामान्याभाव के निमित्त—जाता है, अर्थात् सामान्याभावस्वरूप विशेष को विषय करता है, उसे व्यवहारनय कहते हैं। इस निर्युक्ति (वच्चइ विणिच्छयत्थं ववहारो सव्वदव्वेसु।) की व्याख्या करते हुए आ. मलयगिरि ने 'विनिश्चय' के अन्तर्गत 'निर्' का अर्थ अधिकता किया है, इस प्रकार अधिकता से होनेवाले चय को निश्चय मानकर उन्होंने यह अभिप्राय प्रगट किया है कि जो उस निश्चय (सामान्य) से विगत है—सामान्य को विषय न करके उसके अभावस्वरूप विशेष को विषय करता है—उसका नाम व्यवहारनय है। आगे उन्होंने 'विशेषतोऽवह्रियते निराक्रियते सामान्यमनेनेति व्यवहारः' ऐसी निरुक्ति करते हुए निष्कर्ष रूप में उसी अभिप्राय को व्यक्त किया है कि जो नय विशेष के प्रतिपादन में तत्पर रहता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिए।

त. भाष्य (१-३५) में उक्त नय के लक्षण को प्रगट करते हुए प्रारम्भ में यह कहा गया है कि जो नय लौकिक जन के समान उपचारप्राय विस्तृत अर्थ को विषय करता है वह व्यवहारनय कहलाता है। तत्पश्चात् प्रसंगानुरूप एक शंका का समाधान करते हुए वहां उसके लक्षण में पुनः यह कहा गया है कि नामस्थापनादि विशेषणों से विशिष्ट वर्तमान, अतीत और भविष्यत् कालीन एक अथवा बहुत से घट जो संग्रहनय के विषयभूत रहे हैं, लौकिक (व्यवहारी) जन और परीक्षक जन के द्वारा ग्राह्य उपचारगम्य उन्हीं घटों के विषय में स्थूल पदार्थों के समान जो बोध होता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिये।

अमृतचन्द्र सूरि प्रसंगानुसार प्रकृत व्यवहारनय के लक्षण में यह कहते हैं कि पुद्गलपरिणामरूप जो आत्मा का कर्म है वह पुण्य और पाप के भेद से दो प्रकार का है। उस पुद्गलपरिणाम का कर्ता आत्मा उसको ग्रहण करता है व छोड़ता है, इस प्रकार से जो अशुद्ध द्रव्य का निरूपण किया करता है उसे व्यहारनय जानना चाहिये (प्रव. सा. वृत्ति २-९७)। तत्त्वानुशासन (२९) के अनुसार व्यवहारनय वह है जो भिन्न कर्ता व कर्म आदि को विषय करता है।

सूत्रकृतांग की शीलांक विरचित वृत्ति (२, ७, ८१, पृ. १८८) में कहा गया है कि जो लोकव्यवहार के अनुसार वस्तु को ग्रहण किया करता है उसका नाम व्यहारनय है। स्थानांगकी अभयदेव विरचित वृत्ति (१८६) में सम्भवतः आव. निर्युक्ति का अनुसरण करते हुए निरुक्तिपूर्वक यही कहा गया है कि जो सामान्य का निराकरण करके विशेष रूप से वस्तु को ग्रहण करता है उसका नाम व्यवहारनय है। अथवा लोकव्यवहार में तत्पर होकर विशेष मात्र को जो स्वीकार करता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिये।

श्रमण—प्राचीन काल में जैन ऋषियों के लिए श्रमण शब्द का उपयोग होता रहा है। प्रवचनसार (३, ४०-४१) के अनुसार पांच समितियों और तीन गुप्तियों का पालन करने वाले, पांचों इन्द्रियों व कषायों के विजेता, दर्शन व ज्ञान से परिपूर्ण तथा शत्रु व मित्र, सुख व दुख, प्रशंसा व निन्दा, मिट्टी व सोना एवं जीवन व मरण; इनमें सम—राग-द्वेष से रहित—होते हैं ऐसे मुनियों को श्रमण कहा गया है।

सूत्रकृतांग (१, १६, २) में श्रमण की अनेक विशेषताओं को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो शरीर आदि विषयक प्रतिबन्ध से व निदान से रहित होता है, आदान, अतिपात, मृषावाद, बहिद्ध (मैथुन), क्रोध, मान, माया, लोभ, राग और द्वेष इत्यादि जो स्व और पर का अहित करनेवाले हैं उनको ज्ञ परिज्ञा से जानकर प्रत्याख्यान परिज्ञा से जो परित्याग करता है; इसके अतिरिक्त जो जिस जिस अनुष्ठान से अपने प्रद्वेष के कारणों को देखता है—उस सबसे विरत होता है; तथा जो दान्त, द्रविक (संयमी) व शरीर से निःस्पृह होता है, उसे श्रमण जानना चाहिये। उत्तरा. चूर्णि (पृ. ७२) के अनुसार जिसका मन सर्वत्र—शत्रु-मित्र आदि के विषय में, सम—राग-द्वेष से रहित—होता है वह समण (श्रमण) कहलाता है।

पद्मपुराण (१४-५०) में श्रमण उन्हें कहा गया है जो सब प्रकार के परिग्रह से रहित होकर घोर तपश्चरण में निरत होते हुए तत्त्व के चिन्तन में परायण रहते हैं। ऐसे श्रमणों को उत्कृष्ट पात्र समझना चाहिये।

भ. आराधना की विजयोदया टीका (७१), सूत्रकृ. की शीलांक विरचित वृत्ति (२, ६, ४) और योगशास्त्र के स्वो. विवरण (३-१३०) में लगभग समान रूप से 'श्राम्यति तपस्यतीति श्रमणः, इस प्रकार की निरुक्तिपूर्वक यह कहा गया है कि जो तपश्चरण में तत्पर रहता है उसे श्रमण कहा जाता है। उपासकाध्ययन (८५६) में कहा गया है कि जो श्रान्ति से श्रान्त नहीं होता उसे श्रमण जानना चाहिये। 'भिक्षु' को श्रमण का ही पर्यायवाची समझना चाहिए। सूत्रकृतांग (१, १६, ३) और उत्तराध्ययन (१५, १ से १६) में इसी प्रकार के अनेक महत्त्वपूर्ण विशेषणों द्वारा भिक्षु की विशेषता प्रगट की गई है (देखिये 'भिक्षु' शब्द)।

सत्य—यह दस प्रकार के धर्म तथा पांच प्रकार के अणुव्रत और पांच प्रकार के महाव्रत के अन्तर्गत है। द्वादशानुप्रेक्षा में (७४) इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो वचन दूसरों के सन्ताप का कारण न होकर स्व और पर के लिये हितकर हो उसका नाम सत्य है। सत्यधर्म का धारक भिक्षु ऐसे ही वचन को बोलता है। स. सिद्धि (९-६) और त. वार्तिक (९, ६, ६) आदि में कहा गया है कि प्रशस्त जनों के मध्य में जो साधु (उत्तम या निरवद्य) वचन बोला जाता है उसे सत्य कहते हैं।

त. भाष्य (९-६) में इसके लक्षण का निर्देश करते हुए 'सत्यार्थे भवं वचः सत्यम्, सद्भ्यो वा हितं सत्यम्' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ कहा गया है कि जो वचन यथार्थ वस्तु को विषय करता है अथवा सत्पुरुषों के लिए हितकर होता है उसका नाम सत्य है। वह असत्यता, कठोरता, पिशुनता, असभ्यता, चपलता, कलुषता और भ्रान्ति से रहित होता हुआ मधुर, अभिजात—कुलीनता का सूचक, असंदिग्ध, स्पष्ट, औदार्य गुण से सहित, ग्राम्य दोष से रहित और राग-द्वेष से मुक्त होता है। इसके अतिरिक्त आगमानुसार प्रवृत्त होने वाला वह वचन यथार्थ, श्रोता जनों के लिये अभिप्राय के ग्रहण कराने में समर्थ, अपना व दूसरों का अनुग्राहक, उपाधि से रहित, देश-काल के योग्य, निर्दोष, जैनागम में प्रशस्त, संयत, मित, याचन, पृच्छन और प्रश्न के अनुसार समाधान करनेवाला होता है। वसुदेवहिंडी (पृ. २६७) में सत्यवचन उसे कहा गया है जो भावतः विशुद्ध, यथार्थ, अहिंसा से अनुगत तथा पिशुनता व कठोरता से रहित होता है।

भ. आ. की विजयोदया टीका (५७) में असत् (असमीचीन) वचन से विरत होने को सत्य कहा गया है। यह तत्त्वार्थसूत्र का (७-१४) का अनुसरण है।

मूलाचार (५-१११) में भाषा समिति के प्रसंग में सत्य वचन के ये दस भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जनपद, सम्मत, स्थापना, नाम, रूप, प्रतीत्य, सम्भावना, व्यवहार, भाव और औपम्य सत्य। आगे वहां (५,,११२-१६) सोदाहरण पृथक्-पृथक् उनके लक्षणों का भी निर्देश कर दिया गया है। इनसे बहुत कुछ मिलते जुलते उस सत्य वचन के दस ही भेद सत्यप्रवाद पूर्व के प्रसंग में त. वार्तिक (१, २०, १२) में भी उपलब्ध होते हैं जैसे—नाम, रूप, स्थापना, प्रतीत्य, संवृति, संयोजना, जनपद, देश, भाव और समय सत्य। यहां भी उनके पृथक्-पृथक् लक्षण निर्दिष्ट किये गये हैं। पूर्वोक्त मूलाचार के समान उसके वे दस भेद योग मार्गणा के प्रसंग में गो. जीवकाण्ड (२२१-२३) में भी उदाहरणपूर्वक कहे गये हैं।

असत्य—पूर्वोक्त सत्य का प्रतिपक्षी अनृत या असत्य है। तत्त्वार्थसूत्र (७-१४) में इसके पर्यायवाची 'अनृत' शब्द का उपयोग करते हुए असत् वचन के बोलने को अनृत कहा है। उसकी व्याख्या करते हुए स. सिद्धि आदि में 'सत्' शब्द को प्रशंसावाची मानकर 'असत्' का अर्थ अप्रशस्त किया गया है। ऋत का अर्थ सत्य और अनृत का अर्थ असत्य है। त. भाष्य (७-९) में असत् शब्द से सद्भाव के प्रतिषेध, अर्थान्तर और गर्हा को ग्रहण किया गया है। इनका विशेष विचार प्रस्तुत जैन लक्षणावली के प्र. भाग की प्रस्तावना पृ. ७९ में 'अनृत' के अन्तर्गत किया जा चुका है।

भगवती आराधना (८२५-२९) में असत्य के चार भेद कहे गये हैं—(१) द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से पदार्थ के सत् होते हुए भी अपनी बुद्धि से विचार न करके उसका प्रतिषेध करना। जैसे—यहां घट नहीं है। इत्यादि प्रकार के वचन को प्रथम असत्य जानना चाहिये। इसे भूतनिह्नव या सदपलाप कहा जा सकता है। (२) जो असद्भूत है—जिसका होना सम्भव नहीं है—उसके उद्भावन को द्वितीय असत्य कहा गया है। जैसे—देवों का अकाल में मरण होता है। अथवा जो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से असत् (अविद्यमान) है उसका विचार न करके उसके अस्तित्व को प्रगट करना। जैसे—यहां घट है। इत्यादि प्रकार का वचन। इसे अभूतोद्भावन या असदुद्भावन कहा जा सकता है। (३) एक जाति का जो पदार्थ विद्यमान है उसे अविचारपूर्वक अन्य जाति का बतलाना। जैसे—गाय को घोड़ा कहना। इत्यादि प्रकार के वचन को तीसरा असत्य कहा गया है। इसे अर्थान्तर वचन कहा जा सकता है। जो वचन गर्हित, सावद्य संयुक्त अथवा अप्रिय है उसे चौथा असत्य माना गया है। इन गर्हित आदि वचनों का सोदाहरण लक्षण भी वहां प्रगट किया गया है।

ध्यानशतक की हरिभद्र सूरि विरचित वृत्ति (२०) में द्वितीय रौद्र ध्यान के प्रसंग में पिशुन, असभ्य, असद्भूत और भूतघात इन असत्य वचनों की व्याख्या करते हुए पूर्वोक्त त. भाष्य (देखिये प्र. भाग की प्रस्तावना पृ. ७९) के अनुसार असद्भूत को अभूतोद्भावन, भूतनिह्नव, और अर्थान्तर के भेद से तीन प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। यहां क्रम से उन तीनों के लिए ये उदाहरण दिये गये हैं—यह आत्मा सर्वगत है, आत्मा है ही नहीं, तथा गाय को अश्व कहना। इनके अतिरिक्त यहां मूल में निर्दिष्ट पूर्वोक्त पिशुन, असभ्य और भूतघात इन असत्य वचनों के स्वरूप को भी प्रगट किया गया है।

पूर्वोक्त भ. आराधना के अनुसार पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (९१-१००) में भी प्रकृत असत्य वचन के वे ही चार भेद स्वरूपनिर्देश के साथ उपलब्ध होते हैं। विशेष इतना है कि भ. आ. में जहां प्रथम व द्वितीय असत्य वचनों का स्वरूप दो दो विकल्पों में निर्दिष्ट किया गया है वहां पु. सि. में उनके विषय में कोई विकल्प न करके सामान्य से भ. आ. गत द्वितीय विकल्प को ही अपनाया गया है तथा उदाहरण भी क्रम से देवदत्त व घट के दिये गये हैं। इतनी विशेषता यहां और भी है कि प्रकृत असत्य वचन व चौर्य कर्म आदि सभी पापों को वहां हिंसा का रूप दिया गया है।

सागारधर्मामृत (४, ३९-४५) में सत्याणुव्रत के प्रसंग में सत्याणुव्रती को कन्यालीक, गायविषयक अलीक, पृथिवी विषयक अलीक, कूटसाक्ष्य और न्यासापलाप इन पांच असत्य वचनों के परित्याग के साथ जो सत्य वचन स्व और पर को आपत्ति जनक है ऐसे सत्य वचन का भी परित्याग कराया गया है। इसमें जो कन्यादिविषयक पांच असत्य वचनों का परित्याग कराया गया है उसका आधार सम्भवतः श्रावक-प्रज्ञप्ति की २६०वीं गाथा रही है। इस प्रसंग में यहां सामान्य से वचन के इन चार भेदों का निर्देश किया गया है—सत्य-सत्य, सत्याश्रित असत्य, असत्याश्रित सत्य और असत्यासत्य। इनका स्वरूप वहां संक्षेप में इस प्रकार कहा गया है—जो वस्तु जिस देश, काल, प्रमाण और आकार में प्रतिज्ञात है उसके विषय में उसी प्रकार के कथन को सत्यसत्य कहा जाता है। वस्त्र बुनो, भात पकाओ, इत्यादि प्रकार के वचन को सत्याश्रित असत्य माना गया है। विवक्षित वस्तु को प्रयोजनवश किसी अन्य से लेकर जितने समय में उसे वापिस कर देने की प्रतिज्ञा की थी उतने समय में न देकर कुछ काल के बाद उसे वापिस करने पर तीसरा असत्याश्रितसत्य वचन होता है। जो वस्तु अपने पास नहीं है 'उसे मैं कल दूंगा' इस प्रकार के वचन का नाम असत्यासत्य है। यह वचन लोक व्यवहारका विरोधी होने से सत्याणुव्रती के लिये सर्वथा हेय कहा गया है, शेष प्रथम तीन वचनों का प्रयोग वह कर सकता है।

समभिरूढ़नय—जैन सम्प्रदाय में नयों को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। विविध जैन ग्रन्थों में उनका विस्तार से विवेचन किया गया है। कहीं-कहीं तो वह जटिल और दुरूह भी हो गया है। इसके अतिरिक्त तद्विषयक मतभेद भी कुछ परस्पर में हो गया है। प्रकृत में समभिरूढ़नयविषयक विचार विविध ग्रन्थों में जिस प्रकार से किया गया है उसका दिग्दर्शन यहां कराया जाता है।

स. सिद्धिसम्मत सूत्रपाठ के अनुसार त. सू. (१-३३) में नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द समभिरूढ़ और एवंभूत ये नय के सात भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। पर त. भाष्य सम्मत सूत्रपाठ के अनुसार उसी त. सू (१-३४) में उसके ये पांच भेद कहे गये हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र और शब्द। उसके भाष्य (१-३५) में देशपरिक्षेपी और सर्वपरिक्षेपी के भेद से नैगमनय को दो प्रकार का तथा साम्प्रत, समभिरूढ़ और एवंभूत के भेद से शब्दनय को तीन प्रकार का कहा गया है।

प्रकृत समभिरूढ़नय के लक्षण का निर्देश करते हुए स. सि. (१-३३) में कहा गया है कि जो शब्द के अनेक अर्थों को छोड़कर प्रमुखता से एक ही अर्थ में रूढ़ होता है उसे समभिरूढ़नय कहते हैं। जैसे—'गो' शब्द के वाणी व इन्द्रिय आदि अनेक अर्थ हैं, फिर भी वह इस नय की अपेक्षा अन्य अर्थों की उपेक्षा करके पशुविशेष (गाय) में रूढ़ है। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, त. भाष्यसम्मत सूत्रपाठ में यद्यपि इस नय को प्रमुख स्थान प्राप्त नहीं है, फिर भी उसे शब्दनय के एक भेद के रूप में स्वीकार किया हो गया है। वहां उसके लक्षण में कहा गया है कि अनेक अर्थों के होने पर भी इस नय की अपेक्षा उनमें संक्रमण नहीं होता—अनेक अर्थों में प्रवृत्त न होकर वह प्रमुखता से एक ही अर्थ को स्वीकार करता है। आगे यहीं पर वहां एक प्रसंगप्राप्त शंका का समाधान करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि साम्प्रत शब्दनय के विषयभूत उन्हीं साम्प्रत (वर्तमान) घटों में जो अध्यवसाय का असंक्रमण होता है उसे समभिरूढ़नय समझना चाहिए। इसका स्पष्टीकरण करते हुए वहां वितर्क ध्यान का उदाहरण देकर यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जिस प्रकार वितर्क—एकत्ववितर्क शुक्लध्यान का—अर्थ, व्यंजन और योगों में संक्रमण नहीं होता, किन्तु उनमें से किसी एक के ऊपर ही वह आरूढ़ रहता है, उसी प्रकार प्रकृत समभिरूढ़नय का शब्द के अनेक अर्थों में संक्रमण नहीं होता—एक ही अर्थ को वह प्रमुखता से ग्रहण करता है।

यहां यह स्मरणीय है कि धवला (पु. १, पृ. ८५-८६) में अर्थनय और व्यंजननय के भेद से पर्यायार्थिकनय को दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। उनमें ऋजुसूत्र को अर्थनय तथा शब्द, समभिरूढ़ और एवंभूत को शब्दनय कहा गया है।

आगे इसी धवला (पु.९, पृ. १८१) और नयविवरण (९५) में नैगम, संग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्र इन चार को अर्थनय तथा शेष तीन को शब्दनय कहा गया है।

विशेषा. भाष्य (२७२७) के अनुसार शब्द जिस जिस अर्थ को कहता है, शब्दान्तर के अर्थ से विमुख होकर वह चूंकि उसी अर्थ पर आरूढ़ रहता है, इसीलिए उसका समभिरूढनय यह सार्थक नाम है।

त. वार्तिक (१, ३३, १०), त. भाष्य की हरि. वृत्ति (१-३५), अनुयोग. की हरि. वृत्ति (पृ. १०८), धवला (पृ. १, पृ. ८९ व पु. ९, पृ. १७९), जयध. (१, पृ. २४०), हरिवंशपुराण (५८-४८), त. श्लो. वार्तिक (१, ३३, ७६), सूत्रकृतांग की शीलांक. वृत्ति (२, ७, ८१, पृ. १८८) और प्रमेयकमलमार्तण्ड (६-७४, पृ. ६८०) आदि में प्रायः सवार्थसिद्धि के लक्षण (नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढः) का अनुसरण किया गया है। त. वा. में विशेषता यह है कि वहां पूर्वोक्त त. भा. के समान वस्त्वन्तर में असंक्रमण तो बतलाया गया है, पर वहां तृतीय अवितर्क व अविचार सूक्ष्मक्रिय नामक शुक्लध्यान का उदाहरण दिया गया है। त. वा. का यह विवेचन उक्त त. भा. से प्रभावित रहा दिखता है। त. भा. में जहां सामान्य से अवितर्क ध्यान का उदाहरण दिया गया है वहां त. वा. में सामान्य से 'अवितर्क ध्यानवत्' ऐसा निर्देश करके भी आगे उसे स्पष्ट करते हुए तीसरे सूक्ष्मक्रिय-अवितर्क-अविचार शुक्लध्यान की ही सूचना की गई है।

लघुनयचक्र (४२) द्रव्यस्व. प्र. नयचक्र (२१४) और आलापपद्धति (पृ. १४६) के अनुसार जिस नय के आश्रय से अर्थ शब्द में और शब्द अर्थ में रूढ़ होता है वह समभिरूढ़नय कहलाता है।

स्थानांग की अभय. वृत्ति (१८६) में कहा गया है कि समभिरूढनय वह है जो प्रत्येक वाचक के आश्रय से वाच्यभेद का आश्रय लेता है वह अनन्तर उक्त विशेषण से युक्त भी वस्तु के शक्र व पुरंदर आदि वाचकों के भेद से भेद को स्वीकार करता है, जैसे घट-पटादि विभिन्न शब्द। जैसे—'घटते चेष्टते इति घटः'

सम्यक्त्व—दर्शन, सद्दर्शन, सद्दृष्टि, सम्यग्दर्शन और सम्यग्दृष्टि ये प्रायः प्रकृत सम्यक्त्व के समानार्थक शब्द हैं। बोधप्राभृत (१४) में दर्शन के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो सम्यक्त्व, संयम और उत्तम धर्मस्वरूप मोक्षमार्ग को दिखलाता है तथा परिग्रह से रहित होता हुआ ज्ञानस्वरूप है उसे जैन मार्ग में दर्शन कहा गया है। पंचास्तिकाय (१०७) में भावों--जीव-अजीव आदि नौ पदार्थों--के श्रद्धान को सम्यक्त्व कहा गया है। आगे इसी पंचास्तिकाय की गा. १६० और तत्त्वानुशासन (३०) में धर्मादिकों के श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। समयप्राभृत (११) में सम्यग्दृष्टि उसे कहा गया है जो भूतार्थ (शुद्धनय) के आश्रित हैं। आगे इसी समयप्राभृत (१५) और मूलाचार (५-६) में भी समान शब्दों में भूतार्थस्वरूप से अधिगत जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष इनको ही अभेद विवक्षा से सम्यक्त्व कहा गया है। आगे उक्त समयप्राभृत (१६५) मेंजीवादि के श्रद्धान को भी सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। नियमसार गा. ५ में आप्त, आगम और तत्त्वों के श्रद्धान को; गा. ५१ में विपरीत अभिप्राय से रहित श्रद्धान को, तथा गा. ५२ में चल, मलिन और अगाढता दोषों से रहित श्रद्धान को सम्यक्त्व कहा गया है। दर्शनप्राभृत (१९) में छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पांच अस्तिकाय और सात तत्त्व इनके स्वरूप के श्रद्धान करने वाले को सम्यग्दृष्टि तथा यहीं पर आगे (गा. २०) जीवादि के श्रद्धान को व्यवहार से सम्यक्त्व एवं आत्मा के श्रद्धान को निश्चय से सम्यक्त्व कहा गया है। मोक्षप्राभृत (१४) के अनुसार सम्यग्दृष्टि वह श्रमण होता है जो स्वद्रव्य में निरत रहता है। आगे इस मोक्षप्राभृत (३८) और उपासकाध्ययन (२६७) में तत्त्वरुचि को तथा उसके आगे इसी मोक्षप्राभृत की गा. ९० और भावसंग्रह की गा. २६२ में समान शब्दों द्वारा हिंसा से रहित धर्म, अठारह दोषों से रहित देव, निर्ग्रंथ गुरु और प्रावचन —प्रवचन से होने वाले ज्ञान अथवा द्रव्यश्रुत—विषयक श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण कहा गया है। यहां यह स्मरणीय है कि मूलाचार, उपासकाध्ययन और भावसंग्रह को छोड़कर उपर्युक्त सभी ग्रन्थ कुन्दकुन्दाचार्य के द्वारा रचे गये हैं।

जैसा कि पूर्व में निर्देश किया जा चुका है, मूलाचार (५-६) में समयप्राभृत की १५वीं गाथा को आत्मसात् कर तदनुसार भूतार्थस्वरूप से अधिगत जीवादि नौ पदार्थों को ही सम्यक्त्व कहा गया है। इसके पूर्व (५-५) यहां मार्ग (मोक्षमार्ग) को भी सम्यक्त्व कहा जा चुका है। आगे यहां (५-६८) यह भी कहा गया है कि 'जो जिन देव के द्वारा उपदिष्ट है वही यथार्थ है', इस प्रकार भावतः—परमार्थ से-ग्रहण करना, यह सम्यग्दर्शन का लक्षण है। वृत्तिकार ने इसे आज्ञा सम्यक्त्व का लक्षण कहा है। ध्यान रहे कि ये लक्षण यहां दर्शनाचार के प्रसंग में निर्दिष्ट किये गये हैं। इस प्रकार यहां सम्यग्दर्शन के लिये दर्शन (५-३) सम्यक्त्व (५,५-६) और सम्यग्यदर्शन (५-६८) ये तीन शब्द प्रयुक्त हुए हैं।

उत्तराध्ययन (२८-१४-१५) में कहा गया है कि जीव, अजीव, बन्ध, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये नौ पदार्थ जिस रूप में अवस्थित हैं उसी रूप में उनका जो श्रद्धान करता है उसके वह सम्यक्त्व जानना चाहिए। यहां यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि पूर्वोक्त समयप्राभृत (१५) में जहां भूतार्थ से अधिगत इन्हीं नौ पदार्थों को ही अभेदविवक्षा से सम्यक्त्व कहा गया है वहां प्रकृत उत्तराध्ययन में उनके श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। प्रकृत उत्तरा. की चूर्णि (पृ. २७२) में कहा गया है कि शुद्ध पदार्थों के विषय में जो निसर्ग अथवा अधिगम से रुचि होती है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। यह स्पष्टतः त. सू. (१,२-३) का अनुसरण है।

तत्त्वानुशासन (२५) के अनुसार जो जीवादि नौ पदार्थ जिन देव के द्वारा जिस प्रकार से उपदिष्ट हैं वे उसी प्रकार हैं, ऐसी जो श्रद्धा होती है उसे सम्यग्दर्शन माना गया है। इसमें सम्भवतः मूलाचार (५-६८) का अनुसरण किया गया है। लगभग यही अभिप्राय धर्मपरीक्षा (१९-१०) में भी प्रगट किया गया है, जो शब्द और अर्थ से भी प्रकृत तत्त्वानुशासन से बहुत कुछ मिलता-जुलता है।

तत्त्वार्थसूत्र १-२ में तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन का लक्षण कहा गया है। इसके भाष्य (१-१) में प्रशस्त अथवा संगत दर्शन को सम्यक्त्व कालक्षण निर्दिष्ट किया गया है। आगे इसी भाष्य (१-२)

में तत्त्वार्थश्रद्धान को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि तत्त्वों के अर्थों के श्रद्धान अथवा तत्त्व रूप से अर्थों के श्रद्धान का नाम तत्त्वार्थश्रद्धान है और यही तत्त्वार्थश्रद्धान उस सम्यग्दर्शन का लक्षण है जो प्रशम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य स्वरूप है। प्रशमरतिप्रकरण(२२२)में जीवादिकों के विषय में जो निश्चय से 'तत्त्व' इस प्रकार का अध्यवसाय होता है उसे सम्यग्दर्शन कहा गया है। बृहत्कल्पसूत्र (१३४) के अनुसार सुन करके······जो तत्त्वरुचि होती है उसे सम्यक्त्व कहा जाता है। पउमचरिउ(१०२,१२१) में सम्यग्दृष्टि उसे कहा गया है जो लौकिक श्रुतियों से रहित होकर जीवादि नौ पदार्थों का श्रद्धान करता है।

रत्नकरण्डक(४) के अनुसार परमार्थभूत आप्त, आगम और गुरु का जो तीन मूढ़ताओं से रहित, आठ अंगों से सहित एवं आठ मदों से रहित श्रद्धान होता है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। परमात्मप्रकाश (१-७६) के अनुसार सम्यग्दृष्टि वह जीव होता है जो आत्मा को आत्मा मानता है। योगसार(८९)में भी लगभग इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो सब व्यवहार को छोड़कर आत्मस्वरूप में रमता है उसे सम्यग्दृष्टि समझना चाहिए, ऐसा सम्यग्दृष्टि जीव शीघ्र ही संसार के पार को पा लेता है—वह मुक्त हो जाता है। दि. पंचसंग्रह (१-१५९) और भावसंग्रह (२७८) में प्रायः समान रूप में यह कहा गया है कि जिन भगवान् के द्वारा उपदिष्ट छह, पांच और नौ प्रकार के पदार्थों का आज्ञा और अधिगम से जो श्रद्धान होता है उसे सम्यक्त्व कहते हैं। तत्त्वार्थवार्तिक (१, १, १) में कहा गया है कि उपयोगविशेष से प्रादुर्भूत निसर्ग व अधिगम रूप दो प्रकार के व्यापार से युक्त जो तत्त्वार्थश्रद्धान होता है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। इसका अनुसरण करते हुए त. श्लो. वार्तिक (१, १, १) में भी प्रायः इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है।

श्रावकप्रज्ञप्ति (६२) में पूर्वोक्त तत्त्वार्थसूत्र और उसके भाष्य का अनुसरण करते हुए तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण बतलाकर यह कहा गया है कि उसके होने पर नियम से प्रशम आदि (संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य) प्रगट होते हैं।

धवला (पु. १, पृ. १५१ व पु. ७, पृ. ७) तथा मूलाचार की वृत्ति (१२-१५६) में प्रशम, संवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य इनकी अभिव्यक्ति को सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। आगे इस धवला (पु. ६, पृ. ३८ तथा पु. १३, पृ. ३५७-५८) में आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि को दर्शन का लक्षण बतलाते हुए रुचि, प्रत्यय, श्रद्धा और स्पर्शन इन शब्दों को समानार्थक निर्दिष्ट किया गया है। यहीं पर (पु. ७, पृ. ७) तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन अथवा तत्त्वरुचिको सम्यक्त्व कहा गया है। पु. १३ (पृ. २८६-८७) में 'सम्यग् दृश्यन्ते परिच्छिद्यन्ते जीवादयः पदार्थाः अनया इति सम्यग्दृष्टिः' इस निरुक्ति के साथ यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जिस दृष्टि के द्वारा जीवादि पदार्थ यथार्थ रूप में जाने जाते हैं उस दृष्टि का नाम सम्यग्दृष्टि है। प्रकारान्तर से यहां यह भी कहा गया है कि अथवा सम्यग्दृष्टि के अविनाभाव से सम्यग्दृष्टि जानना चाहिये। पु. १५ (पृ. १२) में छह द्रव्य और नौ पदार्थ विषयक श्रद्धान को सम्यग्दर्शन कहा गया है।

वरांगचरित (२६-६१) में सम्यग्दृष्टि उन्हें कहा गया है जो जिनप्रणीत प्रवचन पर श्रद्धा करते हैं, भावतः वृद्धिगत होते हैं और प्रत्यय भी करते हैं। हरिवंशपुराण (५८-१६) में तत्त्वार्थसूत्र के अनुसार तत्त्वार्थश्रद्धानको तथा महापुराण (९-१२१ व २४-११७) में धवला (पु. ६, पृ. ३८) के अनुसार आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि या श्रद्धान को दर्शन या सम्यग्दर्शन का लक्षण कहा गया है।

त. भाष्य (१-२, पृ. २६) की सिद्धसेन विरचित वृत्ति में कहा गया है कि सम्यग्दर्शन के घातक मिथ्यादर्शन और अनन्तानुबन्धी कषायों के क्षय आदि से जिनदेव के द्वारा उपदिष्ट समस्त द्रव्यों और पर्यायों को विषय करने वाली जो जीव की रुचि प्रादुर्भूत होती है उसे सम्यग्दर्शन कहते हैं। आगे यहां (पृ. ३०) यह भी कहा गया है कि अविपरीत (यथार्थ) पदार्थों को ग्रहण करने वाली जो दृष्टि जीवादि विषय का उल्लेख करती हुई सी प्रवृत्त होती है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। यहीं पर आगे (१-७, पृ. ५५) मुख्य वृत्ति से जो रुचि—श्रद्धा-संवेगादि रूप ज्ञानलक्षण आत्मपरिणाम—होता है उसे सम्यग्दर्शन कहा

गया है। यहां सम्यग्दृष्टि उस जीव को कहा गया है जिसकी सुन्दर दृष्टि समीचीन पदार्थों का अवलोकन किया करती है। आगे इसी वृत्ति (२-३) में तत्त्वरुचि को और तत्त्वार्थश्रद्धान (७-६ व ८-१०) को भी सम्यक्त्व का लक्षण कहा गया है। सूत्र ६-४ की वृत्ति में प्रशम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य की अभिव्यक्ति को सम्यग्दर्शन का लक्षण बतलाया गया है।

भ. आराधना की विजयोदया टीका (१६) के अनुसार वस्तु की यथार्थता के श्रद्धान का नाम दर्शन है। पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (२१६) में आत्मविनिश्चिति—पर से भिन्न आत्मा के निर्णय—को दर्शन कहा गया है। तत्त्वार्थसार १-४ व २-९१ में तत्त्वार्थश्रद्धान को क्रम से दर्शन व सम्यक्त्व कहा गया है। पंचास्तिकाय की अमृतचन्द्र विरचित वृत्ति (१६०) में द्रव्य व पदार्थ के विकल्प युक्त धर्मादिकों के श्रद्धान नामक तत्त्वार्थश्रद्धानभावस्वभाव भावान्तर को सम्यक्त्व का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। योगसारप्राभृत (१-१६) के अनुसार जिसके आश्रय से जैसी वस्तु है उसका उसी रूप में जो ज्ञान होता है उसे जिन भगवान् के द्वारा सम्यक्त्व कहा गया है, वह सिद्धि (मुक्ति) के सिद्ध करने में समर्थ है। उपासकाध्ययन (२६७) में सम्यक्त्व का लक्षण तत्त्वविषयक रुचि कहा गया है। सावयधम्मदोहा (१६) व वसुनन्दिश्रावकाचार (६) में प्रायः समान शब्दों में यह कहा गया है कि आप्त, आगम और तत्त्वों का शंकादि दोषों से रहित जो निर्मल श्रद्धान होता है उसे सम्यक्त्व जानना चाहिये। जीवन्धरचम्पू (७-६) में आप्त, आगम और पदार्थों के श्रद्धान को दर्शन का लक्षण कहा गया है। जैसा कि धवला (पु. ६, पृ. ३८) में निर्दिष्ट किया जा चुका है तदनुसार आचारसार (३-३) में भी आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि को सम्यक्त्व कहा गया है। द्रव्यसंग्रह (४१) में सम्यक्त्व का लक्षण जीवादि का श्रद्धान प्रगट किया गया है।

स्थानांग की अभय. वृत्ति (१-४३) में 'दृश्यन्ते श्रद्धीयन्ते पदार्था अनेनास्मादस्मिन् वेति दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार दर्शनमोहनीय के क्षय या क्षयोपशम को तथा 'दृष्टिर्वा दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार उक्त दर्शनमोहनीय के क्षय आदि के आश्रय से प्रादुर्भूत तत्त्वश्रद्धानरूप आत्मपरिणाम को दर्शन कहा गया है। लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त करते हुए आव. निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१२१) में भी आत्मपरिणतिस्वरूप तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन का लक्षण प्रगट किया गया है।

इस प्रकार संक्षेप में उक्त सम्यग्दर्शन के लक्षणों को निम्न रूपों में देखा जा सकता है—

१. सम्यक्त्व, संयम या उत्तम धर्मस्वरूप मोक्षमार्ग का दर्शक (बोधप्राभृत)
२. जीवादि नौ पदार्थों का श्रद्धान (पंचास्तिकाय)
३. धर्मादिकों का श्रद्धान (पंचास्तिकाय)
४. भूतार्थ का आश्रय (समयप्राभृत)
५. भूतार्थ स्वरूप से अधिगत जीवादि (समयप्राभृत)
६. जीवादि का श्रद्धान (समयप्राभृत)
७. आप्त, आगम और पदार्थों का श्रद्धान (समयप्राभृत)
८. आप्त, आगम और तत्त्वों का श्रद्धान (नियमसार)
९. विपरीत अभिनिवेश से रहित श्रद्धान (,,)
१०. चल, मलिन और अगाढ़ता से रहित श्रद्धान (नियमसार)
११. छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पांच अस्तिकाय और सात तत्त्व इनके स्वरूप का श्रद्धान (दर्शनप्राभृत)
१२. जीवादिका श्रद्धान (व्यवहार सम्यग्दर्शन), आत्मा का श्रद्धान (निश्चय सम्यग्दर्शन)—दर्शनप्राभृत
१३. तत्वरुचि (मोक्षप्राभृत व बृहत्कल्प)
१४. हिंसारहित धर्म, अठारह दोषरहित देव, निर्ग्रन्थ गुरु और प्रवचन विषयक श्रद्धान (मोक्षप्राभृत)
१५. जिनोपदिष्ट ही यथार्थ है, ऐसा भावतः ग्रहण (मूलाचार)
१६. मार्ग ही सम्यक्त्व है (मूलाचार)

गया हैं। यहां सम्यग्दृष्टि उस जीव को कहा गया है जिसकी सुन्दर दृष्टि समीचीन पदार्थों का अवलोकन किया करती है। आगे इसी वृत्ति (२-३) में तत्त्वरुचि को और तत्त्वार्थश्रद्धान (७-६ व ८-१०) को भी सम्यक्त्व का लक्षण कहा गया है। सूत्र ६-४ की वृत्ति में प्रशम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य की अभिव्यक्ति को सम्यग्दर्शन का लक्षण बतलाया गया है।

भ. आराधना की विजयोदया टीका (१६) के अनुसार वस्तु की यथार्थता के श्रद्धान का नाम दर्शन है। पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (२१६) में आत्मविनिश्चिति—पर से भिन्न आत्मा के निर्णय—को दर्शन कहा गया है। तत्त्वार्थसार १-४ व २-९१ में तत्त्वार्थश्रद्धान को क्रम से दर्शन व सम्यक्त्व कहा गया है। पंचास्तिकाय की अमृतचन्द्र विरचित वृत्ति (१६०) में द्रव्य व पदार्थ के विकल्प युक्त धर्मादिकों के श्रद्धान नामक तत्त्वार्थश्रद्धानभावस्वभाव भावान्तर को सम्यक्त्व का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। योगसारप्राभृत (१-१६) के अनुसार जिसके आश्रय से जैसी वस्तु है उसका उसी रूप में जो ज्ञान होता है उसे जिन भगवान् के द्वारा सम्यक्त्व कहा गया है, वह सिद्धि (मुक्ति) के सिद्ध करने में समर्थ है। उपासकाध्ययन (२६७) में सम्यक्त्व का लक्षण तत्त्वविषयक रुचि कहा गया है। सावयधम्मदोहा (१६) व वसुनन्दिश्रावकाचार (६) में प्रायः समान शब्दों में यह कहा गया है कि आप्त, आगम और तत्त्वों का शंकादि दोषों से रहित जो निर्मल श्रद्धान होता है उसे सम्यक्त्व जानना चाहिये। जीवन्धरचम्पू (७-६) में आप्त, आगम और पदार्थों के श्रद्धान को दर्शन का लक्षण कहा गया है। जैसा कि धवला (पु. ६, पृ. ३८) में निर्दिष्ट किया जा चुका है तदनुसार आचारसार (३-३) में भी आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि को सम्यक्त्व कहा गया है। द्रव्यसंग्रह (४१) में सम्यक्त्व का लक्षण जीवादि का श्रद्धान प्रगट किया गया है।

स्थानांग की अभय. वृत्ति (१-४३) में 'दृश्यन्ते श्रद्धीयन्ते पदार्था अनेनास्मादस्मिन् वेति दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार दर्शनमोहनीय के क्षय या क्षयोपशम को तथा 'दृष्टिर्वा दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार उक्त दर्शनमोहनीय के क्षय आदि के आश्रय से प्रादुर्भूत तत्त्वश्रद्धानरूप आत्मपरिणाम को दर्शन कहा गया है। लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त करते हुए आव. निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१२१) में भी आत्मपरिणतिस्वरूप तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन का लक्षण प्रगट किया गया है।

इस प्रकार संक्षेप में उक्त सम्यग्दर्शन के लक्षणों को निम्न रूपों में देखा जा सकता है—

१. सम्यक्त्व, संयम या उत्तम धर्मस्वरूप मोक्षमार्ग का दर्शक (बोधप्राभृत)
२. जीवादि नौ पदार्थों का श्रद्धान (पंचास्तिकाय)
३. धर्मादिकों का श्रद्धान (पंचास्तिकाय)
४. भूतार्थ का आश्रय (समयप्राभृत)
५. भूतार्थ स्वरूप से अधिगत जीवादि (समयप्राभृत)
६. जीवादि का श्रद्धान (समयप्राभृत)
७. आप्त, आगम और पदार्थों का श्रद्धान (समयप्राभृत)
८. आप्त, आगम और तत्त्वों का श्रद्धान (नियमसार)
९. विपरीत अभिनिवेश से रहित श्रद्धान („)
१०. चल, मलिन और अगाढ़ता से रहित श्रद्धान (नियमसार)
११. छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पांच अस्तिकाय और सात तत्त्व इनके स्वरूप का श्रद्धान (दर्शनप्राभृत)
१२. जीवादिका श्रद्धान (व्यवहार सम्यग्दर्शन), आत्मा का श्रद्धान (निश्चय सम्यग्दर्शन)—दर्शनप्राभृत
१३. तत्वरूचि (मोक्षप्राभृत व बृहत्कल्प)
१४. हिंसारहित धर्म, अठारह दोषरहित देव, निर्ग्रन्थ गुरु और प्रवचन विषयक श्रद्धान (मोक्षप्राभृत)
१५. जिनोपदिष्ट ही यथार्थ है, ऐसा भावतः ग्रहण (मूलाचार)
१६. मार्ग ही सम्यक्त्व है (मूलाचार)

१७. यथावस्थित जीवादिकों का भावतः श्रद्धान (उत्तराध्ययन)
१८. यथार्थ शुद्ध भावों की निसर्ग अथवा अधिगम से होनेवाली रुचि (उत्तराध्ययन चूर्णि)
१९. तत्त्वार्थ श्रद्धान (तत्त्वार्थसूत्र)
२०. निश्चय से यही तत्त्व है, ऐसा अर्थविषयक अध्यवसाय (प्रशमरति प्रकरण)
२१. परमार्थभूत आप्त, आगम और गुरु का निर्दोष श्रद्धान (रत्नकण्डक)
२२. आत्मा को आत्मा समझना (परमात्मप्रकाश)
२३. जिनोपदिष्ट छह, पांच और नौ प्रकार के पदार्थों का आज्ञा व अधिगम से होनेवाला श्रद्धान (दि. पंचसंग्रह)
२४. प्रणिधानविशेष से आहित निसर्ग व अधिगम रूप दो प्रकार के व्यापार से होने वाला श्रद्धान (तत्त्वार्थवार्तिक)
२५. प्रशम, संवेग, अनुकम्पा, और आस्तिक्य की अभिव्यक्ति (धवला)
२६. जिस दृष्टि से भली भांति जीवादि पदार्थों का श्रद्धान होता है वह दृष्टि (धवला)
२७. जिनप्रणीत प्रवचन पर श्रद्धा (वरांगचरित)
२८. दर्शनविघातक कर्मों के क्षयादि से होनेवाली जिनोपदिष्ट समस्त द्रव्य-पर्यायविषयकरुचि (त. भा. सिद्ध. वृत्ति)
२९. अविपरीत पदार्थों को ग्रहण करने वाली दृष्टि (त. भा. सिद्ध. वृत्ति)
३०. आत्मविनिश्चिति (पुरुषार्थसिद्ध्युपाय)
३१. द्रव्य व पदार्थ के विकल्पयुक्त धर्मादिकों के तत्त्वार्थश्रद्धानभावस्वभाव श्रद्धान नामक भावान्तर (पंचा. अमृत. वृत्ति)
३२. शुद्ध नय की अपेक्षा एकत्व में नियत, व्यापक एवं पूर्ण ज्ञानघनस्वरूप आत्मा को द्रव्यान्तरों से पृथक् देखना (समयसारकलश)
३३. जैसी वस्तु है उसी प्रकार का ज्ञान जिसके आश्रय से आत्मा के होता है (योगसारप्राभृत)
३४. विपरीतता से रहित जिन प्रणीत तत्त्वप्रतिपत्ति (प्रज्ञापना मलय वृत्ति)

संग्रहनय—इसके लक्षण का निर्देश करते हुए सर्वार्थसिद्धि (१-३३) में कहा गया है कि जो अपनी जातिका विरोध न करके अनेक भेद युक्त पर्यायों को सामान्य से एक रूप में ग्रहण करता है उसे संग्रहनय कहते हैं। समस्तको ग्रहण करने के कारण इसका संग्रहनय यह सार्थक नाम है।

त. भाष्य (१-३५, पृ. ११८) के अनुसार पदार्थों का जो सर्वदेश अथवा एकदेश रूप से संग्रहण होता है उसका नाम संग्रहनय है। यहीं पर आगे (पृ. १२३) एक शंका के समाधान रूप में पुनः यह कहा गया है कि नाम-स्थापनादि से विशिष्ट एक अथवा बहुत साम्प्रत, अतीत व अनागत घटों में जो सम्प्रत्यय—सामान्य बोध—होता है उसे संग्रहनय कहा जाता है। आगे वहाँ नयविषयक विरोध की आशंका का निराकरण करते हुए 'आह च' ऐसा निर्देश करके ४ कारिकायें उद्धृत की गई हैं। उनमें से दूसरी कारिका में संग्रहनय के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो सामान्यविषयक अथवा देशतः विशेषविषयक संगृहीतवचन है उस संग्रहनय से नियत ज्ञान को संग्रहनय जानना चाहिए।

अनुयोगद्वार गाथा १३७ (पृ. २६४) व आव. निर्युक्ति १३७ के अनुसार जो संग्रहवचन पदार्थों को पिण्डित रूप में ग्रहण करता है उसे संग्रहनय जानना चाहिये। विशेषा. भाष्य (७६ व २६९९) में भावसाधन, कर्तृसाधन और करणसाधन के आश्रय से कहा गया है कि सामान्य से भेदों के पिण्डित अर्थ के रूप में होने वाले संग्रह को, जो उनका संग्रह करता है, अथवा जिसके द्वारा उनका संग्रह किया जाता है उसका नाम संग्रहनय है। यह उसका सार्थक नाम है।

त. वार्तिक (१, ३३, ५) में पूर्वोक्त सर्वार्थसिद्धिगत लक्षण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि अपनी चेतन-अचेतन रूप जाति से च्युत न होकर जो एकता को प्राप्त कराकर भेदों का संग्रह—समस्त रूप

ग्रहण होता है, इसका नाम संग्रहनय है। जैसे—'सत् द्रव्य' ऐसा कहने पर द्रव्य, पर्याय व उनके भेद-प्रभेद जो सत्ता सम्बन्ध के योग्य हैं उन सबको द्रव्यत्व से अविरुद्ध होने के कारण एक रूप में ग्रहण किया गया है। अतएव इसे संग्रहनय जानना चाहिये। दूसरा उदाहरण यहां घट का दिया गया है, 'घट' ऐसा कहने पर यद्यपि प्रकृत घट नाम-स्थापनादि के भेद से, सुवर्ण व मिट्टी आदि उपादान के भेद से, रक्त-पीतादिरूप वर्ण के भेद से, तथा आकार के भेद से अनेक प्रकार के हैं; तो भी वे सब ही 'घट' शब्द के द्वारा ग्रहण किये जाते हैं। अतः वाचक के अभिन्न होने से उन सबको यह नय एक रूप में ग्रहण करता है। यहां जो 'सत् द्रव्य व घट' ये दो उदाहरण दिये गये हैं उन्हें क्रम से पूर्वोक्त त. भाष्य में निर्दिष्ट सर्वदेश व एकदेश के स्पष्टीकरण स्वरूप समझना चाहिए।

पूर्वोक्त त. भाष्यगत 'अर्थानां सर्वैकदेशग्रहणं संग्रहः' इस लक्षण को स्पष्ट करते हुए उसकी हरि. वृत्ति में 'सर्व' शब्द से सामान्य और 'देश' शब्द से विशेष को ग्रहण करके उसका यह अभिप्राय प्रगट किया है कि पदार्थों का सामान्य व विशेष रूप से जो एक रूप में ग्रहण होता है उसे संग्रहनय कहा जाता है। यही अभिप्राय प्रायः उन्हीं शब्दों में उक्त त. भाष्य की अपनी वृत्ति में सिद्धसेन गणि ने भी व्यक्त किया है। अनुयोगद्वार की हरि. वृत्ति (पृ. ३६) में प्रकृत संग्रहनय को स्वभावतः सामान्य मात्र को ग्रहण करने वाला निर्दिष्ट किया गया है।

धवला (पु. १, पृ. ८४) में प्रकृत संग्रहनय के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि विधि को छोड़कर चूंकि प्रतिषेध उपलब्ध नहीं है, इसलिये 'विधि मात्र ही तत्त्व है' इस प्रकार का जो अध्यवसाय होता है उसे समस्त को ग्रहण करने के कारण संग्रहनय कहा जाता है, अथवा द्रव्य को छोड़कर पर्याय चूंकि पाई नहीं जाती, इसलिए 'द्रव्य ही तत्त्व है' इस प्रकार का जो अध्यवसाय होता है उसे संग्रहनय समझना चाहिये। अन्यत्र यहीं पर (पु. ६, पृ. १७०) पर्याय कलंक से रहित होने के कारण जो सत्तादि के द्वारा सबमें अद्वैतता—द्वैत के अभाव स्वरूप एकत्व—का अध्यवसाय होता है उसे शुद्ध द्रव्यार्थिक संग्रहनय का लक्षण कहा गया है।

पश्चात्कालीन ग्रन्थों में प्रायः सर्वार्थसिद्धिगत लक्षण का अथवा त. भाष्यगत लक्षण का ही हीनाधिक रूप में अनुसरण किया गया है।

संयम—प्राकृत पंचसंग्रह (दि. १-१२७) में व्रतों के धारण, समितियों के पालन, कषायों के निग्रह, दण्डों के त्याग और इन्द्रियों के जय को संयम का लक्षण कहा गया है। प्रकृत पंचसंग्रह की यह गाथा धवला (पु. १, पृ. १४५) में उद्धृत की गई है तथा गो. जीवकाण्ड (४६५) में वह उसी रूप में आत्मसात् की गई है। उक्त लक्षण का अनुसरण प्रायः उन्हीं शब्दों में त. वार्तिक (६, ७, ११), धवला (पु. १, पृ. १४४ व पु. ७, पृ. ७), उपासकाध्ययन (६२४), चारित्रसार (पृ. ३८) अमितगति विरचित पंचसंग्रह (१-२३८), मूलाचार वृत्ति (१२-१५६) और कार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका (३६६) में किया गया है। सर्वार्थसिद्धि (६-१२) के अनुसार प्राणियों और इन्द्रियविषयों में जो अशुभ प्रवृत्ति हुआ करती है उससे निवृत्त होने का नाम संयम है। इसका अनुसरण त. वार्तिक (६, १२, ६), तत्त्वार्थसार (२-८४) और पद्मनन्दिपंचविंशति (१-६६) में किया गया है।

त. भाष्य (६-६) में योगों के निग्रह को संयम का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। यहां यह स्मरणीय है कि मूल तत्त्वार्थसूत्र (६-४) में सम्यक् प्रकार से किये जाने वाले योगनिग्रह को गुप्ति कहा गया है;। प्रकृत भाष्य में संयम को सत्तरह प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है— १-५ पृथिवीकायिकादि के भेद से (पृथिवीकायिकसंयम आदि) ६-६ द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय के भेद से, १० प्रेक्ष्यसंयम, ११ उपेक्ष्यसंयम, १२ अपहृत्यसंयम, १३ प्रमृज्यसंयम, १४ कायसंयम, १५ वाक्संयम १६ मनसंयम १७ उप-

करणसंयम।

त. वार्तिक में अन्यत्र (९, ६, १४) संयम के लक्षण में यह भी कहा गया है कि समितियों में प्रवर्तमान मुनि उनके परिपालन के लिए जो प्राणिपीड़ा और इन्द्रियविषयों का परिहार करता है वह संयम कहलाता है। इसका अनुसरण मूलाचार की वृत्ति (११-५) और तत्त्वार्थवृत्ति (९-६) में भी किया गया है।

ध्यानशतक की हरि. वृत्ति (६८) में प्राणातिपातादिकी निवृत्ति को संयम का लक्षण कहा गया है। इसका अनुसरण त. भाष्य (६-१३ व ६-२०) की वृत्ति में भी किया गया है; उक्त हरिभद्र सूरि के द्वारा दशवै. की वृत्ति (१-१ पृ. २१) में आस्रवद्वारों के उपरम को तथा त. भाष्य (६-२०) की वृत्ति में विषय-कषायों की उपरति को संयम का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है।

धवला में इसका लक्षण पांच स्थलों पर उपलब्ध होता है—जैसा कि ऊपर संकेत किया जा चुका है, पु. १, पृ. १४४ पर व्रत, समिति, कषाय, दण्ड और इन्द्रिय इनके यथाक्रम से धारण, अनुपालन, निग्रह, त्याग और जय को संयम कहा गया है। यहीं पर आगे (पृ. १७६) गुप्तियों और समितियों से अनुरक्षित मुनि जो हिंसादि पांच पापों से विरत होता है, इसे संयम का लक्षण प्रगट किया गया है। आगे (पृ. ३७४) कहा गया है कि बुद्धिपूर्वक सावद्य से विरत होने का नाम संयम है। पु. ७, पृ. ७ पर पूर्वोक्त व्रतादि के रक्षण आदि को संयम का लक्षण कहा गया है। पु. १४, पृ. १२ पर विपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध के प्रसंग में संयम और विरति में भेद को दिखलाते हुए कहा गया है कि समितियों के साथ महाव्रतों और अणुव्रतों को संयम और समितियों के विना उक्त महाव्रतों और अणुव्रतों को विरति कहा जाता है।

भ. आराधना की विजयो. टी. (६) में कर्मादान की कारणभूत क्रियाओं से उपरत होना, इसे संयम का लक्षण कहा गया है। यही अभिप्राय उसकी मूलाराधनादर्पण टीका (४) में भी व्यक्त किया गया है। अमितगतिश्रावकाचार (३-६१) के अनुसार धार्मिक, उपशान्त, गुप्तियों से सुरक्षित और परीषहों का विजेता अनुप्रेक्षाओं में तत्पर होता हुआ जो कर्म का संवरण करता है वह संयम कहलाता है, प्रवचनसार की जय. वृत्ति (१-७९) में कहा गया है कि बाह्य इन्द्रियों व प्राणों के संयम के बल से अपनी शुद्ध आत्मा में संयमन होने के कारण जो समरसीभाव से परिणमन होता है उसे संयम कहते हैं। आचारसार (५-१४८) में निरुक्तिपूर्वक संयम के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि सम्यग्दर्शन व सम्यग्ज्ञान से पवित्र व पाप का विघातक जो द्वन्द्वद्वितय—प्राणिपीडा व इन्द्रियविषय इन दोनों का—यम (त्याग) किया जाता है उसका नाम संयम है।

प्रज्ञापना की मलयगिरि विरचित वृत्ति (३१६ की उत्थानिका) में निरवद्य योग में प्रवृत्ति और इतर (सावद्य) योग से निवृत्ति को संयम कहा गया है। आव. निर्युक्ति की मलय. वृत्ति (८३१) के अनुसार समीचीन अनुष्ठान (सदाचरण) का नाम संयम है।

संसारपरीत—संसारपरीत और परीतसंसार ये दोनों शब्द समान अभिप्राय के बोधक हैं। मूलाचार (२-३६) के अनुसार जो जिनागम में अनुरक्त रहते हैं, गुरु की आज्ञा का भावतः परिपालन करते हैं, तथा अशबल—मिथ्यात्व की कलुपता से रहित—होते हुए संक्लेश से रहित होते हैं वे परीतसंसार—परिमित संसार वाले होते हैं। प्रज्ञापना (१८-२४७) में संसारपरीत का स्वरूप क्या है, इस गौतम गणधर के प्रश्न का समाधान करते हुए श्रमण महावीर के द्वारा कहा गया है कि संसारपरीत का अभिप्राय है संसार का कम से कम अन्तर्मुहूर्त मात्र और अधिक से अधिक अपार्ध पुद्गलपरिवर्त मात्र शेष रह जाना। प्रकृत सूत्र के अभिप्राय को व्यक्त करते हुए मलयगिरि ने अपनी वृत्ति में कहा है कि जिसने सम्यक्त्व आदि के द्वारा संसार को परिमित कर दिया है वह संसारपरीत है। ऐसा जीव जघन्य से अन्तर्मुहूर्त मात्र संसार में रहता है, तत्पश्चात् अन्तकृत्केवलित्व के योग से वह मुक्त हो जाता है। उत्कर्ष से वह अनन्त काल—अपार्ध पुद्गलपरिवर्त प्रमाण—संसार में रहता है, तत्पश्चात् वह नियम से मुक्ति को प्राप्त हो जाता है।

धवला (पु. ४, पृ. ३३५) में सादि-सपर्यवसित मिथ्यादृष्टि के काल की प्ररूपणा के प्रसंग में अपरीतसंसार और परीतसंसार का विवेचन करते हुए कहा गया है कि एक अनादि मिथ्यादृष्टि अपरीत-

संसारी जीव अध.प्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन करणों को करके सम्यक्त्वग्रहण के प्रथम समय में ही उस सम्यक्त्व गुण के द्वारा पूर्व के अपरीत संसार से हटकर अर्धपुद्गलपरिवर्त मात्र परीतसंसारी होता हुआ उतने काल ही उत्कर्ष से संसार में रहता है। जघन्य से वह अन्तर्मुहूर्त मात्र ही संसार में रहता है।

सामायिक—इसका विधान मुनियों के छह आवश्यकों, चारित्रभेदों, प्रतिमाओं, शिक्षाव्रतों तथा संयतभेदों या संयमभेदों के अन्तर्गत उपलब्ध होता है। पर उसके स्वरूप का विचार करते हुए तदनुसार उसका पृथक्-पृथक् विश्लेषण नहीं किया गया है—सर्वत्र उसका स्वरूप प्रायः समान रूप में ही दृष्टि-गोचर होता है।

नियमसार के नौवें परमसमाधि अधिकार (१२५-३३) में सामायिकव्रत के योग्य कौन होता है, इसका विचार करते हुए कहा गया है कि जो समस्त जीवों में सम—राग-द्वेष से रहित, संयम, नियम और तप में निरत; राग-द्वेषजनित विकार से विहीन, आर्त व रौद्र रूप दुर्ध्यान से दूरवर्ती, पुण्य-पापरूप कर्म के विकार से विमुक्त, हास्यादि रूप नोकषायों से रहित, निरन्तर धर्म व शुक्लरूप प्रशस्त ध्यानों का ध्याता और ज्ञान एवं चारित्र में बुद्धि को लगाने वाला है उसके जिनशासन में सामायिकव्रत कहा गया है, अर्थात् उपर्युक्त विशेषताओं से विशिष्ट जीव ही उस सामायिक का अधिकारी होता है।

मूलाचार (१-२३) में मुनि के २८ मूलगुणों के अन्तर्गत सामायिक आवश्यक के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि साधु जो जीवित और मरण, लाभ और अलाभ, संयोग और वियोग, मित्र और शत्रु तथा सुख और दुःख आदि में समता—राग-द्वेष से रहित समानता—का भाव रखता है, इसका नाम सामायिक है। यहीं पर आगे (७,१८-३२) मुनि के छह आवश्यकों के अन्तर्गत उस सामायिक का पुनः विस्तार से विवेचन करते हुए कहा गया है कि सम्यक्त्व, ज्ञान, संयम और तप के साथ जो जीवका प्रशस्त समागम—उनके साथ एकरूपता—होती है उसे समय कहा गया है; इस समय को ही सामायिक जानना चाहिए। यह सामायिक का निरुक्त लक्षण है। जो जीव उपसर्ग व परीषहों पर विजय प्राप्त करके भावनाओं और समितियों में उपयुक्त होता हुआ यम व नियम में बुद्धि को संलग्न करता है वह सामायिक से परिणत होता है, जो श्रमण स्व व पर में सम—राग-द्वेष से रहित—होता है, माता और समस्त महिलाओं के विषय में सम होता है—उन्हें माता के समान मानता है, तथा अप्रिय व प्रिय एवं मान व अपमान में समण (समान) रहता है उसे ही सामायिक जानना चाहिए। जो द्रव्य, गुण और पर्यायों के समवाय को—उनकी अपेक्षाकृत समानता को—जानता है उसे उत्तम सामायिक जानना चाहिए। राग और द्वेष का निरोध करके समस्त कर्मों में जो समता और सूत्रों में—द्वादशांग श्रुत के विषय में—जो परिणाम होता है उसे उत्तम सामायिक जानना चाहिए। समस्त सावद्य से विरत, तीन गुप्तियों से सुरक्षित और जितेन्द्रिय जीव का नाम ही सामायिक है जो उत्तम संयमस्थानस्वरूप है। जिसकी आत्मा संयम, नियम और तप में स्थित है; जो त्रस और स्थावर समस्त जीवों के विषय में सम—राग-द्वेष से रहित है, जिसके राग और द्वेष विकार को उत्पन्न नहीं करते, जिसने क्रोधादि चारों कषायों को जीत लिया है, जिसके आहारादि संज्ञायें और कृष्णादि लेश्यायें विकार को उत्पन्न नहीं करतीं, जो रस व स्पर्शस्वरूप काम को तथा रूप, गन्ध और शब्दरूप भोगों को सदा छोड़ता है, तथा आर्त-रौद्र रूप दुर्ध्यानों को छोड़कर सदा धर्म व शुक्ल रूप समीचीन ध्यानों को ध्याता है उसके जिनागम के अनुसार सामायिक स्थित रहती है[1]। योगींदु विरचित योगसार (९९-१००) में उक्त नियमसार के समान संक्षेप में समभाव को सामायिक का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है।

---

१. इस प्रसंग से सम्बद्ध नियमसार के पद्य १२५-२९ व १३३ और मूलाचारगत पद्य क्रम से २३, २५,२४,२६,३१ और ३२ ये उभय ग्रन्थों में समान रूप में उपलब्ध होते हैं। (नि. सा. के पद्य १२५ और मूला. के पद्य २३ का उत्तरार्ध भिन्न है)। नि. सा. के पद्य १२६ व १२७ तथा आवश्यक नि. के पद्य ७९७ व ७९६ भी परस्पर में समान हैं।

रत्नकरण्डक (४-७) में शिक्षाव्रत के प्रसंग में नियमित समय पर्यन्त पांचों पापों के पूर्णतया परित्याग को सामायिक का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। आगे यहां (४-८) उपर्युक्त समय को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि बालों के बन्धन, मुट्ठी के बन्धन और वस्त्र के बन्धन को अथवा स्थान (कायोत्सर्ग) व उपवेशन को आगम के ज्ञाता समय—काल अथवा आचारविशेष—जानते हैं। यहीं पर आगे (५-१८) तीसरी सामायिक प्रतिमा के प्रसंग में कहा गया है कि जो गृहस्थ यथाजात—बालक के समान दिगम्बर वेष में स्थित होकर अथवा समस्त प्रकार की परिग्रह की ओर से निर्ममत्व होकर—चार बार तीन-तीन आवर्त पूर्वक कायोत्सर्ग में स्थित होता हुआ चार प्रणाम करता है तथा दो उपवेशन से युक्त होकर तीनों योगों से शुद्ध होता हुआ तीनों सन्ध्याकालों में देववन्दना किया करता है उसे सामयिक—तीसरी सामायिक प्रतिमा का धारक श्रावक—जानना चाहिए।

सर्वार्थसिद्धि (७-२१) में शिक्षाव्रतों के प्रसंग में निरुक्तिपूर्वक सामायिक के लक्षण को दिखलाते हुए कहा गया है कि 'सम्' का अर्थ एकीभाव और 'अय' का अर्थ गमन है, तदनुसार एकीभाव स्वरूप से जो गमन (प्रवृत्ति) होता है- उसका नाम समय है और उस समय को ही सामायिक कहा जाता है। अथवा 'समयः प्रयोजनमस्येति वा विगृह्य सामायिकम्' इस प्रकार के विग्रहपूर्वक यह भी निर्देश किया गया है कि उक्त प्रकार का 'समय' हो जिसका प्रयोजन है उसे सामायिक जानना चाहिए। सर्वार्थसिद्धिगत इस लक्षण को कुछ स्पष्ट करते हुए तत्त्वार्थवार्तिक (७, २१, ६) में कहा गया है कि प्रतिनियत काय, वचन और मन की क्रिया रूप पर्याय से निवृत्त होकर द्रव्यार्थस्वरूप से जो आत्मा का एकीभाव (अभिन्नता) को प्राप्त होना है, यह सामायिक का लक्षण है। सर्वार्थसिद्धिगत शेष सभी अभिप्राय को यहां प्रायः शब्दशः आत्मसात् किया गया है। आगे यहां चारित्र के प्रसंग में (६,१८,२) में कहा गया है कि समस्त सावद्य योग का जो अभेद रूप से—हिंसा आदि भेदों के विना—प्रत्याख्यान का आश्रय लेकर प्रवृत्त होता है, इसका नाम सामायिक चारित्र है। सर्वार्थसिद्धि (९-१८) में इस सामायिक को नियतकाल और अनियतकाल के भेद से दो प्रकार कहा गया है। इनमें स्वाध्यायादि रूप सामायिक को नियतकालिक और ईर्यापथ आदि रूप सामायिक को अनियतकालिक जानना चाहिए।

तत्त्वार्थाधिगमभाष्य (७-१६) में शिक्षाव्रत के प्रसंग में कहा गया है कि कालका नियम करके जो तब तक के लिए समस्त सावद्य योग का परित्याग किया जाता है उसे सामायिक कहते हैं। प्रकृत त. भा. (९.१८) में चारित्र के प्रसंग में उस सामायिक संयम के नाम मात्र का निर्देश किया गया है, स्वरूप के सम्बन्ध में वहां कुछ नहीं कहा गया। आवश्यकसूत्र (अ. ६) के अनुसार सावद्य योग के परित्याग और निरवद्य योग के प्रतिसेवन का नाम सामायिक है। आवश्यक भाष्य (१४९) में कहा गया है कि सावद्य योग से विरत, तीन गुप्तियों से विभूषित, छह काय के जीवों के विषय में संयत—उन्हें पीड़ा न पहुंचाने वाला, उपयुक्त एवं प्रयत्नशील आत्मा ही सामायिक होता है (पूर्वोक्त नि. सा. गत पद्य १२५-२६ और आव. भाष्य का प्रकृत पद्य ये परस्पर एक-दूसरे से कुछ प्रभावित रहे प्रतीत होते हैं)। विशेषावश्यकभाष्य (४२२०-२६) में सामायिक के लक्षण का निर्देश निरुक्तिपूर्वक अनेक प्रकार से किया गया है। यथा—'सम' का अर्थ राग-द्वेष से रहित और 'अय' का अर्थ गमन है, इस प्रकार समगमनका नाम 'समाय' और यह समाय ही सामायिक है। अथवा उक्त 'समाय' में होनेवाली, उससे निर्वृत्त, तन्मय अथवा उक्त प्रयोजनन की साधक सामायिक जानना चाहिए। अथवा 'सम' से सम्यक्त्व, ज्ञान और चारित्र अभिप्रेत हैं; उनके विषय में या उनके द्वारा जो अय—गमन या प्रवर्तन है—उसका नाम 'समय' और उस समय को ही सामायिक कहा जाता है। अथवा समके—राग-द्वेष से रहित जीव के—जो आय—गुणों की प्राप्ति होती है—उसका नाम समय है, अथवा समों का—सम्यक्त्व, ज्ञान और चारित्र का—जो आय (लाभ) है उसे सामायिक जानना चाहिए। अथवा 'साम' का अर्थ मैत्रीभाव और 'अय' का अर्थ गमन है, इस प्रकार उस मैत्रीभाव में या उसके द्वारा जो प्रवृत्ति होती है उसे सामायिक कहा जाता है। अथवा उक्त मैत्रीभावरूप जो साम है उसके आय (लाभ) को सामायिक जानना चाहिए। इस प्रकार यहां सामायिक शब्द की निष्पत्ति की प्रमुखता से अर्थ को बैठाया गया है।

त. भाष्य (६-१८) की हरिभद्र व सिद्धसेन विरचित वृत्तियों में तथा अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति में (पृ. १०३) में पूर्वोक्त त. वार्तिक के समान समस्त सावद्य योग से विरत होने को सामायिक कहा गया है। इसके पूर्व उस अनुयोगद्वार की हरि. वृत्ति (पृ. २६) और आवश्यकसूत्र (६,६,पृ. ८३१) की भी हरि. वृत्ति में पूर्वोक्त विशेषावश्यकभाष्य के समान निरुक्त्यर्थ को भी प्रगट किया गया है। इसी अभिप्राय को हरिभद्र सूरि ने अपने पंचाशक (४६६) में भी संक्षेप में व्यक्त किया है। श्रावकप्रज्ञप्ति (२६२) में शिक्षाव्रत के प्रसंग में पूर्वोक्त आवश्यकसूत्र के समान सावद्य योग के परित्याग और निरवद्य योग के आसेवन को सामायिक का लक्षण प्रगट किया गया है। इसकी टीका में हरिभद्र सूरिने 'एत्थ पुण सामायारी' ऐसा निदश करते हुए श्रावक को सामायिक कहां, कब और किस प्रकार से करना चाहिए; इत्यादि बातों का स्पष्टीकरण करते हुए ऋद्धिप्राप्त और अनृद्धिप्राप्त इन दो प्रकार के श्रावकों के आश्रय से विचार अभिव्यक्त किया है। तत्पश्चात् यहां यह शंका उठाई गई है कि सामायिक में अधिष्ठित श्रावक जब साधु ही होता है तब वह उतने काल के लिए पूर्ण रूप से समस्त सावद्य योग का परित्याग मन, वचन व काय से क्या नहीं करता है ? करता ही है। इस शंका के समाधान में वहां श्रावक के लिए मन, वचन व काय से पूर्णतया उस समस्त सावद्य योग के परित्याग को असम्भव बतलाकर साधु और श्रावक इन दोनों में अनुमति की प्रधानता से दो प्रकार की शिक्षा, गाथा (सामाइयंमि उ कए ····॥२९९॥), उपपात, स्थिति, गति, कषाय, बन्ध, उदय, प्रतिपत्ति और अतिक्रम इन अधिकारों के आश्रय से भेद प्रगट किया गया है (श्रा, प्र. २९३-३११)।

वरांगचरित (१५, १२१-२२) में शिक्षाव्रत के प्रसंग में सामायिक के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि व्रत की वृद्धि के लिए निरन्तर दोनों सन्ध्याकालों में नमस्कारपूर्वक हृदय में शरण, उत्तम और मांगल्य इनका ध्यान करना चाहिए। सब जीवों में समता—राग-द्वेष का अभाव, संयम, उत्तम भावनाएं और आर्त-रौद्र रूप दुर्ध्यानों का परित्याग; यह सामायिक शिक्षाव्रत का लक्षण है। जयधवला (१, पृ. ९८) के अनुसार तीनों सन्ध्याकालों में, अथवा पक्ष, मास व सन्धिदिनों में, अथवा अपने अभीष्ट समयों में बाह्य और अभ्यन्तर समस्त पदार्थविषयक जो कषाय का निरोध किया जाता है उसका नाम सामायिक है। कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३५६-५७) में कहा गया है कि जो पल्यंक आसन बांधकर अथवा खड़ा होकर काल के प्रमाण को करके इन्द्रियों के व्यापार से रहित होता हुआ जिनागम में मन को लीन करता है तथा शरीर को स्थिर रखता हुआ अंजलिपूर्वक—मुकुलित दोनों हाथों के साथ—आत्मस्वरूप में लीन होता है व वन्दना के अर्थ का चिन्तन करता है; इस प्रकार से जो देश प्रमाण को करके सामायिक को करता है वह तब तक के लिए मुनि जैसा होता है। सागारधर्मामृत (५-२८) में सामायिक शिक्षाव्रत के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि एकान्त स्थान में बालों के बन्धन आदि के छूटने तक मुनि के समान आत्मा का ध्यान करते हुए जो समस्त हिंसादि पापों का त्याग किया जाता है, यह सामायिक शिक्षाव्रत का लक्षण है।

यहां सागारधर्मामृत में जो बालों के बन्धन आदि के छूटने रूप समय का निर्देश किया गया है वह स्पष्टतया पूर्वोक्त रत्नकरण्डक (४-८) के आधार से किया गया है। पर जैसे रत्नकरण्डक मूल व उसकी प्रभाचन्द्र-विरचित टीका में भी उसके अभिप्राय को स्पष्ट नहीं किया गया है वैसे ही इस सागारधर्मामृत व उसकी स्वो. टीका में भी उसका कुछ स्पष्टीकरण नहीं किया गया। प्रकृत में 'समय' से काल अभिप्रेत है या आचारविशेष अभिप्रेत है, इसका स्पष्ट बोध नहीं होता। पूर्वोक्त कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३५६) में भी जो 'बंधित्ता पज्जंकं अहवा उड्ढेण उब्भओ ठिच्चा' यह कहा गया है वह भी पूर्वोक्त रत्नक. के 'पर्यङ्कबन्धनं चापि। स्थानमुपवेशनं वा' से प्रभावित रहा ही प्रतीत होता है। पर यहां रत्नकरण्डक के 'मूर्द्धरुह-मुष्टि-बासोबन्धं' को सम्भवतः बुद्धिपुरस्सर छोड़ दिया गया है जबकि सागारधर्मामृत में 'केशबन्धादिमोक्ष' के रूप में उसे ग्रहण कर लिया गया है। पर उसका स्पष्टीकरण नहीं किया गया।

इनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थों में जो प्रकृत सामायिक का लक्षण उपलब्ध होता है उसमें नियमसार, मूलाचार, सर्वार्थसिद्धि, अथवा विशेषावश्यकभाष्य इनमें से किसी न किसीका अनुसरण किया गया है।

सामायिक प्रतिमा—इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए रत्नकरण्डक (५-१८) में कहा गया है कि जो श्रावक तीन-तीन आवर्तों को—मन, वचन व काय के संयमनरूप तीन-तीन शुभ योगरूप प्रवृत्तियों को—चार बार करता है, चार प्रणाम करता है, यथाजात रूप से—दिगम्बर होकर अथवा समस्त परिग्रह की ओर से निर्ममत्व होकर—कायोत्सर्ग में स्थित होता है व दो उपवेशन करता है; इस प्रकार की क्रिया को करता हुआ तीनों सन्ध्याकालों में तीनों योगों से शुद्ध होकर वन्दना किया करता है वह सामयिक—तीसरी सामायिक प्रतिमा का अनुष्ठाता—होता है।

षट्खण्डागम (५,४,४—पु. १३, पृ. ३८) में निर्दिष्ट दस कर्मभेदों में ६वां क्रियाकर्म है। इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए वहां आत्माधीन, प्रदक्षिण, त्रिःकृत्वा (तीन बार करना), तीन अवनमन, चार शिर और बारह आवर्त; इस सबको क्रियाकर्म (कृतिकर्म) कहा गया है (५,४,२७-२८—पु. १३, पृ. ८८) पूर्वोक्त रत्नकरण्डक में जो बारह आवर्त (४-३) और चार प्रणामों का उल्लेख किया गया है सम्भव है वह इस षट्खण्डागम के ही आधार से किया गया हो। दोनों ही ग्रन्थों में 'आवर्त' शब्द तो समान रूप से व्यवहृत हुआ है, पर षट्खण्डागम में जहां 'चतुःशिरस्' का उपयोग किया गया है वहां रत्नकरण्डक में 'चतुःप्रणाम' का उपयोग किया गया है। वीरसेनाचार्य विरचित इस षट्खण्डागमसूत्र की टीका (पु. १३, पृ.६१ व ६२) में 'चतुःशिर' का स्पष्टीकरण करते हुए यह कहा गया है कि समस्त क्रियाकर्म चतुःशिर होता है। वह इस प्रकार से—सामायिक के आदि में जो जिनेन्द्र के प्रति शिर नमाया जाता है वह एक शिर है, उसी के अन्त में जो शिर नमाया जाता है वह दूसरा शिर है, 'थोस्सामि' दण्डक के आदि में जो शिर नमाया जाता है, वह तीसरा शिर है तथा उसीके अन्त में जो नमन किया जाता है वह चौथा शिर है। इस प्रकार एक क्रियाकर्म चार शिर से युक्त होता है। यहीं पर आगे प्रकारान्तर से उस चतुःशिर' को स्पष्ट करते हुए यह भी कहा गया है कि अथवा सब ही क्रियाकर्म चतुःशिर—चतुःप्रधान (चार की प्रधानता से)—होता है, क्योंकि अरहंत, सिद्ध, साधु और धर्म को ही प्रधानभूत करके सब क्रियाकर्मों की प्रवृत्ति देखी जाती है। बारह आवर्तों को स्पष्ट करते हुए यहां यह कहा गया है कि सामायिक और थोस्सामि दण्डक के आदि और अन्त में मन, वचन व काय की विशुद्धि के परावर्तन के वार (आवर्त) बारह (३+३+३+३) होते हैं।

मूलाचार के अन्तर्गत षडावश्यक अधिकार में वन्दना का विवेचन करते हुए नामवन्दना के प्रसंग में कृतिकर्म, चितिकर्म, पूजाकर्म और विनयकर्म इनको वन्दना का समानार्थक कहा गया है। इस प्रसंग में वहां ये प्रश्न उठाये गये हैं—वह कृतिकर्म किसके द्वारा किया जाना चाहिए, किसके प्रति किया जाना चाहिए किस प्रकार से किया जाना चाहिए, कहां किया जाना चाहिए, कितने बार किया जाना चाहिए, कितने उसमें अवनत—हाथ जोड़कर शिर से भूमिका स्पर्श करते हुए नमस्कार—किये जाने चाहिये, कितने शिर—हाथ जोड़कर शिर को नमाते हुए नमस्कार—किये जाने चाहिये; तथा वह कितने आवर्तों से शुद्ध और कितने दोषों से रहित होना चाहिए (७, ७८-८०)। इन प्रश्नों का वहां यथाक्रम से समाधान करते हुए वह कितने अवनत, कितने आवर्त और कितने शिर से युक्त होना चाहिए; इन प्रश्नों के समाधान में वहां यह कहा गया है—उस कृतिकर्म का प्रयोग दो अवनतों से सहित, यथाजात रूप से संयुक्त, बारह आवर्तों से युक्त, चार शिर से सहित और मन, वचन और काय रूप तीनों योगों से शुद्ध किया जाना चाहिए (७-१०४) यह मूलाचार का विवरण निश्चित ही पूर्वोक्त षट्खण्डागम से प्रभावित रहा प्रतीत होता है। विशेष इतना है कि षट्खण्डागम में जहां तीन 'अवनत' का निर्देश किया गया है वहां मूलचार में 'दो अवनत' का निर्देश किया गया है।

पूर्वोक्त रत्नकरण्डक का वह अभिप्राय मूलाचार के इस कथन से अत्यधिक प्रभावित रहा प्रतीत होता है। दोनों ग्रन्थों में बारह (४×३) आवर्त, चार प्रणाम (शिर), यथाजात, दो निषद्य (अवनत) और त्रियोगशुद्ध (विशुद्ध) इनका समान रूप में व्यवहार हुआ है। यथा—

दोणदं तु जधाजादं बारसावत्तमेव य।
चदुसिरं तिसुद्धं च किदियम्मं पउंजदे ॥ मूला. ७-१०४.
चतुरावर्त्तत्रितयश्चतुःप्रणामः स्थितो यथाजातः।
सामयिको द्विनिषद्यस्त्रियोगशुद्धस्त्रिसन्ध्यमभिवन्दी ॥ रत्नकरण्डक, १३९

मूलाचारगत प्रकृत पद्य से अतिशय समान यह पद्य समवायांग में भी उपलब्ध होता है—

दुओणयं जहाजायं कितिकम्मं बारसावयं।
चउसिरं तिगुत्तं च दुपवेसं एगणिक्खमणं ॥ समवायांग. १२.

धवला (पु. ९, पृ. १८७-८९) में चौदह प्रकार के अनंगश्रुत के नामोल्लेखपूर्वक कृतिकर्म के प्रसंग में मूलाचारगत उपर्युक्त पद्य को 'एत्थुववुज्जंती गाहा' ऐसा निर्देश करते हुए यत्किंचित् वर्णभेद के साथ उद्धृत किया गया है।

उपर्युक्त प्रसंग से सम्बद्ध मूलाचार और रत्नकरण्डक में इतनी विशेषता रही है कि मूलाचार का वह प्रसंग जहां मुनि के छह आवश्यकों के अन्तर्गत वन्दना आवश्यक से सम्बद्ध है वहां रत्नकरण्डक में वह श्रावक के ग्यारह पदों में से तीसरे पदभूत सामायिक प्रतिमा के धारक से सम्बन्ध रखता है। किन्तु ऐसा होने पर भी उसमें कुछ विरोध नहीं समझना चाहिए। कारण यह कि उसके पूर्व उक्त रत्नकरण्डक (४-१२) में ही यह कहा जा चुका है कि श्रावक के सामायिक में अवस्थित होने पर चूंकि वह उस समय समस्त आरम्भ और परिग्रह से रहित होता है, इसीलिये वह उपसर्ग के वश वस्त्र से आच्छादित मुनि के समान यतिभाव को—महाव्रतित्व को—प्राप्त होता है। यह अभिप्राय केवल रत्नकरण्डक में ही नहीं, वलिक उक्त मूलाचार (७-३४), आवश्यकनिर्युक्ति (५८४), विशेषावश्यकभाष्य (३१७३) और श्रावकप्रज्ञप्ति (२९९) में भी समानरूप से व्यक्त किया गया है। इतना ही नहीं, इन चारों ग्रन्थों में प्रकृत गाथा भी अभिन्न रूप में ही उपलब्ध होती है।

रत्नकरण्डक में निर्दिष्ट उपर्युक्त सामायिक प्रतिमाधारी के स्वरूप को कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३७१ व ३७२) और वामदेव विरचित भावसंग्रह (५३२-३३) में भी समान रूप से प्रगट किया गया है।

सावयधम्मदोहा (१२) में भी पूर्वाचार्यपरम्परा के अनुसार तीनों संध्याकालों में बत्तीस दोषों से रहित जिनवन्दना का विधान किया गया है।

वसुनन्दिश्रावकाचार (२७४-७५) में उक्त सामायिक के प्रसंग में कहा गया है कि स्नानादि से पवित्र होकर चैत्यालय में व अपने गृह में प्रतिमा के अभिमुख होकर अथवा अन्यत्र पवित्र स्थान में पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख होकर जिनवाणी, धर्म, चैत्य, परमेष्ठी और जिनालय की जो तीनों कालों में वन्दना की जाती है, यह सामायिक कहलाती है।

योगशास्त्र के स्वो. विव. (३-१४८) में कहा गया है कि तीसरी सामायिक प्रतिमा का धारक श्रावक प्रमाद से रहित होकर तीन मास तक उभय सन्ध्याकालों में पूर्वोक्त प्रतिमाओं के अनुष्ठान के साथ सामायिक का पालन करता है। लगभग यही अभिप्राय आचारदिनकर (पृ. ३२) में भी प्रगट किया गया है।

अन्य ग्रन्थों में प्रायः पूर्वनिर्दिष्ट इन्हीं ग्रन्थों में से किसी न किसी का अनुसरण किया गया है।

सूत्र—मूलाचार (५-८०) में सूत्र के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है, जो गणधरों के द्वारा, प्रत्येकबुद्धों के द्वारा, श्रुतकेवलियों के द्वारा और अभिन्नदशपूर्वियों के द्वारा कहा गया हो उसे सूत्र जानना चाहिए। आवश्यकनिर्युक्ति (८८०) के अनुसार सूत्र नाम उसका है जो ग्रन्थ से अल्प होकर अर्थ से महान् हो, बत्तीस दोषों से रहित हो, लक्षण—व्याकरणनियमों—से सहित हो, और आठ गुणों से सम्पन्न हो। इसी आव. नि. में आगे (८८६) पुनः कहा गया है कि जो थोड़े से अक्षरों से सहित, सन्देह से रहित, सारयुक्त, विश्वतःमुख—अनुयोगों से सहित, अर्थोपम—व्याकरणविहित निपातों से रहित—और अनवद्य होकर

अपवर्तन के योग्य नहीं होती है उन्हें निरुपक्रम निर्दिष्ट किया गया है। इसी भाष्य की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-५१) में प्रत्यासन्नीकरण के कारण को उपक्रम कहा गया है। इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि जिस अध्यवसान आदि रूप कारणविशेष से अतिशय दीर्घकाल की स्थिति वाली भी आयु अल्प काल की स्थिति से युक्त हो जाती है उस कारणकलाप का नाम उपक्रम है। आगे (२-५२) यहां उदाहरण के रूप में विष, अग्नि और शस्त्र आदि को उपक्रम बतलाते हुए कहा गया है कि देव व नारक आदि के चूंकि आयु के भेदक प्राणापान निरोध, आहारनिरोध, अध्यवसान, निमित्त, वेदना, पराघात और स्पर्श नामक सात वेदनाविशेष रूप उपक्रम सम्भव नहीं है, इसलिये वे निरुपक्रम ही होते हैं।

धवला (पु. १०, पृ. २३३-३४) में सोपक्रमायुष्क और निरूपक्रमायुष्क इनके लक्षण का तो कुछ निर्देश नहीं किया गया, पर वे पर भव सम्बन्धी आयु को किस प्रकार से बांधते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए वहां कहा गया है कि जो जीव सोपक्रमायुष्क होते है वे अपनी भुज्यमान आयु के दो त्रिभागों (२/३) के बीत जाने पर असंक्षेपाद्धा काल तक पर भव सम्बन्धी आयु के बांधने के योग्य होते हैं, अर्थात् दो त्रिभागों के बीत जाने पर प्रथमादि आठ अपकर्षकालों में से यथासम्भव किसी एक अपकर्षकाल में उसे बांधा जा सकता है। पर उक्त आठ अपकर्षकालों में से यदि वह किसी में भी न बंध सकी तो फिर आवली के असंख्यातवें भाग मात्र असंक्षेपाद्धा काल में वे अवश्य ही पर भव सम्बन्धी आयु को बांध लेते हैं। इनसे विपरीत जो निरुपक्रमायुष्क होते हैं वे अपनी भुज्यमान आयु में छह मास शेष रह जाने पर पर भव सम्बन्धी आयु के बांधने योग्य होते हैं। इसमें भी अपकर्षों का नियम पूर्ववत् रहता है। आगे यहां (पृ. २३७-३८) शंकाकार के द्वारा इस प्रसंग से सम्बद्ध व्याख्याप्रज्ञप्ति के सन्दर्भ को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि उपर्युक्त कथन का इस व्याख्याप्रज्ञप्तिगत सूत्र के साथ कैसे विरोध न होगा? इसका समाधान यहां आचार्यों के मध्यगत मतभेद को प्रगट करते हुए किया गया है। धवला के प्रकृत भाग का हिन्दी अनुवाद करते समय हमने वर्तमान में उपलब्ध व्याख्याप्रज्ञप्ति में उस सूत्र के खोजने का यथासम्भव प्रयत्न किया था, पर वह उस रूप में हमें वहां उपलब्ध नहीं हुआ।

स्तनदोष या स्तनदृष्टिदोष—यह कायोत्सर्ग का एक दोष है। मूलाचार की वृत्ति (७-१७१) में इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो कायोत्सर्ग में स्थित होकर अपने स्तनों पर दृष्टि रखता है उसके यह कायोत्सर्ग का स्तनदृष्टि नामक दोष होता है। योगशास्त्र के स्वो. विवरण में (३, १३०) कहा गया है कि डांस-मच्छर आदि के निवारण के लिए अथवा अज्ञानता से स्तनों को चोलपट्ट से बांधकर कायोत्सर्ग में स्थित होना, यह एक कायोत्सर्ग के स्तनदोष का लक्षण है। आगे यहां इस सम्बन्ध में मतभेद को दिखलाते हुए यह भी कहा गया है कि अथवा जिस प्रकार धाय स्तनों को ऊपर उठाकर बालक के लिए दिखलाती है उसी प्रकार स्तनों को ऊंचा करके कायोत्सर्ग में स्थित होना, यह उस स्तनदोष का लक्षण है, ऐसा किन्हीं अन्य आचार्यों का अभिमत है। सम्भव है यह लक्षणभेद साम्प्रदायिकता के व्यामोह-वश हुआ हो।

स्त्रीवेद—इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए सर्वार्थसिद्धि (८-९) में कहा गया है कि जिसके उदय से जीव स्त्री जैसे भावों को प्राप्त होता है वह स्त्रीवेद कहलाता है। इसे कुछ और स्पष्ट करते हुए त. वार्तिक (८,९-४) में कहा गया है कि जिसके उदय से जीव मृदुता, अस्पष्टता, क्लीवता (कायरता), कामावेश; नेत्रविभ्रम, आस्फालनसुख और पुरुषेच्छा, इन स्त्री जैसे भावों को प्राप्त होता है उसे स्त्रीवेद कहा जाता है। पश्चात्कालीन प्रायः सभी ग्रन्थों में—जैसे श्रावकप्रज्ञप्ति टीका (१८), धवला (पु. १, पृ. ३४०, ३४१; पु. ६, पृ. ४७; पु, ७, पृ. ७९ और पु. १३, पृ. ३६१), मूलाचारवृत्ति (१२-१९२) और प्रज्ञापना मलय. वृत्ति (२९३) आदि—यही कहा गया है कि जिसके उदय से स्त्री के पुरुषविषयक अभिलाषा होती है उसका नाम स्त्रीवेद है।

लगभग इसी पद्धति में नपुंसकवेद और पुरुषवेद या पुंवेद का भी लक्षण देखा जाता है। विशेषता यह है कि त. वा. में जैसे स्त्रीवेद के लक्षण में स्त्रैण भावों को स्पष्ट किया गया है वैसे वहां नपुंसक और पौस्न भावों को कुछ स्पष्ट नहीं किया गया (देखिए नपुंसक और पुरुषवेद व पुंवेद शब्द)।

स्थावर—पीछे (पृ. ५-६) 'त्रस' के प्रसंग में त्रस जीवों के स्वरूप व भेद आदि के विषय में विचार किया जा चुका है। प्रस्तुत स्थावर उक्त त्रस का विपक्षभूत है। सर्वार्थसिद्धि (२-१२) में स्थावर जीवों के स्वरूप का विचार करते हुए कहा गया है कि जो जीव स्थावर नामकर्म के वशीभूत होते हैं वे स्थावर कहलाते हैं। त. वार्तिक (२,१२,३) और त. श्लो. वार्तिक (२-१२) के अनुसार जिन जीवों के जीवविपाकी स्थावर नामकर्म के उदय से विशेषता उत्पन्न हुई है उन्हें स्थावर कहा जाता है। जो जीव स्वभावतः एक स्थान पर रहते हैं उन्हें स्थावर कहना चाहिए, इस शंका का समाधान करते हुए पूर्वोक्त स. सि. में कहा गया है कि वैसा मानने पर आगम में जो यह कहा गया है कि 'कायानुवाद से द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवलियों तक त्रस जीव होते हैं' उससे विरोध का प्रसंग प्राप्त होगा। त. वार्तिक (२,१२, ४-५) में भी स्थानशील—एक ही स्थान में स्थित रहने वाले—जीवों को स्थावर क्यों न माना जाय, इस शंका का समाधान करते हुए कहा गया है कि वैसा स्वीकार करने पर वायु, तेज एवं जलकायिक जीवों के अस्थावरत्व—स्थावरभिन्न त्रसता—का प्रसंग दुर्निवार होगा, क्योंकि उनका गमन एक स्थान से दूसरे स्थान में देखा जाता है। यदि कहा जाय कि वह तो अभीष्ट ही है, तो वैसा कहने वालों के प्रति यह कहा गया है कि उन्होंने समय के अर्थ को नहीं समझा, क्योंकि सत्प्ररूपणा में कायानुवाद के प्रसंग में द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवलों पर्यन्त जीवों को त्रस कहा गया है। ऊपर स. सि. में जिस आगम की ओर तथा त. वा. में जिस सत्प्ररूपणासूत्र की ओर संकेत किया गया है वह सूत्र इस प्रकार है—

तसकाइया बीइंदियप्पहुडि जाव अजोगिकेवलित्ति। षट्खं. १,१,४४ (पु. १, पृ. २७५).

इस सूत्र की व्याख्या करते हुए धवला टीका में 'स्थावर जीव कौन हैं' ऐसा पूछने पर एकेन्द्रिय जीवों को स्थावर कहा गया है। इस पर वहां (पृ. २७६) यह शंका उठाई गई है कि सूत्र में तो ऐसा निर्देश नहीं किया गया, फिर यह कैसे जाना जाता है कि एकेन्द्रिय जीव स्थावर है? इसके उत्तर में वहां यह कहा गया है कि उक्त सूत्र में जब यह स्पष्ट निर्देश किया गया है कि द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवली तक त्रस हैं; तब परिशेष से यह स्वयं सिद्ध है कि एकेन्द्रिय जीव स्थावर हैं। इसपर आगे स्थावर नामकर्म का क्या कार्य है, ऐसा पूछने पर यह कहा गया है कि उसका कार्य एक स्थान में अवस्थापित करने का है। इस पर यह शंका उपस्थित हुई कि वैसा होने पर तो तेज, वायु और जल इन चलने वाले स्थावर जीवों के स्थावरपने का अभाव प्राप्त होगा? इस शंका के समाधान में कहा गया है कि ऐसा नहीं हो सकता। इसका कारण यह है कि जिस प्रकार स्थिर पत्ते प्रयोग से—वायु की प्रेरणा से—वृक्ष से टूटने पर इधर-उधर चलते हैं उसी प्रकार स्थिर तेज और जल जीव भी प्रयोग के वश चलते हैं, न कि स्वतः, अतएव उनके गमन में कोई विरोध नहीं है। इनके अतिरिक्त गति पर्याय से परिणत वायु का तो शरीर ही वैसा है।

इस प्रसंग से सम्बद्ध तत्त्वार्थसूत्र के स. सि. सिद्धिसम्मत और भाष्यसम्मत सूत्रों में भी कुछ भिन्नता रही है। यथा—

पृथिव्यप्तेजोवायु-वनस्पतयः स्थावराः ।तेजोवायू द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः। स. सि. सूत्र २,१३,१४.

पृथिव्यम्बु-वनस्पतयः स्थावराः। तेजोवायू द्वीन्द्रियादयश्च त्रसाः। भाष्य सूत्र २,१३,१४.

स. सि. और त. वा. के अन्तर्गत उपर्युक्त शंकासमाधान को देखते हुए सर्वार्थसिद्धिकार के सामने उक्त भाष्यसम्मत सूत्र रहे हैं या नहीं, यह सन्देहास्पद है। पर तत्त्वार्थवार्तिककार के समक्ष वे भाष्य-सम्मत सूत्र अवश्य रहे हैं, ऐसा प्रतीत होता है। कारण इसका यह है कि उन्होंने प्रकृत शंका के समाधान में वायु, तेज और जल कायिक जीवों के अस्थावरत्व का प्रसंग दिया है, जब कि स. सि. में केवल आगमविरोध ही प्रगट किया गया है, वहां वायु, तेज और जल कायिक जीवों का कुछ भी निर्देश नहीं किया गया।

दशवैकालिक चूर्णि (पृ. १४७) के अनुसार जो जीव एक स्थान में अवस्थित रहते हैं उन्हें स्थावर कहा जाता है। त. भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-१२) में कहा गया है कि जो जीव परिस्पन्दन आदि से रहित होते हुए स्थावर नामकर्म के उदय से अवस्थित रहते हैं वे स्थावर कहलाते हैं। श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका (२२) में भी उक्त हरिभद्र सूरि के द्वारा प्रायः इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जिसके उदय से जीव स्पन्दन से रहित होता है उसे स्थावर नामकर्म कहते हैं। उक्त त. भा. की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-१२) में कहा गया है कि स्थावर नामकर्म के उदय से जिन जीवों के सुख-दुःखादि के अनुमापक चिह्न स्पष्ट नहीं रहते वे स्थावर कहलाते हैं। सूत्रकृतांग की शीलांक विरचित वृत्ति (२,१,३ पृ. ३३ व २,६,४ पृ. १४०) में 'तिष्ठन्तीति स्थावराः' इस निरुक्ति के साथ पृथिवी आदिकों को स्थावर कहा गया है। पर 'आदि' शब्द से वृत्तिकार को अन्य और कौन से जीव अभिप्रेत हैं, यह वहां स्पष्ट नहीं है। यही अभिप्राय प्रायः स्थानांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (५७ व ७५) में भी प्रगट किया गया है। विशेष इतना है कि वहां 'पृथिवी आदिक' यह निर्देश नहीं किया गया। योगशास्त्र के स्वो. विवरण (१-१६) में स्पष्ट रूप से भूमि , अप्, तेज, वायु और महीरुह (वनस्पति) इन पांच एकेन्द्रिय जीवों को स्थावर कहा गया है।

स्थिरनामकर्म—इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए सर्वार्थसिद्धि (८-११) तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (८-१२) तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (८-११) और भगवती आराधना की मूला· टीका (२१२४) में प्रायः समान रूप से यही कहा गया है कि स्थिरभाव (स्थिरता) के जनक नामकर्म को स्थिर नामकर्म कहा जाता है। त. वार्तिक (८,११,३४) में सर्वार्थसिद्धिगत इस लक्षण को शब्दशः आत्मसात् करके उसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि जिसके उदय से दुष्कर उपवास आदि तपों के करने पर भी अंग व उपांगों की स्थिरता रहती है वह स्थिर नामकर्म कहलाता है। त. भा. की हरि. वृत्ति और श्रावकप्रज्ञप्ति (२३) की हरि. टीका में कहा गया है कि जिसके उदय से सिर, हड्डियां और दाँत आदि शरीरगत अव-यवों की स्थिरता होती है उसे स्थिर नामकर्म कहते हैं। त· भा. की हरि. वृत्तिगत इस लक्षण को उसकी सिद्धसेन विरचित वृत्ति और प्रज्ञापना की मलय. वृत्ति (२५३) में ज्यों का त्यों ले लिया गया है। धवला (पु. ६, पृ. ६३) में कहा गया है कि जिसके उदय से रस, रुधिर, मेदा, मज्जा, हड्डियां, मांस और शुक्र इन सात धातुओं की स्थिरता होती है—उनका विनाश या गलन नहीं होता है—उसका नाम स्थिर नाम-कर्म है। धवलागत यह लक्षण मूलाचार की वृत्ति (१२-१९५) में प्रायः उसी रूप में उपलब्ध होता है। आगे इसी धवला (पु. १३, पृ· ३६५) में उसके लक्षण को पुनः दोहराते हुए यह कहा गया है कि जिस कर्म के उदय से रसादि धातुओं का अवस्थान कुछ काल तक अपने स्वरूप से होता है उसे स्थिर नाम कर्म कहते है। समवायांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (४२) में कहा गया है कि जिसके आश्रय से स्थिर दांत आदि अवयवों की उत्पत्ति होती है वह स्थिर नामकर्म कहलाता है।

—बालचन्द्र शास्त्री
हैदराबाद
१६-१-७६

प्रस्तावनागत विशिष्ट लक्ष्य शब्दों की अनुक्रमणिका

लक्ष्यशब्द	पृष्ठ	लक्ष्यशब्द	पृष्ठ
कपित्थदोष	१	याचनापरीषहजय	२३
पर्व-पर्वांग	१	रसत्याग, रसपरित्याग	२४
कांक्षा व काङ्क्षा	१	वलन्मरण, वलाकामरण, वलायमरण	२५
गण व गच्छ	२	विहायोगति नामकर्म	२५
ग्रन्थि	२	वृत्तिपरिसंख्यानतप	२५
छेद	३	व्यवहारनय	२५
छेदोपस्थापक	४	श्रमण	२६
तद्भवमरण	५	सत्य	२७
त्रस	५	असत्य	२७
दर्शन	६	समभिरूढनय	२८
दिव्यध्वनि	८	सम्यक्त्व	३०
धर्म	६	संग्रहनय	३३
नय	११	संयम	३४
नाग्न्यपरीषहजय	१४	संसारपरीत	३५
निगोद जीव	१४	सामायिक	३६
निर्ग्रन्थ	१५	सामायिक प्रतिमा	३६
निर्विचिकित्स	१६	सूत्र	४०
परिभोग	१८	सूत्ररुचि	४१
पादपोपगमन	१६	सोपक्रमायु	४१
पुलाक	२०	स्तनदोष	४२
प्रवचनवत्सलता	२०	स्त्रीवेद	४२
बकुश	२०	स्थापनाकर्म	४३
ब्रह्मचर्याणुव्रत	२१	स्थावर	४३
भोगोपभोगपरिमाण	२२	स्थिरनामकर्म	४४
यथाप्रवृत्तकरण	२२	ह्रस्व	४४

—: ० :—

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३२६	१	३४	कल्पाः । सौ	कल्पाःसौ
४०५	२	२६	४-१५३	४-३२
४२४	१	२४	पन्द्र	पन्द्रह्
४५१	२	३८	२७२	३७२
४५२	१	३०	तीर्थान्तररस-	तीर्थान्तरस-
,,	२	२६	(निवृ[र्वृ]त्ति-	निवृत्ति-
,,	२	२७	निवृ[र्वृ]त्ति-	निवृत्ति-
४६१	२	६	जम्म.	जस्स
४६७	२	२४	३७ ३	३७, २
५००	१	३२	तजस	तैजस
५०२	१	३२	११	१२
५४२	१	२२	दव	दैव
५६६	१	१४	२५	२४
,,	१	१५	८१	८५
,,	१	२५	धास्यते	धारयते
५७४	१	२	१०	१२
५८७	२	१७	१. गुणो	१. × × × अत्रान्यतरत् प्रधानम् । गुणो
,,	२	१६	। (स्वयम्भू.	। भवन्त्यभिप्रेतगुणाः × × × ॥ (स्वयम्भू.
५६३	१	३०	पृ.	वृ.
६०२	१	३	ना क	नारक
६१७	२	२७	निर्ग्रताः	निर्गताः
६२५	१	२५	२४६	२३१
७१७	२	३५	पञ्जलि	पलञ्जि
७७४	२	३५	प्रमादादि	प्रसादादि
७७५	१	१३	यमोद्युक्तः चेतसां	यमोद्युक्तचेतसां
७६७	१	२	आत्मोपकार	आत्म-परोपकार
८१८	१	३३	तपः। (त. भा.	तपः। तत्राग्निप्रवेश-मरुत्प्रपात-जलप्रवेशादि । (त. भा.
८२७	१	१४	यंतु सा	यंतु । सा
,,	१	१७	गृहीति	गृंहीति
,,	१	१६	परदारस्य	परदारस्स
६१६	१	१५	सिच्छा	मिच्छा
६४३	१	२२	स्वरूप…कथित	स्वरूपं… कथितं
६४५	१	२६	६, ११	८, ११

६४५	२	६	पृ. ६६	पृ. ६५-६६
६५५	१	१८	भा. सिद्ध	भा.
६६३	१	२१	रोग:ज्वराति	रोग: ज्वराति
१००१	१	३२	क्रिया:	क्रिया
१००२	१	२१	तस्से	तस्से [तिस्से]
१००३	१	२०	निमित्तानिनि-	निमित्तानि नि-
,,	२	२१	विद्यामहा	विद्या महा
१००८	१	२१	२१ व १४३	२१-१४३
१००९	२	२४	परकीयमनगतो	परकीयमतिगतो
१०११	१	२३	चारित	चरित
१०१९	१	४	आदि	व विष्ठा आदि
१०२४	१	३६	दरिद्र···एवभूतेन	दरिद्र ··एवंभूतेन
१०२५	१	१३	कानूजात	कानुजात
,,	२	२२	तदानुवेदिकम्	[तदा तु वेदकम्]
१०२८	१	१	कर्म-	कर्म
,,	१	२	भवनदं स्व-	भवनस्व-
,,	१	३०	जससकम्म-	जस्स कम्म-
१०३४	१	२३	मस्रक्षी	मस्राक्षी
१०३९	२	३५	३६	३३
१०४१	२	३९	१४०	२-१४
१०८३	१	६	तदनृतम्	तदननृतम्
१११०	२	६	चर्या सराग	चर्या व सराग
१११३	२	५	सर्वे चैव चैपा	सर्वे चैपा-
१११६	१	१२	भेदे संभूते	भेदैः संभूते
१११९	२	१६	तेणगं	तेण जं
११२७	२	३५	सयम	संयम
,,	२	३६	६); व्रत-	६); समितिषु प्रवर्तमानस्य प्राणीन्द्रियपरिहारः संयमः (त. वा. ६, ६, १४); व्रत-
११२८	१	८	); सम्यक्	); व्रत-समिति-कषाय-दण्डेन्द्रियाणां रक्षण-पालन-निग्रह-त्याग-जयाः संयमः, सम्यक्
११२८	१	३५	त्यागजय:	त्याग-जया:
११३०	१	२५	अक्षर समूहवाह्य	अक्षरसमूह वाह्य
,,	१	३३	कर्म	१ कर्म
,,	१	३६	संयोजणा	संजोयणा
,,	१	३७	सजोएदि	संजोएदि
११३२	१	१५	संवर-	संवर:
११३३	१	१०	निरोध: संवर:	निरोध: संवरो
११३५	२	१	त्रयात्मक धर्मा	त्रयात्मकधर्मा

११५१	१	२३	इकमप्पए	इकमप्पए
,,	१	२८	संगनं	संगतं
११५८	१	३९	स्वासादन	सास्वादन
११६०	१	७	पुत्तयकम्मेण	पुग्गलकम्मेण
११६८	२	२५	वितंक	वितर्क
,,	२	३२	करके और बादर	करके बादर
११७२	२	१२	पु. १	पु. ९
११७३	१	६	चतुष्टचादि	चतुष्टयादि
११८१	१	२७	ति. ४	ति. प. ४
११८४	२	३३	तवपहावेण	[तह पहावेण]
११८८	२	८	पुस्तककर्म	पुस्तकर्म
११९५	१	२२	ना घर्मे	नाधर्मे
११९९	१	१७	स्नेहा (···स्नेहवि-.	स्नेह (···स्नेहावि-
१२००	२	१५	संपत्त-फांसिसदियसु	संपत्तफंसिसदिएसु
१२०१	१	२७	कुएँ के खोदने	कुएँ आदि के खोदने,
,,	१	२८	आदि	×××
,,	१	३३	जीविकाक केर ने	जीविका के करने
१२०३	१	१३	सर्वथा	×××
१२०४	१	२२	तप-श्रुत	तपःश्रुत
	१	२४	,,	,,
,,				
१२०८	२	३०	झाणवस	झाण-
१२०९	२	१६	सन्निवेशकर	सन्निवेशकरं
,,	२	१७	वल्भीक	वल्मीक
,,	२	२१	वाल्मीक:	वंल्मीक:
१२१०	१	२०	योग. शा.	योगशा.
,,	२	२२	वसति आहार	वसति—आहार
१२११	२	२४	को (स्वेद—पसीना)	को स्वेद (पसीना)
१२१४	२	३	प्राणानां परस्य च	प्राणानां [स्वस्य] परस्य च
१२१५	१	४	योगद्धि	योगार्द्ध
१२१६	१	५	करोत्येवशीलं	करोत्येवंशीलं
,,	२	३२	लग्न वह्नि	लग्नवह्नि

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोष)

प्रकरणसमा जाति—१. अथानित्येन नित्येन साधर्म्यादुभयेन वा। प्रक्रियायाः प्रसिद्धिः स्यात्ततः प्रकरणे समा ॥ तत्रानित्येन सावर्म्यान्निःप्रयत्नोद्भवत्वतः। शब्दस्यानित्यतां कश्चित् साधयेदपरः पुनः ॥ तस्य नित्येन गोत्वादिसामान्येन हि नित्यता। ततः पक्षे विपक्षे च समाना प्रक्रिया स्थिता ॥ (त. श्लो. १, ३३, ३८०–८२)। २. तस्य (प्रकरणसमस्य) हि लक्षणम्—यस्मात् प्रकरणचिन्ता स प्रकरणसमः [न्यायसू. १।२।७] इति। प्रक्रियेते साध्यत्वेनाधिक्रियेते अनिश्चितौ पक्ष-प्रतिपक्षौ यौ तौ प्रकरणम्, तस्य चिन्ता संशयात् प्रभृत्याऽऽनिश्चयात् पर्यालोचना यतो भवति स एव, तन्निश्चयार्थं प्रयुक्तः प्रकरणसमः, पक्षद्वयेऽप्यस्य समानत्वादुभयत्राप्यन्वयादिसद्भावात्। (प्र. क. मा. ३–१५, पृ. ३५७)।

१ अनित्य की नित्य से और नित्य से अनित्य की समानता से जो प्रकरणसिद्धि की जाती है, इसे प्रकरणसमा जाति जानना चाहिए। जैसे कोई एक वादी जब 'प्रयत्न के अविनाभावित्व' हेतु के द्वारा शब्द की अनित्यता को सिद्ध करना चाहता है तब दूसरा प्रतिवादी गोत्व आदि सामान्य के साथ साधर्म्य होने से उसकी नित्यता के सिद्ध करने का प्रयत्न करता है। इस प्रकार पक्ष-विपक्ष में प्रक्रिया के समान होने से इसे प्रकरणसमा जाति कहा जाता है।

प्रकाश—प्रकाशयति घनतिमिरपटलावगुण्ठितमपि घटादि प्रकटयतीति प्रकाशः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. २०६, पृ. २१२)।

जो सघन अन्धकार से आच्छादित भी घटादि पदार्थों को प्रकट करता है उसे प्रकाश कहते हैं।

प्रकाशन, प्रकाशना—१. पगासणा चरमाहारप्रकाशनम्। (भ. आ. विजयो. ६६)। २. पयासणाचरणं आहारप्रकटनम्। (भ. आ. मूला. ६६)। ३. प्रकाशनं चरमाहारप्रकटनम्। (अन. ध. स्वो. टी. ७–९८)।

१ अन्तिम आहार के प्रगट करने को प्रकाशन या प्रकाशना कहा जाता है। यह भक्तप्रत्याख्यानमरण के अर्हादिभावों के अन्तर्गत है।

प्रकीर्णक—१. प्रकीर्णकाः पौर-जानपदकल्पाः। (स. सि. ४–४)। २. प्रकीर्णकाः पौर-जनपदस्थानीयाः। (त. भा. ४–४)। ३. प्रकीर्णकाः पौर-ज[ा]नपदकल्पाः। यथेह राज्ञां पौरा जानपदाश्च प्रीतिहेतवः तथा तत्रेन्द्राणां प्रकीर्णकाः प्रत्येतव्याः। (त. वा. ४, ४, ८)। ४. पौर-जानपदप्रख्याः सुरा ज्ञेयाः प्रकीर्णकाः। (म. पु. २२–२९)। ५. प्रकीर्णा एव प्रकीर्णकाः, ते पौर-जानपदकल्पाः। (त. श्लो. ४, ४)। ६. समुद्र इव प्रकीर्णक-सूक्त-रत्नविन्यासनिबन्धनं प्रकीर्णकम्। (नीतिवा. ३२–१, पृ. ३७९)। ७. ××× प्रकीर्णा ग्राम्य-पौरवत्। (त्रि. श. पु. च. २, ३, ७७४)। ८. तथा प्रकीर्णकाः पौर-जनपदस्थानीयाः, प्रकृतिसदृशा इत्यर्थः। (बृहत्सं. मलय. वृ. २)। ९. प्रकीर्णकाः पौर-जनपदादिप्रकृतिसदृशाः। (संग्रहणी. दे. वृ. १–२, पृ. ५)। १०. प्रकीर्णकाः पौर-जनपदसमानाः। (त. वृत्ति श्रुत. ४–४)।

१ देवों में जो पुरवासी और जनपद निवासी मनुष्यों के समान हुआ करते हैं वे प्रकीर्ण या प्रकीर्णक देव कहलाते हैं। ६ जिस प्रकार समुद्र बिखरे हुए रत्नों का कारण है उसी प्रकार जो काव्य विविध प्रकार

के सूक्तिरूप रत्नों की रचना का कारण है उसे प्रकीर्णक कहा जाता है।

प्रकृति—१. प्रकृतिशब्देन स्वभावो भेदश्चाभिधीयते। (उत्तरा. चू. पृ. २७७)। २. प्रक्रियते अज्ञानादिकं फलमनया आत्मन इति प्रकृतिशब्दव्युत्पत्तेः। (धव. पु. १२, पृ. ३०३); पयडी सील सहावो इच्चेयट्ठो। (धव. पु. १२, पृ. ४७८); प्रकृतिः स्वभावः शीलमित्यनर्थान्तरम्। (धव. पु. १३, पृ. १९७)। ३. प्रकृतिर्मौलं कारणं मृदिव घटादिभेदानामेकरूपपुद्गलग्रहणम्, अतः प्रक्रियन्तेऽस्य सकाशादिति अकर्तरीत्यनुवृत्तेरपादानसाधना प्रकृतिः। स्वभाववचनो वा प्रकृतिशब्दः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८-४)। ४. पयडी सील सहावो × × ×। (गो. क. २)। ५. प्रकृतिस्तु स्वभावः स्यात् ज्ञानावृत्यादिरष्टधा॥ (योगशा. स्वो. विव. १-१६, ६०, पृ. ११४)। ६. इदमुक्तं भवति—प्रकृतिर्नाम ज्ञानावारकत्वादिलक्षणः स्वभावः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ३३)। ७. प्रीत्यप्रीति-विषादात्मकानां लाघवोपष्टम्भ-गौरवधर्माणां परस्परोपकारिणां त्रयाणां गुणानां सत्त्व-रजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः। (स्याद्वादम. १५, पृ. १८४)। ८. पयइ सहावो वुत्तो × × ×। (नवत. ३७)।

१ प्रकृति का अर्थ स्वभाव अथवा भेद होता है। २ प्रकृति, शील और स्वभाव ये समानार्थक शब्द हैं। जो आत्मा के अज्ञानादि रूप फल को उत्पन्न करती है उसे प्रकृति कहते हैं। वह मूल में ज्ञानावरणादि के भेद से आठ प्रकार की है। ७ सत्त्व रज और तम इन तीन गुणों की समता का नाम प्रकृति (सांख्याभिमत) है। क्रमशः लाघव, उपष्टम्भ और गौरव धर्म वाले उक्त तीनों गुण प्रीति, अप्रीति और विषाद स्वरूप होते हुए परस्पर के उपकारक हैं।

प्रकृतिपतद्ग्रह—१. यस्यां प्रकृतौ जीवस्तत्स्वभावेन परिणमयति सो प्रकृतिः पगतीए संकममाणाए पडिग्गहो वुच्चति। (कर्मप्र. चू. सं. क. २)। २. यस्यां प्रकृतौ आधारभूतायां तत्प्रकृत्यन्तरस्थं दलिकं परिणमयति—आधारभूतप्रकृतिरूपतामापादयति—एषा प्रकृतिराधारभूता पतद्ग्रह इव पतद्ग्रहः, संक्रम्यमाणप्रकृत्याधार इत्यर्थः। (कर्मप्र. मलय. वृ. सं. क. २)। ३. तत्र यदा एका प्रकृतिरेकस्यां प्रकृतौ संक्रामति, यथा सातमसाते असातं वा साते, तदा या संक्रामति सा प्रकृतिसंक्रमः, यस्यां तु संक्रामति सा प्रकृतिपतद्ग्रहः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

१ जीव जिस प्रकृति में विवक्षित कर्मप्रकृति के प्रदेशों को तत्स्वरूप से परिणमाता है उस आधारभूत प्रकृति को प्रकृतिपतद्ग्रह कहा जाता है।

प्रकृतिबन्ध—१. अविसेसियरसपगईउ पगइबंधो मुणेयव्वो। (कर्मप्र. १-२४, पृ. ६६)। २. प्रकृतिः स्वभावः। × × × तदेवंलक्षणं (अर्थानवगमादिरूपं) कार्यं प्रक्रियते प्रभवत्यस्या इति प्रकृतिः। (स. सि. ८-३; त. वा. ८, ३, ४)। ३. यथोक्तप्रत्ययसद्भावे सति पुद्गलादानं प्रकृतिबन्धः। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-४)। ४. प्रकृतिबन्धो ज्ञानावरणादिप्रकृतिरूपः। (श्रा. प्र. टी. ८०)। ५. प्रकृतिः स्यात् स्वभावोऽत्र निम्बादेस्तिक्ततादिवत्। कर्मणामिह सर्वेषां यथास्वं नियता स्थिता॥ (ह. पु. ५८-२०४)। ६. प्रकृतिः स्वभाव इत्यनर्थान्तरम्। × × × बन्धव्यानि च कर्माणि प्रकृत्यावस्थितानि प्रकृतिबन्धव्यपदेशं लभन्ते। (त. श्लो. ८-३)। ७. बन्धो नाम यदात्मा राग-द्वेष-स्नेहलेशावलीढसकलात्मप्रदेशो भवति तदा येष्वेवाकाशप्रदेशेष्ववगाढस्तेष्वेवावस्थितान् कार्मणविग्रहयोग्याननेकरूपान् पुद्गलान् स्कन्धीभूतानाहारवदात्मनि परिणामयति सम्बन्धयतीति स्वात्मा ततस्तानध्यवसायविशेषाज्ज्ञानादीनां गुणानामात्मावरणतया विभजते हंसः क्षीरोदके यथा, यथा वा आहारकाले परिणतिविशेषक्रमवशादाहर्ता रस-खलतया परिणतिमानयत्यनाभोगवीर्यसामर्थ्यात्, एवमिहाप्यध्यवसायविशेषात् किञ्चिद् ज्ञानावरणीयतया किञ्चिद् दर्शनाच्छादकत्वेनापरं सुख-दुःखानुभवयोग्यतया परं च दर्शन-चरणव्यामोहकारितयाऽन्यन्नारक-तिर्यङ्मनुष्यामरायुष्केनान्यद् गतिशरीराद्याकारेणापरमुच्च-नीचगोत्रानुभावेनाऽन्यद् दानाद्यन्तरायकारितया व्यवस्थापयति। एषः प्रकृतिबन्धः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १-३, पृ. ३८)। ८. × × × तस्समुदाओ पगतिबंधो। (पंचसं. बं. क. ४०); तेषां त्रयाणामपि स्थित्यनुभाग-प्रदेशबन्धानां यः समुदायः स प्रकृतिबन्धः। (पंचसं. स्वो. वृ. बं. क. ४०)। ९. प्रकृतयः कर्मणोंऽशा भेदाः ज्ञानावरणीयादयोऽष्टौ, तासां बन्धः प्रतिबन्धः। (समवा. अभय. वृ. ४)। १०. कर्मणः

प्रकृतयः अंशा भेदाः ज्ञानावरणीयादयोऽष्टौ, तासां प्रकृतेर्वा अविशेषितस्य कर्मणो बन्धः प्रकृतिबन्धः। (स्थाना. अभय. वृ. ४, २, २९६)। ११. कार्मण-वर्गणागतपुद्गलानां ज्ञानावरणादिभावेन परिणामः प्रकृतिबन्धः। (मूला. वृ. ५-४७); प्रकृतिर्ज्ञाना-वरणादिस्वरूपेण पुद्गलपरिणामः। (मूला. वृ. १२-३)। १२. ज्ञानावरणाद्यष्टकर्मणां तत्तद्योग्य-पुद्गलद्रव्यस्वीकारः प्रकृतिबन्धः। (नि. सा. वृ. १-४०)। १३. रसः स्नेहोऽनुभाग इत्येकार्थः, तस्य प्रकृतिः स्वभावः, अविशेषिताऽविवक्षिता रसप्रकृतिः, उपलक्षणत्वात् स्थित्यादयोऽपि यस्मिन्नविवक्षिताः स बन्धोऽविशेषितरसप्रकृतिः प्रकृतिबन्धो ज्ञातव्यः। (कर्मप्र. मलय. वृ. १-२४, पृ. ६६)। १४. ज्ञानावरणाद्यात्मा प्रकृतिः × × ×। (अन. ध. २-३९)। १५. यः पुनस्तत्समु-दायः—स्थित्यनुभाग-प्रदेशसमुदायः— स प्रकृति-बन्धः। (पंचसं. मलय. वृ. बं. क. ४०; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. २; शतक. दे. स्वो. वृ. २१)। १६. प्रकृतिः समुदायः स्यात् × × ×। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. २, उद्.; शतक. दे. स्वो. वृ. २१ उद्.)। १७. प्र-कृतिस्तत्स्वभावात्मा × × ×। (पञ्चाध्यायी २-९३३)।

१ तीव्र-मन्द अथवा शुभाशुभरूप विशेषता से रहित रस की प्रकृति—अनुभाग के स्वभाव को—प्रकृति-बन्ध कहते हैं। ५ प्रकृति नाम स्वभाव का है, जैसे नीम की प्रकृति तिक्तता अथवा गुड़ की प्रकृति मधुरता। इस प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मों की जो ज्ञानादि के आवरणरूप प्रकृति है उसे प्रकृतिबन्ध कहा जाता है।

प्रकृतिमरण—एवमेकस्यायुष्कर्मण एकैव प्रकृति-रुदेत्येकस्यात्मनस्तस्मादेकैकायुष्कप्रकृतिगलनरूपमिव मृतिमुपैति। तदेतत्प्रकृतिमरणम्। (भ. आ. विजयो. २५, पृ. ८६)।

एक जीव के एक ही आयुकर्म की प्रकृति उदय को प्राप्त होती है। इसी से जीव एक आयुकर्म की प्रकृति के गलनेरूप मृत्यु को प्राप्त होता है। यही प्रकृतिमरण है।

प्रकृतिमोक्ष—जा पयडी णिज्जरिज्जदि अण्ण-पयडिं वा संकामिज्जदि एसो पयडिमोक्खो णाम। (धव. पु. १६, पृ. ३३७)।

जो प्रकृति निर्जीर्ण होती है अथवा अन्य प्रकृतिरूप परिणत होती है, इसका नाम प्रकृतिमोक्ष है।

प्रकृतिसंक्रम—१. जा पयडी अण्णपयडिं णिज्जदि एसो पयडिसंकमो। (धव. पु. १६, पृ. ३४०)। २. एकस्यां प्रकृतावेका संक्रामति यदा तदा प्रकृति-संक्रमः प्रकृतिप्रतिग्रहता चेति। (पंचसं. च. स्वो. वृ. सं. क. ४)। ३. यां प्रकृतिं बध्नाति जीवः तद-नुभावेन प्रकृत्यन्तरस्थं दलिकं वीर्यविशेषेण यत्परि-णमयति स सङ्क्रमः। (स्थाना. अभय. वृ. ४, २, २९६)। ४. तत्र यदा एका प्रतिरेकस्यां प्रकृतौ संक्रामति यथा सातमसाते, असातं वा साते, तदा या संक्रामति सा प्रकृतिसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४); पतद्ग्रहरूपतापादनं प्रकृतिसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ३३)।

१ जो प्रकृति अन्य प्रकृतिरूपता को प्राप्त करायी जाती है, यह प्रकृतिसंक्रम कहलाता है। ४ जब एक प्रकृति अन्य एक प्रकृति में संक्रमण को प्राप्त होती है—जैसे साता असाता में अथवा असाता साता में, इत्यादि—तब जो संक्रान्त होती है उसे प्रकृतिसंक्रम कहा जाता है।

प्रकृतिस्थान— द्वि-आदीनां प्रकृतीनां समुदायः प्रकृतिस्थानम्। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

दो तीन आदि प्रकृतियों के समुदाय को प्रकृति-स्थान कहते हैं।

प्रकृतिस्थानपतद्ग्रह—यदा तु प्रभूतासु प्रकृतिस्वे-का संक्रामति, यथा मिथ्यात्वं सम्यक्त्व-सम्यग्मिथ्या-त्वयोः, तदा प्रकृतिस्थानपतद्ग्रहः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

जब बहुत सी प्रकृतियों में एक प्रकृति संक्रमण को प्राप्त होती है, जैसे सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व में एक मिथ्यात्व प्रकृति, तब वह प्रकृतिस्थानपतद्ग्रह कहलाता है।

प्रकृतिस्थानसंक्रम—तत्र यदा प्रभूता प्रकृतय एकस्यां संक्रामन्ति, यथा यशःकीर्तावेकस्यां शेषा नामप्रकृतयः, तदा प्रकृतिस्थानसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

जब एक प्रकृति में बहुत सी प्रकृतियां संक्रमण को प्राप्त होती हैं, जैसे एक यशःकीर्ति में शेष नाम कर्मप्रकृतियां, तब वह प्रकृतिस्थानसंक्रम कह-लाता है।

प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम—१. यत्पुनः सङ्क्रमप्रकृतिस्थितिसमयस्था कर्मपरमाणवः प्रतिग्रहप्रकृती सङ्क्रमप्रकृतितुल्यासु स्थितिपु नीत्वा निवेश्यन्त इत्येषः प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रमः। (पंचसं. स्वो. वृ. सं, क. ३५, पृ. १५४)। २. विवक्षितायाः प्रकृतेः समाकृष्य प्रकृत्यन्तरे नीत्वा निवेशनं प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ५२)।

१ संक्रमप्रकृति सम्बन्धी स्थिति के समयों में अवस्थित कर्मपरमाणुओं को प्रतिग्रहप्रकृति में संक्रमप्रकृति की समान स्थितियों में ले जाकर जो रखा जाता है, इसका नाम प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम है। २ विवक्षित प्रकृति के रस को उससे खींचकर व अन्य प्रकृति में ले जाकर रखना, इसका नाम प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम है।

प्रकृत्यर्थता—पयडी सीलं सहावो इच्चेयट्ठो। अट्ठो पयोजणं, तस्स भावो अट्ठदा, पयडीए अट्ठदा पयडिअट्ठदा। (धव. पु. १२, पृ. ४७८)।

प्रकृति, शील और स्वभाव ये समानार्थक शब्द हैं। अर्थ से प्रयोजन का अभिप्राय रहा है। इस प्रकार प्रकृति की अर्थता को प्रकृत्यर्थता कहते हैं।

प्रक्षेपक—यत्पुनर्मुखे प्रवेशनं स प्रक्षेपकः। (बृहत्क. क्षे. वृ. ९८)।

लटकते हुए पत्र-पुष्पादि के मुख में रखने का नाम प्रक्षेपक है।

प्रक्षेपाहार—१. पक्खेवाहारो पुण कावलिओ होइ नायव्वो। (सूत्रकृ. नि. २, ३, १७१; बृहत्सं. १९७)। २. प्रक्षेपाहारस्तु कावलिकः। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ५–२०)। ३. प्रक्षेपाहारः ओदनादिकवल-पानाभ्यवहारलक्षणः। (त. भा. सिद्ध. वृ. २–३१)। ४. प्रक्षेपेण कवलादेराहारः प्रक्षेपाहारः, प्रक्षेपाहारस्तु कावलिकः, कवलप्रक्षेपनिष्पादित इति ज्ञातव्यो भवति। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. २, ३, १७०)। ५. प्रक्षिप्यतेऽर्थात् मुखे इति प्रक्षेपः, स चासावाहारश्च प्रक्षेपाहारः, ××× कावलिकमुखप्रक्षेपाहारः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८–३०६)। ६. प्रक्षेपाहारः पुनः कावलिको मुखे कवलप्रक्षेपरूपो भवति ज्ञातव्यः। (बृहत्सं. मलय. वृ. १९७)। ७. यः पुनराहारः कावलिकः कवलैर्निष्पन्नो भवति, स मुखे कवलादेः प्रक्षेपात् प्रक्षेपाहारो ज्ञातव्यः। (संग्रहणी दे. वृ. १४०)।

१ कवल या ग्रासरूप आहार को प्रक्षेपाहार कहा जाता है, कारण कि उसे उठाकर मुख में रखना पड़ता है।

प्रचला—१. या क्रिया आत्मानं प्रचलयति सा प्रचला शोक-श्रम-मदादिप्रभवा आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिका। (स. सि. ८–७)। २. पयला होइ ठियस्सा ××× ॥ (बृहत्क. २४००)। ३. किंचिदुन्मिपितो जीवः स्वपित्येव मुहुर्मुहः। ईषदीषद्विजानाति प्रचलालक्षणं हि तत्॥ (वरांगच. ४–५४)। ४. प्रचलयत्यात्मानमिति प्रचला। या क्रिया आत्मानं प्रचलयति सा प्रचलेत्युच्यते। ××× सा पुनः शोक-श्रम-मदादिप्रभवा विनिवृत्तेन्द्रियव्यापारस्यान्तःप्रीतिलवमात्रहेतुः आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिता। (त. वा. ८, ७, ४)। ५. पयलाए तिव्वोदएण वालुवाए भरियाइं व लोयणाइं होंति, गरुवभारोड्ढव्वं व सीसं होदि, पुणो पुणो लोयणाइं उम्मिल्ल-णिमिल्लणं कुणंति, णिद्दाभरेण पडंतो लहु अप्पाणं साहारेदि, मणा मणा कंपदि, सचेयणो सुवदि। (धव. पु. ६, पृ. ३२); जिस्से पयडीए उदएण अद्धसुत्तस्स सीसं मणा मणा चलदि सा पयला णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५४)। ६. श्रमादिप्रभवात्मानं प्रचला प्रचलयत्यलम्। (ह. पु. ५८–२२८)। ७. या स्थितस्याप्येति प्रतिबोधविघातेन सा प्रचला। (पंचसं. च. स्वो. वृ. ३–४, पृ. ११०)। ८. उपविष्टः ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति विघूर्णयत्यस्यां स्वापावस्थायामिति प्रचला। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८)। ९. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति घूर्णते यस्यां स्वापावस्थायां सा प्रचला। तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (पंचसं. मलय. वृ. ३–४, पृ. ११०; सप्तति. मलय. वृ. ६)। १०. तथा उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलयति घूर्णयति यस्यां स्वापावस्थायां सा प्रचला, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६७)। ११. ऊर्ध्वस्थितस्यापि या पुनश्चैतन्यमस्फुटीकुर्वती समुपजायते निद्रा सा प्रचला। (जीवाजी. मलय. वृ. ८९)। १२. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति यस्यां स्वापावस्थायां सा प्रचला, सा हि उपविष्टस्य ऊर्ध्वस्थितस्य वा स्वप्तुर्भवति। (धर्मसं. मलय. वृ. ६१०)। १३. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलत्यस्यां स्वप्ता स्वापाव-

स्थायामिति प्रचला, सा ह्युपविष्टस्योर्ध्वस्थितस्य वा घूर्णमानस्य स्वप्तुर्भवति, तथाविधविपाकवेद्या कर्मप्रकृतिः प्रचलेति तथैव। (कर्मस्त. गो. वृ. ६, पृ. ८३)। १४. या क्रियात्मानं प्रचलयति घूर्णयति सा प्रचला, प्रचलाख्यदर्शनावरणकर्मविशेषविपाकवशस्य जीवस्यासीनस्यापि शोक-श्रम-मदादिप्रभवो नेत्र-गात्रविक्रियासूचितः स्वापपरिणामः। (भ. आ. मूला. २०६४)। १५. पयला ठिओवविट्ठस्स ×× ×॥ (कर्मवि. दे. ११); प्रचलति विघूर्णते यस्यां स्वापावस्थायां प्राणी सा प्रचला, सा च स्थितस्योर्ध्वस्थानेन उपविष्टस्य आसीनस्य भवति, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ११)। १६. स्थितो नाम उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा, तस्य या स्वापावस्था सा प्रचला। (बृहत्क. क्षे. वृ. २४००)। १७. यदुदयात् या क्रिया आत्मानं प्रचलयति तत्प्रचलादर्शनावरणमिति। (गो. क. जी. प्र. ३३)। १८. यत्कर्म आत्मानं प्रचलयति सा प्रचलेत्युच्यते। प्रचलावान् पुमान् उपविष्टोऽपि स्वपिति, शोक-श्रम-मद-खेदादिभिः प्रचला उत्पद्यते, सा नेत्र-गात्रविक्रियाभिः सूच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ८-७)। १९. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति घूर्णते यस्यां स्वापावस्थायां सा प्रचला। (कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ४)।

१ जो क्रिया जीव को चलायमान करती है, उसे प्रचला (निद्राविशेष) कहा जाता है। वह शोक, थकावट एवं मद आदि से उत्पन्न होती हुई बैठे हुए जीव के भी आ जाती है तथा नेत्र व शरीर के विकार की सूचक है या उनके द्वारा सूचित होती है। ५ प्रचला के तीव्र उदय से नेत्र वालु से भरे हुए के समान प्रतीत होते हैं, शिर भारी बोझ से आक्रान्त सा हो जाता है, नेत्र बार-बार खुलते और मिचते हैं तथा नींद के भार से गिरते हुए अपने को संभाल लेता है। ७ बैठे-बैठे या खड़े-खड़े भी जो विशेष जाति की नींद आकर बोध का विघात करती है वह प्रचला कहलाती है।

प्रचला-प्रचला—१. सैव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचला। (स. सि. ८-७)। २. ××× पयलापयला य (कर्मवि. 'उ') चंकमओ॥ (बृहत्क. २४००; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ११)। ३. स्यन्दते मुखतो लाला तनुं चालयते मुहुः। शिरो नमयतेऽत्यर्थं प्रचलाप्रचलाक्रमः॥ (वरांगच. ४-५१)। ४. पौनःपुन्येन संवाहिता वृत्तिः प्रचलाप्रचला। सैव प्रचला पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचलेत्युच्यते। (त. वा. ८, ७, ५)। ५. पयलापयलाए तिव्वोदएण वइट्ठओ वा उब्भवो वा मुहेण गलमाणलालो पुणो पुणो कंपमाणसरीर-सिरो णिब्भरं सुवदि। (धव. पु. ६, पृ. ३१-३२); जिस्से उदएण ट्ठियो णिसण्णो वा सोवदि, गहगहियो व सीसं धुणदि, वायाहयलया व चदुसु वि दिसासु लोट्टदि सा पयलापयला णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५४)। ६. सा (प्रचला) पुनः पुनरावृत्ता प्रचलाप्रचलाभिधा। (ह. पु. ५८-२२८)। ७. एवं या भ्रमतोऽप्येति सा प्रचलाप्रचला। (पंचसं. स्वो. वृ. ३-४)। ८. प्रचलातिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, सा हि चंक्रमणादि कुर्वतः स्वप्तुर्भवति इति। स्थानस्थितस्वप्तृप्रभवां प्रचलामपेक्ष्यास्या अतिशायिनीत्वम्, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचलाप्रचला। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८, पृ. ४५; कर्मस्त. गो. वृ. ६, पृ. ८३)। ९. प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचलाप्रचला ××× सा हि चंक्रमणादिकमपि कुर्वतः उदयमधिगच्छति, ततः स्थानस्थितस्वप्तृप्रभवप्रचलापेक्षया तस्या अतिशायिनीत्वम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६७)। १०. प्रचलातोऽभिहितस्वरूपाया अतिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, सा पुनरध्वानमपि गच्छतो भवति। (धर्मसं. मलय. वृ. ६१०)। ११. तथा प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, ××× एषा हि चंक्रमणमपि कुर्वत उपतिष्ठते (पंचसं. 'उदयमधिगच्छति') तथा स्थानस्थितस्वप्तृभवप्रचलापेक्षया अस्या अतिशायिनीत्वम्, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचलाप्रचला। (सप्तति. मलय. वृ. ६; पंचसं. मलय. वृ. ३-४, पृ. ११०; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ११, पृ. २८)। १२. या तु चंक्रमतः गतिपरिणतस्य निद्रा सा प्रचलाप्रचला। (बृहत्क. क्षे. वृ. २४००)। १३. प्रचलेव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचला चंक्रमणस्यापि आत्मनः प्रचलाप्रचलाख्यदर्शनावरणकर्मविकल्पविपाकवशाज्जायते। (भ. आ. मूला. २०६४)। १४. यदुदयात् या क्रिया आत्मानं पुनः पुनः प्रचलयति तत्प्रचलाप्रचलादर्शनावरणम्। शोक-श्रम-मदादिप्रभवा आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिका, सैव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचला-

प्रचलेत्यर्थः । (गो. क. जी. प्र. ३३) । १५. प्रचलावान् पुमान् उपविष्टोऽपि स्वपिति शोक-श्रम-मद-स्वेदादिभिः प्रचला उत्पद्यते, सा नेत्र-गात्रविक्रियाभिः सूच्यते, प्रचलैव पुनः पुनरागच्छन्तीति प्रचलाप्रचला। (त. वृत्ति श्रुत. ८-७) । १६. प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचलाप्रचला, इयं हि चंक्रमणादिकुर्वतोऽप्युदयमागच्छतीति प्रचलातोऽस्या अतिशायिनीत्वम् । (कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ४) ।

१ बार बार प्रचला के आवर्तन का नाम प्रचलाप्रचला है। २ चलते चलते भी जो विशेष जाति की निद्रा आती है उसे प्रचलाप्रचला कहते हैं ।

प्रच्छना—देखो पृच्छना । १. संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा परानुयोगः प्रच्छना । (स. सि. ९-२५) । २. सन्देहनिवृत्तये निश्चितबलाधानाय वा सूत्रार्थविषयः प्रश्नः । (भ. आ. विजयो. १०४); प्रश्नो हि ग्रन्थेऽर्थे वा संशयच्छेदाय इत्थमेवैतदिति निश्चितार्थबलाधानाय वा पृच्छनम् । (भ. आ. विजयो. १३९) । ३. तत्संशयापनोदाय तन्निश्चयबलाय वा । परं प्रत्यनुयोगाय प्रच्छनां तद्विदुर्जिनाः ॥ (त. सा. ७-१८) । ४. प्रच्छना संशयोच्छित्त्यै प्रश्नः सप्रश्रयो मुनेः । स्वोन्नत्याख्यापनार्थं वा प्रहासोद्धर्पवर्जितः ॥ (आचा. सा. ४, ९०) । ५. प्रच्छनं ग्रन्थार्थयोः सन्देहच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा परानुयोगः । (योगशा. स्वो. विव. ४-९०) । ६. प्रच्छनं संशयोच्छित्त्यै निश्चितद्रढनाय वा । प्रश्नोऽधीतिप्रवृत्त्यर्थत्वादधीतिरसावपि । (अन. ध. ७-८४) । ७. संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा ग्रन्थार्थोभयस्य परं प्रत्यनुयोगः आत्मोन्नतिपरातिसन्धानोपहासादिवर्जितः प्रच्छना । (भावप्रा. टी. ७८) ।

१ संशय के दूर करने तथा निश्चित अर्थ के दृढ़ करने के लिए जो दूसरे विद्वान् से प्रश्न किया जाता है, इसे प्रच्छन या प्रच्छना कहा जाता है ।

प्रच्छन्नदोष—१. इय पच्छण्णं पुच्छिय साधू जो कुणइ अप्पणो सुद्धिं । तो सो जिणेहिं वुत्तो छट्ठो आलोयणादोसो ॥ (भ. आ. ५८६) । २. प्रच्छन्नं व्याजेन दोषकथनं कृत्वा स्वतः प्रायश्चित्तं यः करोति तस्य षष्ठं प्रच्छन्नं नामालोचनदोषजातं भवति । (मूला. वृ. ११-१५) ।

१ जो साधु गुप्तरूप से पूछ कर अपने अपराध की शुद्धि करता है उसके आलोचना का छठा दोष उत्पन्न होता है ।

प्रजननपुरुष—प्रजन्यतेऽपत्यं येन तत्प्रजननं शिश्नं लिङ्गम्, तत्प्रधानः पुरुषः, अपरपुरुषकार्यरहितत्वात् प्रजननपुरुषः । (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १, ४, ५५, पृ. १०३) ।

जिसके द्वारा सन्तान उत्पन्न की जाती है उस पुरुषेन्द्रिय का नाम प्रजनन है, प्रजनन की प्रधानता वाले पुरुष को प्रजननपुरुष कहा जाता है । अभिप्राय यह है कि जो पुरुषोचित अन्य कार्य को न करके केवल सन्तान को उत्पन्न करता है उसे प्रजननपुरुष समझना चाहिए ।

प्रज्ञा—देखो प्रज्ञापरीषह । १. प्रज्ञायते अनया प्रज्ञा, प्रगता ज्ञा प्रज्ञा । (उत्तरा. चू. २, पृ. ८२) । २. प्रज्ञानं प्रज्ञा, विशिष्टतरक्षयोपशमाहितप्रभूतवस्तुगतयथावस्थितधर्मालोचनरूपा मतिरेव । (विशेषा. को. वृ. ३९७, पृ. १५३) । ३. प्रज्ञानं प्रज्ञा विशिष्टक्षयोपशमजन्या, प्रभूतवस्तुगतयथावस्थितधर्मालोचनरूपा मतिरित्यर्थः । (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. १२) । ४. अदिट्ठ-अस्सुदेसु अट्ठेसु णाणुप्पायणजोगत्तं पण्णा णाम । × × × णाणहेदुजीवसत्ती गुरूवएसणिरवेक्खा पण्णा णाम । (धव. पु. ९, पृ. ८३-८४) । ५. ऊहापोहात्मिका प्रज्ञा । (अन. ध. ३-३) ।

१ जिसके द्वारा जाना जाता है उसे अथवा प्रकर्षप्राप्त ज्ञान को प्रज्ञा कहते हैं । २ विशिष्ट क्षयोपशम के आश्रय से प्रचुर वस्तुगत यथावस्थित धर्मों के आलोचनरूप जो बुद्धि उत्पन्न होती है उसका नाम प्रज्ञा है । ४ नहीं देखे-सुने गये पदार्थों के विषय में जो ज्ञान के उत्पादन की योग्यता होती है उसे प्रज्ञा कहा जाता है ।

प्रज्ञापक—चारित्रस्य प्रवर्तकः प्रज्ञापक उच्यते । (व्यव. मलय. वृ. १०-३४६) ।

चारित्र के प्रवर्तक को प्रज्ञापक कहा जाता है ।

प्रज्ञापना—देखो प्रज्ञापनी । १. जीवादीनां प्रज्ञापनं प्रज्ञापना । (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ९०) । २. प्रकर्षेण निःशेषकुतीर्थितीर्थकरासाध्येन यथावस्थितस्वरूपनिरूपणलक्षणेन, ज्ञाप्यन्ते—शिष्यबुद्धावारोप्यन्ते, जीवादयः पदार्था अनयेति प्रज्ञापना, इयं च समवायाख्यस्य चतुर्थांगस्योपांगम् । (प्रज्ञाप.

मलय. वृ. पृ. १); प्रज्ञाप्यन्ते प्ररूप्यन्ते जीवादयो भावा अनया शब्दसंहत्या इति प्रज्ञापना। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. गा. २)।

१ जीवादि पदार्थों के ज्ञापन कराने को प्रज्ञापना कहते हैं। २ यथावस्थित वस्तुस्वरूप के निरूपक जिस श्रुत के द्वारा जीवादि पदार्थों को शिष्य की बुद्धि में आरोपित किया जाता है उसका नाम प्रज्ञापना है। वह समवायांग नामक चौथे अंग का उपांग माना जाता है।

प्रज्ञापनी भाषा—१. पण्णवणी नाम धम्मकहा। सा बहूनिर्दिश्य प्रवृत्ता केश्चिन्मनसि करणमितरैरकरणं चापेक्ष्य [करणा-] करणत्वाद् द्विरूपा। (भ. आ. विजयो. ११९५)। २. मत्पृष्टं यत्तदादेश्यमिति प्रज्ञापना गुरौ। (आचा. सा. ५-८८)। ३. प्रज्ञापनी यथा तवं किंचित् कथयिष्यामि। (भ. आ. मूला. ११९५)। ४. प्रज्ञापनी विनीतविनयस्य विनेयजनस्योपदेशदानम्, यथा प्राणिवधान्निवृत्ता भवन्ति, भवन्ति भवान्तरे प्राणिनो दीर्घायुष इत्यादि। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २२५)।

१ धर्म की जो चर्चा की जाती है उसका नाम प्रज्ञापनी भाषा है। उसकी प्रवृत्ति बहुतों को लक्ष्य करके होती है, जिनमें से कितने ही मन में उसका निर्धारण करते हैं और कितने नहीं भी करते हैं। इससे उक्त भाषा के दो रूप हो जाते हैं। २ जो मैंने पूछा है उसके विषय में आदेश दीजिये, इस प्रकार गुरु से विज्ञापन करने का नाम प्रज्ञापनी भाषा है। ४ विनम्र शिष्य जन के लिए जो उपदेश दिया जाता है उसे प्रज्ञापनी भाषा कहा जाता है। जैसे—जो प्राणिहिंसा से निवृत्त होते हैं वे अगले जन्म में दीर्घायु होते हैं।

प्रज्ञापरीषह—देखो प्रज्ञा व प्रज्ञापरीषहजय। प्रज्ञापरीषहो नाम सो[यो]हि सति प्रज्ञाने तेण गव्वितो भवति तस्य प्रज्ञापरीषहः। प्रतिपक्षे ण प्रज्ञापरीषहो भवति। (उत्तरा. चू. २, पृ. ८२)।

विशिष्ट ज्ञान के होने पर जो उससे गर्व को प्राप्त होता है उसके प्रज्ञापरीषह होती है, इसके विपरीत जो उसका गर्व नहीं करता है उसके वह नहीं होती है।

प्रज्ञापरीषहजय—देखो प्रज्ञापरीषह। १. अङ्ग-पूर्व-प्रकीर्णकविशारदस्य शब्द-न्यायाध्यात्मनिपुणस्य मम पुरस्तादितरे भास्करप्रभाभिभूतखद्योतोद्योतवन्नितरां नावभासन्त इति विज्ञानमदनिरासः प्रज्ञापरीषहजयः प्रत्येतव्यः। (स. सि. ९-९)। २. प्रज्ञाप्रकर्षावलेपनिरासः प्रज्ञाविजयः। अङ्ग-पूर्व-प्रकीर्णकविशारदस्य कृत्स्नग्रन्थार्थावधारिणोऽनुत्तरवादिनस्त्रिकालविषयार्थविदः शब्द-न्यायाध्यात्मनिपुणस्य मम पुरस्तादितरे भास्करप्रभाभिभूतोद्योतखद्योतवन्नितरामवभासन्त इति विज्ञानमदनिरासः प्रज्ञापरीषहजयः प्रत्येतव्यः। (त. वा. ९, ९, २९; चा. सा. पृ. ५९)। ३. अजानन् वस्तु जिज्ञासुर्न मुह्येत् कर्मदोषवित्। ज्ञानिनां ज्ञानमुद्वीक्ष्य तथैवेत्यन्यथा न तु॥ (आव. नि. हरि. वृ. ९१८, पृ. ४०३, उद्. २०)। ४. प्रज्ञोत्कर्षाप[व]लेपनिरासः प्रज्ञाविजयः। (त. श्लो. ९-९)। ५. प्रज्ञायतेऽनयेति प्रज्ञा बुद्धयतिशयः, तत्प्राप्तौ न गर्वमुद्वहत इति प्रज्ञापरीषजयः। प्रज्ञाप्रतिपक्षेणाल्पबुद्धिकत्वेन परीषहो भवति—नाहं किञ्चिज्जाने मूर्खोऽहं सर्वपरिभूत इत्येवं परितापमुपागतस्य परीषहः, तदकरणात् कर्मविपाकोऽयमिति परीषहजयः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९-९)। ६. प्रत्यक्षाऽऽक्रमविश्ववस्तुविषयज्ञानात्मनः स्वात्मनो गर्वः सर्वमतश्रुतज्ञ इति यः प्राप्ते परोक्षे श्रुते। सर्वस्मिन्नपि नो तनोति हृदये लज्जां स किं तामिति, प्रज्ञोत्कर्षमदापनोदनपरः प्रज्ञातिजित्तत्त्ववित्॥ (आचा. सा. ७-१८)। ७. अङ्गोपाङ्ग-पूर्व-प्रकीर्णकविशारदस्य शब्द-तर्काध्यात्मनिपुणस्य मम पुरस्तादन्ये सर्वेऽपि भास्करस्य पुरः खद्योता इव निष्प्रभा इति ज्ञानानन्दस्य[ज्ञानमदस्य]यन्निरसनं स प्रज्ञापरीषहजयः। (पंचसं. मलय. वृ. ४-२२, पृ. १८९)। ८. विद्याः समस्ता यदुपज्ञमस्ताः प्रवादिनो भूपसभेषु येन। प्रज्ञोर्मिजित्सोऽस्तु मदेन विप्रो गरुत्मता यद्वदवाध्यमानः॥ (अन. ध. ६-१०८)। ९. अङ्गपूर्वप्रकीर्णकविशारदस्य अनुत्तरवादिनो मम पुरस्तादितरे भास्करप्रभाभिभूतोद्योतखद्योतवन्नितरामवभासन्त इति ज्ञानमदनिरासः प्रज्ञापरीषहजयः। (आरा. सा. टी. ४०)।

१ मैं अंग, पूर्व और प्रकीर्णक ग्रन्थों के रहस्य को जानता हूं तथा व्याकरण, न्याय और अध्यात्मशास्त्र में भी प्रवीण हूं; मेरे सामने दूसरे विद्वान् इस प्रकार से निःश्रीक हैं जिस प्रकार कि सूर्य के प्रकाश के आगे जुगनूं; इस प्रकार के ज्ञानविषयक

अभिमान को उत्पन्न न होने देना, इसका नाम प्रज्ञापरीषहजय है। ३ जो ज्ञान का अभिलाषी होकर भी उसके प्राप्त न होने पर मोह को प्राप्त होता हुआ खिन्न नहीं होता, किन्तु कर्म का दोष समझता है; ऐसा साधु प्रज्ञापरीषहविजयी होता है।

प्रज्ञापारमित—ते खलु प्रज्ञापारमिताः पुरुषा ये कुर्वन्ति परेषां प्रतिबोधनम्। (नीतिवा. १७-६६)। दूसरों को प्रतिबोधित करने वाले पुरुषों को प्रज्ञापारमित कहते हैं।

प्रज्ञाभावच्छेदना—मदि-सुद-ओहि-मणपज्जय-केवलणाणेहि छद्दव्वावगमो पण्णभावच्छेदणा णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४३६)।

महाराज—१. रायाण जो सहस्सं पालइ सो होदि महाराजो। (ति. प. १–४५)। २. राजसहस्राधिपतिः प्रतीयतेऽसौ महाराजः॥ (धव. पु. १, पृ. ५७ उद्.)। ३. सहस्रराजस्वामी महाराजः। (त्रि. सा. टी. ६८४)।

१ जो एक हजार राजाओं का परिपालन करता है—वह महाराज कहलाता है।

महार्थत्व — महार्थत्वं परिपुष्टार्थाभिधायिता। (रायप. मलय. वृ. पृ. २७)।

परिपुष्ट अर्थ के कथन से युक्त होना, इसका नाम महार्थत्व है। यह ३५ वचनातिशयों में आठवां है।

महालता—चतुरशीतिर्लताशतसहस्राण्येका महालता। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६४)।

चौरासी लाख लताओं का एक महालता काल कहलाता है।

महावाक्य—वाक्यान्येव विशिष्टतरैकार्थचालितार्थप्रत्ययवस्थानरूपं महावाक्यम्। (उपदेशप. मु. वृ. ८५६)।

अतिशय विशिष्ट अर्थ से चलाए गये अर्थ के व्यवस्थापक वाक्यों को ही महावाक्य कहा जाता है।

महावीर—१. ईरेइ विसेसेण व खवेइ कम्माइं गमयइ सिवं वा। गच्छइ य तेण वीरो स महं वीरो महावीरो॥ (विशेषा. भा. १०६५)। २. कषायादिशत्रुजयात् महाविक्रान्तो महावीरः। (त. भा. हरि. वृ. का. १३, पृ. ८; नन्दी हरि. वृ. पृ. ५)।

३. विशेषेण ईरयति कर्म गमयति याति वा शिवमिति वीरः, महांश्चासौ वीरश्च महावीरः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१२४)। ४ वीरयति स्म कषायादिशत्रून् प्रति विक्रामति स्मेति वीरः, महांश्चासौ वीरश्च महावीरः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १–१)।

१ जो विशेषरूप से ईरित करता है, अर्थात् कर्मों का क्षय करता है, अथवा मोक्ष को प्राप्त कराता है वह महान् वीर होने से महावीर कहलाता है।

महाव्रत—१. साहंति जं महल्ला आयरियं जं महल्लपुव्वेहिं। जं च महल्लाणि तदो महल्लया इत्तहे याइं। (चारित्रप्रा. ३०)। २. साहति जं महत्थं आचरिदाणी य जं महल्लेहिं। जं च महल्लाणि तदो महव्वयाइं भवे ताइं। (मूला. ५, ९७)। ३. देश-सर्वतोऽणुमहती। (त. सू. ७–२)। ४. एभ्यो हिंसादिभ्यः ××× सर्वतो विरतिर्महाव्रतम्। (त. भा. ७–२)। ५. साघेंति जं महत्थं आयरिदाइं च जं महल्लेहिं। ज च महल्लाइं सयं महव्वदाइं हवे ताइं॥ (भ. आ. ११८४)। ६. पंचानां पापानां हिंसादीनां मनोवचःकायैः। कृत-कारितानुमोदैस्त्यागस्तु महाव्रतं महताम्। (रत्नक. ७२)। ७. हिंसादेः सर्वतो विरतिर्महाव्रतम्। (त. वा. ७, २, २)। ८. पंच महाव्रतानि प्राणातिपातादिविनिवृत्तिलक्षणानि। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ८; आव. नि. हरि. वृ. ११९७)। ९. महाव्रतं भवेत्कृत्स्नहिंसाद्यागोविवर्जनम्। (म. पु. ६, ४)। १०. महान्ति च तानि व्रतानि प्राणातिपातविरमणादीनि। (सूत्रकृ. शी. वृ. २, ६, ६)। ११. सर्वतो विरतिर्नाम मुनियोग्यं महाव्रतम्। (लाटीसं. ५–५८)। १२. सर्वतो विरतिस्तेषां हिंसादीनां व्रतं महत्। (पचाध्या. २–७२१)।

१ जिस कारण महापुरुष उनको सिद्ध करते हैं, महापुरुषों ने उनका आचरण किया है, तथा वे स्वयं महान् हैं; इसलिए हिंसादि के पूर्णतया परित्याग को महाव्रत कहा जाता है। २ जो महान् अर्थ को —मोक्ष को—सिद्ध करते हैं जो महापुरुषों के द्वारा आचरित (परिपालित) हैं, और जो स्वयं महान् है उन हिंसादि पापों के त्यागरूप व्रतों को महाव्रत कहते हैं। ४ हिंसादि से सर्वथा विरत होने का नाम महाव्रत है।

महाश्रावक—१. एवं व्रतस्थितो भक्त्या सप्तक्षेत्र्यां धनं वपन्। दयया चातिदीनेषु महाश्रावक उच्यते। (योगशा. ३–११९)। २. एवं पालयितुं व्रतानि विदधच्छीलानि सप्तामलान्यागूर्णः समितिष्वनारतमनोदीप्राप्तवाग्दीपकः। वैय्यावृत्त्यपरायणो गुणवतां दीनानतीवोद्धरंश्चर्यां दैवसिकीमिमां चरति यः स स्यान्महाश्रावकः। (सा. ध. ५–५५); ××× एतेन सम्यग्दर्शनशुद्धत्वं व्रत-भूषणभूषितत्वं निर्मलशीलनिधित्वं संयमनिष्ठत्वं जिनागमज्ञत्वं गुरुशुश्रूषकत्वं दयादिसदाचारपरत्वं चेति सप्तगुणयोगान्महाश्रावकत्वं कस्यचित् सुकृतिनः कालादिलब्धिविशेषवशाद् भवतीति तात्पर्यार्थोऽत्र प्रतिपत्तव्य इति। (सा. ध. स्वो. टी. ५–५५)।

१ इस प्रकार जो अणुव्रतादि रूप श्रावक के व्रतों में स्थित होकर भक्तिपूर्वक जिनबिम्ब, जिनभवन, जिनागम, साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका इन सात क्षेत्रों में तथा दया से प्रेरित होकर अतिशय दीन-दुखी जीवों में धन को बोता है—उसका दान करता है—उसे महाश्रावक कहा जाता है। २. पांच अणुव्रतों के पालन करने के अभिप्राय से जो व्रतों के रक्षण रूप सात शीलों को—तीन गुणव्रतों और चार शिक्षाव्रतों को—धारण करता हुआ निरन्तर समितियों के पालन में उद्यत रहता है तथा गुणी जनों के वैयावृत्य में तत्पर रहता है वह इस दैनिक अनुष्ठान का परिपालन करता हुआ महाश्रावक होता है।

महाश्वाक्ष—आशुगमनादश्वो मनः, अक्षाणि इन्द्रियाणि स्वविषयव्यापकत्वात्; अश्वश्चाक्षाणि च अश्वाक्षाणि, महान्ति अश्वाक्षाणि यस्यासौ महाश्वाक्षः। (जीवाजी. मलय. वृ. ८४, पृ. १०९)।

शीघ्रतापूर्ण गमन (विषयसंचार) के कारण मन को अश्व (घोड़ा) कहा जाता है, अक्ष का अर्थ व्यापक होता है, अपने विषयों में व्यापक होने के कारण इन्द्रियों को अक्ष कहा जाता है, जिसका मन और इन्द्रियां महान् होती हैं वह महाश्वाक्ष इस विशेषण से विशिष्ट होता है।

महासत्ता—१. सर्वपदार्थसार्थव्यापिनी सादृश्यास्तित्वसूचिका महासत्ता। (पंचा. का. अमृत. वृ. ८)। २. समस्तवस्तुविस्तरव्यापिनी महासत्ता, समस्तव्यापकरूपव्यापिनी महासत्ता अनन्तपर्यायव्यापिनी महासत्ता। (नि. सा. वृ. ३४)। ३.

किन्तु सदित्यभिधानं यत्स्यात्सर्वार्थसार्थसंस्पर्शि । सामान्यग्राहकत्वात् प्रोक्ता सन्मात्रतो महासत्ता । (पंचाध्या. १-२६५) ।

१ जो समस्त पदार्थसमूह में व्याप्त होती हुई सादृश्य के आस्तिक्य की सूचक है वह महासत्ता कहलाती है ।

महासुख— × × × निःस्पृहत्वं महासुखम् । (ज्ञा. सा. १२-८, पृ. ४४) ।

निःस्पृहता—बाह्य विषयों की इच्छा न करना, यह महासुख का लक्षण है ।

महास्कन्धवर्गणा—१. महाकंधवग्गणा णाम टंक-पव्वय-कूडादीण अस्सिया पोग्गला महाखंधा वुच्चंति । (कर्मप्र. चू. १-१८, पृ. ४३) । २. महास्कन्ध-वर्गणा नाम ये पुद्गलस्कन्धा विश्रसापरिणामेन टङ्क-कूट-पर्वतादिसमाश्रिताः । (कर्मप्र. मलय. वृ. १-१८, पृ. ४८) ।

१ टांकी, पर्वत और कूट (पर्वतीय शिखर आदि) के आश्रित जो पुद्गलस्कन्ध होते हैं उन्हें महास्कन्ध-वर्गणा कहा जाता है ।

महिमा—१. मेरुवमाणदेहा महिमा × × × । (ति. प. ४-१०२७) । २. मेरोरपि महत्तरशरीर-विकरणं महिमा । (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०३; चा. सा. पृ. ९७) । ३. परमाणुपमाणदेहस्स मेरु-गिरिसरिससरीरकरणं महिमा णाम । (धव. पु. ९, पृ. ७५) । ४. महिमा महतः कायस्य करणं । (प्रा. योगिभ. ६, पृ. १९९) । ५. महन्महिमवान्मेरोरपि कुर्याद्वपुः क्षणात् । (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. ८) । ६: महाशरीरविधानं महिमा । (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६) ।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से मेरुपर्वत के समान विशाल शरीर किया जा सकता है उसका नाम महिमा ऋद्धि है ।

महिला—आलं जणेदि पुरिसस्स महल्लं जेण तेण महिला सा । (भ. आ. ९८१) ।

स्त्री चूंकि पुरुष के महान् आल—दोषारोपण को—उत्पन्न करती है, इसलिए उसे महिला कहा जाता है ।

महिषसमान शिष्य—१. सयमवि न पियइ महिसो न य जूहं पियइ लोलियं उदगं । विग्गह-विकहाहि तहा अथक्कपुच्छाहि य कुसीसो । (विशेषा. १४७६) । २. यथा महिषो निपानस्थानमवाप्तः सन् उदकमध्ये तदुदकं मुहुर्मुहुः शृंगाभ्यां ताडयन्नव-गाहमानश्च सकलमपि कलुषीकरोति, ततो न स्वयं पातुं शक्नोति, नापि यूथम्, तद्वच्छिष्योऽपि यो व्याख्यानप्रबन्धावसरेऽकाण्ड एव क्षुद्रपृच्छाभिः कलह-विकथादिभिर्वा आत्मनः परेषां चानुयोगश्रवणवि-घातमाधत्ते स महिषसमानः । स चैकान्तेनायोग्यः । (आव. नि. मलय. वृ. १३६, पृ. १४४) ।

१ जिस प्रकार भैंसा पानी को गंदा करके न स्वयं पीता है और न अन्य पशुओं के समूह को पीने देता है, उसी प्रकार जो कुत्सित शिष्य कलह, विकथा और असामयिक प्रश्नों के द्वारा तात्त्विक व्याख्यान के सुनने में बाधा पहुंचाता है उसे महिष समान शिष्य कहा जाता है ।

महीशय—देखो क्षितिशयनव्रत । प्रसन्नप्रासुका-ऽऽत्मसंस्कृतला-शिलादिषु । एकपार्श्वेन कोदण्ड-दण्डशय्या महीशयः ॥ (आचा. सा. १-४४) ।

स्वच्छ, प्रासुक एवं आत्मसंस्कार से रहित पृथिवी अथवा शिला आदि के ऊपर एक पार्श्वभाग (कर-वट) से धनुष या दण्ड के समान शयन करना, यह मुनि के २८ मूल गुणों में महीशय नाम का एक मूल गुण है ।

महैषी (महेसी)—महः एकान्तोत्सवरूपत्वान्मोक्षः, तमिच्छतीत्येवंशीलो महैषी वा । (उत्तरा. सू. शा. वृ. ४-१०, पृ. २२५) ।

'मह' का अर्थ एकान्त उत्सवरूप मोक्ष है, उसकी जो अभिलाषा करता है वह महेसी कहलाता है । 'महेसी' इस प्राकृत भाषागत शब्द के संस्कृत में दो रूप होते हैं—महर्षि और महैषी । ऋषियों में जो श्रेष्ठ हो उसे महर्षि कहा जाता है ।

महोरग—१. महोरगाः श्यामावदाता महावेगाः सौम्याः सौम्यदर्शना महाकायाः पृथुपीनस्कन्ध-ग्रीवा विविधानुविलेपना विचित्राभरणभूषणा नागवृक्ष-ध्वजाः । (त. भा. ४-१२; बृहत्सं. मलय. वृ. ५८) । २. सर्पाकारेण विकरणप्रियाः महोरगाः नाम । (धव. पु. १३, पृ. ३९१) ।

१ जो व्यन्तर जाति के देव वर्ण से कृष्ण होते हुए निर्मल, अतिशय वेगशाली, सुन्दर, सौम्यदर्शन, विशाल शरीर वाले, विस्तृत कन्धों व ग्रीवा से युक्त, अनेक प्रकार के विलेपनों से सहित, विचित्र अलंकारों से विभूषित और नागवृक्ष की ध्वजा से चिह्नित होते हैं उन्हें महोरग कहा जाता है ।

२ जिनको सर्प के आकार से विक्रिया करना रुचिकर होता है उनका नाम महोरग है।

महोह— चतुरशीतिमहोहाङ्गशतसहस्राण्येकं महोहम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ७०)।

चौरासी लाख महा ऊहाङ्गों का एक महोह (महाऊह) होता है।

मंगल—१. गालयदि विणासयदे घादेदि दहेति हंति सोधयदे। विद्धंसेदि मलाइं जम्हा तम्हा य मंगलं भणिदं॥ अहवा बहुभेयगयं णाणावरणादिदव्व-भावमलभेदा। ताइं गालेदि पुढं जदो तदो मंगलं भणिदं॥ अहवा मंगं सोक्खं लादि हु गेण्हेदि मंगलं तम्हा। एदेण कज्जसिद्धिं मंगइ गच्छेदि गंथकत्तारो॥ पावं मलं ति भण्णइ उवचारसरूवएण जीवाणं। तं गालेदि विणासं णेदि त्ति भणंति मंगलं केई॥ (ति. प. १–९, १४–१५ व १७)। २. जं गालयते पावं मं लाइ व कहममंगलं तं ते। जा य अणुण्णा सव्वा, कहमिच्छसि मंगलं तं तु। (बृहत्क. भा. ८०९)। ३. मंगिज्जएऽधिगम्मइ जेण हिअं तेण मंगलं होइ। अहवा मंगो धम्मो तं लाइ तयं समादत्ते॥ अहवा निवायणाओ मंगलमिट्ठत्थपगइ-पच्चयओ। सत्थे सिद्धे जं जह तयं जहाजोगमाओज्जं॥ मं गालयइ भवाओ व मंगलमिह एवमाइनेरुत्ता। भासंति सत्थवसओ नामाइ चउव्विहं तं च॥ (विशेषा. भा. २२–२४)। ४. मंगं नारकादिषु पवडंतं सो लाति मंगलं, लाति गेण्हइत्ति वुत्तं भवति। (दशवै. चू. पृ. १५)। ५. मङ्ग्यते हितमनेनेति मङ्गलम्, मङ्ग्यतेऽधिगम्यते साध्यत इति यावत्, अथवा मंगेति धर्माभिधानम्, ××× मंगं लातीति मङ्गलम्, धर्मोपादानहेतुरित्यर्थः, अथवा मां गालयति भवादिति मंगलम्, संसारादपनयतीत्यर्थः। (आव. हरि. वृ. पृ. ४; दशवै. नि. हरि. वृ. १, पृ. ३)। ६. मङ्गलं पुण्यं पूतं पवित्रं प्रशस्तं शिवं शुभं कल्याणं भद्रं सौख्यमित्येवमादीनि मंगलपर्यायवचनानि। ××× मङ्गलस्य निरुक्तिरुच्यते—मलं गालयति विनाशयति दहति हन्ति विशोधयति विध्वंसयतीति मंगलम्। ××× अथवा मंगं सुखम्, तल्लाति आदत्ते इति वा मंगलम्। उक्तं च—मङ्गशब्दोऽयमुद्दिष्टः पुण्यार्थस्याभिधायकः। तल्लातीत्युच्यते सद्भिर्मंगलं मंगलार्थिभिः। (धव. पु. १, पृ. ३१–३३)। ७. मंगलं मलं पापं गालयति विनाशयतीति, मंगं पुण्यं लात्यादत्ते इति वा मंगलम्। (चारित्रभ. टी. ८)। ८. मथ्नाति विनाशयति शास्त्रपारगमनविघ्नान्, गमयति प्रापयति शास्त्रस्थैर्यम्, लालयति च श्लेषयति तदेव शिष्य-प्रशिष्यपरम्परायामिति मङ्गलम्। यद्वा मन्यन्ते अनापायसिद्धिं गायन्ति प्रबन्धप्रतिष्ठितिं लान्ति वा ऽव्यवच्छिन्नसन्तानाः शिष्य-प्रशिष्यादयः शास्त्रमस्मिन्निति मङ्गलम्। (उत्तरा. शा. वृ. पृ. २)। ९. मलं पापं गालयति विध्वंसयतीति मंगलम्। अथवा मंगं पुण्यं सुखम् तल्लाति आदत्ते गृह्णाति वा मंगलम्। (पंचा. का. जय. वृ. १, पृ. ५)। १०. मङ्ग्यतेऽधिगम्यते हितमनेनेति मंगलम्। अथवा मङ्ग इति धर्मस्याख्या, तं लाति आदत्ते इति मंगलम्। ××× यदि वा मां गालयति अपनयति भवादिति मंगलम्। मा भूद् गलो विघ्नो गालो वा नाशः शास्त्रस्यास्मादिति मंगलम्। (जीवाजी. मलय. वृ. पृ. २)। ११. मङ्ग्यते अधिगम्यते, प्राप्यते इति यावत्, हितमनेनेति मंगलम् ××× अथवा मङ्ग्यते प्राप्यते स्वर्गोऽपवर्गो वा अनेनेति मंगः, मंगो नाम धर्मः ××× तं लाति आदत्ते इति मंगलम्, ××× मंगो नाम धर्मः, धर्मोपादानहेतुरिति भावः, ××× अपरे पुनरेवं व्युत्पत्तिमाचक्षते—मडु भूषायाम् मण्ड्यते शास्त्रमलंक्रियतेऽनेनेति मंगलम्, ××× मन्यते ज्ञायते निश्चीयते विघ्नभावोऽनेनेति मंगलम्। यदि वा 'मदै हर्षे' माद्यन्ति, विघ्नाभावेन हृष्यन्ति शिष्या अनेन, 'मह पूजायां' वा मह्यते पूज्यते शास्त्रमनेनेति मंगलम् ×××मां गालयति—अपनयति संसारादिति मङ्गलम्, यदि वा मलं पापं गालयति स्फेटयति मंगलम्, मा भूत् गलो विघ्नोऽस्मादिति वा मंगलम्। (आव. मलय. वृ. पृ. ५)। १२. मां लाति दुर्गतौ पतन्तं गृह्णाति पापं च गालयतीति मंगलम्। (बृहत्क. क्षे. वृ. ८०९)। १३. मं मलं पापं गालयति मंगं वा पुण्यं लात्यादत्ते इति मंगलम्। (अन. ध. १–६)। १४. मलं पापं गालयति ध्वंसयति, मंगं पुण्यं लात्यादत्ते अस्मादिति मंगलम्। (लघीय. अभय. वृ. १)। १५. मलं पापं गालयन्ति मूलादुन्मूलयन्ति निर्मूलकापं कषन्तीति मंगलम्, अथवा मंगं सुखं परमानन्दलक्षणं लान्ति ददति इति मंगलम्। एते पञ्चपरमेष्ठिनो मंगल–

मित्युच्यन्ते। (भावप्रा. टी. १२२)।

१ 'मं' नाम मल का है। जो पापरूप मल को नष्ट करता है उसे मंगल कहते हैं, अथवा द्रव्य व भाव मल के भेदभूत जो अनेक प्रकार का ज्ञानावरणादि रूप मल है उसे जो गलाता है—नष्ट करता है—उसे मंगल कहा जाता है; अथवा मंग नाम सुख का है, उसको जो लाता है—प्राप्त कराता है—वह मंगल कहलाता है। ३ गमनार्थक मङ्ग धातु से अल् प्रत्यय होकर मंगल शब्द बना है, उसका अर्थ यह है कि जिसके द्वारा हित जाना जाता है या सिद्ध किया जाता है वह मंगल कहलाता है। अथवा व्याकरणप्रसिद्ध अभीष्ट प्रकृति-प्रत्ययरूप निपातन किया से मंगल शब्द सिद्ध होता है, तदनुसार यथायोग्य आयोजन करना चाहिए। अथवा 'मं' का संस्कृतरूप 'माम्' होता है—तदनुसार जो मुझे ससार से छुड़ाता है—मुक्ति प्राप्त कराता है—उसे मंगल जानना चाहिए। अथवा 'मं' का अर्थ निषेधवाचक मा और 'गल' का अर्थ विघ्न होता है। तदनुसार यह अभिप्राय हुआ कि शास्त्र परिसमाप्ति में विघ्न मत होओ, इसके लिए मंगल किया जाता है।

मंगलचैत्य—देखो मंगलकारिता जिनप्रतिमा। १. अरहंतपइट्ठाए महुरानयरीए मंगलाइं तु। गेहेसु चच्चरेसु य छन्नउईगाम अद्धेसु। (बृहत्क. १७७६)। २. मथुरापुर्यां गृहेषु कृतेषु मङ्गलनिमित्तं यद् निवेश्यते तद्मङ्गलचैत्यम्। (बृहत्क. क्षे. वृ. १७७४)। ३. मङ्गलचैत्यं गृहद्वारदेशादिनिकुट्टित-प्रतिमारूपम्। (जीतक. चू. वि. प. व्या. ७–२४, पृ. ४०)।

१ मथुरा नगरी में गृहों की रचना करते हुए घरों में और चत्वरों में—चौक या चौरास्तों में—मंगल के निमित्त जो अरहंत प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा की जाती है उसे मंगलचैत्य कहा जाता है।

मंगलयकारिता जिनप्रतिमा—मङ्गल्यकारिता या गृहेषु द्वारपत्रेषु मङ्गलाय कार्यन्ते। (योगशा. स्वो. विव. ३–१२०)।

जो जिनप्रतिमायें मंगल के निमित्त घरों में और द्वारपत्रों में की जाती हैं उन्हें मंगलकारिता जिनप्रतिमा कहा जाता है।

मंचयोग—मञ्चो मञ्चसदृशः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १२–७८, पृ. २३३)।

जिस योग में सूर्य, चन्द्र व नक्षत्र मचान के आकार में रहते हैं उसे मंचयोग कहा जाता है। यह ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध दस योगों में तीसरा है।

मंचातिमंचयोग—मञ्चात् व्यवहारप्रसिद्धात् द्वि-त्र्यादिभूमिकाभावतोऽतिशायी मञ्चो मञ्चातिमञ्चस्ततसदृशो योगोऽपि मञ्चातिमञ्चः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १२–७८, पृ. २३३)।

जो मचान सामान्य मचान से दो-तीन खण्डों के रूप में अतिशय युक्त होता है उसे मंचातिमंच कहते हैं। जिस योग में सूर्य, चन्द्र व नक्षत्र मंचातिमंच के आकार रहते हैं उसे मंचातिमंचयोग कहा जाता है।

मंडनधात्री दोष—बालं स्वयं मण्डयति मण्डन-निमित्त वा कर्मोपदिशति यस्मै दात्रे स तेन भक्तः सन् दानाय प्रवर्तते, तद्दानं गृह्णाति साधुस्तस्य मण्डनधात्रीनामोत्पादनदोषः। (मूला. वृ. ६–२८)।

बालकों को स्वयं सजाता है तथा सजाने की विधि का जिस दाता के लिए उपदेश देता है वह दाता उससे प्रेरित होकर दान में प्रवृत्त होता है। साधु उस दाता के दान को यदि ग्रहण करता है तो उसके मण्डनधात्री नाम का उत्पादन दोष होता है।

मंडल (देश)—सर्वकामदुघात्वेन पतिहृदयं मण्डयति भूषयतीति मण्डलम्। (नीतिवा. १६–४, पृ. १६१)।

जो कामधेनु के समान पति (राजा) की इच्छाओं की पूर्ति का कारण होने से उसके हृदय को मण्डित या भूषित करता है उसे मण्डल कहा जाता है।

मंडलस्थान—१. मण्डलं नाम दोवि पाए दाहिण-वामहुत्ता ऊरुणो (दोण्हं) अन्तरा चत्तारि पया। (आव. नि. मलय. वृ. १०३६, पृ. ५६७)। २. द्वावपि पादौ समौ दक्षिण-वामतोऽपसार्य ऊरू प्रसारयति यथा मध्ये मण्डलं भवति अन्तरा चत्वारः पादास्तत् मण्डलम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. द्वि वि. १–३५, पृ. १३)।

२ योद्धाओं के जिस स्थानविशेष में दोनों सम पांवों को दाहिनी और बायीं ओर हटाकर जंघाओं को फैलाते हुए चार पांवों का अन्तर रखा जाता है उसे मण्डलस्थान कहते हैं।

मंडलिक, मंडलीक—१. चउराजसहस्साणं अहि-

राम्रो होइ मण्डलिम्रो । (ति. प. १–४६) । २. मण्डलिकश्च तथा स्याच्चतुःसहस्रावनीशपतिः । (धव. पु. १, पृ. ५७ उद्.) । ३. चतुःसहस्रराजस्वामी मण्डलिकः। (त्रि. सा. वृ. ६८५) ।

१ चार हजार राजाओं का जो अधिपति होता है वह मण्डलिक या मण्डलीक कहलाता है।

मंडलीवात — मण्डलाकृतिरामूलात् मण्डलीवात उच्यते। (लोकप्र. ५–२५) ।

प्रारम्भ से मण्डलाकार में जो वायु उठती है उसे मंडलीवात कहते हैं।

मंडूकगति—जण्ण मंडग्रो फिडिता गच्छति से तं मण्डूयगती। (प्रज्ञाप. २०५, पृ. ३२६) ।

मेंढक जो उछल कर जाता है उसे मण्डूकगति कहते हैं।

मंदभाव—१. तद्विपरीतो (बाह्याभ्यन्तरहेत्वनुदीरणवशादनुद्रिक्तः परिणामः) मंदः। (स. सि. ६–६) । २. अनुदीरणप्रत्ययसन्निधानात् उत्पद्यमानोऽनुद्रिक्तः परिणामो मन्दनात् गमनात् मन्द इत्युच्यते। (त. वा. ६, ६, २) । ३. मन्दते अल्पो भवति अनुत्कटः संजायते यः परिणामः स मन्द उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ६–६) ।

१ बाह्य और अभ्यन्तर कारणों की अनुदीरणा से जो जीव का अनुत्कट परिणाम होता है उसे मंदभाव कहते हैं।

मागध प्रस्थ – १. चत्तारि चेव कुलवा पत्थो पुण मागहो होइ। (ज्योतिष्क. २५) । २. चत्वारश्च कुडवा एकत्र पिण्डिता एकः प्रस्थो मागधो भवति। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. २५) ।

१ चार कुडवों का एक मागध प्रस्थ (मगध देश का एक मापविशेष) होता है।

माडम्बिक—१. माडम्बिकः छिन्नमण्डलाधिपः । (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १६) । २. यस्य प्रत्यासन्न ग्राम-नगरादिकमपरं नास्ति तत्सर्वतश्छिन्नं जनाश्रयविशेषरूपं मडम्बम्, तस्याधिपतिर्माडम्बिकः । (जीवाजी. मलय. वृ. १४७) ।

२ जिस स्थान के निकट दूसरे गांव व नगरादि नहीं रहते ऐसे सब ओर से छिन्न जनों के आश्रयभूत स्थानविशेष का नाम मडम्ब है। इस प्रकार के मडम्ब के स्वामी को माडम्बिक कहा जाता है।

माणवकनिधि — देखो नैसर्प व पाण्डनिधि। १. जोहाण य उप्पत्ती आवरणाणं च पहरणाणं च। सव्वा य जुद्धणीई माणवगे दंडणीई अ। (जम्बूद्वी. ६६, पृ. २५६–५७) । २. काल-महाकाल-पडू माणव × × × । उडुजोग्गदव्व-भायण-धण्णायुह- × × × देंति कालादिया कमसो ॥ (ति. प. ४, ७३९–४०) । ३. काल-महकाल-माणव × × ×॥ उडुजोग्गकुसुमदामप्पहुदि भायणयमाउहाभरणं । × × × अणुकमसो। (त्रि. सा. ८२१–२२) । ४. योधानामायुधानां च सन्नाहानां च संपदः। युद्धनीतिरशेषापि दण्डनीतिश्च माणवात्। (त्रि. श. पु. च. १, ४, ५८१) ।

१ जिस निधि में योद्धाओं, आवरणों (ढाल व कवच आदि) और अस्त्र-शस्त्रों की उत्पत्ति तथा सब युद्धनीति एवं दण्डनीति कही जाती है वह माणवनिधि कहलाती है। २ माणवनिधि आयुधों को दिया करती है।

माण्डलिक—देखो मंडलिक। माण्डलिकः सामान्यराजाऽल्पर्द्धिकः। (जीवाजी. मलय. वृ. ३६) ।

अल्प ऋद्धि के धारक साधारण राजा को माण्डलिक कहा जाता है।

माण्डूकप्लुतयोग—तत्र माण्डूकप्लुत्या यो जातो योगः स माण्डूकप्लुतः, स च ग्रहेण सह वेदितव्यः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १२–७६, पृ. २३३) ।

मेंढक के उछलने से जो योग निष्पन्न होता है वह मण्डूकप्लुत योग कहलाता है। उक्त योग ग्रह के साथ जानना चाहिए।

मातृकापदास्तिक—व्यवहारनयानुसारि मातृकापदास्तिकम्। × × × सन्मात्रं शुद्धद्रव्यमात्रं वा विद्यमानमपि न जातुचिद् व्यवहारक्षमम्, अतः स्थूलकतिपयव्यवहारयोग्यविशेषप्रधानं मातृकापदास्तिकम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–३१, पृ. ४००) ।

सत् मात्र अथवा शुद्ध द्रव्य मात्र विद्यमान रहकर भी कभी व्यवहार में समर्थ नहीं होता, अतः व्यवहार के योग्य कुछ विशेषों की प्रधानतायुक्त मातृकापदास्तिक सत् होता है। यह व्यवहारनय का अनुसरण करने वाला है, जब कि द्रव्यास्तिक संग्रहनय का अनुसरण करता है।

मात्सर्य (अतिचारविशेष) — देखो मत्सर। १. प्रयच्छतोऽप्यादराभावोऽन्यदातृगुणासहनं वा मात्सर्यम्। (स. सि. ७-३६)। २. प्रयच्छतोऽप्यादराभावो मात्सर्यम्। प्रयच्छतोऽपि सतः आदरमन्तरेण दानं मात्सर्यमिति प्रतीयते। (त. वा. ७, ३६, ४)। ३. मात्सर्यमिति याचितः कुप्यते सदपि न ददाति परोन्नतिवैमनस्यं च मात्सर्यमिति। तेन तावद् द्रमकेण दत्तम्, किमहं ततोऽपि न्यूनः इति मात्सर्याद् ददाति, कषायकलुषितेन वा चित्तेन ददतो मात्सर्यमिति। (श्रा. प्र. टी. ३२७)। ४. प्रयच्छतोऽपि सत आदरमन्तरेण दानं मात्सर्यम्। (चा. सा. पृ. १४)। ५. मत्सरः असहनं साधुभिर्याचितस्य कोपकरणं तेन रङ्केन याचितेन दत्तमहं तु किं ततोऽपि हीन इत्यादिविकल्पो वा, सोऽस्यास्तीति मत्सरी, तद्भावो मात्सर्यम्। (ध. बि. मु. वृ. ३, ३४)। ६. यद् दानं प्रददन्नपि आदरं न कुरुते अपरदातृगुणान् न क्षमते वा तन्मात्सर्यमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७-३६)। ७. प्रयच्छन्नच्छमन्नादि गर्वमुद्वहते यदि। दूषणं लभते सोऽपि महामात्सर्यसंज्ञकम्। (लाटीसं. ६-३०)।

१ आहारादि को देते हुए भी आदरभाव न रखना तथा अन्य दाता के गुणों को सहन न करना, इसे मात्सर्य कहा जाता है। यह अतिथिसंविभागव्रत का एक अतिचार है। ३ याचना करने पर क्रोध करना, देय द्रव्य के होते हुए भी न देना, दूसरे की उन्नति में खिन्न होना, तथा याचना करने पर उस दरिद्र ने तो दिया है, क्या मैं उससे भी हीन हूं, इस प्रकार ईर्ष्याभाव से अथवा कषाय-कलुषित हृदय से देना, यह मात्सर्य नामक अतिथिसंविभागव्रत का एक अतिचार है।

मात्सर्य (ज्ञानप्रतिबन्धक कारण)—१. कुतश्चित्कारणाद् भावितमपि विज्ञानं दानार्हमपि यतो न दीयते तन्मात्सर्यम्। (स. सि. ६-१०)। २. यावद्यथावद्देयज्ञानाप्रदानं मात्सर्यम्। कुतश्चित्कारणादात्मना भावितज्ञानं दानार्हमपि योग्याय यतो न दीयते तन्मात्सर्यम्। (त. वा. ६, १०, ३)। ३. यावद्यथावद्द्वेषस्य [देयस्या-] प्रदानं मात्सर्यम्। (त. श्लो. ६-१०)। ४. आत्मसदभ्यस्तमपि ज्ञानं दातुं योग्यमपि दानयोग्यायापि पुंसे केनापि हेतुना यन्न दीयते तन्मात्सर्यमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ६-१०)।

१ किसी कारण से अभ्यस्त या सुसंस्कृत और देने योग्य ज्ञान के होते हुए भी जिस कारण से उसे दिया नहीं जाता है उसे मात्सर्य कहा जाता है। यह ज्ञानावरण के बन्धक कारणों में से एक है।

माध्यस्थभावना—१. राग-द्वेषपूर्वकपक्षपाताभावो माध्यस्थम्। (स. सि. ७-११; त. श्लो. ७-११)। २. माध्यस्थ्यमौदासीन्यमुपेक्षेत्यनर्थान्तरम्। (त. भा. ७-६)। ३. राग-द्वेषपूर्वकपक्षपाताभावो माध्यस्थ्यम्। रागात् द्वेषाच्च कस्यचित् पक्षे पतनं पक्षपातः, तदभावात् मध्ये तिष्ठतीति मध्यस्थः, मध्यस्थस्य भावः कर्म वा माध्यस्थ्यम्। (त. वा. ७, ११, ४)। ४. हर्षामर्षोज्झिता वृत्तिर्माध्यस्थ्यं निर्गुणात्मनि। (उपासका. ३३७)। ५. क्रोधविद्वेषु सत्त्वेषु निस्त्रिंशक्रूरकर्मसु। मधु-मांस-सुरान्यस्त्रीलुब्धेष्वत्यन्तपापिषु॥ देवागम-यतिव्रातनिन्दकेष्वात्मशंसिषु। नास्तिकेषु च माध्यस्थ्यं यत्सोपेक्षा प्रकीर्तिता॥ (ज्ञाना. २७, १३-१४, पृ. २७३)। ६. राग-द्वेषयोरन्तरालं मध्यम्, तत्र स्थितो मध्यस्थः अरागद्वेषवृत्तिः, तद्भावो माध्यस्थ्यमुपेक्षा। (योगशा. स्वो. विव. ४-११७); क्रूरकर्मसु निःशंकं देवता-गुरुनिन्दिषु। आत्मशंसिषु योपेक्षा तन्माध्यस्थ्यमुदीरितम्। (योगशा. ४-१२१)। ७. अतिमिथ्यात्विनः पापा मद्य-मांसादिलोलुपाः। नाराध्या न विराध्यास्ते मध्यस्थमिति भाव्यते। (धर्मसं. श्रा. १०-१०५)। ८. मध्यस्थस्य भावः कर्म वा माध्यस्थ्यं राग-द्वेषजनितपक्षपातस्याभावः माध्यस्थ्यम्। (त. वृत्ति श्रुत. ७-११)।

१ राग या द्वेष के वशीभूत होकर पक्षपात न करना, इसका नाम माध्यस्थ्य है। २ माध्यस्थ्य, उदासीनता और उपेक्षा ये समानार्थक शब्द हैं।

माध्यस्थ्य—देखो माध्यस्थभावना।

मान (मापविशेष)—१. प्रस्थादि मानम्। (त. वा. ७, २७, ४)। २. प्रस्थः चतुःसेरमानम्, तत्काष्ठादिना घटितं मानमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७-२७)।

१ प्रस्थ (चार कुडव प्रमाण) आदि रूप मापने के उपकरण मान कहलाते हैं।

मान (कषायविशेष)—१. जात्याद्युत्सेकावष्टम्भात् पराप्रणतिर्मानः। (त. वा. ८, ६, ५)। २. स्वगुणकल्पनानिमित्तत्वेऽप्रण[ण]तिर्मानः। (त. भा. हरि. वृ. ८-२)। ३. रोषेण विद्या-तपोजात्यादिमदेन वा ऽन्यस्यावनतिः मानः। (धव. पु. १, पृ. ३४६); मानो गर्वः स्तब्धमित्येकोऽर्थः। (धव. पु. ६, पृ. ४१); विज्ञानैश्वर्य-जाति-कुल-तपो-विद्याजनितो जीवपरिणामः औद्धत्यात्मको मानः। (धव. पु. १२, पृ. २८३)। ४. स्वगुणपरिकल्पनानिमित्तत्वात् अप्रणतिर्मानः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८-२)। ५. दुरभिनिवेशामोक्षो यथोक्ता- (ध. बि. व श्राद्धगु. 'युक्तोक्ता'-) ऽग्रहण वा मानः। (नीतिवा. ४-५, पृ. ४०; ध. बि. मु. वृ. १-१५, पृ. ७; श्राद्धगु. पृ. ८०)। ६. परुषेर्ष्यं मनो मानो निर्दयः परमर्दनः। स्वोन्नतानत्यहंकारः परासहनलक्षणः॥ (आचा. सा. ५-१७)। ७. जात्यादिगुणवानहमेवेत्येवं मननम् अवगमनं मन्यते वा ऽनेनेति मानः। (स्थानां. अभय. वृ. २४८, पृ. १९३)। ८. चतुरसन्दर्भगर्भीकृतवैदर्भकवित्वेन आदेयनाकर्मोदये सति सकलजनपूज्यतया मातृ-पितृसम्बन्धकुलजातिविशुद्धया वा शतसहस्रकोटिभटाभिधानब्रह्मचर्यव्रतोपार्जितनिरुपमबलेन च दानादिशुभकर्मोपार्जितसंपद्वृद्धिविलासेन अथवा बुद्धि-तपोवैकुर्वणौषध-रस-बलाक्षीणर्द्धिभिः सप्तभिर्वा कमनीयकामिनीलोचनानन्देन वपुर्लावण्यरसविरक्षेण वा आत्माहंकारो मानः। (नि. सा. टी. ११२)। ९. दुरभिनिवेशारोहो युक्तोक्ताग्रहणं वा मानः। (योगशा. स्वो. विव. १-५६, पृ. १५९-६०; धर्मसं. मान. स्वो. वृ. पृ. ५)। १०. मानो गर्वो जात्याद्युद्भवममार्दवम्। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८; कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. ८४)। ११. मानो गर्वपरिणामः। (जीवाजी. मलय. वृ. १३)। १२. मानो जात्यादिसमुत्थोऽहङ्कारः। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. १७)। १३. मानः दुरभिनिवेशामोचनं युक्तोक्ताग्रहणं वा। (सम्बो. स. टी. ४)।

१ जाति आदि के आश्रय से दूसरों के प्रति नम्रतापूर्ण प्रवृत्ति न करना, इसका नाम मान है। २ अपने गुणों की कल्पना के निमित्त से नम्रतापूर्ण व्यवहार न करने को मान कहा जाता है। ५ दूषित अभिप्राय (कदाग्रह) को न छोड़ना अथवा यथोक्त—शिष्ट जनके द्वारा कहे गये—वचन को ग्रहण न करना, इसे मान कहते हैं।

मानक्रिया—१. मानक्रिया अहंकृतिरूपा। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. १५)। २. जात्यादिमदैः परहीलनं मानक्रिया। (धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ८७, पृ. ८२)।

१ अहंकार रूप क्रिया का नाम मानक्रिया है।

मानदोष—१. मानं गर्वं कृत्वा यद्यात्मनो भिक्षादिकमुत्पादयति तदा मानदोषः। (मूला. वृ. ६, ३४)। २. मानेनान्नार्जनं मानः। (भावप्रा. टी. ६६)।

१ अभिमान को प्रगट करके यदि साधु अपने लिये भिक्षा (आहार) आदि को उत्पन्न करता है तो यह उसके लिए मान नामक एक उत्पादनदोष होता है।

माननिःसृता असत्यभाषा—सा माणणिस्सिया खलु माणाविट्ठो कहेइ जं भासं। जह बहुधणवतोऽहं ऽहवा सव्वेपि तव्वयणं॥ (भाषार. ४२)।

मान से युक्त होकर जो वचन बोलता है उसे माननिःसृता असत्यभाषा कहा जाता है। जैसे—मैं बहुत धनवान् हूं, अथवा मानी के सभी वचन को माननिःसृता असत्यभाषा समझना चाहिए।

मानपिण्ड—देखो मानदोष। १. ओच्छाहिओ परेण व लद्धिपसंसाहिं वा समुत्तइओ। अवमाणिओ परेण य जो एसइ माणपिंडो सो। (पिण्डनि. ४६५)। २. लब्धिप्रशंसोत्तानस्य परेणोत्साहितस्यावमतस्य वा गृहस्थाभिमानमुत्पादयतो मानपिण्डः। (योगशा. स्वो. विव. १-३८, पृ. १३५; धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ३-२२, पृ. ४१)। ३. प्रशंसितोऽपमानितो वा दातुरभिमानोत्पादनेन यल्लभते स मानपिण्डः। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २०, पृ. ४९)।

१ दूसरे साधु आदि के द्वारा उत्साहित करके, लब्धि (ऋद्धि) व प्रशंसा से गर्वयुक्त करके अथवा अपमानित करके जो भोजन को खोजता है उसके मानपिण्ड नाम का यह उत्पादन दोष होता है।

मानव—हेयादेयानि मन्यन्ते ये मनोज्ञानलोचनाः। द्वेधा म्लेच्छार्यभेदेन मानवास्ते निवेदिताः। (पंचसं. अमित. १-१३९)।

जो मनजनित ज्ञानरूप नेत्रों से युक्त होते हुए हेय

और उपादेय पदार्थों को मानते हैं—जानते हैं—वे मानव कहलाते हैं।

मालवयोजन—चतुर्गव्यूतिभिर्मानवयोजनं भवति। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

चार गव्यूतियों का एक मानव (उत्सेध) योजन होता है।

मानस—मणम्मि भवं लिंगं माणसं, अथवा मणो चेव माणसो। (धव. पु. १३, पृ. ३३२); माणसं णोइंदियं मणोवग्गणखंधणिव्वत्तिदं ××× । (धव. पु. १३, पृ. ३४१)।

मनवर्गणा से रचित नोइन्द्रिय (मन) का नाम मानस है।

मानस अविनय—यत्किञ्चिल्लब्ध्वा गुरवस्तुष्यन्ति लघुप्रायश्चित्तदायिनो भविष्यन्तीति स्वबुद्ध्या असद्दोषाध्यारोपणान्मानसोऽविनयः (मूला. 'रोपणाद्धि मानसो विनयः')। (भ. आ. विजयो. व मूला. ५६४)।

कुछ भी पाकर गुरु सन्तुष्ट होंगे व लघु (साधारण) प्रायश्चित्त देंगे, इस प्रकार अपनी बुद्धि से गुरु के विषय में असत् दोष का आरोप करने से मानस अविनय होता है।

मानस अशुभयोग—देखो अभिध्या, असूया और ईर्ष्या। अभिध्या-व्यापादेर्ष्यासूयादीनि मानसः। (त. भा. ६–१)।

अभिध्या, व्यापाद, ईर्ष्या और असूया आदि को मानस अशुभ योग कहा जाता है। अपाय सहित उत्पादन का नाम व्यापाद है। जैसे—इसका शत्रु इन्द्र का घातक वज्र है, अतः उसी को कुपित करता हूं।

मानस-असमीक्ष्याधिकरण—देखो मानसासमीक्ष्याधिकरण।

मानस जप—मानसो मनोमात्रवृत्तिनिर्वृत्तः स्वसंवेद्यः। (निर्वाणक. पृ. ४)।

एक मात्र मन के व्यापार से जो जप होता है उसे मानस जप कहते हैं; वह स्वसंवेद्य होता है—अपने आप ही जाना जाता है। तीन प्रकार के जप में यह प्रथम है।

मानस तप—मनःप्रसादः सौम्यत्वं मौनमात्मविनिग्रहः। भावसंशुद्धिरित्येतन्मानसं तप उच्यते। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २, पृ. ६ उद्.)।

मन की प्रसन्नता, स्वभावतः शान्त परिणति, मौन, आत्मदमन और परिणामों की निर्मलता; इसे मानस तप कहा जाता है।

मानस ध्यान—मानसं त्वेकस्मिन् वस्तुनि चित्तस्यैकाग्रता। (बृहत्क. भा. क्षे. वृ. १६४२)।

एक वस्तुविषयक मन की एकाग्रता को मानस ध्यान कहा जाता है।

मानसासमीक्ष्याधिकरण—देखो असमीक्ष्याधिकरण। मानसं (असमीक्ष्याधिकरणं) परानर्थककाव्यादिचिन्तनम्। (त. वा. ७, ३२, ५, चा. सा. पृ. १०)।

दूसरों के निरर्थक काव्य आदि के चिन्तन को मानस असमीक्ष्याधिकरण कहा जाता है।

मानसिक अर्थ—मणोवग्गणाए णिव्वत्तियं हियय-पउमं मणो णाम। मणोजणिदणाणं वा मणो वुच्चदे। मणसा चिंतिदट्ठा माणसिया। (धव. पु. १३, पृ. ३५०)।

मनवर्गणा से निर्मित हृदय-कमल का नाम मन है, अथवा मन से उत्पन्न होने वाले ज्ञान को मन कहा जाता है। इस प्रकार के मन से जिन पदार्थों का चिन्तन किया जाता है वे मानसिक अर्थ कहलाते हैं।

मानसिक विनय—१. पाप-विसोत्तिअपरिणाम-वज्जणं पिय-हिदे य परिणामो। णादव्वो संखेवेणेसो माणसिओ विणओ॥ (मूला. ५–१८२)। २. माणसिओ पुण विणओ दुविहो उ समासओ मुणेयव्वो। अकुसलमणोनिरोहो कुसलमण-उदीरणं चेव। (व्यव. भा. पी. १–७७, पृ. ३०)। ३. अकुशलस्यार्त्तध्यानाद्युपगतस्य मनसो निरोधः अकुशलमनोनिरोधः, कुशलस्य धर्मध्यानाद्युपगतस्य मनस उदीरणं मानसिको विनयः। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. १–७७)।

१ पापस्वरूप विरुद्ध आचरण की परिणति को रोकना तथा प्रिय एवं हितकर मार्ग में परिणत (तत्पर) रहना, इसका नाम मानसिक विनय है। २ मानसिक विनय दो प्रकार का है, अकुशल—दुर्ध्यान को प्राप्त—मन को रोकना और कुशल—समीचीन ध्यान जो प्राप्त—मन को उद्यत करना, इसे मानसिक विनय कहा जाता है।

मानान्यत्व—देखो हीनाधिकमानोन्मान। तथा मीयतेऽनेनेति मानं कुडवादि पलादि हस्तादि, तस्या-

न्यत्वं हीनाधिकत्वम्—हीनमानेन ददाति अधिकमानेन गृह्णाति। (योगशा. स्वो. विव. ३-९२, पृ. ५५४)।

कुडव, पल और हस्त आदि मान कहलाते हैं। उनको भिन्न रखना—हीन (कम) मान से देना और अधिक मान से लेना, इसका नाम मानान्यत्व है। यह अचौर्यव्रत को दूषित करने वाला एक अतिचार है।

मानुष—१. मण्णंति जदो णिच्चं मणेण णिउणा जदो दु जे जीवा। मणउक्कडा य जम्हा तम्हा ते माणुसा भणिया। (प्रा. पंचसं. १-६२)। २. अथवा मनसा निपुणाः मनसा उत्कटा इति वा मनुष्याः। (धव. पु. १, पृ. २०२-२०३); मण्णंति जदो णिच्चं मणेण णिउणा मणुक्कडा जह्मा। मणुउब्भवा य सव्वे तह्मा ते माणुसा भणिया। (धव. पु. १, पृ. २०३ उद्.; गो. जी. १४९); मनसा उत्कटाः मानुषाः। (धव. पु. १३, पृ. ३९२)।

१ जो जीव मन से निपुण होकर सदा पदार्थों को मानते हैं—जानते हैं—तथा मन से उत्कट (प्रखर) होते हैं उन्हें मानुस (मनुष्य) कहा जाता है।

मानुषोत्तरशैल—१. अब्भन्तरम्मि भागे टंकुक्किण्णो वहिम्मि कमहीणो। सुर-खेयरमणहरणो अणाइणिहणो सुवण्णणिहो। (ति. प. ४-२७५१)। २ अंते टंकच्छिण्णो वाहिं कमवड्ढि-हाणि कणयणिहो। णदिणिग्गमपहचोद्दसगुहाजुदो माणुसुत्तरगो। (त्रि. सा. ९३७)।

१ पुष्कर द्वीप के मध्यगत जो सुवर्ण सदृश पर्वत अभ्यन्तर भाग में टांकी से उकेरे गये के समान (भित्ति के समान हानि-वृद्धि से रहित) तथा वाह्य भाग में क्रम से ऊपर हीन होता गया है, उसका नाम मानुषोत्तर है और वह अनादिनिधन है।

माया—१. चारित्रमोहकर्मविशेषस्योदयादाविर्भूतआत्मनः कुटिलभावो माया निकृतिः। (स. सि. ६-१६)। २. चारित्रमोहोदयात् कुटिलभावो माया। चारित्रमोहकर्मोदयाविर्भूत आत्मनः कुटिलस्वभावो मायेति व्यपदिश्यते। (त. वा. ६, १६, १); परातिसन्धानतयोपहितकौटिल्यप्रायः प्रणिधिर्माया प्रत्यासन्नवंशपर्वोपचितमूलमेषशृंग-गोमूत्रिकाऽवलेखनीसदृशी चतुर्विधा। (त. वा. ८, ९, ५)। ३. मिमीते परानिति माया। (त. भा. हरि. वृ. ७-१३); परातिसन्धाननिमित्तः छद्मप्रयोगो माया। (त. भा. हरि. वृ. ८-२)। ४. निकृतिर्वञ्चना मायाकषायः। (धव. पु. १, पृ. ३४९); माया निकृतिर्वञ्चना अनृजुत्वमिति पर्यायशब्दाः। (धव. पु. ६, पृ. ४१)। स्वहृदयप्रच्छादनार्थमनुष्ठानं माया। (धव. पु. १२, पृ. २८३)। ५. पअरा-[अपरा-]भिसन्धाननिमित्तश्छद्मप्रयोगो माया। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८-२)। ६. मानं हिंसनं वञ्चनं इत्यर्थो मीयते वाऽनयेति माया। (स्थानां. अभय. वृ. २४८, पृ. १९३)। ७. माया वञ्चनाद्यात्मिका जीवपरिणतिः। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८)। ८. माया स्वप्नेन्द्रजालादिः। (आ. मी. वसु. वृ. ८४)। ९. नानाप्रकारणोपायैर्वंचनाकुलिता मतिः। माया विनयविश्वासाऽऽभासचेतोहराकृतिः॥ (आचा. सा. ५, १८)। १०. माया निकृतिरूपा। (जीवाजी. मलय. वृ. १३)। ११. माया वञ्चन-प्रतिकुञ्चनाद्यात्मिका परिणतिः। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. ८४)। १२. माया परवञ्चनाद्यात्मिका। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. १७)।

१ चारित्रमोहनीय के भेदभूत मायाकषाय के उदय से जो जीव के कुटिल परिणाम उत्पन्न होता है उसे माया कहते हैं, दूसरे शब्द से उसे निकृति भी कहा जाता है। ३ दूसरे के ठगने का कारणभूत जो कुटिलतापूर्ण प्रयोग है उसका नाम माया है।

मायाक्रिया—देखो मायाप्रत्यया क्रिया। १. ज्ञानदर्शनादिषु निकृतिर्वञ्चनं मायाक्रिया। (स. सि. ६-५, त वा. ६, ५, ११)। २. दुर्वक्तृकवचो ज्ञानादौ सा मायादि (?) क्रिया परा॥ (त. श्लो. ६, ५, २४)। ३. मायाक्रिया तु मोक्षसाधनेषु ज्ञानादिषु मायाप्रधानस्य प्रवृत्तिः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-६)। ४. चित्तकौटिल्यप्रधाना मायाक्रिया। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. १५)। ५. ज्ञान-दर्शनचारित्र-तपस्सु तद्वत्सु पुरुषेषु च मायावचनं वंचनाकरणं मायाक्रिया। (त. वृत्ति श्रुत. ६-५)। ६. कौटिल्येनान्यद्विचिन्त्य वाचाऽन्यदभिधायान्यदाचर्यते यस्सा मायाक्रिया। (धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ३-८७, पृ. ८२)।

१ ज्ञान-दर्शनादि के विषय में कुटिलता का परिणाम

रखना, इसका नाम मायाक्रिया है।

मायागता चूलिका—१. मायागया तेत्तिएहि चेय पदेहि २०९८९२०० इदंजालं वण्णेदि। (धव. पु. १, पृ. ११३); मायागतायां द्विकोटि-नवशतसहस्रैकान्नवतिसहस्रद्विशतपदायां २०९८९२०० मायाकरणहेतुविद्या-मंत्र-तंत्र-तपांसि निरूप्यन्ते। (धव. पु. ६, पृ. २१०)। २. मायागया पुण महिंदजालं वण्णेदि। (जयध. १, पृ. १३६)। ३. मायागता इन्द्रजालादिक्रियाविशेषप्ररूपिका। (श्रुतभ. टी. ६)। ४. मायागता मायारूपेन्द्रजालविक्रियाकारणमंत्र-तंत्र-तपश्चरणादीनि वर्णयति। (गो. जी. म. प्र ३६२)। ५. इन्द्रजालादिमायोत्पादकमन्त्र-तन्त्रादिनिरूपिका पूर्वोक्त (द्विशताधिकनवाशीतिसहस्र-नवलक्षाधिकद्विकोटि) पदप्रमाणा मायागता चूलिका। (त. वृत्ति श्रुत. १-२०)। ६. मायारूवमहेंदजालविकिरियादिकारणगणस्स। मंत-तंत-तयस्स य णिरूवगा कोदुयाकलिदा। (अंगप. ३-५, पृ. ३०२)।

१ जिसमें माया करने के कारणभूत विद्या, मंत्र, तंत्र और तप की प्ररूपणा की जाती है उसे मायागता चूलिका कहा जाता है।

मायाचार—देखो मायापिण्ड। अन्यादृष्टदोषगूहनं कृत्वा प्रकाशदोषनिवेदनं मायाचारस्तृतीयो दोषः। (त. वा. ९, २२, २)।

१ जो दोष दूसरे के द्वारा नहीं देखे गये हैं उनको प्रगट न करके केवल प्रकाश में आए हुए दोषों का निवेदन करना, यह मायाचार नामक आलोचना का तीसरा दोष है।

माया नामक उत्पादनदोष—१. मायां कुटिलभावं कृत्वा यद्यात्मनो भिक्षादिकमुत्पादयति तदा मायानामोत्पादनदोषः। (मूला. वृ. ६-३४)। २. माययाऽन्नार्जनं माया। (भावप्रा. टी. ९९)।

१ यदि कुटिलता करके अपने लिए भिक्षा उत्पन्न की जाती है तो यह माया नाम का उत्पादनदोष होता है।

मायानिःसृता असत्यभाषा — मायाइणिस्सिया सा मायाविट्ठो कहेइ जं भासं। जह एसो देविंदो अहवा सव्वं पि तव्वयणं। (भाषार. ४३)।

जो (इन्द्रजालिक) मायाचार से युक्त होकर यह कहता है कि 'यह इन्द्र है' उसके इस प्रकार के वचन को अथवा उसके सभी कथन को मायानिःसृता असत्यभाषा कहा जाता है।

मायापिण्ड—१. नानावेष-भाषापरिवर्तनं भिक्षार्थं कुर्वतो मायापिण्डः। (योगशा. स्वो. विव. १-३८; धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ३-२२, पृ. ४१)। २. एकगृहाद् गृहीत्वा रूपान्तरं कृत्वा मायावशाद्यत्पुनर्ग्रहणार्थं प्रविशति स मायापिण्डः। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २०, पृ. ४९)।

१ भिक्षा प्राप्त करने के लिए अनेक वेष व भाषा का परिवर्तन करने पर मायापिण्ड नामक दोष होता है।

मायाप्रत्यया क्रिया— माया अनार्जवमुपलक्षणत्वात् क्रोधादेरपि परिग्रहः, माया प्रत्ययं कारणं यस्याः सा मायाप्रत्यया। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८४, पृ. ४४७)।

माया का अर्थ ऋजुता का अभाव है, माया उपलक्षण है, अतः उससे क्रोधादि को ग्रहण करना चाहिए। अभिप्राय यह है कि माया कषायादि के आश्रय से जो प्रवृत्ति की जाती है, उसे मायाप्रत्यया क्रिया कहते हैं।

मायामृषावाद – वेषान्तर-भाषान्तरकरणेन यत्परवञ्चनं तन्मायामृषावादः। (औपपा. अभय. वृ. ३४, पृ. ७९)।

अन्य वेष व भाषा को करके जो दूसरों को धोखा दिया जाता है इसे मायामृषावाद कहते हैं।

मायाशल्य—१. रागात् परकलत्रादिवाञ्छारूपम्, द्वेषात् परवध-बन्धच्छेदादिवाञ्छारूपं च मदीयापध्यानं कोऽपि न जानातीति मत्वा स्वशुद्धात्मभावनासमुत्पन्नसदानन्दैकलक्षणसुखामृतरसनिर्मलजलेन चित्तशुद्धिमकुर्वाणः सन्नयं जीवो बहिरङ्गवेषेण यल्लोकरञ्जनं करोति तन्मायाशल्यम्। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४२)। २. परवंचनं मायाशल्यम्। (त. वृत्ति श्रुत. ७-१८; कार्तिके. टी. ३२६)।

१ राग से परस्त्री आदि की इच्छारूप तथा द्वेष से दूसरे जीवों के वध-बन्धन आदि रूप मेरे दुर्ध्यान को कोई नहीं जानता है, ऐसा समझकर जीव जो अपने मन की शुद्धि न करके बाह्य बगुलावेष द्वारा लोकानुरंजन किया करता है उसे मायाशल्य जानना चाहिए। २ दूसरे को ठगना, इसी का नाम मायाशल्य है।

मायाशल्य मरण—पार्श्वस्थादिरूपेण चिरं विहृत्य पश्चादपि आलोचनामंतरेण यो मरणमुपैति तन्मायाशल्यं मरणम् । (भ. आ. विजयो. २५) ।
पार्श्वस्थ आदि के रूप में दीर्घ काल तक विहार करके—प्रवृत्ति करके—जो आलोचना के विना ही मृत्यु को प्राप्त होता है उसके मरण को मायाशल्यमरण कहा जाता है।

मायी—माया (एयस्स) अत्थित्ति मायी । (धव. पु. १, पृ. १२०); मायास्यास्तीति मायी । (धव. पु. ६, पृ. २२१) ।
जिस जीव का व्यवहार मायापूर्ण होता है उसे मायी कहा जाता है।

मारण—मारणं प्राणवियोजनमसि-शक्ति-कुन्तादिभिः । (ध्यानश. हरि. वृ. १९) ।
तलवार, शक्ति अथवा भाला आदि के द्वारा किये जाने वाले प्राणवियोग का नाम मारण है।

मारणसमुद्धात—देखो मारणान्तिकसमुद्घात ।

मारणान्तिकसमुद्घात — १. औपक्रमिकानुपक्रमायुःक्षयाविर्भूतमरणान्तप्रयोजनो मारणान्तिकसमुद्घातः । (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७७) । २. मारणंतियसमुग्घादो णाम अप्पणो वट्टमाणसरीरमच्छड्डिय उजुगईए विग्गहगईए वा जावुप्पज्जमाणखेत्त ताव गंतूण सरीरतिगुणबाहल्लेण अण्णहा वा अंतोमुहुत्तमच्छणं । (धव. पु. ४, पृ. २६–२७); अप्पणो अच्छिदपदेसादो जाव उप्पज्जमाणखेत्तं ति आयामेण एगपदेसमादिं कादूण जावुक्कस्सेण सरीरतिगुणबाहल्लेण कंडेक्कखंभट्ठियत्तोरण-हल गोमुत्तायारेण अंतोमुहुत्तावट्ठाणं मारणंतियसमुग्घादो णाम । (धव. पु. ७, पृ. २९९, ३००) । ३. मरणान्तसमये मूलशरीरमपरित्यज्य यत्र-कुत्रचिद् बद्धमायुस्तत्प्रदेशं स्फुटितुमात्मप्रदेशानां वहिर्गमनमिति मरणान्तिकसमुद्घातः । (वृ. द्रव्यसं. टी. १०; कार्तिके. टी १७६) । ४. मरणे भवो मारणः, स चासौ समुद्घातश्च मारणसमुद्घातः । (जीवाजी. मलय. वृ. १३) । ५. मरणे मरणकाले भवो मारणः, मारणश्चासौ समुद्घातश्च मारणसमुद्घातः, सोऽन्तर्मुहूर्तावशेषायुःकर्मविषयः । (पंचसं. मलय. वृ. २–२७) ।
१ औपक्रमिक अथवा अनौपक्रमिक आयु के क्षय से प्रगट होने वाला तथा मरण का अन्त जिसका प्रयोजन है उसे मारणान्तिकसमुद्घात कहते हैं। २ अपने वर्तमान शरीर को न छोड़कर ऋजुगति से अथवा विग्रह (मोड़ वाली) गति से जहां उत्पन्न होना है उस क्षेत्र तक जाकर शरीर से तिगुणे बाहल्य से अथवा अन्य प्रकार से अन्तर्मुहूर्त काल तक अवस्थित रहना, इसका नाम मारणान्तिकसमुद्घात है।

मारणान्तिकातिसहनता— मारणान्तिकातिसहनता कल्याणमित्रबुद्ध्या मारणान्तिकोपसर्गसहनमिति । (समवा. अभय. वृ. २७) ।
मरणकाल में होने वाले उपसर्ग को कल्याणकर मित्र की बुद्धि से सहन करना, इसका नाम मारणान्तिक अतिसहनता है। यह २७ अनगार गुणों में अन्तिम है।

मारणान्तिकी संलेखना—पश्चिमा पश्चात्कालभाविनी, अतएव मारणान्तिकी मरणरूपे अन्ते अवसाने भवा मरणान्तिकी संलेखना—कायस्य तपसा कृशीकरणम् । (औपपा. अभय. वृ. ३४, पृ. ८२) ।
तप के द्वारा शरीर के कृश करने का नाम संलेखना है। वह चूंकि मरणरूप अन्त समय में होती है इसलिए उसे मारणान्तिकी, पश्चिमा व अपश्चिमा संलेखना भी कहा जाता है।

मारुतचारण—णाणाविहगदिमारुदपदेसपंतीसु देंति पदखेवे । जं अक्खलिया मुणिणो सा मारुदचारणा रिद्धी । (ति. प. ४–१०४७) ।
जिस ऋद्धि के प्रभाव से मुनिजन अनेक प्रकार की गतिवाली वायु की प्रदेशपंक्तियों पर पादक्षेप करते हुए निर्बाध रूप से गमन करते हैं वह मारुतचारण ऋद्धि कहलाती है।

मार्ग—१. मृजेः शुद्धिकर्मणो मार्ग इवार्थाभ्यन्तरीकरणात् । मृष्टः शुद्धोऽसाविति मार्गः, मार्ग इव मार्गः । क उपमार्थः ? यथा स्थाणुकण्टकोपल-शर्करादिदोषरहितेन मार्गेण मार्गगाः सुखमभिप्रेतस्थानं गच्छन्ति तथा मिथ्यादर्शनाऽसंयमादिदोषरहितेन त्र्यंशेन श्रेयोमार्गेण सुखं मोक्षं गच्छन्ति । (त. वा. १, १, ३८) । २. स्वाभिप्रेतप्रदेशाप्तेरुपायो निरुपद्रवः । सद्भिः प्रशस्यते मार्गः × × × ॥ (त. श्लो. १, १, ५) । ३. मार्गो हि परमवैराग्यकरणप्रवणा पारमेश्वरी परमाज्ञा । (पंचा. का. अमृत. वृ. १७३) । ४. मार्गस्तावच्छुद्धरत्नत्रयम्

(नि. सा. वृ. २)। ५. मृज्यते शोध्यतेऽनेनात्मा इति मार्गः, मार्गणं वा मार्गः, शिवस्यान्वेषण-मिति भावः। उक्तं च—मग्गिज्जइ सोहिज्जइ जेण त्ता पवयणं तओ मग्गो। अहवा सिवस्स मग्गो मग्गणमण्णेसणं पंथो॥ (आव. नि. मलय. वृ. १२७)।

१ जो शुद्ध है उसका नाम मार्ग है। अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार कांटे, कंकड़ और बालु आदि दोषों से रहित मार्ग से पथिक सुखपूर्वक अभीष्ट स्थान को पहुंचते हैं उसी प्रकार मिथ्यादर्शन एवं असंयमादि दोषों से रहित तीन अंशरूप (रत्नत्रय स्वरूप) कल्याणकर मार्ग (मोक्षमार्ग) से मुमुक्षु जन सुखपूर्वक मोक्ष को प्राप्त करते हैं।

मार्गणा—१. मार्गणा त्वन्वयधर्मप्रार्थना। (विशे-षा. को वृ. ३९६, पृ. १५२)। २. अन्वयधर्मान्वे-षणा मार्गणा। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. १२)। ३. मार्गणा विशेषधर्मान्वेषणाख्या संविदि-त्यर्थः। यथा-शब्दः किं शाङ्खः किं वा शार्ङ्गः इति। ××× अथवा अवगतार्थाभिलाषे, तत्प्रार्थना मार्गणा। (नन्दी. हरि. वृ पृ. ७८)। ४. ××× मार्गणा गवेषणमन्वेषणमित्यर्थः। ××× चतुर्दशजीवसमासाः सदादिविशिष्टाः मार्ग्यन्तेऽस्मि-न्ननेन वेति मार्गणम्। (धव. पु. १, पृ. १३१); जेसु जीवा मग्गिज्जंति तेसिं मग्गणाओ इदि सण्णा। (धव. पु. ७, पृ. ७); अवगृहीतार्थविशेषो मृग्यते अन्विष्यते अनया इति मार्गणा। (धव. पु. १३, पृ. २४२)। ५. जाहि वा जासु व जीवा मग्गिज्जंते जहा तहा दिट्ठा। ताओ चोद्दस जाणे सुयणाणे मग्गणा होंति। (धव. पु. १, पृ. १३२ उद्.; गो. जी १४१)। ६. यकाभिर्यासु वा जीवा मार्ग्यन्तेऽनेकधा स्थिताः। मार्गणा मार्गणादक्षैस्तास्चतुर्दश भाषिताः॥ (पंचसं. अमित. १–१३१)। ७. मार्गणं मार्गणा 'मृग अन्वेषणे' अशेषसत्त्वापीडया यदन्वेषणं सा मार्गणेत्युच्यते। (ओघनि. द्रो. वृ. ४, पृ. २६)। ८. एतेषु जीवादयः पदार्थाः सर्वेऽपि प्रायो मृग्यन्ते-ऽन्विष्यन्ते विचार्यन्त इति यावदित्येतानि मार्गणा-स्थानान्युच्यन्ते। (शतक. मल. हेम. वृ. ५, पृ. ८)। ९. मार्गणा आत्मनो रत्नत्रयशुद्धिं समाधिमरणं च सम्पादयितुं समर्थस्य सूरेरन्वेषणम्। (अन. ध. स्वो. टी. ७–९८)। १०. अस्याः प्रकर्षाप्रकर्षौ बाह्य-वस्तुप्रकर्षापकर्षानुविधायिनावित्यन्वयधर्मालोचनं मा-र्गणा। (जम्बूद्वी. शा. वृ. ७०)।

१ अन्वय धर्म की प्रार्थना (अन्वेषण) का नाम मार्गणा है। यह आभिनिबोधिक ज्ञान का नामान्तर है। ४ मार्गणा, गवेषण और अन्वेषण ये समनार्थक शब्द हैं। इसमें चूंकि सत्-संख्या आदि से विशिष्ट चौदह जीवसमासों (गुणस्थानों) का अन्वेषण किया जाता है अतएव गति, इन्द्रिय व काय आदि चौदह स्थानों का मार्गण या मार्गणा यह सार्थक नाम है। ××× अवग्रह से गृहीत पदार्थविशेष का जिसके द्वारा अन्वेषण किया जाता है उसे मार्गणा कहा जाता है। यह एक ईहा मतिज्ञान का नामान्तर है। ९ अपनी रत्नत्रय की शुद्धि व समाधिमरण के सम्पादन करने में समर्थ आचार्य के अन्वेषण को मार्गणा कहा जाता है। यह भक्त-प्रत्याख्यान को स्वीकार करने वाले क्षपक के अर्हादि लिंगों में से एक है।

मार्गतः अन्तगतः अवधिज्ञान—मग्गओ अन्तगयं—से जहानामए केइ पुरिसे उक्कं वा चडुलिअं वा अलायं वा मणिं वा पईवं वा जोइं वा मग्गओ काउं अणुकड्ढमाणे २ गच्छिज्जा से तं मग्गओ अंतगयं। (नन्दी. सू. १०, पृ. ८२)।

जिस प्रकार कोई पुरुष उल्का (दीपिका) चडुलिका (अन्त में जलती हुई तृणपूलिका), अलात (अग्र-भाग में जलती हुई लकड़ी), मणि, प्रदीप, अथवा ज्योति (शराव आदि के आश्रित अग्नि) को मार्ग की ओर करके उसे खींचता हुआ जाता है उसी प्रकार जिस अवधिज्ञान के द्वारा अवधिज्ञानी मार्ग की ओर जानता देखता है उसे मार्गतः अन्तगत अवधिज्ञान कहा जाता है।

मार्गदूषणा—नाणादि तिहा मग्गं दूसयए जे य मग्गपडिवन्ना। अबुहो पंडियमाणी समुट्ठितो तस्स घायाए। (बृहत्क. भा. १३२३)।

जो मूर्ख तत्त्वज्ञान से रहित होकर अपने को पण्डित मानता हुआ ज्ञानादि रूप तीन प्रकार के मोक्षमार्ग को और उसको प्राप्त हुए साधुओं आदि को दूषित करता है व उसके घात में उद्यत है उस के इस प्रकार के आचरण का नाम मार्गदूषणा है। यह एक सम्मोही भावना का लक्षण है।

मार्गप्रभावना — १. ज्ञान-तपोजिनपूजाविधिना धर्मप्रकाशनं मार्गभावना। (स. सि. ६–२४; चा. सा. पृ. २६)। २. सम्यग्दर्शनादेर्मोक्षमार्गस्य निहत्य मानं करणोपदेशाभ्यां प्रभावना। (त. भा. ६–२३)। ३. ज्ञानतपोजिनपूजाविधिना धर्मप्रकाशनं मार्गप्रभावनम्। ज्ञानरविप्रभया परसमय-खद्योततिरिस्कारिण्या, सत्तपसा महोपवासादिलक्षणेन सुरपतिविष्टरप्रकम्पनहेतुना, जिनपूजया वा भव्यजनकमलषण्डप्रबोधनप्रभाकरप्रभया, सद्धर्मप्रकाशनं मार्गप्रभावनमिति संभाव्यते। (त. वा. ६, २४, १२)। ४. परमतभेदसमर्थज्ञान-तपोजिनमहामहैर्जगति। मार्गप्रभावना स्यात्प्रकाशनं मोक्षमार्गस्य। (ह. पु. ३४–१४७)। ५. मार्गप्रभावना ज्ञान-तपोऽर्हत्पूजनादिभिः। धर्मप्रकाशनं शुद्धबौद्धानां परमार्थतः॥ (त. श्लो. ६, २४, १५)। ६. सकलकर्मक्षयोत्तरकालमात्मनः स्वात्मन्यवस्थानं मोक्षः, तस्य मार्गः पन्थाः प्राप्त्युपायो ज्ञान-क्रियालक्षणः, तस्य प्रभावना प्रख्यापनं प्रकाशनम्। ××× मानः अहंकारः, स च जात्यादिस्थानोद्भूतः श्रेयोविघातकारी ××× तमेवंविधं मानं न्यक्कृत्य करणम्—स्वयमनुष्ठानं श्रद्दधतः काल-विनय-बहुमानाद्यासेवनं मूलोत्तरगुणप्रपञ्चानुष्ठानं चेति उपदेशोऽन्यस्मै प्रतिपादनं बहुविधविद्वज्जनसमितिषु स्याद्वादिन्यायावष्टम्भेन प्रसभमपहृत्य प्रतिभामेकान्तवादिनामर्हत्प्रणीतस्यानवद्यस्य सर्वतोभद्रस्य मार्गस्यैकान्तिकात्यन्तिकनिरतिशयाबाधकल्याणफलस्योच्चैः प्रकाशनं प्रभावना। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–६३)। ७. ज्ञानेन दानेन जिनपूजनविधानेन तपोऽनुष्ठानेन जिनधर्मप्रकाशनं प्रभावना। (त. वृत्ति श्रुत. ६–२४)। ८. ज्ञानादिना धर्मप्रकाशनं मार्गप्रभावना। (भावप्रा. टी ७७)।

१ ज्ञान, तप और जिनपूजा आदि की विधि से धर्म को प्रकाश में लाना, इसका नाम मार्गप्रभावना है। २ मान को दूर करके क्रिया (स्वयं अनुष्ठान) और उपदेश के द्वारा मोक्ष के मार्गभूत सम्यग्दर्शनादि को प्रकाशित करना, इसे मार्गप्रभावना कहा जाता है।

मार्गरुचि —१. निःसंगमोक्षमार्गश्रवणमात्रजनितरुचयो मार्गरुचयः। (त. वा. ३, ३६, २)। २. मोक्षमार्ग इति श्रुत्वा या रुचिर्मार्गजा त्वसौ॥ (म. पु. ७४–४४२)। ३. त्यक्तग्रन्थप्रपञ्चं शिवममृतपथं श्रद्दधन्मोहशान्तेः। मार्गश्रद्धानमाहुः। ××× (आत्मानु. १२)। ४. रत्नत्रयविचारसर्गो मार्गः। (उपासका. २३४, पृ. ११४; अन. ध. स्वो. टी. २–६२)। ५. निर्ग्रन्थलक्षणो मोक्षमार्गो न वस्त्रवेष्टितः पुमान् कदाचिदपि मोक्षं प्राप्स्यति एवंविधो मनोऽभिप्रायो निर्ग्रन्थलक्षणमोक्षमार्गे रुचिर्मार्गसम्यक्त्वम्। (दर्शनप्रा. टी. १२)।

१ निर्ग्रन्थ मोक्षमार्ग के सुनने मात्र से जिनको तत्त्वश्रद्धान उत्पन्न हुआ है वे मार्गरुचि—मार्गसम्यग्दर्शन के धारक—होते हैं।

मार्गवर्णजनन—रत्नत्रयालाभादनन्तकालम् अयमनादिनिधनोऽपि भव्यराशिर्न निर्वाणपुरमुपैति, तल्लाभे च सकलाः सम्पदः सुलभा इति मार्गवर्णजननम्। (भ. आ. विजयो ४७)।

रत्नत्रय की प्राप्ति के बिना अनादि-अनन्त भी भव्यजीवराशि अनन्त काल में भी मुक्ति को प्राप्त नहीं हो सकती, और उसके प्राप्त हो जाने पर समस्त सम्पदाएं सुलभ हो जाती हैं, इस प्रकार से मोक्षमार्ग के कीर्तन का नाम मार्गवर्णजनन है।

मार्गविप्रतिप्रत्ति—जो पुण तमेव मग्गं दूसेउमपंडिओ सतक्काए। उम्मग्गं पडिवज्जइ अकोविअप्पा जमालीव। (वृहत्क. भा. १३२४)।

जो विवेकहीन मनुष्य उसी मोक्षमार्ग को अपनी कुयुक्तियों के द्वारा दूषित करके उन्मार्ग (कुमार्ग) को प्राप्त होता है उसकी इस प्रकार की प्रवृत्ति को मार्गविप्रतिपत्ति कहा जाता है। प्रकृत में यहां जमालि का उदाहरण दिया गया है।

मार्गशुद्धि—१. सयडं जाण जुग्गं वा रहो वा एवमादिया। बहुसो जेण गच्छंति सो मग्गो फासुओ भवे॥ हत्थी अस्सो खरोढो वा गो-महिस-गवेलया। बहुसो जेण गच्छंति सो मग्गो फासुओ भवे॥ इत्थी पुंसा व गच्छन्ति आदवेण य जं हदं। सत्थपरिणदो चेव सो मग्गो फासुओ हवे। (मूला. ५, १०७–९)। २. मार्गस्य शुद्धिः पिपीलिकादित्रसाल्पत्वं बीजांकुर-तृण-हरितपत्र-जल-कर्दमादिरहितत्वं स्फुटतरत्वं व्यापित्वं च। (भ. आ. मूला. ११९१)।

१ जिस मार्ग से गाड़ी, यान, युग्य (हाथी आदि के द्वारा खींचा जाने वाला अथवा दो मनुष्यों के द्वारा

खींची जाने वाली पालकी) अथवा रथ इत्यादि निकल जाते हैं; तथा हाथी, घोड़ा, गधा, ऊंट, गाय, भैंस, भेड़ें, स्त्रियां और पुरुष जाने-आने लगते हैं वह मार्ग प्रासुक माना जाता है। जो मार्ग सूर्यताप से सन्तप्त हो चुका है अथवा शस्त्रपरिणत है—जहां खेती आदि की गई है—वह भी प्रासुक होता है। मार्ग का प्रासुक होना ही मार्गशुद्धि है।

मार्गसंश्रय—आगन्तुकमुनेर्मार्गयानागमनजातयोः। यः सुखासुखयोः प्रश्नः सोऽयं स्यान्मार्गसंश्रयः॥ (आचा. सा. २–२१)।

आने वाले मुनि के मार्ग में जाने-आने से उत्पन्न हुए सुख दुःख के विषय में जो पूछ-ताछ करना है, इसे मार्गसंश्रय समाचार कहते हैं। इच्छा-मिथ्याकारादिरूप दस प्रकार के समाचार में अन्तिम संश्रय है। उसके विनयसंश्रयादि रूप पांच भेदों में यह तीसरा है।

मार्गोपसम्पत्—देखो मार्गसंश्रय। पाहुणवत्थव्वाणं अण्णोण्णागमण-गमणसुहपुच्छा। उवसंपदा य मग्गे संजम-तव-णाण-जोगजुत्ताणं॥ (मूला. ४–२२)।

संयम, तप, ज्ञान और योग से युक्त अभ्यागत के रूप में स्थित हुए साधु जन के परस्पर में जो मार्गविषयक सुख-दुख के विषय में प्रश्न किया जाता है उसे मार्ग-उपसम्पत् कहते हैं।

मार्दव—१. कुल-रूप-जादि-बुद्धिसु तव-सुद-सीलेसु गारवं किंचि। जो ण वि कुव्वदि समणो मद्दवधम्मं हवे तस्स॥ (द्वादशानु. ७२)। २. जात्यादिमदावेशादभिमानाभावो मार्दवम्। (स. सि. ९–६)। ३. नीचैर्वृत्त्यनुत्सेकौ मार्दवलक्षणम्। मृदुभावो मृदुकर्म वा मार्दवम्, माननिग्रहो मानविघातश्चेत्यर्थः। तत्र मानस्येमान्यष्टौ स्थानानि भवन्ति। तद्यथा—जातिः कुलं रूपम् ऐश्वर्यं विज्ञानं श्रुतं लाभः वीर्यम् इति। (त. भा. ९–६)। ४. मद्दवं नाम जाइकुलादीहीणस्स अपरिभवणसीलत्तणं, जहाऽहं उत्तमजातीयो एस नीयजातीत्ति मदो न कायव्वो, एवं च करेमाणस्स कम्मनिज्जरा भवइ, अकरेंतस्स य कम्मोवचयो भवइ, माणस्स उदिन्नस्स निरोहो उदयपत्तस्स विफलीकरणमिति। (दशवै. चू. पृ. १८)। ५. जात्यादिमदावेशादभिमानाभावो मार्दवम्। उत्तमजाति-कुल-रूप-विज्ञानैश्वर्य-श्रुतलाभ-वीर्यस्यापि सतस्तत्कृतमदावेशाभावात् परप्रयुक्तपरिभवनिमित्ताभिमानाभावो मार्दवं माननिर्हरणमवगन्तव्यम्। (त. वा. ९, ६, ३)। ६. जात्यादिभावेऽपि मानत्यागान्मार्दवम्। (दशवै. नि. हरि. वृ. ३४९, पृ. २६२)। ७. जात्यादिमदावेशादभिमानाभावो मार्दवम्। (त. श्लो. ९–६)। ८. जात्याद्यभिमानाभावो मानदोषानपेक्षश्च दृष्टकार्यानपाश्रयो मार्दवम्। (भ. आ. विजयो. ४६)। ९. अभावो योऽभिमानस्य परैः परिभवे कृते। जात्यादीनामनावेशान्मदानां मार्दवं हि तत्॥ (त. सा. ६–१५)। १०. उत्तमणाणपहाणो उत्तमतवयरणकरणसीलो वि। अप्पाण जो हीलदि मद्दवरयण भवे तस्स॥ (कार्तिके. ३९५)। ११. उत्तमजाति-कुल-रूप-विज्ञानैश्वर्य-श्रुत-जप-तपोलाभवीर्यस्यापि तत्कृतमदावेशाभावात् परप्रयुक्तमपरिभवनिमित्ताभावो मार्दवं माननिर्हरणम्। (चा. सा. पृ. २८)। १२. मृदोर्भावो मार्दवं जात्यादिमदावेशादभिमानाभावः। (मूला. वृ. ११, ५)। १३. मार्दवं मानोदयनिरोधः। (औपपा. अभय. वृ. १६, पृ. ३३)। १४. मृदुः अस्तब्धस्तस्य भावः कर्म वा मार्दवम्, नीचैर्वृत्त्यनुत्सेकश्च। (योगशा. स्वो. विव. ४–९३; धर्मसं. मान. ३-४५, पृ. १२८)। १५. ××× मद्दवो माणनिग्गहो। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. १३, पृ. ३८)। १६. "ज्ञानं पूजां···" इति श्लोककथिताष्टविधस्य मदस्य समावेशात् परकृतपराभवनिमित्ताभिमानमुक्तिर्मार्दवमुच्यते, मृदोर्भावः कर्म वा मार्दवमिति निरुक्तेः। (त. वृत्ति ९–६)।

१ कुल, रूप, जाति, बुद्धि, तप, श्रुत और शील इनमें से किसी का भी अभिमान न करना; यह मुनि का मार्दव धर्म है। ३ नीचैर्वृत्ति—नम्रतापूर्ण प्रवृत्ति—और अनुत्सेक—उत्सेक (अहंकार) के अभाव—को मार्दव कहा जाता है।

मालदोष—१. मालापीठाद्युपरि स्थानमथवा मस्तकादूर्ध्वं यत्तदाश्रित्य मस्तकस्योपरि यदि किञ्चिदत्र गतिस्तथापि (?) यदि कायोत्सर्गः क्रियते स मालदोषः। (मूला. वृ. ७–१७१)। २. माले शिरोऽवष्टम्भस्य स्थानं मालदोषः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)। ३. ×××मालो मालादि मूर्ध्नाल-

म्ध्योपरि स्थितिः ॥ (अन. ध. ८–११३)।

१ मालापीठ आदि के ऊपर जो कायोत्सर्ग से स्थित होना है, इसे मालदोष कहते हैं, यह कायोत्सर्ग का एक दोष है। ३ शिर से माल (उपरिम भाग) आदि का आलम्बन लेकर ऊपर कायोत्सर्ग में स्थित होना, यह कायोत्सर्ग का एक माल नामक दोष है।

मालापहृत—देखो मालारोहणदोष। १. मालाद्यवस्थितं निश्रेण्यादिनाऽवतार्य ददाति तन्मालाहृतम्। (आचा. शी. वृ. २, १, २६६)। २. यदुपरिभूमिकातः शिक्यादेर्भूमिगृहाद्वा आकृष्य साधुभ्यो दानं तन्मालापहृतम्। (योगशा. स्वो. विव. १–३८)। ३. मालं सीकक-प्रासादोपरितलादिकमभिप्रेतम्। तस्मादाहृतं करग्राह्य यदन्नादि दात्री ददाति तन्मालापहृतम्। (जीतक. चू. वि. व्या. पृ. ४६)। ४. यत्करदुर्ग्राह्यं मालादिभ्य उत्तार्य गृही दत्ते तन्मालापहृतम्। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २०, पृ. ४९)। ५. यन्मालातः शिक्ककादेरपहृतं साध्वर्थमानीतं तन्मालापहृतम्। (धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ३–९२, पृ. ४०)।

१ घर के उपरिम भाग में स्थित देय द्रव्य (अन्न आदि) को नसैनी आदि के आश्रय से उतार कर साधु के लिए देने में मालापहृत नामक दोष होता है।

मालारोहणदोष—देखो मालापहृत। १. णिस्सेणीकट्ठादिहि णिहिदं पूयादियं तु घेत्तूणं। मालारोह किच्चा देयं मालारोहणं णाम ॥ (मूला. ६–२३)। २. निश्रेण्यादिभिरारुह्य इत आगच्छत, युष्माकमियं वसितिरिति या दीयते द्वितीया तृतीया वा भूमिः सा मालारोहम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. २३०)। ३. ××× मालिकारोहणं मतम्। मालिकादिसमारोहणेनानीतं घृतादिकम् ॥ (आचा. सा. ८–३३)। ४. निश्रेण्यादिभिरारुह्य मालमादाय दीयते। यद् द्रव्यं संयतेभ्यस्तन्मालारोहणमिष्यते ॥ (अन. ध. ५–१८)। ५. मालिकादिसमारोहणेन यदानीतं तन्मालिकारोहणम्, उपरितनभूमेर्यद् घृतादिकमधस्तनभूमौ समानीत तन्न कल्पते। (भावप्रा. टी. ९९)।

१ नसैनी या लकड़ी आदि के सहारे घर के उपरिम भाग पर चढ़कर वहां पर रखे हुए पुआ आदि को लेकर मुनि के लिए देने पर मालारोहण नाम का दोष उत्पन्न होता है।

मालास्वप्न—१. पुव्वावरसंबंधं सउणं तं मालसउणोत्ति ॥ (ति. प. ४–१०१६)। २. पुव्वावरेण घडंताणं भावाणं सुमिणंतरेण दसणं मालासुमणओ नाम। (धव. पु. ९, पृ. ७४)।

१ पूर्वापर सम्बन्ध रखने वाले स्वप्न को मालास्वप्न कहा जाता है। २ पूर्वापर सम्बन्ध से घटित होने वाले पदार्थों का जो स्वप्नान्तर से अवलोकन होता है उसका नाम मालास्वप्न है।

मास—१. तौ द्वौ शुक्ल-कृष्णौ मासः। (त. भा. ४–१५)। २. दो पक्खा मासो। (भगवती. ६, ७, २५. पृ. ८२५; जम्बूद्वी. १८; अनुयो. सू. १३७, पृ. ८९)। ३. ××× तीसं दिणा मासो। (ज्योतिष्क. ३०)। ४. ××× पक्खा य दो भवे मासो। (जीवस. ११०)। ५. दो पक्खेहि मासो ×××। (ति. प. ४–२८९)। ६. ××× पक्षद्वयं मासमुदाहरन्ति। (वरांगच. २७–५)। ७. द्वौ पक्षौ मासः। (त. वा. ३, ३८, ८, पृ. २०९; आव. भा. हरि. वृ. १९८, पृ. ४६५; धव. पु. ४, पृ. ३२०; सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५७, पृ. १६९; आव. भा. मलय. वृ. २००, पृ. ५९३; जीवाजी. मलय. वृ. २–१७८)। ८. मासः तद्-(पक्ष-) द्विगुणः। (आव. नि. हरि. वृ. ६६३)। ९. वेहि पक्खेहि मासो। (धव. पु. १३, पृ. ३००)। १०. शुक्ल-कृष्णौ द्वौ पक्षौ मासः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–१५)। ११. ××× तौ [पक्षौ] मासो ×××। (ह. पु. ७–२१)। १२. विहि पक्खेहि य मासो ×××। (भावसं. दे. ३१४)। १३. ××× तीसं दिवसाणि मासमेक्को दु। (जं. द्वी. प. १३, ७)। १४. त्रिंशद्दिवसैर्मासः। (पंचा. जय. वृ. २५)। १५. त्रिंशदहोरात्रैर्मासः। (नि. सा. वृ. ३१)। १६. ताभ्यां (पक्षाभ्यां) द्वाभ्यां मासः। (अनुयो. सू. मल. हेम. वृ. ११४; प्रज्ञाप. मलय. वृ. ५, १०४)। १७. त्रिंशद् दिनानि अहोरात्रा एको मासः। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ३०)। १८. ××× मासः पक्षद्वयात्मकः। (लोकप्र. २८–२८६)।

१ दो पक्षों का एक मास होता है।

मांस—मांसं पिशितमसृग्भवम्। (योगशा. स्वो. विव. ४–७२)।

रुधिर से जो धातुविशेष उत्पन्न होती है उसे मांस कहा जाता है।

मांसनिर्युक्ति—यस्याहं मांसमद्म्यत्र प्रेत्य मां स मपत्स्यति । एतां मांसस्य निर्युक्तिमाहुः सूरिमतल्लिकाः ।। (धर्मसं. श्रा. ५–३५) ।

जिस पशु आदि का मांस इस लोक में मैं खाता हूं वह परलोक में मुझे भी खाएगा, इसे आचार्य श्रेष्ठ मांस की निर्युक्ति कहते हैं ।

मित—१. मितं वर्णादिनियतपरिमाणम् । (आव. नि. हरि. वृ. ८८५, पृ. ३७६) । २. मितं परिमिताक्षरम् । (व्यव. भा. मलय. वृ. १–१६०, पृ. ३४) ।

१ वर्ण-पदादि से जिसका प्रमाण निश्चित होता है उसे मित कहा जाता है। यह सर्वज्ञभाषित सूत्रवचन के आठ गुणों में से सातवां है ।

लिङ्ग—१. वेदोदयापादितोऽभिलापविशेषो लिङ्गम्। (त. वा. २, ६, ३)। २. स्त्यान-प्रसव-तदुभयाभावसामान्यलक्षणं लिङ्गम्। (लघीय. स्वो. वि. ७२)। ३. लिङ्ग्यते साधुरनेनेति लिङ्गं रजोहरणादिधरणलक्षणम्। (आव. नि. हरि. वृ. ११३१)। ४. अण्णहाणुववत्तिलक्खणं लिंगं। (धव. पु. १३, पृ. २४५); इदमन्तरेण इदमनुपपन्नमितीदमेव लक्षणं लिंगस्य। (धव. पु. १३, पृ. २४६)। ५. लिंगं च लीनं सूक्ष्मं स्वकारणं गमयति लयं गच्छति इति वा। (न्यायकु. ७, पृ. ३५३); लिंगं हि साध्येन साधनस्याविनाभावोऽभिधीयते, तस्मिन् सत्येव लिंगस्य लिंगत्वोपपत्तेः। (न्यायकु. ११, पृ. ४२७)। ६. लिङ्गं चिह्नम्। (अन. ध. स्वो. टी. ७-६८)।

१ वेद के उदय से स्त्री या पुरुष के साथ रमण की जो इच्छा होती है उसे लिंग कहते हैं। २ स्त्यान (गर्भ धारण), प्रसव (सन्तानोत्पादन) और उन दोनों से रहित जो जीव की अवस्था होती है उसे सामान्य से लिंग कहा जाता है। अर्थात् जिस लिंग के आश्रय से गर्भ धारण किया जा सकता है उसे स्त्रीलिंग कहा जाता है। इसी प्रकार जिस लिंग के आश्रय से प्राणी सन्तान के उत्पन्न करने में समर्थ होता है उसे पुल्लिंग और जिसके आश्रय से प्राणी न गर्भ धारण कर सकता है और न सन्तान को भी उत्पन्न कर सकता है उसे नपुंसकलिंग कहा जाता है। ३ साधु के रजोहरण आदि रूप चिह्न को लिंग कहते हैं। ५ साध्य के साथ जो साधन का अविनाभाव सम्बन्ध रहता है उसका नाम लिंग है। यह लीन (परोक्ष) अर्थ का ज्ञापक होता है। ६ भक्तप्रत्याख्यान मरण के अर्हादि चिह्नों में एक लिंग भी है।

लिङ्गगम्य— लिंगगम्यं परार्थानुमानवचनप्रतिपाद्यम्। (युक्त्यनु. टी. २२)।

जो पदार्थ प्रत्यक्षज्ञान का विषय नहीं रहता वह लिंगगम्य होता है। उसका प्रतिपादन परार्थानुमानवचन के द्वारा किया जाता है।

लिङ्गभिन्न—लिङ्गभिन्नं यत्र लिङ्गव्यत्ययः, यथा इयं स्त्रीति वक्तव्ये अयं स्त्रीत्याह। (आव. नि. मलय. वृ. ८८२)।

जहां लिंग की विपरीतता होती है उसे लिंगभिन्न कहा जाता है। जैसे स्त्री के कथन में 'अयं स्त्री' ऐसा कहना। यहां 'अयं' इस पुल्लिंग का प्रयोग न करके उसके स्थान में 'इयम्' स्त्रीलिंग का प्रयोग करना चाहिए था।

लिप्तदोष—१. गेरुय हरिदालेण व सेडीय मणोसिलामपिट्ठेण। स-पवालोदणलेवेण व देयं करभायणे लित्तं॥ (मूला. ६-५५)। २. तथा लिप्तोऽप्रासुकवर्णादिसंसक्तस्तेन भाजनादिना दीयमानमाहारादिकं यदि गृह्णाति तदा तस्य लिप्तनामाशनदोषः। (मूला. वृ. ६-४३)। ३. लिप्तमप्रासुकैस्तोय-मृत्तिका-तालकादिभिः। लिप्तैर्दर्वी-कराद्यैर्यद् दीयमानाशनादिकम्॥ (आचा. सा. ८-५३)। ४. वसादिना संसृष्टेन हस्तेन पात्रेण वा दक्तोऽन्नादि लिप्तम्। (योगशा. स्वो. वृ. १-३८)। ५. यद् गैरिकादिनाऽऽमेन शाकेन सलिलेन वा। आर्द्रेण पाणिना देयं तल्लिप्तं भाजनेन वा॥ (अन. ध. ५-३५)। ६. लिप्तैर्दर्वीकराद्यैर्दीयमानमशनादिकं लिप्तं तथाऽप्रासुकजलमृत्तिकोत्मुकादिभिर्लिप्तैर्यद्दीयते तल्लिप्तम्। (भावप्रा. टी. ९९)।

१ गेरु, हरिताल (एक पीले रंग की धातु), सेडिका (सफेद रंग की मिट्टी—छुई) मनःशिला, आमपिष्ट अथवा अप्रासुक जल आदि से लिप्त हाथों से साधु को आहार देने पर वह लिप्त दोष से दूषित होता है। ४ वसा आदि से सम्बद्ध हाथ अथवा वर्तन से अन्न आदि के देने पर लिप्तदोष होता है।

लीनता—तथा लीनता विविक्तशय्यासनता। सा चैकान्तेनावाधेऽसंसक्ते स्त्री-पशु-पण्डकविवर्जिते शून्यागार-देवकुल-सभा - पर्वत-गुहादीनामन्यतमस्मिन् स्थानेऽवस्थानं, मनोवाक्कायकषायेन्द्रियसंवृतता च। (योगशा. स्वो. विव. ४-८९)।

स्त्री, पशु व नपुंसक आदि के संसर्ग से रहित निर्बाध एकान्त स्थान में रहना तथा मन, वचन, काय, कषाय और इन्द्रियों को वश में रखना, यह लीनता नाम का बाह्य तप है। इसे विविक्तशय्यासन के नाम से भी कहा जाता है।

लेणकर्म—लेणं पव्वओ, तम्हि घडिदपडिमाओ लेणकम्मं। (धव. पु. ९, पृ. २४९); सिलामय-पव्वदेहिंतो अभेदेण घडिदपडिमाओ लेणकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. १०); पव्वदेसु सुक्खदजिणादिपडिमाओ लेणकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. २०२); पत्थर-कट्ठएहि जाणि पव्वदेसु घडिदाणि रूवाणि ताणि लेणकम्माणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ५)।

लेण (लयन) नाम पर्वत का है, उससे अभेद रूप में जो प्रतिमायें रची जाती हैं, इसे लेणकर्म या लयन-कर्म कहते हैं।

लेपकर्म—कड-सक्खर-मट्टियादीणं लेवो लेप्पं, तेण घडिदपडिमाओ लेप्पकम्मं। (धव. पु. ९, पृ. २४९); मट्टिया-खड-सक्करादिलेवेण घडिदाओ पडिमाओ लेप्पकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. ९); मट्टिय-छुहादीहि कदपडिमाओ लेप्पकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. २०२); लेप्पयारेहि लेविऊण जाणि णिप्पाइदाणि रूवाणि ताणि लेप्पकम्माणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ५)।

कट, शर्करा और मिट्टी आदि के लेप से जो प्रतिमाओं की रचना की जाती है उसे लेपकर्म कहा जाता है।

लेपकृतआहार—१. लेवड हस्तलेपकारि। (भ. आ. विजयो. २२०)। २. लेवड हस्तलेपकारि तीलादिकम्। (भ. आ. मूला. २२०)।

१ जिस आहार से हाथ लिप्त होता है उसे लेप्य या लेपकृत आहार कहा जाता है।

लेप्यआहार—देखो लेपकृतआहार।

लेश्या—१. लिप्पइ अप्पीकीरइ एयाए णियपुण्ण-पावं च। जीवो त्ति होइ लेस्सा लेस्सागुणजाणय-क्खाया॥ (प्रा. पंचसं. १–१४२; धव. पु. १, पृ. १५० उद्.; गो. जी. ४८९)। २. कषायोदयरंजिता योगप्रवृत्तिर्लेश्या। (त. वा. २, ६, ८; पंचा. का. जय. वृ. १४०); कषायश्लेषप्रकर्षापकर्षयुक्ता योगवृत्तिर्लेश्या। (त. वा. ९, ७, ११)। ३. [कर्मभिः] लिम्पतीति लेश्या। ××× अथवा आत्म-प्रवृत्तिसंश्लेषणकरी लेश्या। ××× कषायानुरञ्जिता काय-वाङ्मनोयोगप्रवृत्तिर्लेश्या। ××× कषायानुविद्धा योगप्रवृत्तिर्लेश्या। (धव. पु. १. पृ. १४९–५०); कर्मस्कन्धैरात्मानं लिम्पतीति लेश्या। (धव. पु. १, पृ. ३८६); कम्मलेवहेदूदो जोग-कसाया चेव लेस्सा। (धव. पु. २, पृ. ४३१); का लेस्सा णाम ? जीव-कम्माणं संसिलेसणयरी, मिच्छत्तासंजम-कसाय-जोगा त्ति भणिदं होदि। (धव. पु. ८, पृ. ३५६); [णोआगमदो भावलेस्सा] मिच्छत्तासंजम-कसायाणुरंजियजोगपवुत्ती कम्मपोग्गलादाणणिमित्ता, मिच्छत्तासंजम-कसाय-जोगजणिदसंसकारो त्ति वुत्तं होदि। (धव. पु. १६, पृ. ४८५)। ४. कषायोदयतो योगप्रवृत्तिरुपदर्शिता। लेश्या जीवस्य कृष्णादिः[दि-]षड्भेदा भावतोऽनघैः॥(त. श्लो. २, ६, ११); कषायानुरंजिता योग-प्रवृत्तिर्लेश्या। (त. श्लो. ४–२०; भ. आ. विजयो. ४८ व ७०; मूला. वृ. १२–३; अन. ध. स्वो. टी. ७–९८; भ. आ. मूला. ७०; त. वृत्ति श्रुत. ४, २०)। ५. योगवृत्तिर्भवेल्लेश्या कषायोदयरञ्जिता। भावतो द्रव्यतः कायनामोदयकृताङ्गरुक्॥ (त. सा. २–८८)। ६. प्रवृत्तिर्योगिकी लेश्या कषायोदय-रञ्जिता। (पंचसं. अमित. १–२५३)। ७. जोग-पउत्ती लेस्सा कसायउदयाणुरंजिया होई। (गो. जी. ४९०)। ८. लिश्यते प्राणी कर्मणा यया सा लेश्या। (स्थाना. अभय. वृ. ५१, पृ. ३१ उद्.); कृष्णादि-द्रव्यसाचिव्यात् परिणामो य आत्मनः। स्फटिकस्येव तत्रायं लेश्याशब्दः प्रयुज्यते॥ (ध्यानश. हरि. वृ. १४ उद्.; स्थाना. अभय. वृ. पृ. ३१ उद्.; बृहत्सं. मलय. वृ. १९३ उद्.)। ९. कृष्ण-नील-कापोत-तेजःपद्म-शुक्ल-वर्णद्रव्यसाचिव्यादात्मनस्तदनुरूपः परिणामः। (योगशा. स्वो. विव. ४–४४)। १०. लिप्यते आत्मा कर्मणा सहानयेति लेश्या कृष्णादिद्रव्यसाचिव्यादात्मनः परिणामविशेषः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १७, पृ. ३३०)। ११. लिश्यते श्लिश्यते जीवः कर्मणा सहानयेति लेश्या कृष्णादिद्रव्यसाचिव्यादात्मनः शुभाशुभरूपः परिणामविशेषः। (बृहत्सं. मलय. वृ. १९३)। १२. मनोवाक्कायपूर्विकाः कृष्णादिद्रव्यसम्बन्धजनि-

ताः खल्वात्मपरिणामा लेश्याः। (आव. भा. मलय. वृ. ६६, पृ. २६३) । १३. ××× कसाय-जोगप्पवित्तिदो लेस्सा ॥ (भावत्रि. १७) । १४. अनया कर्मभिरात्मानं लिम्पतीति लेश्या, ××× कषायोदयानुरञ्जिता योगप्रवृत्तिर्वा लेश्या। (गो. जी. जी. प्र. ४९९) ।

१ जीव जिसके द्वारा अपने को पुण्य-पाप से लिप्त करता है उसे लेश्या कहते हैं। २ कषाय के उदय से अनुरंजित योगों की प्रवृत्ति को लेश्या कहा जाता है। ८ जिसके द्वारा प्राणी कर्म से संश्लिष्ट होता है उसका नाम लेश्या है। कृष्ण आदि द्रव्य की सहायता से जो जीव का परिणाम होता है उसे लेश्या कहते हैं।

लोक—१. लोयदि आलोयदि पलोयदि सल्लोयदि त्ति एगत्थो। जम्हा जिणेहिं कसिणं तेणेसो वुच्चदे लोओ ॥ (मूला. ७–४३) । २. अत्थि अणन्ताणन्तं आगासं तस्स मज्झयारम्मि। लोओ अणाइनिहणो तिभेयभिण्णो हवइ णिच्चो ॥ (पउमच. ३–१८) । ३. आदिणिहणेण हीणो पगदिसरूवेण एस संजादो। जीवाजीवसमिद्धो सव्वण्हावलोइओ लोओ ॥ (ति. प. १–१३३) । ४. अनन्तसर्वमाकाशं मध्ये तस्य प्रतिष्ठितः। सुप्रतिष्ठितसंस्थानो लोकः ×××॥ (वरांगच. ५–१) । ५. अलोकाकाशस्यानन्तस्य बहुमध्ये सुप्रतिष्ठिकसंस्थानो लोकः ऊर्ध्वमधस्तिर्यङ्मृदङ्ग-वेत्रासन-झल्लर्याकृतिः तनुवातवलयपरिक्षिप्त ऊर्ध्वाधस्तिर्यक्षु प्रतरवृत्तश्चतुर्दशरज्ज्वायामः। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७६); यत्र पुण्य-पापफललोकनं सः लोकः। पुण्य-पापयोः कर्मणोः फलं सुख-दुःखलक्षणं यत्रालोक्यते स लोकः। ××× लोकतीति वा लोकः। लोकति पश्यत्युपलभते अर्थानिति लोकः। (त. वा. ५, १२, ११–१२); लोक्यत इति वा लोकः। सर्वज्ञेनानन्ताप्रतिहतकेवलदर्शनेन लोक्यते यः सः लोकः। (त. वा. ५, १२, १३) । ६. को लोगो णाम ? सेढिघणो। (धव. पु. ३, पृ. ३३); लोक्यन्ते उपलभ्यन्ते यस्मिन् जीवादिद्रव्याणि स लोकः। (धव. पु. ४, पृ. ९); एत्थ लोगेत्ति वुत्ते सत्तररज्जूणं घणो घेत्तव्वो। (धव. पु. ४, पृ. १०); लोगो अकट्टिमो खलु अणाहिणिहणो सहावणिव्वत्तो। जीवाजीवेहिं फुडो णिच्चो तलरुक्खसठाणो ॥ (धव. पु. ४, पृ. ११ उद्.); तत्थ लोक्यन्ते उपलभ्यन्ते यस्मिन् जीवादयः पदार्थाः स लोकः। (धव. पु. ११, पृ. २; धव. पु. १३, पृ. २८८ व ३४७)। ७. लोक्यन्तेऽस्मिन् निरीक्ष्यन्ते जीवाद्यर्थाः सपर्ययाः। इति लोकस्य लोकत्वं निराहुस्तत्त्वदर्शिनः ॥ लोको ह्यकृत्रिमो ज्ञेयो जीवाद्यर्थविगाहकः। नित्यः स्वभावनिर्वृत्तः सोऽनन्ताकाशमध्यगः ॥ (म. पु. ४, १३ व १५) । ८. सामान्यविशेषात्मकोऽनाद्यपर्यवसानश्चतुर्दशरज्ज्वात्मको वा लोकः। (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. २, ५, १, पृ. ११९); लोकः ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्रूपो वैशाखस्थानस्थितकटिन्यस्तकरयुग्मपुरुषसदृशः पञ्चास्तिकायात्मको वा। (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. २, ५, १२, पृ. १२५) । ९. धर्माधर्मास्तिकायाभ्यां व्याप्तः कालाणुभिस्तथा। व्योम्नि पुद्गलसंछन्नो लोकः स्यात् क्षेत्रमात्मनाम् ॥ अधो वेत्रासनाकारो मध्येऽसौ झल्लरीसमः। ऊर्ध्वं मृदङ्गसंस्थानो लोकः सर्वज्ञवर्णितः ॥(त. सा. २, १७६-७७) । १०. स्वलक्षणं हि लोकस्य षड्द्रव्यसमवायात्मकत्वम्। (प्रव. सा. अमृत. वृ. २–३६) । ११. सव्वागासमणंतं तस्स य बहुमज्झदेसभागम्हि। लोगोसंखपदेसो जगसेढिघणप्पमाणो हु ॥ लोगो अकिट्टिमो खलु अणाइ-णिहणो सहावणिव्वत्तो। जीवाजीवेहिं फुडो सव्वागासवयवो णिच्चो ॥ धम्माधम्मागासा गदिरागदि जीव-पोग्गलाणं च। जावत्तावल्लोगो ××× ॥ (त्रि. सा. ३–५) । १२. अनादिनिधनो लोको व्योमस्थोऽकृत्रिमः स्थिरः। नैतस्य विद्यते कर्ता गगनस्येव कश्चन ॥ (धर्मप. १३–९२) । १३. लोक्यन्ते दृश्यन्ते जीवादिपदार्था यस्मिन् परमात्मस्वरूपे यस्य केवलज्ञानेन वा स भवति लोकः। (परमा. वृ. १–११०)। १४. धम्माधम्मा कालो पुग्गल-जीवा य संति जावदिये। आयासे सो लोगो ××× ॥ (द्रव्यसं. २०) । १५. लोक्यन्ते जीवादिपदार्था यत्र स लोक इति वचनात् पुद्गलादिषड्द्रव्यैर्निष्पन्नोऽयं लोकः, न चान्येन केनापि पुरुषविशेषेण क्रियते ह्रियते ध्रियते वेति। (पंचा. का. जय. वृ. ७६); षड्द्रव्यसमूहात्मको लोकः। (पंचा. का. जय. वृ. ८७)। १६. धर्मादीनां वृत्तिर्द्रव्याणां भवति यत्र तत्क्षेत्रम्। तैर्द्रव्यैः सह लोकः ××× (स्थाना. अभय. वृ. पृ. १४ उद्.); एकोऽविवक्षितासंख्यप्रदेशाधस्तिर्यगादिदिग्भेदतया लोक्यते दृश्यते केवलालोकेनेति लोकः धर्मास्तिकायादिद्रव्याधारभूत आकाशविशेषः। (स्या-

ना. अभय. वृ. ५, पृ. १४) । १७. लोकः पंचास्तिकायमयः । (औपपा. अभय. वृ. ३४, पृ. ७६) । १८. कटिस्थकरवैशाखस्थानकस्थनराकृतिः । द्रव्यैः पूर्णः स तु लोकः स्थित्युत्पत्ति-व्ययात्मकैः ॥ वेत्रासनसमोऽधस्तान्मध्यतो झल्लरीनिभः । अग्रे मुरजसंकाशो लोकः स्यादेवमाकृतिः ॥ (त्रि. श. पु. च. २, ३, ४७८-६) । १६. लोक्यते प्रमाणेन दृश्यते इति लोकः । अयं चेह पञ्चास्तिकायात्मको गृह्यते । (आव. भा. मलय. वृ. १६६, पृ. ५६१); लोक्यते इति लोकः । (आव. नि. मलय. वृ. १०७०, पृ. ५६४); लोको हि चतुर्दशरज्ज्वात्मकत्वेन परिमितः । (आव. नि. मलय. वृ. १०६१' पृ. ५६८) । २०. लोक्यन्ते जीवादयः पदार्था यत्रासौ लोकस्त्रिचत्वारिंशदधिकशतत्रयपरिमितरज्जुपरिमाणः । (रत्नक. टी. २-३) । २१. जीवेहिं पुग्गलेहिं य धम्माधम्मेहिं जं च कालेहिं । उद्धद्धं तं लोगं सेसमलोगं हवेणंतं ॥ लोगमणाइअणिहणं अकिट्टिमं तिविहभेयसंठाणं । खंधादो तं भणियं पोग्गलदव्वाण सव्वदरिसीहिं ॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. ६८-६६); विगयशिरो कडिहत्थो ताडियजंघो जुवा णरो उड्ढो । तेणायारेण ठिओ तिविहो लोगो मुणेयव्वो ॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. १४५) । २२. षद्द्रव्यसमवायो लोकः । (लघीय. अभय. वृ. पृ. ७७) । २३. जीवाद्यर्थचितो दिवर्धमुरजाकारस्त्रिवातीवृतः, स्कन्धः खेऽतिमहाननादिनिधनो लोकः सदास्ते स्वयम् । नून् मध्येऽत्र सुरान् यथायथमधः श्वभ्रांस्तिरश्चोभितः, कर्मोदर्चिरुपप्लुतानधियतः सिध्यै मनो धावति ॥ (अन. ध. ६-७६); लोक्यन्ते दृश्यन्ते जीवादयः पदार्था अस्मिन्निति लोकः । (अन. ध. स्वो. टी. ६-७६) । २४. जम्बूद्वीपोऽस्य मध्यस्थो मन्दरस्तस्य मध्यगः । तस्माद्विभागो लोकस्य तिर्यगूर्ध्वोऽधरस्तथा ॥ तिर्यग्लोकस्य बाहल्यं मेर्वायामसमं स्मृतम् । तस्मादूर्ध्वो भवेदूर्ध्वो ह्यधस्तादधरोऽपि च ॥ झल्लरीसदृशो मध्यो वेत्रासनसमोऽधरः । ऊर्ध्वो मृदंगसंस्थान इति लोकोऽर्हतोदितः ॥ (लोकवि. १, ४-६) । २५. लोक्यन्ते विलोक्यन्ते धर्मादयः पदार्थाः यस्मिन्निति लोकः । (त. वृत्ति श्रुत. ५-१२) । २६. लोक्यते दृश्यते यत्र जीवाद्यर्थकदम्बकः । स लोकस्त्रिविधोऽनादिनिधनः पुरुषाकृतिः ॥ (धर्मसं. श्रा. १०-६८)। २७. यावत्स्वाकाशदेशेषु सकलंचिदचित्तत्त्वसत्तास्ति नित्या तावंतो लोकसंज्ञा जिनवरगदिताः ××× । (अध्यात्मक. ३-३४) ।

२ जो अनन्तानन्त आकाश के ठीक मध्य भाग में स्थित होता हुआ अनादि-अनन्त है तथा अधः, मध्य और ऊर्ध्व लोक के भेद से तीन प्रकार का है उसे लोक कहा जाता है। ३ जो आदि व अन्त से रहित होकर स्वभाव से उत्पन्न हुआ है तथा जीवादि छह द्रव्यों से समृद्ध है उसे लोक कहते हैं। ५ जो अनन्त अलोकाकाश के ठीक मध्य में सुप्रतिष्ठक के आकार से स्थित होकर तनुवातवलयादि से वेष्टित है वह लोक कहलाता है।

लोकनाली—देखो त्रसनाली। लोगो नाम सव्वागासमज्झत्थो चोद्दसरज्जुआयामो ××× चोद्दसरज्जुआयद-रज्जुवग्गमुह-लोगणालिगब्भो । (धव. पु. ४, पृ. २०) ।

लोक के मध्य में चौदह राजु लम्बी और एक वर्गराजु मुखवाली लोकनाली स्थित है।

लोकपाल—१. लोकपालाः लोकं पालयन्तीति लोकपालाः । (स. सि. ४-४) । २. आरक्षिकार्थचरसमा लोकपालाः । लोकं पालयन्तीति लोकपाला अर्थचरारक्षिकसमाः ते वेदितव्याः । (त. वा. ४, ४, ६) । ३. लोकपालास्तु लोकान्तपालकाः दुर्गपालवत् । (म. पु. २२-२८) । ४. आरक्षकार्थचरपुंस्थानीया लोकपालकाः ॥ (त्रि. श. पु. च. २, ३, ७७३) । ५. तथा लोकान् पालयन्तीति लोकपालाः, ते चारक्षकचोरोद्धरणिकरस्थानीयाः । (बृहत्सं. मलय. वृ. २) ।

२ जो लोक का पालन किया करते हैं वे लोकपाल कहलाते हैं। वे कोतवाल अथवा चार पुरुष के समान हुआ करते हैं।

लोकपूरणसमुद्घात—१. वेदनीयस्य बहुत्वादल्पत्वाच्चायुषोऽनाभोगपूर्वकमायुःसमकरणार्थं द्रव्यस्वभावत्वात् सुराद्रव्यस्य फेनवेगबुद्बुदाविर्भावोपशमनवद् देहस्थात्मप्रदेशानां बहिः समुद्घातनं केवलिसमुद्घातः । (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७७) । २. लोगपूरणसमुग्घादो णाम केवलिजीवपदेसाणं घणलोगमेत्ताणं सव्वलोगापूरणं । (धव. पु. ४, पृ. २६); चउत्थसमए सव्वलोगमावूरिय घादिदसेसट्ठिदीए एगसमएण घादिदअसंखेज्जाभागं संघादिदसेसाणुभागस्स घादिदअणंताभागं सव्वकम्माणं ठवि-

दंतोमुहुत्तट्ठिदि लोगपूरणं करेदि। (धव. पु. १०, पृ. ३२१); चउत्थसमए सव्वलोगागासमावूरिय सेसट्ठिदि-अणुभागाणमसंखेज्जे भागे अणंते भागे च घादिय जमवट्ठाणं तं लोगपूरणं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ८४)।

१ जब वेदनीय कर्म की स्थिति बहुत और आयु कर्म की स्थिति कम होती है तब केवली के आत्म-प्रदेश उपयोग के विना ही उक्त कर्मों की स्थिति को आयु के समान करने के लिए शरीर से बाहिर निकल कर क्रम से चार समयों में समस्त लोक को व्याप्त कर देते हैं। इस प्रक्रिया का नाम केवलि-समुद्घात है। जिस प्रकार मद्य द्रव्य के फेन का वेग बुद्बुद् के आविर्भाव में शान्त हो जाता है उसी प्रकार इस केवलिसमुद्घात में केवली की आयु की स्थिति के समान वेदनीय आदि अन्य अघातिया कर्मों की भी स्थिति हो जाती है।

लोकबिंदुसार—१. यत्राष्टौ व्यवहाराश्चत्वारि बीजानि परिकर्म-राशिक्रियाविभागश्च सर्वश्रुतसंपदुपदिष्टा तत्खलु लोकबिन्दुसारम्। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७८)। २. चोद्दसमं लोगबिंदुसारं, तं च इमम्मि लोए सुअलोए वा बिंदुमिव अक्खरस्स सव्वुत्तमं सव्वक्खरसन्निवायपरि (? ढित) त्तणओ लोगबिन्दुसारं भणियं, तस्स य पयपरिमाणं अद्धतेरसपयकोडीओ १४। से त्तं पुव्वगते। (नन्दी. हरि. वृ. १०६, पृ. ८६; प्रा. ग्रन्थ प्र अहमदाबाद)। ३. लोकबिन्दुसारं णाम पुव्वं दसण्ह वत्थूणं १० विसयपाहुडाणं २०० बारहकोडि-पण्णास लक्खपदेहि १२५०००००० अष्टौ व्यवहारान् चत्वारि बीजानि मोक्षगमनक्रियाः मोक्षसुखं च कथयति। (धव. पु. १, पृ. १२२); यत्राष्टौ व्यवहाराश्चत्वारि बीजानि क्रियाविभागश्चोपदिष्टस्तल्लोकबिंदुसारम्। (धव. पु. ६, पृ. २२४)। ४. लोकबिन्दुसारो परियम्म-ववहार-रज्जुरासि-कलासवण्ण-जावंताव-वग्ग-घण-बीजगणिय-मोक्खाणं सरूवं वण्णेदि। (जयध. १, पृ. १४८)। ५. लोकबिन्दुसारं च चतुर्दशमम्, तच्चास्मिन् लोके श्रुतलोके वा बिन्दुरिवाक्षरस्य सर्वोत्तममिति, सर्वाक्षरसन्निपातप्रतिष्ठितत्वेन च लोकबिन्दुसारं भणितम्, तत्प्रमाणमर्द्धत्रयोदश-पदकोट्यः। (समवा. वृ. १४७)। ६ पञ्चाशल्लक्ष-द्वादसकोटिपदं लोकबिन्दुसारं चतुर्दशं पूर्वम्। (श्रुतभ. १३, पृ. १७५)। ७. निर्वाणसुखहेतुभूतं सार्द्धद्वादशकोटिपद-प्रमाणं लोकबिंदुसारपूर्वम्। (त. वृत्ति श्रुत. १, २०)। ८. तिल्लोयबिंदुसारं कोडीबारह दसग्घ-पणलक्खं। जत्थ पयाणि तिलोयं छत्तीसं गुणिद-परियम्मं॥ अडववहारात्थि पुणो अंकविपासादि चारि बीजाइं। मोक्खसरूवगमणकारणसुहधम्म-किरियाओ॥ लोयस्स बिंदवयवा वण्णिज्जंते व एत्थ सारं च। तं लोयबिंदुसारं चोद्दसपुव्वं णमंसामि॥ (अंगप. २, ११४-१६, पृ. ३०१-२)।

१ जिस श्रुत में आठ व्यवहारों, चार बीजों, परिकर्म और राशिक्रिया के विभाग का उपदेश दिया गया है वह लोकबिंदुसार कहलाता है। २ चौदहवां पूर्व जो लोकबिंदुसार है वह इस लोक में अथवा श्रुतलोक में अक्षर की बिंदु के समान सर्वोत्तम है, इस कारण से तथा समस्त अक्षरों के संयोग पर प्रतिष्ठित होने के कारण से भी लोकबिंदुसार कहलाता है। उसका प्रमाण साढ़े बारह करोड़ पदों रूप है।

लोकमूढ़ता—१. आपगा-सागरस्नानमुच्चयः सिकताश्मनाम्। गिरिपातोऽग्निपातश्च लोकमूढं निगद्यते॥ (रत्नक. १-२२)। २. गङ्गादिनदीतीर्थस्नान-समुद्रस्नान-प्रातःस्नान-जलप्रवेशमरणाग्निप्रवेशमरण-गोग्रहणादिमरण-भूम्यग्नि-वटवृक्षपूजादीनि पुण्यकारणानि भवन्तीति यद्वदन्ति तल्लोकमूढत्वं विज्ञेयम्। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४१)। ३. गेहभक्ताग्नि-भू-स्वर्ण-रत्नास्त्राद्यपकारकम्। जनस्य वस्तु यस्तत्र वंद्यधीर्लोकमूढता॥ (आचा. सा. ३-४५)। ४. सूर्यार्घो वह्निसत्कारो गोमूत्रस्य निषेवणम्। तत्पृष्टान्तनमस्कारो भृगुपातादिसाधनम्॥ देहली-गेह-रत्नाश्व-गज-शस्त्रादिपूजनम्। नदी-ह्रद-समुद्रेषु मज्जनं पुण्यहेतवे॥ संक्रान्तौ च तिलस्नानं दानं च ग्रहणादिषु। संध्यायां मौनमित्यादि त्यज्यतां लोकमूढताम्॥ (भावसं. वाम. ४०२-४)। ५. नद्यादेः स्नानमद्यादेरर्चाश्मादेः समुच्चयः। गिरिपातादि लोकज्ञैर्लोकमूढं निगद्यते॥ (धर्मसं. श्रा. ४-४१)। ६. कुदेवाराधनां कुर्यादैहिकश्रेयसे कुधीः। मृषालोकोपचारत्वादश्रेया लोकमूढता॥ (लाटीसं. ४, ११८)।

१ नदी या समुद्र में स्नान करना, बालु व पत्थरों का ढेर लगाना, पर्वत से गिरना तथा अग्नि में

पड़ना—सती होना आदि—इत्यादि अज्ञानतापूर्ण क्रियाओं को लोकमूढता कहा जाता है।

लोकवाद—लोयपसिद्धी सत्या पंचाली पंचपंडवत्थी ही। सद्दउट्ठिया ण रुज्झइ मिलिदेहिं सुरेहिं दुव्वारा॥ (अंगप. २–३३, पृ. २८२)।

द्रौपदी पांच पाण्डवों की स्त्री थी, इत्यादि लोकप्रसिद्धि को लोकवाद कहा जाता है। ऐसी दुर्वार प्रसिद्धि एक बार उठी कि उसका रोकना देवों द्वारा भी कठिन हो जाता है।

लोकविचय—देखो संस्थानविचय। अकृत्रिमो विचित्रात्मा मध्ये च त्रसराजिमान्। मरुत्त्रयीवृतो लोकः प्रान्ते तद्धामनिष्ठितः॥ (उपासका. ६५६)।

यह लोक अकृत्रिम है—किसी ब्रह्मा आदि के द्वारा रचा नहीं गया है, उसका स्वरूप विचित्र है—वह अनेक आकृतियों में विभक्त है, वह मध्य में त्रसराजि—त्रस जीवों युक्त त्रसनाली—से सहित है, तीन वातवलयों से वेष्टित है और अन्त में सिद्धों के स्थान से परिपूर्ण है; इत्यादि प्रकार से लोक के विषय में जो चिन्तन किया जाता है वह लोकविचय धर्मध्यान कहलाता है।

लोकाकाश—देखो लोक। १. पोग्गल-जीवणिबद्धो धम्माधम्मत्थिकाय-कालड्ढो। वट्टदि आयासे जो लोगो सो सव्वकाले दु॥ (प्रव. सा. २–३६)। २. सव्वेसिं जीवाणं सेसाणं तह य पुग्गलाणं च। जं देदि विवरमखिलं तं लोए हवदि आयासं॥ जीवा पुग्गलकाया धम्माधम्मा य लोगदोणण्णा। (पंचा. का. ९०–९१)। ३. लोओ अकिट्टिमो खलु अणाइणिहणो सहावणिप्पण्णो। जीवाजीवेहिं भुडो णिच्चो तालरुक्खसंठाणो॥ धम्माधम्मागासा गदिरागदि जीव-पुग्गलाणं च। जावत्तावल्लोगो ×××॥ (मूला. ८, २२–२३)। ४. धम्माधम्मणिबद्धा गदिरागदी जीव-पोग्गलाणं च। जेत्तियमेत्ताआसे लोयाआसो स णादव्वो॥ लोयायासट्ठाणं सयंपहाणं सदव्वछक्कं हु। सव्वमलोयायासं तं सव्वासं हवे णियमा॥ (ति. प. १, १३४–३५)। ५. धर्माधर्मादीनि द्रव्याणि यत्र लोक्यन्ते स लोक इति। (स. सि. ५–१२)। ६. द्रव्यैस्तु पञ्चभिर्व्याप्य लोकाकाशं प्रतिष्ठितम्। (वरांगच. २६–३२)। ७. यत्र-पुण्य-पापफललोकनं स लोकः। पुण्य-पापयोः कर्मणोः फलं सुख-दुःखलक्षणं यत्रा-(यत्र) लोक्यते स लोकः। कः पुनरसौ? आत्मा। लोकयतीति वा लोकः। लोकति पश्यत्युपलभते अर्थानिति लोकः। ××× लोपप्रत इति वा लोकः। सर्वज्ञेनानन्ताऽप्रतिहतकेवलदर्शनेन लोक्यते यः स लोकः। तेन धर्मादीनामपि लोकत्वं सिद्धम्। (त. वा. ५, १२, १०–१३)। ८. असंख्येयप्रदेशात्मा लोकाकाशविमिश्रितः। कालः पञ्चास्तिकायाश्च सप्रपंचा इहाखिलाः॥ लोक्यन्ते येन तेनायं लोक इत्यभिलप्यते। (ह. पु. ४–५, व ४–६)। ९. सव्वायासमणंतं तस्स य बहुमज्झसंट्ठियो लोओ। सो केणवि णेव कओ ण य धरिओ हरि-हरादीहिं॥ अण्णोण्णपवेसेण य दव्वाणं अच्छणं भवे लोओ। (कार्तिके. ११५–१६); दीसंति जत्थ अत्था जीवादीया स भण्णदे लोओ। (कार्तिके. १२१)। १०. यत्र धर्माधर्म-जीव-पुद्गलानां सम्भवोऽस्ति तल्लोकाकाशम्। (योगशा. स्वो. विव. ४, ६७)। ११. पुद्गलादिपदार्थानामवगाहैकलक्षणः। लोकाकाशः स्मृतो व्यापी ×××॥ (धर्मश. २१–८६)। १२. लोकस्य सम्बन्धी आकाशः लोकाकाशः। (त. वृत्ति श्रुत. ५–१२)।

१ जो जीव और पुद्गलों से सम्बद्ध तथा धर्म व अधर्म अस्तिकायों एवं काल से व्याप्त होकर सदा आकाश में रहता है उसे लोकाकाश कहा जाता है। ५ जहां धर्मादि द्रव्य देखे जाते हैं उसका नाम लोकाकाश है। ७ जिसमें पुण्य-पाप कर्मों का सुख-दुःख रूप फल देखा जाता है वह लोक कहलाता है। इस निरुक्ति के अनुसार लोक का अर्थ आत्मा होता है। अथवा जो समस्त पदार्थों को लोकता है—देखता है—उसे लोक जानना चाहिए। इस निरुक्ति के अनुसार भी लोक शब्द से आत्मा का ही ग्रहण होता है। अथवा सर्वज्ञ केवलदर्शन के द्वारा जिसको लोकते हैं—देखते हैं, उसे लोक माना जाता है। इस निरुक्ति के अनुसार धर्मादि द्रव्यों के भी लोकरूपता सिद्ध है।

लोकाख्यान—लोकोद्देश-निरुक्त्यादिवर्णनं यत्सविस्तरम्। लोकाख्यानं तदाम्नातं विशोधितदिगन्तरम्॥ (म. पु. ४–४)।

पुराणों में जो लोक के उद्देश और निरुक्ति आदि का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जाता है उसे लोकाख्यान कहा जाता है।

लोकानुप्रेक्षा—देखो लोक। १. जीवादिपयट्ठाणं

समवायो सो णिरुच्चये लोगो । तिविहो हवेइ लोगो अह-मज्झिम-उड्ढभेएण ॥ णिरया हवंति हेट्ठा मज्झे दीववुरासयो संखा । सग्गो तिसट्ठिभेओ एत्तो उड्ढं हवे मोक्खो ॥ इगितीस सत्त चत्तारि दोण्णि एक्केक्क छक्क चदु कप्पे । त्तित्तिय एक्केक्कंदि[द]-यणामा उडुआदि तेसट्ठी ॥ असुहेण णिरय-तिरियं सुहउवजोगेण दिविज-णरसोक्खं । सुद्धेण लहइ सिद्धि एवं लोयं विचिंतिज्जो ॥ (द्वादशानु. ३९–४२) । २. एगविहो खलु लोओ दुविहो तिविहो तहा बहु-विहो वा । दव्वेहिं पज्जएहिं य चिंतिज्जो लोय-सब्भावं ॥ (मूला. ८–२१) । ३. समन्तादनन्तस्यालोकाकाशस्य बहुमध्यदेशभाविनो लोकस्य संस्थानादिविधिर्व्याख्यातः, तत्स्वभावानुचिन्तनं लोकानुप्रेक्षा ॥ (स. सि. ९–७) । ४. लोकसंस्थानादि-विधिर्व्याख्यातः । समन्तादनन्तस्यालोकाकाशस्य बहुमध्यदेशभाविनो लोकस्य संस्थानादिविधिर्व्याख्यातः (तृतीय-चतुर्थाध्याययोः) तत्स्वभावानुचिन्तनं लोकानुप्रेक्षा । (त. वा. ९, ७, ८) । ५. नित्याध्वगेन जीवेन भ्रमता लोकवर्त्मनि । वसतिस्थानवत्कानि कुलान्यध्युषितानि न ॥ (त. सा. ६–४०) । ६. प्रसारिताङ्घ्रिणा लोकः कटिनिक्षिप्तपाणिना । तुल्यः पुंसोर्ध्वमध्याधो विभागस्त्रिमरुद्वृतः ॥ (क्षत्रचू. ११–७०) । ७. अथ लोकानुप्रेक्षावर्णनं विधीयते— जीवादिपदार्थाधिकरणं लोकः, समन्तादनन्तानन्तस्वात्मप्रतिष्ठाऽऽकाशसुबहुमध्यप्रदेशस्थितस्तनुवातघनानिल-घनोदधिवेष्टितो लोकस्तन्मध्यगता त्रसनाडी, तन्मध्ये महामेरुस्तस्याधःस्थिता नरकप्रस्तराः, मेरुपरिवृताः शुभनामानो द्वीप-समुद्रा द्विर्द्विविष्कम्भा वलयाकृतयो मेरोरुपरि स्वर्गपटलानि, तेषामुपरि सिद्धक्षेत्रम् । एवमधस्तिर्यगूर्ध्वभेदभिन्नस्य चतुर्दशरज्जूत्सेधस्य सप्तैक-पंचैकरज्जुप्रसृतपूर्वापरविभागस्य सप्तरज्जुविस्तार-दक्षिणोत्तरदिग्विभागस्य वेत्रासन-झल्लरी-मृदंगसमानाकारस्य षट्द्रव्यनिचितस्याकृत्रिमस्यानादिनिधनस्य लोकस्य स्वभावपरिणामपरिणाहसंस्थानाऽनुचिन्तनं लोकानुप्रेक्षा । (चा. सा. पृ. ८८) । ८. अनन्तानन्ताकाशबहुमध्यप्रदेशे घनोदधि-घनवात-तनुवाताभिधानवायुत्रयवेष्टितानादिनिधनाकृत्रिमनिश्चलासंख्यातप्रदेशो लोकोऽस्ति, तस्याकारः कथ्यते—(पृ. १००–२९) । × × × निजशुद्धात्मभावनोत्पन्नपरमाह्लादसुखामृतरसास्वादानुभवनेन च या भावना सैव निश्चय-लोकानुप्रेक्षा, शेषा पुनर्व्यवहारेण । (बृ. द्रव्यसं. टी. ३५, पृ. १००–१ व १२९) । ९. मध्यांशः परितोऽप्यनन्तवियतो लोकस्त्रिवाताऽऽवृतः, पञ्चद्रव्यचितः प्रकर्तृरहितो नित्यः सदाऽवस्थितः । संस्थानेन तु सुप्रतिष्ठिकसमोऽसंख्यप्रदेशप्रमो मध्यस्थत्रसनालिरत्र भाविना स्पृष्टं न दृष्टं पदम् ॥ (आचा. सा. १०, ४२) ।

१ जीवादि पदार्थों के समुदायस्वरूप जो अधो-मध्यादि के भेद से तीन प्रकार का लोक है उसमें कहाँ कौन से जीव रहते हैं, इत्यादि प्रकार से उनके निवासस्थान, आयु एवं सुख-दुखादि का विचार करना, इसे लोकानुपेक्षा कहा जाता है ।

लोकानुवृत्तिविनय—अब्भुट्ठाणं अंजलि-आसणदाणं च अतिहिपूजा य । लोगाणुवित्तिविणओ देवदपूया सविहवेण ॥ भासाणुवत्ति छंदाणुवत्तणं देस-कालदाणं च । लोकाणुवत्तिविणओऽंजलिकरणं च अत्थकदे ॥ मूला. ७, ८४–८५) ।

गुरुजन के आने पर उठ खड़े होना, उन्हें प्रणाम करना, आसन देना, अतिथि की पूजा करना, अपने विभव के अनुसार देव की पूजा करना, वक्ता के वचनानुसार वचन का व्यवहार करना, गुरुजनों के अभिप्राय के अनुसार आचरण करना, और देश-काल के अनुसार दान देना; इस सबको लोकानुवृत्तिविनय कहा जाता है । यह पांच विनय के भेदों में प्रथम है ।

लोकान्तिक—देखो लोकान्तिक । १. लोकान्ते भवाः लोकान्तिकाः, अत्र प्रस्तुतत्वात् ब्रह्मलोक एव परिगृह्यते, तदन्तनिवासिनो लोकान्तिकाः । × × × जरा-मरणाग्निज्वालाकीर्णो वा लोकस्तदन्तर्वर्तित्वात् लोकान्तिकाः कर्मक्षयाभ्यासभावाच्च । (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–२५) । २. लोकस्य ब्रह्मलोकस्यान्तः समीपं कृष्णराजीलक्षणं क्षेत्रं निवासो येषां ते, लोकान्ते वा औदयिकभावलोकावसाने भवा अनन्तरभवे मुक्तिगमनादिति लोकान्तिकाः । (स्थाना. अभय. वृ. १३४, पृ. ११७) ।

२ लोक से अभिप्राय ब्रह्मलोक (पांचवां कल्प) का है, उसके समीपवर्ती कृष्णराजी क्षेत्र में जो रहते हैं उनका नाम लोकान्तिक है। अथवा लोक से औदयिकभावस्वरूप संसार अभीष्ट है। उसके

अन्त में होने वाले—अनन्तर दूसरे भव में संसार से मुक्त होकर सिद्धि को प्राप्त करने वाले—देव लोकान्तिक कहलाते हैं। दोनों प्रकार से उनका यह नाम सार्थक है।

लोकायतिक—ऐहिकव्यवहारप्रसाधनपरं लोकायतिकम्। (नीतिवा. ६–३२)।

जो परलोक की अपेक्षा न कर केवल इस लोक सम्बन्धी व्यवहार में—मद्य, मांस एवं स्त्री के सेवनादि कार्यों में—संलग्न रहते हैं उन्हें लोकायतिक कहा जाता है। वे प्रायः चार्वाक मत के अनुयायी होते हैं।

लोकोत्तरवाद (श्रुतज्ञान)—लोकोत्तरः अलोकः, स उच्यते कथ्यते अनेनेति लोकोत्तरवादः। (धव. पु. १३, पृ. २८८)।

जिस श्रुत में लोकोत्तर (अलोक) का कथन किया जाता है उसे लोकोत्तरवाद कहा जाता है।

लोकोत्तरशब्दलिंगज श्रुतज्ञान—असच्चकारणविणिम्मुक्कपुरिसवयणविणिग्गयवयणकलावजणियसुदणाणं लोउत्तरियसद्दजं। (जयध. १, पृ. ३४१)।

असत्य भाषण के कारणों से रहित (विश्वस्त) पुरुष के मुख से निकले हुए शब्दसमूह के द्वारा जो श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है उसे लोकोत्तरशब्दलिंगज श्रुतज्ञान कहते हैं।

लोकोत्तरशुचित्व—तत्रात्मनः प्रक्षालितकर्ममलकलंकस्य स्वात्मन्यवस्थानं लोकोत्तरं शुचित्वम्। (त. वा. ६, ७, ६)।

आत्मा का कर्मरूप मल को धोकर अपने आत्मस्वरूप में स्थित होना, यह लोकोत्तरशुचित्व (शुद्धि) कहलाता है।

लोकोत्तर सामाचारकाल—लोउत्तरीओ सामाचारकालो जहा वंदणकालो णियमकालो सज्झायकालो झाणकालो इच्चेवमादि। (धव. पु. ११, पृ. ७६)।

वन्दना का काल, नियत अनुष्ठान का काल, स्वाध्याय का काल (अथवा सांध्यविधि का काल) और ध्यान का काल इत्यादि सदनुष्ठान से सम्बद्ध काल को लोकोत्तरसामाचारकाल कहा जाता है।

लोचकरणविधि—१. बिय-तिय-चउक्कमासे लोचो उक्कस्स-मज्झिम-जहण्णो। सपडिक्कमणे दिवसे उववासेणेव कायव्वो॥ (मूला. १–२९)। २. कूर्चश्मश्रुकचोल्लुञ्चो लुञ्चनं स्यादमी मतः। परीषहजयाऽदैन्य-वैराग्यासंग-संयमाः॥ तच्चतुस्त्रि-द्विमासेषु सोपवासे विधीयते। जघन्यं मध्यमं ज्येष्ठं सप्रतिक्रमणे दिने॥(आचा. सा. १, ४०-४१)। ३. लोचो द्वि-त्रि-चतुर्मासि वरो मध्योऽधमः क्रमात्। लघुप्राग्भक्तिभिः कार्यः सोपवासप्रतिक्रमः॥ (अन. ध. ६–८६)।

१ दो, तीन अथवा चार मास में जो क्रम से उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य रूप में प्रतिक्रमण व उपवास के साथ बालों को उखाड़ा जाता है उसे लोच कहा जाता है। यह साधु के अट्ठाईस मूलगुणों में से एक (२२वां) है।

लोभ—१. अनुग्रहप्रवणद्रव्याद्यभिकांक्षावेशो लोभः क्रिमिराग-कज्जल-कर्दम-हरिद्रारागसदृशश्चतुर्विधः। (त. वा. ८, ९, ५)। २. गर्हा काङ्क्षा लोभः। उक्तं च—××× किमिराय-चक्क-तणुमल-हरिद्दाराएण सरिसओ लोहो। णारय-तिरिक्ख-माणुस-देवेसुप्पायओ कमसो॥ (धव. पु. १, पृ. ३४९); लोभो गृद्धिरित्येकोऽर्थः। (धव. पु. ६, पृ. ४१); बाह्यार्थेषु ममेदंबुद्धिर्लोभः। (धव. पु. १२, पृ. २८३); वज्झत्थेसु ममेदंभावो लोभो। (धव. पु. १२, पृ. २८४)। ३. दानार्हेषु स्वधनाप्रदानं परधनग्रहणं वा लोभः। (नीतिवा. ४–४)। ४. लोभनम् अभिकांक्षणं लुभ्यते वा अनेनेति लोभः। (स्थाना. अभय. वृ. २४९)। ५. दानार्हेषु स्वधनाप्रदानं निष्कारणं परधनग्रहणं च लोभः। (योगशा. स्वो. विव. १–५६)। ६. परिग्रह-ग्रहातीवलालस मानसं स्मृतः। लोभो लाभाभिमोदात्तरक्षणार्थोपलक्षितः॥ (आचा. सा. ५–१९)। ७. स्थले धनव्ययाभावो लोभः। ××× निश्चयेन निखिलपरिग्रहपरित्यागलक्षणनिरंजननिजपरमात्मतत्त्वपरिग्रहात् अन्यत् परमाणुमात्रद्रव्यस्वीकारो लोभः। (नि. सा. वृ. ११२)।

१ जो द्रव्य (धन) आदि अनुग्रह में तत्पर रहता है उसको अभिलाषा रखने रूप अभिप्राय का नाम लोभ है। २ बाह्य पदार्थों में जो 'यह मेरा है' इस प्रकार की बुद्धि रहा करती है उसे लोभ कहा जाता है। ३ देने योग्य पात्रों के लिये अपने धन को न देना अथवा दूसरे के धन को ग्रहण करना, इसे लोभ कहते हैं।

लोभपिण्ड—१. तथा लोभं कांक्षां प्रदर्श्य भिक्षां

यद्यात्मन उत्पादयति तदा लोभोत्पादनदोषो मायदोषादिदर्शनात्। (मूला. वृ. ६-३४)। २. अति-लोभाद् भिक्षार्थं पर्यटतो लोभपिण्डः। (योगशा. स्वो. विव. १-३८, पृ. १३६)। ३. लोभेन अन्नार्जनं लोभः। (भावप्रा. टी. ९९)।

१ साधु यदि लोभ को प्रगट करके अपने लिए भिक्षा को उत्पन्न करता है तो उसके लोभ नाम का उत्पादनदोष होता है। २ यदि साधु अतिशय लोभ के वशीभूत होकर भिक्षा के लिए भ्रमण करता है तो उसके लोभपिण्ड नाम का उत्पादनदोष होता है।

लोभवशार्तमरण— उपकरणेषु भक्त-पानक्षेत्रेषु शरीरे निवासस्थानेषु च इच्छां मूर्च्छां च वहतो मरणं लोभवशार्तमरणम्। (भ. आ. विजयो. २५)।

उपकरणों, अन्न-पान के स्थानों, शरीर और निवासस्थानों के विषय में इच्छा को धारण करते हुए जो मरण होता है उसे लोभवशार्तमरण कहते हैं।

लोभविजयी राजा—स लोभविजयी राजा यो द्रव्येण कृतप्रीतिः प्राणाभिमानेषु न व्यभिचरति। (नीतिवा. ३०-७१, पृ. ३६२)।

जो राजा द्रव्य (धन) से प्रीति रखता हुआ प्राण और अभिमान के विषय में प्रजाजन से व्यभिचरित नहीं होता—उनकी भलाई का सदा ध्यान रखता है—उसे लोभविजयी राजा समझना चाहिए।

लोभोत्पादनदोष—देखो लोभपिण्ड।

लोमाहार—१. ××× तया य फासेण लोम-आहारो। (सूत्रकृ. नि. १७१; बृहत्सं. १९७)। २. लोमाहारस्तु शरीरपर्याप्त्युत्तरकालं बाह्यया त्वचा, लोमभिराहारो लोमाहारः। ××× तदुत्तरकालं (ओजाहारानन्तरं) त्वचा स्पर्शेन्द्रियेण यः आहारः स लोमाहारः। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १७१, पृ. ८७); ×××अन्ये त्वाचार्या अन्यथा व्याचक्षते ××× यः पुनः स्पर्शेन्द्रियेणैवोपलभ्यते धातुभावेन (च) प्रयाति स लोमाहार इति। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १७१, पृ. ८८)। ३. लोमभिराहारो लोमाहारः, ××× तत्र यः खल्वोघतो वर्षादिषु पुद्गलप्रवेशो मूत्रादिगम्यः स लोमाहारः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३०६, पृ. ५०७-८)। ४. तया त्वचा त्वगिन्द्रियेण स्पर्शे स्पर्शने सति य आहारः शरीरोपष्टम्भकपुद्गलसंग्रहः स लोमाहारः लोमभि-र्लोमरन्ध्रैराहारो लोमाहारः। (बृहत्सं. मलय. वृ. १९७)।

२ शरीरपर्याप्ति के पश्चात् बाहिरी त्वचा (चमड़ा) के द्वारा रोमों के आश्रय से जिस आहार को ग्रहण किया जाता है वह लोमाहार कहलाता है।

लौकान्तिक—देखो लोकान्तिक। १. ब्रह्मलोकालया लौकान्तिकाः। (त. सू. ४-२४)। २. संसारवारिरासी जो लोओ तस्स होंति अंतम्मि। जम्हा तम्हा एदे देवा लोयंतिय त्ति गुणणामा। (ति. प. ८-६१५)। ३. ब्रह्मलोको लोकः, तस्यान्तो लोकान्तः, तस्मिन् भवा लौकान्तिकाः। ××× अथवा जन्म-जरा-मरणाकीर्णो लोकः संसारः, तस्यान्तो लोकान्तः, लोकान्ते भवा लौकान्तिकाः। (स. सि. ६-२४)। ४. ब्रह्मलोकास्यन्तो लोकान्तः, तस्मिन् भवा लौकान्तिकाः। अथवा जाति-जरा-मरणाकीर्णो लोकः, तस्यान्तो लोकान्तः, तत्प्रयोजना लौकान्तिकाः। ते हि परीतसंसाराः ततश्च्युता एकं गर्भवासमवाप्य परिनिर्वान्ति। (त. वा. ४, २४, २)। ५. ब्रह्मलोकस्यान्तो हि लोकान्तः, लोकान्ते भवा लौकान्तिकाः। ××× अथवा लोकः संसारः जन्म-जरा-मृत्युसंकीर्णः, तस्यान्तो लोकान्तः, तत्प्रयोजना लौकान्तिकाः। ते हि परीतसंसाराः ततश्च्युत्वा एकं गर्भवासमवाप्य परिनिर्वान्ति। (त. श्लो. ४-२४)। ६. लोकस्य ब्रह्मलोकस्य अन्तोऽवसानं लोकान्तः, लोकान्ते भवा लौकान्तिकाः। ××× अथवा जन्म-जरा-मरणव्याप्तो लोकः संसारः, तस्य अन्तः लोकान्तः, लोकान्ते परीतसंसारे भवा लौकान्तिकाः, ते हि ब्रह्मलोकान्ताच्च्युत्वा एकं गर्भवासं परिप्राप्य निर्वाणं गच्छन्ति, तेन कारणेन लौकान्तिकाः उच्यन्ते। (त. वृत्ति श्रुत. ४-२४)।

३ लोक से यहां ब्रह्मलोक (पांचवां कल्प) विवक्षित है, उसके अन्त में जो रहते हैं वे लौकान्तिक कहलाते हैं। अथवा लोक से अभिप्राय जन्म, जरा और मरण से व्याप्त संसार का रहा है, उसके अन्त में जो हों—आगे एक मनुष्यभव को पाकर मुक्त होने वाले हों—उन्हें लौकान्तिक देव जानना चाहिए।

लौकिकभावश्रुतग्रन्थ—हस्त्यश्व-तन्त्र-कौटिल्य-वात्स्यायनादिबोधो लौकिकभावश्रुतग्रन्थः। (धव. पु. ९, पृ. ३२२)।

हाथी, घोड़ा, तंत्र, कौटिल्य और वात्स्यायन आदि ग्रन्थविषयक बोध को लौकिक भावश्रुत कहते हैं।

लौकिक मुनि—१. णिग्गंथो पव्वइदो वट्टदि जदि एहिगेहि कम्मेहिं। सो लोगिगो त्ति भणिदो संजम-तव-संपजुदो चावि॥ (प्रव. सा. ३-६९)। २. प्रतिज्ञातपरमनैर्ग्रन्थ्यप्रव्रज्यत्वादुदूढसंयम-तपोभारोऽपि मोहबहुलतया श्लथीकृतशुद्धचेतनव्यवहारो मुहुर्मनुष्यव्यवहारेण व्याघूर्णमानत्वादैहिककर्मानिवृत्तौ लौकिक इत्युच्यते। (प्रव. सा. अमृत. ३-६९)।

१ जो निर्ग्रन्थ (दिगम्बर) स्वरूप से दीक्षित होकर इस लोक सम्बन्धी क्रियाओं के आश्रय से प्रवृत्ति करता है उसे संयम और तप से संयुक्त होने पर भी लौकिक श्रमण (व्यवहारप्रधान) कहा गया है।

लौकिक मूढ—कोडिल्लमासुरक्खा भारह-रामायणादि जे धम्मा। होज्जु व तेसु विसुत्ती लोइयमूढो हवदि एसो॥ (मूला. ५-६०)।

कौटिल्य—लोकवञ्चनादि रूप धर्म, आसुरक्ष—छेदन-भेदनादि रूप से वंचनापूर्ण रक्षा का सूचक धर्म—एवं भारत व रामायण आदि जो कल्पित धर्म हैं उनके श्रवणादि में प्रवृत्त होने वाले को लौकिक मूढ कहा जाता है।

लौकिक वाद—लोक्यन्त उपलभ्यन्ते यस्मिन् जीवादयः पदार्थाः स लोकः, लोक एव लौकिकः, स लोकः कथ्यते अनेनेति लौकिकवादः सिद्धान्तः। (धव. पु. १३, पृ. २८८)।

जिसमें जीवादि पदार्थ देखे जाते हैं वह लोक कहलाता है, स्वार्थ में ठक् प्रत्यय होने से उसी को लौकिक कहा जाता है। जिस श्रुत में उक्त प्रकार के लोक का कथन किया जाता है उसे लौकिकवाद कहते हैं। यह सिद्धान्त का एक पर्यायनाम है।

लौकिक शब्दलिंगज श्रुतज्ञान—सामण्णपुरिसवयणविणिग्गयवयणकलावजणियणाणं लोइयसद्दजं। (जयध. १, पृ. २४१)।

सामान्य पुरुष के मुख से निकले हुए वचनसमूह के द्वारा जो ज्ञान उत्पन्न होता है उसे लौकिक शब्दलिंगज श्रुतज्ञान कहते हैं।

लौकिक सामाचारकाल—लोगियसामाचारकालो जहा—कसणकालो, लुणणकालो ववणकालो इच्चेवमादि। (धव. पु. ११, पृ. ७६)।

भूमि जोतने, लुनने और बोने आदि के काल को लौकिक सामाचारकाल कहा जाता है।

वक्ता—१. सच्चमसच्चं संतमसंतं वददीदि वत्ता। (धव. पु. १, पृ. ११९); सत्यमसत्यं ब्रवीतीति वक्ता। (धव. पु. ६, पृ. २२०)। २. प्राज्ञः प्राप्तसमस्तशास्त्रहृदयः प्रव्यक्तलोकस्थितिः, प्रास्ताशः प्रतिभापरः प्रशमवान् प्रागेव दृष्टोत्तरः। प्रायः प्रश्नसहः प्रभुः परमनोहारी परानिन्दया, ब्रूयाद्धर्मकथां गणी गुणनिधिः प्रस्पष्टमिष्टाक्षरः॥ (आत्मानु. ५)।

१ जो सत्य-असत्य तथा समीचीन व असमीचीन भाषण करता है उसे सामान्य से वक्ता कहा जाता है। २ जो बुद्धिमान्, समस्त शास्त्रों के रहस्य का जानने वाला, लोकव्यवहार में दक्ष, आशा से रहित, प्रतिभाशाली, शान्त, प्रश्न का उत्तर पहिले ही देख लेने वाला, प्रश्न को सहने वाला, दूसरे के चित्त को खींचने वाला, निन्दा से रहित तथा स्पष्ट व मधुर भाषण करने वाला जो वक्ता होता है वही धर्मकथा का व्याख्याता हो सकता है।

वचननिर्विषा ऋद्धि—देखो आस्यविष और आस्याविष। तित्तादिविविहमण्णं विसजुत्तं जीए वयणमेत्तेण। पावेदि णिव्विसत्तं सा रिद्धी वयणणिव्विसा णामा॥ अहवा बहुवाहीहिं परिभूदा झत्ति होंति णीरोगा। सोदुं वयणं जीए सा रिद्धी वयणणिव्विसा णामा॥ (ति. प. १०७४-७५)।

जिस ऋद्धि के प्रभाव से ऋद्धिधारी के बोलने मात्र से विषसंयुक्त तीखा व कडुआ आदि अन्न निर्विषता को प्राप्त हो जाता है उसका नाम वचननिर्विषा ऋद्धि है। अथवा जिस ऋद्धि के प्रभाव से ऋद्धिधारी के वचन को सुनकर बहुत से रोगों से अभिभूत प्राणी नीरोग हो जाता है उसे वचननिर्विषा ऋद्धि जानना चाहिए।

वचनबलप्राण—१. स्वरनामकर्मोदयसहितदेहोदये सति वचनव्यापारकारणशक्तिविशेषरूपो वचोबलप्राणः। (गो. जी. मं. प्र. टी. १३१)। २. स्वरनामकर्मोदयसहकारिभाषापर्याप्त्युत्तरकालविशिष्टोपयोगप्रयोजनात्मको बलप्राणः। (गो. जी. जी. प्र. १२९)।

१ स्वरनामकर्म के साथ शरीर नामकर्म का उदय

होने पर जो वचनविषयक व्यापार के करने की विशेष शक्ति होती है उसे वचनबलप्राण कहते हैं।

वचनबला ऋद्धि—देखो वाग्बली। १. जिब्भिंदिय-णोइंदिय-सुदणाणावरण-विरियविग्घाणं। उक्कस्सखओवसमे मुहुत्तमेत्तंतरम्मि मणी॥ सयलं पि सुदं जाणइ उच्चारइ जीए विप्फुरंतीए। असमो अहिकंठो सा रिद्धीउ णेया वयणबलणामा॥ (ति. प. ४, १०६३–६४)। २. बारसंगाणं बहुबारं पडिवाडिं काऊण वि जो खेयं ण गच्छइ सो वचिबलो, तवोमाहप्पुप्पाइदवयणबलो वचिबली त्ति उत्तं होदि। (धव. पु. ९, पृ. ९८–९९)। ३. अन्तर्मुहूर्त्तेन अखिलश्रुतपाठशक्तयो ये ते वचोबलिनः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रगट होने पर मुनि जिह्वेन्द्रियावरण, नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय के उत्कृष्ट क्षयोपशमपूर्वक एक मुहूर्त के भीतर समस्त श्रुत को श्रम से रहित जानता है और उत्तम स्वर के साथ उच्चारण करता है उसे वचनबला नाम की ऋद्धि जानना चाहिए।

वचनभिन्न—वचनभिन्नं यत्र वचनव्यत्ययो, यथा वृक्षावेतौ पुष्पिता इत्यादि। (आव. नि. मलय. वृ. ८८२)।

जहां वचन की विपरीतता हो वहां वचनभिन्न नाम का दोष होता है। जैसे—'एतौ वृक्षौ पुष्पिताः' इस वाक्य में 'वृक्षौ' जहां द्विवचनान्त है वहां 'पुष्पिताः' यह बहुवचनान्त है। यह वचन की विपरीतता है। वस्तुतः "एतौ वृक्षौ पुष्पितौ" अथवा 'एते वृक्षाः पुष्पिताः' इस प्रकार का निर्दोष वाक्य होना चाहिए। यह ३२ सूत्रदोषों में से १४वां सूत्रदोष है।

वचनमात्रहेतुक—वचनमात्रहेतुकं यथा विवक्षिते भूप्रदेशे इदं लोकमध्यमिति। (आव. नि. मलय. वृ. ८८३)।

वाक्य में जहां वचन मात्र कारण हो—यथार्थता न हो—वहां सूत्र का वचनमात्रहेतुक नामक ३५वां दोष होता है। जैसे—विवक्षित भूमिप्रदेश को लोक का मध्य न होने पर भी लोकमध्य कहना।

वचिबली—देखो वचनबला ऋद्धि।

वज्रनाराचसंहनन—१. तदेव (वज्रर्षभनाराचसंहननमेव) वलयबन्धनविरहितं वज्रनाराचसंहननम्। (त. वा. ८, ११. ९)। २. एसो चेव हड्डुबंधो वज्जरिसहवज्जिओ जस्स कम्मस्स उदएण होदि तं कम्मं वज्जणारायणसरीरसंघडणमिदि भण्णदे। (धव. पु. ६, पृ. ७३); वज्राकारेण स्थितास्थिः नेष्टकः ऋषभः तौ भित्त्वा स्थितवज्रकीलक-वज्रनाराच(?) ऋषभरहितं वज्रनाराचशरीरसंहननम्। (धव. पु. १३, पृ. ३६९)। ३. एष एवास्थिबन्धो ऋषभरहितो यस्योदयेन भवति तत् द्वितीयम्। (मूला. वृ. १२–१९४)। ४. तद्वलयरहितं वज्रनाराचसंहननं नाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

२ जिस नामकर्म के उदय से वज्रमय वेष्टन के बन्धन से रहित वज्रमय हड्डियां दोनों ओर वज्रमय कीलों से कीलित हुआ करती हैं उसे वज्रनाराचसंहनन कहते हैं।

वज्रर्षभनाराचसंहनन—१. तत्र वज्राकारोभयास्थिसंधि प्रत्येकं मध्ये वलयबन्धनं सनाराचं सुसंहतं वज्रर्षभनाराचसंहननम्। (त. वा. ८, ११, ९)। २. संहननमस्थिचयः, ऋषभो वेष्टनम्, वज्रवदभेद्यत्वाद्वज्रवृषभः, वज्रवन्नाराचः वज्रनाराचः, तौ द्वावपि यस्मिन् वज्रशरीरसंहनने तद्वज्रऋषभ-वज्रनाराचशरीरसंहननम्। जस्स कम्मस्स उदएण वज्जहड्डाइं वज्जवेट्ठेण वेढ्ढियाइं वज्जणाराएण खीलिमाइं च होंति तं वज्जरिसहवइरणरायणसरीरसंघडणमिदि उत्तं होदि। (धव. पु. ६, पृ. ७३); वज्रमिव वज्रम्, वज्रऋषभः वज्रनाराचश्च वज्रर्षभ-नाराचौ, तौ एव शरीरसंहननं वज्रऋषभ-वज्रनाराचशरीरसंहननम्। (धव. पु. १३, पृ. ३६९)। ३. अस्थिसंचयं ऋषभवेष्टनं वज्रवदभेद्यत्वादृषभः वज्रश्च नाराचश्च वज्र-नाराचौ, तौ द्वावपि यस्य शरीरसंहननं[संहननस्य]तद्वज्रर्षभनाराचसंहननम्, यस्य कर्मण उदयेन वज्रास्थीनि वज्रवेष्टनेन वेष्टितानि वज्रनाराचेन च कीलितानि भवन्ति। (मूला. वृ. १२, १९४)। ४. तत्र वज्रं कीलिका, ऋषभः परिवेष्टनपट्टः, नाराचमुभयतो मर्कटबन्धः। उक्तं च—रिसहो य होइ पट्टो वज्जं पुण कीलिया मुणेयव्वा। उभयो मक्कडबंधं नारायं तं वियाणाहि॥ ततश्च द्वयोरस्थ्नोरुभयतो मर्कटबन्धनबद्धयोः पट्टाकृतिना तृतीयेनास्थ्ना परिवेष्टितयोरुपरि तदस्थित्रयभेदिकीलिकाख्यं वज्रनामकमस्थि यत्र भवति तत्र वज्रर्षभनाराचसंहननम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७२)।

१ जिस नामकर्म के उदय से वज्र जैसी हड्डियों की संधियों में से प्रत्येक के मध्य में नाराच सहित भलीभांति योजित वलयबन्धन (वेष्टन का बन्धन) रहता है उसे वज्रर्षभनाराचसंहनन कहते हैं। २ हड्डियों के संचय का नाम संहनन है, ऋषभ का अर्थ वेष्टन होता है, जिसके उदय से वज्र के समान अभेद्य हड्डियां वज्रमय वेष्टन से वेष्टित और वज्रमय नाराचों से कीलित रहा करती हैं उसे वज्रर्षभनाराचशरीरसंहनन नामकर्म कहा जाता है। ४ जिस शरीरसंहनन में मर्कटबन्धन से बंधी हुई दो हड्डियां दोनों ओर पट्ट के आकार वाली तीसरी हड्डी से वेष्टित होती हैं तथा ऊपर उन तीनों हड्डियों को भेदन करने वाली कीलिका नाम की वज्रनामक हड्डी होती है वह वज्रर्षभनाराचसंहनन नामकर्म कहलाता है।

वडभ—वडभाः संकुचितकर-चरणाः। (आचारदि. पृ. ७५)।

जिनके हाथ-पांव संकुचित होते हैं उन्हें वडभ कहा जाता है। ऐसे मनुष्यों का पृष्ठभाग बाहिर निकला रहता है।

वणिक्कमार्य—देखो वाणिज्यकमार्य। १. चन्दनादिगन्ध-घृतादिरस-शाल्यादिधान्य-कार्पासाद्याच्छादन-मुक्तादिनानाद्रव्यसंग्रहकारिणो बहुविधा वणिक्कर्मार्याः। (त. वा. ३, ३६, २)। २. धान्य-कार्पास-चन्दन-सुवर्ण-रजत-मणि-माणिक्य - घृतादिरसांशुकादिसंग्रहकारिणो वाणिज्यकर्मविदाता वणिक्कर्मार्याः शब्द्यन्ते। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६)।

१ जो चन्दन आदि सुगन्धित द्रव्यों, घी आदि रसों, शाली आदि धान्यों (अनाजों), कपास आदि शरीर के आच्छादक द्रव्यों और मोती आदि अनेक द्रव्यों का संग्रह किया करते हैं वे वणिक्कर्मार्य कहलाते हैं। वे अनेक प्रकार के होते हैं।

वणिगवावसति—देखो वनीपकवचन। १. भगवन् सर्वेषां आहारदानाद् वसतिदानाच्च पुण्यं किमु महदुपजायते इति पृष्टो न भवतीत्युक्ते गृहिजनः प्रतिकूलवचनरुष्टो वसतिं न प्रयच्छेदिति एवमिति तदनुकूलमुक्त्वा योत्पादिता सा वणिगवा शब्देनोच्यते। (भ. आ. विजयो. २३०)। २. भगवन् सर्वेषामाहारदानाद् वसतिदानाद् वा किं पुण्यं जायेत उत नेति पृष्टो यदि न जायत इति ब्रवीमि तदेष गृही रुष्टो वसतिं मे न प्रयच्छेदिति संप्रधार्य तदनुकूलकथनादुत्पादिता वणिगवदुष्टा। (भ. आ. मूला. २३०)।

१ हे भगवन्! आहार और वसति के दान से क्या महान् पुण्य होता है, ऐसा पूछने पर प्रतिकूल वचन यदि कहा जाय तो उससे रुष्ट होकर गृहस्थजन मुझे वसति नहीं देंगे, यह सोचकर यदि साधु उनके अनुकूल बोलकर वसति को प्राप्त करता है तो वह वणिगवा (वनीपक) नामक उत्पादनदोष से दूषित होती है।

वत्सलत्व—देखो प्रवचनवत्सलत्व। वत्सलत्वं पुनः वत्से धेनुवत्संप्रकीर्तितम्। जैनप्रवचने सम्यक्छ्रद्धाज्ञानवत्स्वपि॥ (त. श्लो. ६, २४, १६)।

जिस प्रकार गाय बछड़े से प्यार किया करती है उसी प्रकार साधर्मी जन से, तथा समीचीन श्रद्धा और ज्ञान से युक्त (सम्यग्दृष्टि व सम्यग्ज्ञानी) जीवों से भी जो प्यार किया जाता है उसका नाम वत्सलत्व है। इसे प्रवचनवत्सलत्व कहा जाता है। यह तीर्थंकर प्रकृति की बन्धक सोलह भावनाओं में अन्तिम है।

वध—१. आयुरिन्द्रिय-बलप्राणवियोगकरणं वधः। (स. सि. ६-११); दण्ड-कशा-वेत्रादिभिरभिघातः प्राणिनां वधः। (स. सि. ७-२५)। २. आयुरिन्द्रिय-बलप्राणवियोगकरणं वधः। भवधारणस्यायुषः रूपादिग्रहणनिमित्तानामिन्द्रियाणां कायादिवर्गणालम्बनबलस्योच्छ्वास-निःश्वासलक्षणस्य च प्राणस्य परस्परतो वियोगकरणं वध इत्यवधार्यते। (त. वा. ६, ११, ५); प्राणिपीडाहेतुर्वधः। दण्ड-कशा-वेत्रादिभिरभिघातः प्राणिनां वध इति गृह्यते, न प्राणव्यपरोपणम्। (त. वा. ७, २५, २)। ३. वधः ताडनं करकशलतादिभिः। (ध्यानश. हरि. वृ. १६)। ४. ××× वधो दण्डादिताडना। (ह. पु. ५८, १६४)। ५. वधः कशादिताडनम्। (ओघनि. वृ. ४६)। ६. वधो यष्ट्यादिताडनम्। (समवा. अभय. वृ. २२)। ७. यष्टितर्जनकं वेत्र-दण्डादिभिः प्राणिनां ताडनं हननं वधः। (त. वृत्ति ७-२५; कार्तिके. टी. ३३२)।

१ आयु, इन्द्रिय और बल प्राणों के वियोग करने का नाम वध है। यह असातावेदनीय के बन्ध का कारण है। लकड़ी चाबुक या बेत आदि से ताड़ित

करने को भी वध कहा जाता है। इस प्रकार का वध अहिंसाणुव्रत के अतिचारों के अन्तर्गत है।

वधकोपदेश—१. वागुरिक-सौकरिक-शाकुनिकादिभ्यो मृग-वराह-शकुन्तप्रभृतयोऽमुष्मिन् देशे सन्तीति वचनं वधकोपदेशः। (त. वा. ७, २१, २१; चा. सा. पृ. ६)। २. शाकुनिकाः पक्षिमारकाः, वागुरिकाः मृग-वराहादिमारकाः, धीवराः मत्स्यमारका इत्यादीनां पापोपकर्मोपजीविनाम् ईदृशीं वार्तां कथयति—अस्मिन् प्रदेशे वन-जलाद्युपलक्षिते मृग-वराह-तित्तिर-मत्स्यादयो बहवः सन्तीति कथनं वधकोपदेश-नामा तृतीयः पापोपदेशः कथ्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७-२१)।

१ वागुरिक—जाल में फंसाकर मृग आदि के पकड़ने वाले, सौकरिक—वन्दूक आदि से शूकर आदि हिंस्र जीवों का वध करने वाले (शिकारियों)—और पक्षियों के संहारक मनुष्यों के लिए ऐसा उपदेश करना कि अमुक देश में मृग, शूकर और पक्षी आदि पाये जाते हैं; इसे वधकोपदेश कहा जाता है।

वधपरीषहजय—१. निशितविशसन-मुशल-मुद्गरादिप्रहरण-ताडन-पीडनादिभिर्व्यापाद्यमानशरीरस्य व्यापादकेषु मनागपि मनोविकारमकुर्वतो मम पुराकृतदुष्कर्मफलमिदमिमे वराका किं कुर्वन्ति, शरीरमिदं जलबुद्बुदवद्विशरणस्वभावं व्यसनकारणमेतैर्वबाध्यते, संज्ञान-दर्शन-चारित्राणि मम न केनचिदुपहन्यन्ते इति चिन्तयतो वासितक्षण-चन्दनानुलेपनसमदर्शिनो वधपरीषहक्षमा मन्यते। (स. सि. ९-९)। २. मारकेष्वमर्षापोहभावनं वधमर्षणम्। ग्रामोद्यानाटवी-नगरेषु नक्तं दिवा चंकाकिनो निरावरणमूर्तेः समन्तात्पर्यटद्भिश्चौर-राक्षस-म्लेच्छ-शवर-परुप-वधिरपूर्वापकारिद्विपत्परलिंगिभिराहितक्रोधैस्ताडनाकर्षणवन्धन-शस्त्राभिघातादिभिर्मार्यमाणस्याप्यनुपपन्नवैरस्यावश्यप्रपातुकमेवेदं शरीरं कुशलद्वारेणानेनापनीयते, न मम व्रत-शील-भावनाभ्रंसनमिति भावशुद्धस्य दह्यमानस्यापि सुगन्धमुत्सृजतश्चन्दनस्येव शुभपरिणामस्य स्वकर्मनिर्जरामभिसन्दधानस्य दृढमतेः क्षमौषधिवलस्य मारकेषु सुहृत्स्विवामर्षापोहभावनं वधमर्षणमित्याम्नायते। (त. वा. ९, ९, १८)। ३. मारकेष्वमर्षापोहनभावनं वधमर्षणम्। (त. श्लो. ९, ९)। ४. वधः मुद्गरादिप्रहरणकृतपीडा, × × × तस्याः सहनम्, × × × ततः परीषहजयो भवति। (मूला. वृ. ५-५८)। ५. रुष्टैः पूर्वभवापकारकलनासज्जन्मवैरात् खलैर्म्लेच्छैर्निःकरुणैरकारणगुणद्वेषैश्च पापात्मकैः। देहच्छेदन-भेदनादिविधिना यो मार्यमाणोऽप्यलं देहात्मात्मविभेदवेदनभवक्षान्तिर्वधार्तिक्षमी॥ (आचा. सा. ७-१३)। ६. नृशंसेऽरं क्वचिरस्वैरं कुतश्चिन्मारयत्यपि। शुद्धात्मद्रव्यसंवित्तिवित्तः स्याद्वधमर्षणः। (अन. ध. ६, १०१)। ७. चौरादिभिः क्रुद्धैः शस्त्राग्न्यादिभिर्मार्यमाणस्याप्यनुत्पन्नवैरस्य मम पुराकृतकर्मफलमिदमिति, इमे वराका किं कुर्वन्ति, शरीरमिदं स्वयमेव विनश्वरं दुःखदमेतैर्हन्यते, न ज्ञानादिकम् इति भावयतो वधपरीषहक्षमा। (आरा. सा. टी. ४०)।

१ तीक्ष्ण अस्त्र-शस्त्रादि के द्वारा घात करने पर भी घातक जनों के विषय में क्रोधादि विकार को प्राप्त न होकर यह विचार करना कि यह सब मेरे पूर्वकृत कर्म का फल है, ये वेचारे मेरा क्या बिगाड़ कर सकते हैं? शरीर तो विनश्वर है, उसी को ये नष्ट कर सकते हैं, इत्यादि विचार करते हुए उसे शान्तिपूर्वक सहन करना, इसे वधपरीषहजय कहा जाता है। इसे परीषहजय के अतिरिक्त परीषहक्षम, परीषहमर्षण और परीषहसहन आदि अनेक नामों से कहा गया है।

वधमर्षण—देखो वधपरीषहजय।

वधू—पुरिसं वधमुवणेदि त्ति होदि वहुगा णिरुत्तिवादम्मि। (भ. आ. ९७७)।

जो पुरुष को वध को प्राप्त कराती है उसका नाम वधू है। यह उसका निरुक्त लक्षण है।

वधूदोष—शिरोऽवनम्य कुलवध्वा इव स्थानं वधूदोषः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)।

कुलवधू के समान शिर को नीचा करके कायोत्सर्ग में स्थित होना, यह कायोत्सर्ग का एक दोष है जो उसके २१ दोषों में ७वां दोष है।

वनकर्म—देखो वनजीविका।

वनजीविका—१. जो वणं किणति, पच्छा रुक्खे छिंदित्तुं मुल्लेण जीवति। (आव. चू. पृ. ८२९)। २. छिन्नाछिन्नवनपत्र-प्रसून-फलविक्रयः। कणानां दलनात्पेषाद् वृत्तिश्च वनजीविका॥ (योगशा. ३, १०३; त्रि. श. पु. च. ६, ३, ३३७)। ३. तत्र वनजीविका छिन्नस्याछिन्नस्य वा वनस्पतिसमूहादेविक्रयेण तथा गोधूमादिधान्यानां घरट्टशिलादिना

पेषणेन दलनेन वर्तनम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५-२१)।

१ वन को खरीदकर पीछे वृक्षों को काटना और बेचना, इसे वनजीविका कहा जाता है। २ कटे या विना कटे वन के पत्तों, फूलों और फलों को बेचकर तथा धान्य को दलकर व पीसकर आजीविका चलाना, इसे वनजीविका कहते हैं।

वनस्पति—देखो वनस्पतिकायिक।

वनस्पतिकायिक—१. वनस्पतिः कायः येषां ते वनस्पतिकायाः, वनस्पतिकाया एव वनस्पतिकायिकाः। ××× वणप्फदिणामकम्मोदया जीवा विग्गहगईए वट्टमाणा वि वणप्फदिकाइया भवंति। (धव. पु. ३, पृ. ३५७)। २. उदये दु वणप्फदिकम्मस्स य जीवा वणप्फदी होंति। (गो. जी. १८५)। ३ स्थावरनामकर्मोत्तरप्रकृतिभेदस्य वनस्पतिनामकर्मण उदये सति, तु पुनः, जीवा वनस्पतिकायिका भवन्ति। (गो. जी. मं. प्र. १८५)। ४. वनस्पतिविशिष्टस्थावरनामकर्मोत्तरप्रकृत्युदये, तु पुनः, जीवा वनस्पतिकायिका भवन्ति। (गो. जी. जी. प्र. १८५)। ५. सार्द्रः छिन्नो भिन्नो मर्दितो वा लतादिर्वनस्पतिरुच्यते। शुष्कादिर्वनस्पतिर्वनस्पतिकायः। जीवसहितो वृक्षादिर्वनस्पतिकायिकः। विग्रहगतौ सत्यां वनस्पतिर्जीवः वनस्पतिजीवो भण्यते। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

१ जिनका शरीर वनस्पति हुआ करता है उन्हें वनस्पतिकाय या वनस्पतिकायिक कहा जाता है। वनस्पतिनामकर्म के उदय से विग्रहगति में वर्तमान भी जीव वनस्पतिकायिक होते हैं। ५ छेदी-भेदी गई अथवा मर्दित सार्द्र लता आदि को वनस्पतिकाय कहा जाता है। सजीव वृक्ष आदि को वनस्पतिकायिक कहते हैं। विग्रहगति में वर्तमान वनस्पति जीव का नाम वनस्पतिजीव है।

वनस्पतिजीव—१. एवमब्बादिष्वपि योज्यम् (समवाप्तवनस्पतिकायनामकर्मोदयः कार्मणकाययोगस्थो न तावद् वनस्पतिं कायत्वेन गृह्णाति स वनस्पतिजीवः)। (स. सि. २-१३)। २. (एवं पृथिवीजीववत्) ××× वनस्पतिजीवः (सर्वार्थसिद्धिवत्)। (त. वा. २, १३, १)।

१ जो जीव वनस्पतिकाय नामकर्म के उदय से युक्त होता हुआ कार्मणकाययोग में स्थित होकर वनस्पति को शरीररूप से ग्रहण नहीं करता है उसे वनस्पतिजीव कहा जाता है।

वनिताकथा—स्त्रीणां कथाः—स्वरूपास्ताः सौभाग्ययुक्ता मनोरमा उपचारप्रवणाः कोमलालापा इत्येवमादिकथनं वनिताकथाः। (मूला. वृ. ६-८६)।

वे स्त्रियां सुन्दर, सौभाग्यशालिनी, चित्ताकर्षक, व्यवहार में कुशल और कोमल वचनालाप करने वाली हैं; इत्यादि प्रकार से स्त्रियों के विषय में चर्चा करना, इसे वनिताकथा कहा जाता है।

वनीपकवचन—देखो वणिगवावसति। १. साणकिविणतिधि-माहण-पासंडिय-सवण-कागदाणादी। पुण्णं णवेति पुट्ठे पुण्णेत्ति वणीवयं वयणं॥ (मूला. ६-३२)। २. ××× तद् वनीपकं वचनं दानपत्यनुकूलवचनं प्रतिपाद्य यदि भुञ्जीत तदा तस्य वनीपकनामोत्पादनदोषः, दीनत्वादिदोषदर्शनादिति। (मूला. वृ. ६-३२)। ३. श्रमण-ब्राह्मण-क्षपणातिथि-श्वानादिभक्तानां पुरतः पिण्डार्थमात्मानं तत्तद्भक्तं दर्शयतो वनीपकपिण्डः। (योगशा. स्वो. विव. १-३८)। ४. वनीपकीभूय पिण्डः उत्पाद्यते स पिण्डोऽपि वनीपकः। (व्यव. भा. मलय. वृ. तृ. उ. पृ. ३५)। ५. दातुः पुण्यं श्वादिदानादस्त्येवेत्यनुवृत्तिवाक्। वनीपकोक्तिः ×××॥ (अन. ध. ५-२२)।

१ कुत्ता, कृपण—कोढ़ आदि रोग से पीड़ित, अतिथि (भिक्षु), मांसादि भक्षी ब्राह्मण, पाखण्डी (वेषधारी) श्रमण—आजीवक अथवा छात्र और कौवा; इनको दिये जाने वाले दान आदि से पुण्य होता है अथवा नहीं, इस प्रकार पूछे जाने पर यदि उत्तर में यह कहा जाता है कि 'हां, उससे पुण्य होता है' तो वह वनीपकवचन होता है। इसका कारण यह है कि वैसे अनुकूल वचन से सन्तुष्ट होकर दाता दान देने में प्रवृत्त होता है। यह १६ उत्पादनदोषों में पांचवां है। ४ वनीपक (भिखारी) होकर जो भोजन उत्पन्न किया जाता है वह वनीपकपिण्ड कहलाता है।

वन्दना—१. अरहंत-सिद्धपडिमा तव-सुद-गुणगुरु-गुरूण रादीणं। किदियम्मेणिदरेण य तियरणसंकोचणं पणमो॥ (मूला. १-२५)। २. वन्दना त्रिशुद्धिः द्व्यासना चतुःशिरोऽवनतिः द्वादशावर्तना। (त. वा. ६, २४, ११; चा. सा. पृ. २६)। ३.

वंदणा एगजिण-जिणालयविसयवंदणाए णिरवज्ज-भावं वण्णेइ। (धव. पु. १, पृ. ९७); उसहाजिय-संभवाहिणंदण-सुमइ-पउमप्पह-सुपास-चंदप्पह-पुप्फ-यंत-सीयल-सेयंस-वासुपुज्ज-विमलाणंत-धम्म-संति-कुंथु-अर-मल्लि-मुणिसुव्वय-णमि-णेमि-पास-वड्ढमा-णादितित्थयराणं भरहादिकेवलीणं आइरिय-चइता-लयादीणं भेयं काऊण णमोक्कारो गुणगयभेदमल्लीणो सद्दकलावाउलो गुणाणुसरणसरूवो वा वंदणा णाम। (धव. पु. ८, पृ. ८४); तुहं णिट्ठवियट्ठकम्मो केवलणाणेण दिट्ठसव्वट्ठो धम्मुम्मुहसिट्ठगोट्ठीए पुट्ठाभयदाणो सिट्ठपरिवालओ दुट्ठणिग्गहकरो देव त्ति पसंसा वंदणा णाम। (धव. पु. ८, पृ. ९२); वंदणा एदेसिं (उसहादिजिणिंदाणं तच्चेइय-चेइयहराणं च कट्टिमाकट्टिमाणं) वंदणविहाणं परूवेदि दव्वट्ठियणयमवलंबिऊण। (धव. पु. ९, पृ. १८८)। ४. एयस्स तित्थयरस्स णमंसणं वंदणा णाम। (जयध. १, पृ. १११)। ५. द्वयासनया सुविशुद्धा द्वादशवर्ता प्रवृत्तिषु प्राज्ञैः। सशिरश्चतुरानतिका प्रकीर्तिता वन्दना वन्द्या॥ (ह. पु. ३४–१४४)। ६. वन्दना नाम रत्नत्रयसमन्वितानां यतीनां आचार्योपाध्याय-प्रवर्तक-स्थविराणां गुणातिशयं विज्ञाय श्रद्धापुरःसरेण अभ्युत्थान-प्रयोगभेदेन द्विविधे विनये प्रवृत्तिः। (भ. आ. विजयो. ११६)। ७. पवित्रदर्शन-ज्ञान-चारित्रमयमुत्तमम्। आत्मानं वन्द्यमानस्य वन्दनाऽकथि कोविदैः॥ (योगसारप्रा. ५–४६)। ८. वन्दना एकतीर्थकृत्प्रतिबद्धा दर्शन-वन्दनादिपंच-गुरुभक्तिपर्यन्ता वा। (मूला. वृ. १–२२)। ९. जैनेकतीर्थकृत्सिद्ध-साधूनां क्रिययान्वितम्। वन्दनं स्तुतिमात्रं वा वन्दनं पुण्यनन्दनम्॥ (आचा. सा. १–३६)। १०. वन्दनं वन्दनायोग्यानां धर्माचार्याणां पञ्चविंशत्यावश्यकविशुद्धं द्वात्रिंशद्दोषरहितं नमस्करणम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)। ११. अर्हदादीनां एकैकशोऽभिवन्दनाभिधानबोधिका वन्दना। (श्रुतभ. टी. २४, पृ. १७९)। १२. एक-तीर्थंकरालम्बना चैत्य-चैत्यालयादिस्तुतिः वन्दना, तत्प्रतिपादकं शास्त्रमपि वन्दनेत्युच्यते। (गो. जी. मं. प्र. व जी. प्र. ३६७)। १३. एकजिनस्य स्तुतिर्वन्दनाभिधीयते। (भावप्रा. टी. ७७)। १४. एक-तीर्थकरस्तवनरूपा वन्दना। (त. वृत्ति श्रुत. १, २०)। १५. सा वंदणा जिणुत्ता वंदिज्जिह जिणवराणमिग एक्कं। चेत्त-चेत्तालयादिथुई च दव्वादि-बहुभेया॥ (अंगप. ३, १६, पृ. ३०७)।

१ अरिहन्त प्रतिमा, सिद्ध प्रतिमा, तप में अधिक, श्रुत में अधिक, गुणों में अधिक जन और गुरु (दीक्षा दाता), इनको तीन करणों के संकोचपूर्वक—मन-वचन-काय की शुद्धिपूर्वक—कृतिकर्म के द्वारा—कायोत्सर्ग आदि के साथ—अथवा विना कायोत्सर्ग आदि के ही प्रणाम जो किया जाता है उसे वन्दना कहते हैं। यह मुनियों के छह आवश्यकों में तीसरा है। २ मन, वचन और काय इन तीन की शुद्धिपूर्वक पद्मासन या खड्गासन से बारह आवर्तनों के साथ चार बार शिर को झुकाना, यह वन्दना नाम का आवश्यक है। ३ अंगबाह्य श्रुत का एक वन्दना नामक अर्थाधिकार है जिसमें एक जिन व जिनालय विषयक वन्दनाकी निर्दोषता का वर्णन किया जाता है। ४ एक तीर्थंकर को नमस्कार करने का नाम वन्दना है।

वयःस्थविर—वयःस्थविरः सप्तत्यादिवर्षजीवितः। (योगशा. स्वो. विव. ४–९०)।

जो सत्तर आदि वर्षों तक जीवित रहता है उसे वयःस्थविर कहा जाता है।

वर्ग—१. तत्र सर्वजघन्यगुणः प्रदेशः परिगृहीतः, तस्यानुभागः प्रज्ञाछेदेन तावद्धा परिच्छिन्नः यावत्पुनर्विभागो न भवति। ते अविभागपरिच्छेदाः सर्वजीवानामनन्तगुणाः, एको राशिकृतः। (त. वा. २, ५, ४)। २. एत्थ एगजीवपदेसाविभागपडिच्छेदाणं वग्गो त्ति सण्णा। (धव. पु. १०, पृ. ४५०); × × × तत्थ सव्वमंदाणुभागपरमाणुं घेत्तूण वण्ण-गंध-रसे मोत्तूण पासं चेव बुद्धीए घेत्तूण पण्णाच्छेदो कायव्वो जाव विभागवज्जिदपरिच्छेदो त्ति। तस्स अंतिमस्स खंडस्स अच्छेज्जस्स अविभागपडिच्छेद इति सण्णा। पुणो तेण पमाणेण सव्वफासखंडसु खंडिदेसु सव्वजीवेहि अणंतगुणअविभागपडिच्छेदा लब्भंति। तेसिं सव्वेसिं पि वग्ग इदि सण्णा। (धव. पु. १२, पृ. ९२–९३)। ३. यः शक्तिसमूहलक्षणो वर्गः × × ×। (समयप्रा. अमृत. वृ. ५७)। ४. वर्गः शक्तिसमूहोऽणोः × × ×। (पंचसं. अमित. १–४५)। ५. परमाणोरविभागपरिच्छेद-रूपशक्तिसमूहो वर्ग इत्युच्यते। × × × तथा

चोक्तं वर्ग-वर्गणा-स्पर्द्धकानां त्रयाणां लक्षणम्— वर्गः शक्तिसमूहोऽणोः ××× । (समयप्रा. जय. वृ. ५७) ।

१ सबसे जघन्य गुण (शक्त्यंश) वाले कर्मप्रदेश के अनुभाग को बुद्धिरूप छेदक के द्वारा तब तक खण्डित करना चाहिए जब तक उसका दूसरा खण्ड न हो सके, ऐसे अविभागप्रतिच्छेद सब जीवों से अनन्तगुणे होते हैं। उनकी एक राशि का नाम वर्ग है।

जिसकी फलदानशक्ति कुछ अंश में रोक दी गई है ऐसी मिश्रित अवस्था में वर्तमान दर्शनमोह कर्मप्रकृति को सम्यक्त्व-मिथ्यात्व कहा जाता है।

सम्यक्त्वमोहनीय—देखो सम्यङ्मिथ्यात्व। १. तदेव सम्यक्त्वं शुभपरिणामनिरुद्धस्वरसं यदौदासीन्येनावस्थितमात्मनः श्रद्धानं न निरुणद्धि, तद्वेदयमानः पुरुषः सम्यग्दृष्टिरित्यभिधीयते। (स. सि. ८-६)। २. अत्तागमपदत्थसद्धाए जस्सोदएण सिथिलत्तं होदि तं सम्मत्तं। (धव. पु. ६, पृ. ३६); उप्पण्णस्स सम्मत्तस्स सिढिलभावुप्पाययं अथिरत्तकारणं च कम्मं सम्मत्तं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५८)। ३. यस्योदयेनाप्तागम-पदार्थेषु श्रद्धायाः शैथिल्यं तत् सम्यक्त्वं कोद्रवतन्दुलसदृशम्। (मूला. वृ. १२-१६०)।

१ शुभ परिणाम के द्वारा जिसके अनुभाग को रोक दिया गया है तथा जो उदासीन रूप से स्थित जीव के श्रद्धान को नहीं रोक सकता है ऐसा वही मिथ्यात्व सम्यक्त्वमोहनीय कहलाता है। इसके उदय का अनुभव करने वाला जीव सम्यग्दृष्टि कहा जाता है। २ जिसके उदय से आप्त, आगम और पदार्थों के श्रद्धान में शिथिलता होती है उसे सम्यक्त्वमोहनीय कहा जाता है।

सम्यक्त्वविनय—यत्र निःशंकितत्वादिलक्षणोपेतता भवेत्। श्रद्धाने सप्ततत्त्वानां सम्यक्त्वविनयः स हि॥ (त. सा. ७-२१)।

जहां सात तत्त्वों का श्रद्धान निःशंकितत्व आदि गुणों से संयुक्त होता है उसे सम्यक्त्वविनय कहते हैं।

सम्यक्त्ववेदनीय — देखो सम्यक्त्वमोहनीय। जिनप्रणीततत्त्वश्रद्धानात्मकेन सम्यक्त्वरूपेण यद्वेद्यते तत्सम्यक्त्ववेदनीयम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २६३)।

जिनदेव के द्वारा उपदिष्ट तत्त्वों के श्रद्धानस्वरूप सम्यक्त्व के रूप में जिस दर्शनमोहनीय कर्म का वेदन किया जाता है उसे सम्यक्त्ववेदनीय कहते हैं।

सम्यक्त्वाराधक—धम्माधम्मागासाणि पोग्गला कालदव्व जीवे य। आणाए सद्दहन्तो समत्ताराहओ भणिदो॥ (भ. आ. ३६)।

जो धर्म, अधर्म, आकाश, पुद्गल, काल और जीव इन द्रव्यों का सर्वज्ञ की आज्ञा के अनुसार श्रद्धान करता है उसे सम्यक्त्वाराधक कहा गया है।

सम्यक्त्वाराधना—भावाणं सद्दहणं कीरइ जं सुत्तउत्तजुत्तीहिं। आराहणा हु भणिया सम्मत्ते सा मुणिदेहिं॥ (भ. आ. ४)।

आगमोक्त युक्तियों के द्वारा जो पदार्थों का श्रद्धान किया जाता है उसे सम्यक्त्वआराधना कहा गया है।

सम्यक्श्रद्धान—१. रुचिर्जिनोक्ततत्त्वेषु सम्यक्श्रद्धानमुच्यते। (योगशा. १-१७)। २. रुचिः श्रुतोक्ततत्त्वेषु सम्यक्श्रद्धानमुच्यते। (त्रि. श. पु. च. १, ३, ५८५)।

१ जिन भगवान् के द्वारा निर्दिष्ट तत्त्वों के विषय में जो रुचि उत्पन्न होती है उसे सम्यक् अर्थात् समीचीन श्रद्धान (सम्यक्त्व) कहा जाता है।

सम्यक्श्रुत—१. जं इमं अरहंतेहिं भगवंतेहिं उप्पण्णणाण-दंसणधरेहिं तेलुक्कनिरिक्खिअमहिअ-पूइएहिं तीय-पडुप्पण्णमणागयजाणएहिं सव्वण्णूहिं सव्वदरिसीहिं पणीअं दुआलसंगं गणिपिडगं। जहा—आयारो × × × इच्चेअं दुवालसंगं गणिपिडगं चोद्दसपुव्विस्स सम्मसुअं अभिण्णदसपुव्विस्स सम्मसुअं तेण परं भिण्णेसु भयणा, से तं सम्मसुअं। (नन्दी. सू. ४०, पृ. १६१-६२)। २. सम्यग्दृष्टेः प्रशमादिसम्यक्परिणामोपेतत्वात् स्वरूपेण प्रति-

भासनात् सम्यक्श्रुतं पित्तोदयादभिभूतस्य शर्करादिवदिति। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ८२)।

१ सर्वज्ञ और सर्वदर्शी अरहन्त भगवान् के द्वारा आचारादिरूप जिस द्वादशांगश्रुत का प्रणयन किया गया है उसे सम्यक्श्रुत कहते हैं। यह सम्यक्श्रुत चतुर्दशपूर्वी और अभिन्नदशपूर्वी के होता है, इनसे अन्य जनों के वह भाज्य है।

सम्यगनेकान्त—१. एकत्र स्वप्रतिपक्षानेकधर्मस्वरूपनिरूपणो युक्त्यागमाभ्यामविरुद्धः सम्यगनेकान्तः। (त. वा. १, ६, ७)। २. एकत्र वस्तुन्यस्तित्व-नास्तित्वादिनानाधर्मनिरूपणप्रवणः प्रत्यक्षानुमानागमाविरुद्धसम्यगनेकान्तः। (सप्तभं. पृ. ७४)।

१ जो युक्ति और आगम के विरोध से रहित होता हुआ एक ही वस्तु में अपने विरोधी धर्म के साथ अनेक धर्मों (जैसे—अस्तित्व-नास्तित्व व नित्यत्व-अनित्यत्वादि) के स्वरूप का निरूपण किया करता है उसे सम्यगनेकान्त कहते हैं।

सम्यगाचार—सम्यक् स्वशास्त्रविहितानुष्ठानादविपरीतः, आचारः अनुष्ठानं येषां ते सम्यगाचाराः, सम्यग्वा इतो व्यवस्थित आचारो येषां ते समिताचाराः। (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. २, ५, ३१)।

जिनका आचार अपने शास्त्र में वर्णित अनुष्ठान से विपरीत नहीं है वे सम्यगाचार—समीचीन आचरण वाले कहलाते हैं। अथवा (पाठान्तर का अनुसरण कर) 'सम्' का अर्थ समीचीन और 'इत' का अर्थ व्यवस्थित है। तदनुसार जिनका आचार समीचीनरूप में व्यवस्थित हैं उन्हें समिताचार कहा जाता है।

सम्यगेकान्त—१. सम्यगेकान्तो हेतुविशेषसामर्थ्यापेक्षः प्रमाणप्ररूपितार्थैकदेशादेशः। (त. वा. १, ६, ७)। २. सम्यगेकान्तस्तावत् प्रमाणविषयीभूतानेकधर्मात्मकवस्तुनिष्ठैकधर्मगोचरो धर्मान्तराप्रतिषेधकः। (सप्तभं. पृ. ७३–७४)।

१ जो युक्ति के बल से प्रमाण के द्वारा प्ररूपित पदार्थ के एक देश को प्रमुखता से विषय करता है उसे सम्यगेकान्त कहते हैं।

सम्यग्ज्ञान—१. ××× तेसिमधिगमो णाणं। (पंचा. का. १०७; समयप्रा. १६५)। २. संसयविमोह-विब्भमविवज्जियं होदि सण्णाणं॥ (नि. सा. ५१)। ३. ××× तच्चग्गहणं च हवइ सण्णाणं। (मोक्षप्रा. ३८)। ४. अन्यूनमनतिरिक्तं याथातथ्यं विना च विपरीतात्। निःसन्देहं वेद यदाहुस्तज्ज्ञानमागमिनः॥ (रत्नक. ४२)। ५. येन येन प्रकारेण जीवादयः पदार्था व्यवस्थितास्तेन तेनावगमः सम्यग्ज्ञानम्। (स. सि. १–१)। ६. नय-प्रमाणविकल्पपूर्वको जीवाद्यर्थयाथात्म्यावगमः सम्यग्ज्ञानम्। (त. वा. १, १, २)। ७. तेषां जीवादिसप्तानां संशयादिविवर्जनात्॥ याथात्म्येन परिज्ञानं सम्यग्ज्ञानं समादिशेत्। (म. पु. ४७, ३०६–७)। ८. स्वार्थाकारपरिच्छेदो निश्चितो बाधवर्जितः। सदा सर्वत्र सर्वस्य सम्यग्ज्ञानमनेकधा॥ (त. श्लो. १, १, २)। ९. स्वार्थव्यवसायात्मकं सम्यग्ज्ञानम्। (प्रमाणप. पृ. ५३)। १०. सम्यग्ज्ञानं तु लक्ष्यलक्षणव्यवहाराव्यभिचारात्मकं ज्ञानावरणकर्मक्षयक्षयोपशमसमुत्थं मत्यादिभेदम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–१)। ११. ××× सम्यग्ज्ञानं स्यादवबोधनम्। (त. सा. १–४); सम्यग्ज्ञानं पुनः स्वार्थव्यवसायात्मकं विदुः। मतिश्रुतावधिज्ञानं मनःपर्ययकेवलम्॥ स्वसंवेदनमक्षोत्थं विज्ञानं स्मरणं तथा। प्रत्यभिज्ञानमूहश्च स्वार्थानुमितिरेव वा॥ (त. सा. १, १८–१९)। १२. प्रमाण-नय-निक्षेपैर्यो याथात्म्येन निश्चयः। जीवादिषु पदार्थेषु सम्यग्ज्ञानं तदिष्यते॥ (तत्त्वानु. २६)। १३. सम्यग्ज्ञानं पदार्थानामवबोधः ×××। (प्रद्युम्नच. ६–४७)। १४. यथावदवगमः सम्यग्ज्ञानम्। (न्यायकु. ७६, पृ. ८६५)। १५. संसय-विमोह-विब्भमविवज्जियं अप्प-परसरूवस्स। गहणं सम्मण्णाणं सायारमणेयभेयं च॥ (द्रव्यसं. ४२)। १६. यद् द्रव्यं यथा स्थितं सत्तालक्षणम्, उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यलक्षणं वा गुण-पर्यायलक्षणं वा सप्तभङ्ग्यात्मकं वा तत् तथा जानाति य आत्मसम्बन्धी स्व-परपरिच्छेदको भावः परिणामस्तत् संज्ञानं भवति। (परमा. वृ. २–२९)। १७. तस्यैव सुखस्य (रागादिविकल्पोपाधिरहितचिच्चमत्कारभावनोत्पन्नमधुररसास्वादरूपस्य सुखस्य) समस्तविभावेभ्यः स्वसंवेदनज्ञानेन पृथक् परिच्छेदनं सम्यग्ज्ञानम्। (वृ. द्रव्यसं. टी. ४०)। १८. यज्जानाति यथावस्थं वस्तुसर्वस्वमञ्जसा। तृतीयं लोचनं नृणां सम्यग्ज्ञानं तदुच्यते॥ (उपासका. २५६)।

१९. तेषामेव संशय-विमोह-विभ्रमरहितत्वेनाधिगमो निश्चयः परिज्ञानं सम्यग्ज्ञानम् × × × अथवा × × × तेषामेव सम्यक्परिच्छित्तिरूपेण शुद्धात्मनो भिन्नत्वेन निश्चयः सम्यग्ज्ञानम् । (समयप्रा. जय. वृ. १६५) । २०. यथावद् वस्तुनिर्णीतिः सम्यग्ज्ञानं प्रदीपवत् ॥ (स्वरूपस. १२) । २१. तत्र जीवादितत्त्वानां संक्षेपाद्विस्तरादपि । यथावदवबोधो यः सम्यग्ज्ञानं तदुच्यते ॥ (त्रि. श. पु. च. १, ३, ५७८) । २२. यथावस्थिततत्त्वानां संक्षेपाद् विस्तरेण वा । योऽवबोधस्तमत्राहुः सम्यग्ज्ञान मनीषिणः ॥ (योगशा. १–१६) । २३. वत्थूण जं सहावं जहट्ठियं णय-पमाण तह सिद्धं । तं तह य जाणणे इह सम्म णाण जिणा बेंति ॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. ३२६) । २४. × × × स्वार्थविज्ञान सम्यग्ज्ञानमसंशयम् । (जीव. च. ७–१२) । २५. सम्यग्ज्ञानं यथावस्थितवस्तुग्राहि ज्ञानम् । (चारित्रभ. ६, पृ. १८९) । २६. येन येन प्रकारेण जीवादयः पदार्थाः व्यवस्थिताः वर्तन्ते तेन तेन प्रकारेण मोह-संशय-विपर्ययरहितं परिज्ञानं सम्यग्ज्ञानम् । (त. वृत्ति श्रुत. १–१) । २७. जीवादीनां पदार्थानां याथात्म्यं तत्त्वमिष्यते । सम्यग्ज्ञानं हि तज्ज्ञानं × × × ॥ (जम्बू. च. ३–१७) ।

१ जीवाजीवादि पदार्थों के अधिगम का नाम सम्यग्ज्ञान है । २ संशय, अनध्यवसाय और भ्रान्ति से रहित ज्ञान को सम्यग्ज्ञान कहा जाता है । ५ जिस जिस प्रकार से जीवादि पदार्थ व्यवस्थित हैं उनका उसी रूप से जो ग्रहण होता है उसे सम्यग्ज्ञान कहते हैं । १० लक्ष्य-लक्षण व्यवहार के दोष से रहित जो ज्ञानावरण कर्म के क्षय और क्षयोपशम से मति-श्रुतादि भेदरूप ज्ञान होता है वह सम्यग्ज्ञान कहलाता है ।

सम्यग्दर्शन—देखो सम्यक्त्व । १. तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम् । (त. सू. १–२) । २. प्रशस्तं दर्शनं सम्यग्दर्शनम्, सङ्गतं वा दर्शनं सम्यग्दर्शनम् । (त. भा. १–१); तत्त्वानामर्थानां श्रद्धानम्, तत्त्वेन वा अर्थानां श्रद्धानं तत्त्वार्थश्रद्धानम् । तत् सम्यग्दर्शनम् । × × × तदेवं प्रशम-संवेग-निर्वेदानुकम्पास्तिक्याभिव्यक्तिलक्षणं तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनमिति । (त. भा. १–२) । ३. एतेष्वध्यवसायो योऽर्थेषु विनिश्चयेन तत्त्वमिति । सम्यग्दर्शनमेतत् × × × ॥ (प्रशमर. २२२) । ४. तत्त्वा[र्था]नां भावानां निसर्गादधिगमाद्वा शुद्धानां रुचिः सम्यग्दर्शनम् । (उत्तरा. चू. पृ २७२) । ५. श्रद्धानं परमार्थानामाप्तागम-तपोभृताम् । त्रिमूढापोढमष्टाङ्गं सम्यग्दर्शनमस्मयम् ॥ (रत्नक. ४) । ६. प्रणिधानविशेषाहितद्वैविध्यजनितव्यापारं तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम् । (त. वा. १, १, १) । ७. तत्तत्थसद्दहाणं सम्मत्तं × × × । (श्रा. प्र. ६२) । ८. मिथ्यात्वमोहनीय (क्षय-) क्षयोपशमोपशमसमुत्था तत्त्वरुचिः सम्यग्दर्शनम् । (त. भा. हरि. वृ. १–१, पृ. १४) । ९. यन्मिथ्यास्वभावप्रचितपरिणाम विशेषाद् विशुध्यमानकं सप्रतिघातं सम्यक्त्वकारणं सम्यग्दर्शनम् । (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ६३) । १०. तत्त्वार्थश्रद्धानलक्षणं दर्शनं सम्यग्दर्शनम् । (श्रा. प्र. टी. ३४१) । ११. सम्यग्दर्शनमभीष्टं तत्त्वश्रद्धानमुज्ज्वलम् । व्यपोढसंशयात्यन्तनिःशेषमलसंकरम् ॥ (ह. पु. ५८–१९) । १२. आप्तागमपदार्थानां श्रद्धानं परया मुदा । सम्यग्दर्शनमाम्नातं तन्मूले ज्ञानचेष्टिते ॥ (म. पु. ९–१२१ व २४–११७) । १३. प्रणिधानविशेषोत्थद्वैविध्यं रूपमात्मनः । यथास्थितार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनमुद्दिशेत् ॥ (त. श्लो. १, १, १) । १४. अर्हदभिहिताशेषद्रव्य-पर्यायप्रपञ्चविषया तदुपघातिमिथ्यादर्शनाद्यनन्तानुबन्धिकषायक्षयादिप्रादुर्भूता रुचिर्जीवस्यैव सम्यग्दर्शनमुच्यते । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–१, पृ. २६); दृष्टिर्या अविपरीतार्थग्राहिणी जीवादिकं विषयमुल्लिखन्तीव प्रवृत्ता सा सम्यग्दर्शनम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–१, पृ. ३०); मुख्यया तु वृत्त्या रुचिरात्मपरिणामो ज्ञानलक्षणः श्रद्धा-संवेगादिरूपः सम्यग्दर्शनम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–७, पृ. ५५); प्रशम-संवेग-निर्वेदाऽस्तिक्याऽनुकम्पाभिव्यक्तिलक्षणं सम्यग्दर्शनम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–४) । १५. जीवाजीवादीनां तत्त्वार्थानां सदैव कर्तव्यम् । श्रद्धानं विपरीताभिनिवेशविविक्तमात्मरूपं तत् ॥ (पु. सि. २२) । १६. श्रद्धानं (तत्त्वार्थानाम्) दर्शनं × × × । (त. सा. १–४) । १७. एकत्वे नियतस्य शुद्धनयतो व्याप्तुर्यदस्यात्मनः पूर्णज्ञानघनस्य दर्शनमिह द्रव्यान्तरेभ्यः पृथक् । सम्यग्दर्शनमेतदेव नियमादात्मा च तावानयम् तन्मुक्त्वा नवतत्त्वसन्ततिमिमामात्मायमेकोऽस्तु नः ॥ (समयप्रा. क. १–६) ।

१८. जीवादयो नवाप्यर्था ये यथा जिनभाषिताः। ते तथैवेति या श्रद्धा सा सम्यग्दर्शनं स्मृतम् ॥ (तत्त्वानु. २५)। १६. सर्वज्ञोक्तार्थानाम् इदमित्थमेव इति श्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्। (न्यायकु. ७६, पृ. ८६५)। २०. सम्यग्दर्शनं तु तत्त्वार्थश्रद्धानरूपम्। (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. २, ५, १)। २१. सम्यक्त्वं भावनामाहुर्युक्तियुक्तेषु वस्तुषु। (उपासका. ५); आप्तागम-पदार्थानां श्रद्धानं कारणद्वयात्। मूढाद्यपोढमष्टाङ्गं सम्यक्त्वं प्रशमादिभाक् ॥ (उपासका. ४८)। २२. जिनेन भगवताऽर्हता परमेष्ठिनोपदिष्टे निर्ग्रन्थलक्षणे मोक्षमार्गे श्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्। (चा. सा. पृ. २); जिनोपदिष्टे नैर्ग्रन्थ्ये मोक्षवर्त्मनि रुचिः सम्यग्दर्शनम्। (चा. सा. पृ. २४)। २३. जीवाजीवादितत्त्वानां भाषितानां जिनेशिना। श्रद्धानं कथ्यते सद्भिः सम्यक्त्वं व्रतपोषकम् ॥ (धर्मप. १६-१०)। २४. रागादिविकल्पोपाधिरहितचिच्चमत्कारभावनोत्पन्नमधुररसास्वादसुखोऽहमिति निश्चयरूपं सम्यग्दर्शनम्। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४०); वीतरागसर्वज्ञप्रणीतशुद्धजीवादितत्त्वविषये चल-मलिनावगाढरहितत्वेन श्रद्धानं रुचिर्निश्चय इदमेवेत्थमेवेति निश्चयबुद्धिः सम्यग्दर्शनम्। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४१)। २५. स्वशुद्धात्मोपादेयभूतरुचिविकल्परूपं सम्यग्दर्शनम्। (प्रव. सा. जय. वृ. ३-३८)। २६. यत् पुनरात्मपरिणतिस्वभावं तत्त्वार्थश्रद्धानलक्षणं सम्यग्दर्शनम् ××× । (आव. नि. मलय. वृ. १२१)। २७. दर्शनं दृग्, दर्शनमोहोपशमादिसन्निधाने सत्याविर्भूततच्छक्तिविशेषस्यात्मनो ज्ञानसम्यक्त्वव्यपदेशहेतुस्तत्त्वार्थश्रद्धानपरिणतिः। (अन. ध. स्वो. टी. १-१, पृ. २)।

१ तत्त्वार्थ के श्रद्धान को सम्यग्दर्शन कहा जाता है। ३ जीवादि पदार्थों के विषय में जो 'यही तत्त्व है' ऐसा निर्धारण होता है उसे सम्यग्दर्शन कहते हैं। ५ परमार्थभूत आप्त, आगम और गुरु का जो तीन मूढताओं से रहित और आठ अंगों सहित श्रद्धान होता है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। ६ जिस तत्त्वार्थश्रद्धान में बाह्य परिणाम के साथ अन्तरंग परिणामस्वरूप दर्शनमोह के उपशम, क्षय अथवा क्षयोपशम से जीवादि पदार्थविषयक अधिगम अथवा निसर्गरूप व्यापार आत्मसात् किया जाता है उसे सम्यग्दर्शन कहते हैं।

सम्यग्दर्शनवाक्—१. सम्यङ्मार्गस्योपदेष्ट्री सा सम्यग्दर्शनवाक्। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७५; धव. पु. १, पृ. ११७)। २. सम्यग्मार्गे नियोक्त्री या सम्यग्दर्शनवागसौ। (ह. पु. १०-६६)। ३. सम्मग्गोवदेसकं वयणं सम्मदंसणवयण। (अंगप. पृ. २९३)।

१ जिस वचन के द्वारा समीचीन मार्ग का उपदेश किया जाता है उसे सम्यग्दर्शनवाक् कहते हैं।

सम्यग्दर्शनविनय – अर्हत्प्रणीतस्य च धर्मस्याचार्योपाध्याय-स्थविर-कुल-गण-सङ्घ-साधु - संभोगा- (मनोज्ञा-?) नां चानासादना प्रशम-संवेग-निर्वेदानुकम्पाऽऽस्तिक्यानि च सम्यग्दर्शनविनयः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-२३)।

अरहन्त के द्वारा उपदिष्ट धर्म, आचार्य, उपाध्याय, स्थविर, कुल, गण, संघ, साधु और संभोग (मनोज्ञ) इनकी आसादना न करके प्रशम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य इन गुणों का आश्रय लेना; इसका नाम दर्शनविनय है।

सम्यग्दृष्टि—१. भूदत्थमस्सिदो खलु सम्मादिट्ठी हवदि जीवो ॥ (समयप्रा. १३)। २. सद्दव्वरओ सवणो सम्माइट्ठी हवेइ णियमेण। (मोक्षप्रा. १४)। ३. जो कुणइ सद्दहाणं, जीवाईयाण नवपयत्थाणं। लोइयसुईसु रहिओ, सम्मद्दिट्ठी उ सो भणिओ। (पउमच. १०२-१८१)। ४. अप्पिं अप्पु मुणंतु जिउ, सम्मादिट्ठि हवेइ। (परमा. प्र. १-७६)। ५. अप्पसरूवहँ (-सरूवइ ?) जो रमइ छोंडिवि सहु ववहारु। सो सम्माइट्ठी हवइ लहु पावइ भवपारु ॥ (योगसार ८६)। ६. श्रद्धां कुर्वन्ति ये तस्मिन्नेषन्ते भावतश्च ये। ते सम्यग्दृष्टयः प्रोक्ताः प्रत्ययं ये च कुर्वते ॥ (वरांगच. २६-६१)। ७. सम्यग्दृश्यन्ते परिच्छिद्यन्ते जीवादयः पदार्थाः अनया इति सम्यग्दृष्टिः, सम्यग्दृष्ट्यविनाभावाद् वा सम्यग्दृष्टिः। (धव. पु १३, पृ. २८६-८७)। ८. सम्यक् शोभना दृष्टिर्या सत्पदार्थावलोकिनी सा सम्यग्दृष्टिर्यस्य क्षीणदर्शनमोहनीयस्य स सम्यग्दृष्टिजीवः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १-७, पृ. ५५)। ६. एए सत्तपयारा जिणदिट्ठा भासिया य ए तच्चा। सद्दहइ जो हु जीवो सम्मादिट्ठी हवे सो दु ॥ (भाव. सं. दे. ३४८)। १०. सम्यग् अविपर्यस्ता, दृष्टिः जिनप्रणीतवस्तुतत्त्वप्रतिपत्तिर्यस्य स सम्यग्दृष्टिः।

(प्रज्ञाप. मलय. वृ. २४०, पृ. ३८७)। ११. सम्यक्त्वेन हि सम्पन्नः सम्यग्दृष्टिरुदाहृतः। (धर्मसं. श्रा. ४-७८)। १२. स्वतत्त्व-परतत्त्वेषु हेयोपादेयनिश्चयः। संशयादिविनिर्मुक्तः स सम्यग्दृष्टिरुच्यते॥ (पु. उपासका. ६)।

१ जो विवेकी जीव भूतार्थ का यथार्थ वस्तुस्वरूप के प्ररूपक निश्चय नय का आश्रय लेता है वह सम्यग्दृष्टि होता है। ३ जो लौकिक श्रुतियों में मुग्ध न होकर जीवादिक नौ पदार्थों का श्रद्धान करता है उसे सम्यग्दृष्टि कहा गया है।

सम्यग्मिथ्यात्व—१. तदेव मिथ्यात्वं प्रक्षालनविशेषात् क्षीणाक्षीणमदशक्तिकोद्रववत्सामिशुद्धस्वरसं तदुभयमित्याख्यायते, सम्यङ्मिथ्यात्वमिति यावत्। (स. सि. ८-९, त. वा. ८, ९, २)। २. यन्मिथ्यात्वस्वभावचितं विशुद्धाविशुद्धश्रद्धाकारि तत्सम्यग्मिथ्यादर्शनम्। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ६३)। ३. मिच्छत्तस्स सव्वघादिफद्दयाणमुदयक्खएण तेसिं चेव संतोवसमेण सम्मत्तस्स देसघादिफद्दयाणमुदयक्खएण तेसिं चेव संतोवसमेण अणुदओवसमेण वा सम्मामिच्छत्तस्स सव्वघादिफद्दयाणमुदएण सम्मामिच्छत्तभावो होदि त्ति ××× । (धव. पु. ५, पृ. १९९); जस्सोदएण अत्तागम-पयत्थेसु तप्पडिवक्खेसु य अक्कमेण सद्धा उप्पज्जदि तं सम्मामिच्छत्तं। (धव. पु. ६, पृ. ३९); सम्मत्त-मिच्छत्तभावाणं संजोगसमुब्भूदभावस्स उप्पाययं कम्मं सम्मामिच्छत्तं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५९)। ४. तदुभयमिति सम्यग्मिथ्यातत्त्वश्रद्धानलक्षणम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८-१०)। ५. सम्यग्मिथ्यात्वपाकेन सम्यग्मिथ्यात्वमिष्यते। (त. सा. २-९२)। ६. सम्मामिच्छुदयेण य जत्तंतरसव्वघादिकज्जेण। ण य सम्मं मिच्छं पि य सम्मिस्सो होदि परिणामो॥ दहि-गुडमिव वा मिस्सं पुहभावं णेव कारिदुं सक्कं। एवं मिस्सयभावो सम्मामिच्छो त्ति णादव्वो॥ (गो. जी. २१-२२)। ७. सम्यग्मिथ्यात्वरुचिर्मिश्रः सम्यग्मिथ्यात्वपाकतः। सुदुष्करः पृथग्भावो दधिमिश्रगुडोपमः॥ (पंचसं. अमित. १-२२); सम्यङ्मिथ्यात्वपाकेन परिणामो विमिश्रितः। विषमिश्रामृतस्वादः सम्यङ्मिथ्यात्वमुच्यते॥ (पंचसं. अमित. १-३०३, पृ. ४०)। ८. यस्योदयेनाप्तागम-पदार्थेषु अक्रमेण श्रद्धे उत्पद्येते तत् सम्यङ्मिथ्यात्वम्। (मूला. वृ. १२-१९०)।

१ जिस प्रकार धोने से कोदों (एक तुच्छ धान्य) की मदशक्ति कुछ क्षीण हो जाती है और कुछ बनी भी रहती है उसी प्रकार जिसका रस (अनुभाग) कुछ क्षीण हो चुका है व कुछ बना हुआ है ऐसे उस मिथ्यात्व को उभय या सम्यग्मिथ्यात्व कहते हैं। २ जो मिथ्यात्व स्वभाव से व्याप्त होकर विशुद्ध और अविशुद्ध श्रद्धान का कारण है उसे मिथ्यादर्शन कहा जाता है।

सम्यग्मिथ्यादर्शन—देखो सम्यग्मिथ्यात्व।

सम्यग्मिथ्यादृष्टि—देखो सम्यङ्मिथ्यादृष्टि।

सम्यग्वाद—तथा सम्यग् राग-द्वेषपरिहारेण, वदनं वादः सम्यग्वादः, रागादिपरित्यागेन यथावद्वदनमित्यर्थः। (आव. नि. मलय. वृ. ८९४)।

राग-द्वेष को छोड़कर जो यथार्थ भाषण किया जाता है उसे सम्यग्वाद कहा जाता है।

सम्यङ्मिथ्यादृष्टि—१. सम्यङ्मिथ्यात्वोदयात् सम्यङ्मिथ्यादृष्टिः। सम्यङ्मिथ्यात्वसंज्ञिकायाः प्रकृतेरुदयात् आत्मा क्षीणाक्षीणमदशक्तिकोद्रवोपयोगापादितेषत्कलुषपरिणामवत् तत्त्वार्थश्रद्धानाश्रद्धानरूपः सम्यङ्मिथ्यादृष्टिरित्युच्यते। (त. वा. ९, १, १४)। २. दृष्टिः श्रद्धा रुचिः प्रत्यय इति यावत्, समीचीना च मिथ्या च दृष्टिर्यस्यासौ सम्यग्मिथ्यादृष्टिः। ××× अक्रमेण सम्यग्मिथ्यारुच्यात्मको जीवः सम्यग्मिथ्यादृष्टिरिति। (धव. पु. १, पृ. १६६-६७); सम्मामिच्छत्तस्स सव्वघादिफद्दयाणमुदएण सम्मामिच्छादिट्ठी ×××। (धव. पु. ७, पृ. ११०)। ३. सम्यङ्मिथ्यात्वसंज्ञायाः प्रकृतेरुदयाद्भवेत्। मिश्रभावतया सम्यग्मिथ्यादृष्टिः शरीरवान्। (त. सा. २-२०)। ४. सद्दहणासद्दहणं जस्स य जीवस्स होइ तच्चेसु। विरयाविरयेण समो सम्मामिच्छो त्ति णायव्वो॥ (गो. जी. ६५४)। ५. दृष्टिः श्रद्धा रुचिः एकार्थः, समीचीना च मिथ्या च दृष्टिर्यस्यासौ सम्यङ्मिथ्यादृष्टिः सम्यङ्मिथ्यात्वोदयजनितपरिणामः सम्यक्त्व-मिथ्यात्वयोरुदयप्राप्तस्पर्द्धकानां क्षयात् सतामुदयाभावलक्षणोपशमाच्च सम्यङ्मिथ्यादृष्टिः। (मूला. वृ. १२, १५४)।

१ कोदों की मादकशक्ति के कुछ क्षीण और कुछ

अक्षीण रहने पर जिस प्रकार उसके उपयोग से कुछ ही अंश में कलुषित परिणाम होता है उसी प्रकार सम्यङ्मिथ्यात्व के उदय से जिस जीव का तत्त्वार्थ के श्रद्धान व अश्रद्धानरूप मिश्रित परिणाम होता है उसे सम्यङ्मिथ्यादृष्टि कहा जाता है।

सयोगकेवली—देखो सयोगिकेवली।

सयोगिकेवली—१. केवलणाण-दिवायरकिरण-कलावप्पणासिअण्णाणो। णवकेवललद्धुग्गमपाविय-परमप्पववएसो॥ असहायणाण-दंमणसहिओ वि हु केवली हु जोएण। जुत्तो त्ति सजोइजिणो अणा-इ-णिहणारिसे वुत्तो॥ (प्रा. पंचसं. १-२७ व २९; धव. पु. १, पृ. १९१-९२ उद्.; गो. जी. ६३, ६४)। २. मनोवाक्कायप्रवृत्तिर्योगः। योगेन सह वर्तन्त इति सयोगः। सयोगाश्च ते केवलिनश्च सयोगकेवलिनः। (धव. पु. १, पृ. १९१)। ३. उत्पन्नकेवलज्ञानो घातिकर्मोदयक्षयात्। सयोगश्चायोगश्च स्यातां केवलिनावुभौ॥ (त. सा. २, २९)। ४. घातिकर्मक्षये लब्धा नव-केवललब्धयः। येनासौ विश्वतत्त्वज्ञः सयोगः केवली विभुः। (पंच-सं. अमित. १-४९)। ५. मोहक्षपणानन्तरमन्तर्मुहूर्तकालं स्वशुद्धात्मसंवित्तिलक्षणैकत्ववितर्कावीचार-द्वितीयशुक्लध्याने स्थित्वा तदन्त्यसमये ज्ञानावरण-दर्शनावरणान्तरायत्रयं युगपदेकसमयेन निर्मूल्य मेघपञ्जरविनिर्गतदिनकर इव सकलविमलकेवल-ज्ञानकिरणैर्लोकालोकप्रकाशकास्त्रयोदशगुणस्थानव-र्तिनो जिन-भास्कराः। (बृ. द्रव्यसं. टी. १३)। ६. सयोगिकेवली घातिक्षयादुत्पन्नकेवलः। (योग-शा. स्वो. विव. १-१६, पृ. ११२ उद्.)।

१ असहाय (इन्द्रिय व आलोक आदि की सहायता से रहित) ज्ञान और दर्शन—केवलज्ञान व केवल-दर्शन—से सहित होकर जिसने समस्त अज्ञान को नष्ट कर दिया है तथा जो नौ केवललब्धियों को प्राप्त करके परमात्मा बन चुका है उसे योग से सहित होने के कारण सयोगिकेवली कहा गया है। ६ घातिया कर्मों के क्षय से जिसके केवलज्ञान उत्पन्न हो चुका है उसे सयोगिकेवली कहते हैं।

सयोगिकेवलिकाल—अट्ठहि वस्सेहि अट्ठहि अंतो-मुहुत्तेहि य ऊणपुव्वकोडी सजोगिकेवलिकालो होदि। (धव. पु. ४, पृ. ३५७)।

सयोगिकेवली का काल (उत्कृष्ट) आठ वर्ष और आठ अन्तर्मुहूर्तों से कम एक पूर्वकोटि वर्ष प्रमाण है।

सयोगिजिनगुणस्थान—सम्प्राप्तकेवलज्ञान-दर्शनो जीवो यत्र भवति तत्सयोगिजिनसंज्ञं त्रयोदशं गुण-स्थानं भवति। (त. वृत्ति श्रुत. ९-१)।

केवलज्ञान और केवलदर्शन को प्राप्त करके जीव जिस गुणस्थान में रहता है उस तेरहवें गुणस्थान को सयोगिकेवलिजिनगुणस्थान कहते हैं।

सयोगिभवस्थकेवलज्ञान—केवलज्ञानोत्पत्तेरारभ्य यावदद्यापि शैलेश्यवस्थां न प्रतिपद्यते तावत् सयोगि-भवस्थकेवलज्ञानम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७८, पृ. ८३)।

केवलज्ञान की उत्पत्ति से लेकर जीव जब तक शैलेशी अवस्था को प्राप्त नहीं होता तब तक उसके केवल-ज्ञान को सयोगिभवस्थकेवलज्ञान कहा जाता है।

सरप्रमाण—तत्थ णं जे से बायरबोंदि कलेवरे तओ णं वाससए २ गए एगमेगं गंगावालुयं अवहाय जावतिएणं कालेणं से कोट्ठे खीणे णीरए णिल्लेवे णिट्ठिए भवति, से त्तं सरे सरप्पमाणे। (भगवती १५, खं. ३, पृ. ३८१)।

बादर बोंदि कलेवर रूप उद्धार से सौ सौ वर्ष में एक एक गंगावालुका कण का अपहार करने पर जितने काल में वह खाली होकर नीरज, निर्लेप व निष्ठित हो जाय उतने काल को सरप्रमाणकाल कहते हैं।

सरस्वती—मातेव या शास्ति हितानि पुंसो, रजः क्षिपन्ती ददती सुखानि। समस्तशास्त्रार्थविचार-दक्षा, सरस्वती सा तनुतां मतिं मे॥ (अमित. श्रा. १-७)।

जो माता के समान पुरुषों को हित की शिक्षा देती है, कर्ममल को दूर फेंकती है, तथा सुख को देती है; समस्त शास्त्र के अर्थ के विचार में कुशल ऐसी उस जिनवाणी को सरस्वती कहा जाता है।

सरःशोष—१. सरःशोषः सरःसिन्धु-ह्रदादेरम्बु-संप्लवः॥ (योगशा. ३-११४; त्रि. श. पु. च. १, ३, ३४८)। २. सरःशोषो धान्यवपनाद्यर्थं जला-शयेभ्यो जलस्य सारण्या कर्षणम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५-२२)।

१ तालाब, नदी और ह्रद आदि से जल के निकालने को सरःशोष कहते हैं। २ धान्य के बोने आदि

के लिए जलाशयों से जो सारणी के द्वारा जल को खींचा जाता है उसका नाम सरःशोष है।

सराग –१. संसारकारणनिवृत्तिं प्रत्यागूर्णोऽक्षीणाशयः सराग इत्युच्यते। (स. सि. ६-१२)। २. संपरायनिवारणप्रवणोऽक्षीणाशयः सरागः। पूर्वोपात्तकर्मोदयवशादक्षीणाशयः सन् संपरायनिवारणं प्रत्यागूर्णमनाः सराग इत्युच्यते। (त. वा. ६, १२, ५)। ३. सांपरायनिवारण-प्रवणो अक्षीणाशयः सरागः। (त. श्लो. ६-१२)। ४. रञ्जनाद् रागः संज्वलनलोभादिकषायाः, तत्सहवर्ती सरागः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-१३)।

१ जो संसार के कारणों के छोड़ने में उद्यत है, पर जिसका रागादिरूप अभिप्राय नष्ट नहीं हुआ है उसे सराग कहा जाता है।

सरागचर्या –देखो सरागचारित्र।

सरागचारित्र –१. मूलुत्तरसमणगुणा धारण कहणं च पंच आयारो। सोही तहव सुणिट्ठा सरायचरिया हवइ एवं॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. ३३४)। २. आदिमकसायबारसखवोवसम संजलण-णोकसायाणं। उदयेण [य] जं चरण सरागचारित्त तं जाण॥ मज्झिमकसायअट्ठउवसमे हु संजलण-णोकसायाणं। खइउवसमदो होदि हु तं चेव सरागचारित्तं॥ (भावत्रि. ११-१२)।

१ मुनियों के मूलगुणों व उत्तरगुणों का धारण, व्याख्यान, पांच प्रकार के आचार का परिपालन, भावशुद्धि व कायशुद्धि आदि आठ शुद्धियों का निर्वाह और अतिशय निष्ठा; यह सब सरागचर्या (सरागचारित्र) स्वरूप है। २ आदि की बारह कषायों के क्षयोपशम तथा संज्वलन और नोकषायों के उदय से जो चारित्र होता है उसे सरागचारित्र जानना चाहिए। अथवा मध्य की आठ कषायों के उपशम तथा संज्वलन और नोकषायों के क्षयोपश से जो चारित्र होता है उसे सरागचारित्र जानना चाहिए।

सरागसम्यक्त्व—१. प्रशम-संवेगानुकम्पास्तिक्याभिव्यक्तलक्षणं प्रथमम्। (स. सि. १-२; त. वा. १, २, ३०)। २. सरागे वीतरागे च तस्य संभवतोऽञ्जसा। प्रशमादेरभिव्यक्तिः शुद्धिमात्राच्च चेतसः॥ ××× प्रशम-संवेगानुकम्पास्तिक्येभ्यः सरागेषु सद्दर्शनस्य (अभिव्यक्तिः)। (त. श्लो. १, २, १२)। ३. प्रशस्तरागसहितानां श्रद्धानं सरागसम्यग्दर्शनम्। (भ. आ. विजयो. ५१)। ४. प्रशम-संवेगानुकम्पास्तिक्याभिव्यक्तिलक्षणं सरागसम्यक्त्वं भण्यते। (परमा. वृ. २-१७); व्यवहारेण तु वीतराग-सर्वज्ञप्रणीतसद्द्रव्यादि श्रद्धानरूपं सरागसम्यक्त्वं चेति भावार्थः। (परमा. वृ. २-१४३)।

१ जो तत्त्वार्थश्रद्धान प्रशम, संवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य गुणों से प्रगट होता है अथवा इन चिह्नों से जाना जाता है उसे सरागसम्यक्त्व कहते हैं।

सरागसंयम—देखो सरागचर्या सरागचारित्र।

१. प्राणीन्द्रियेष्वशुभप्रवृत्तेर्विरतिः संयमः, सरागस्य संयमः सरागो वा संयमः सरागसंयमः। (स. सि. ६-१२)। २. प्राणीन्द्रियेष्वशुभप्रवृत्तेर्विरतिः संयमः। प्राणिष्वेकेन्द्रियादिषु चक्षुरादिष्विन्द्रियेषु च अशुभप्रवृत्तेर्विरतिः संयम इति निश्चीयते। सरागस्य संयमः सरागो वा संयमः सरागसंयमः। (त. वा. ६, १२, ६)। ३. सरागसंयमः मूल-गुणोत्तरगुणसम्पद्लोभाद्युदयवान् प्राणवधाद्युपरमः। (त. भा. हरि. वृ. ६-१३)। ४. संयमनं संयमः प्राणिवधाद्युपरतिः, सरागस्य संयमः सरागसंयमः, मूलगुणोत्तरगुणसम्पल्लोभाद्युभयभाज इति यावत्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-१३)। ५. संसारकारणनिषेधं प्रत्युद्यतः अक्षीणाशयश्च सराग इत्युच्यते, प्राणीन्द्रियेषु अशुभप्रवृत्तेर्विरमणं संयमः, पूर्वोक्तस्य सरागस्य संयमः सरागसंयमः, महाव्रतमित्यर्थः। अथवा सरागः संयमो यस्य स सरागसंयमः। (त. वृत्ति श्रुत. ६-२०)।

१ प्राणियों व इन्द्रियों के विषय में जो अशुभ प्रवृत्ति होती है उससे विरत होने का नाम संयम है, सराग के संयम को, अथवा सराग—राग सहित—संयम को सरागसंयम कहा जाता है। ३ मूल और उत्तर गुणरूप सम्पत्ति के साथ लोभ आदि के उदय युक्त जो प्राणवध आदि से निवृत्ति होती है उसे सरागसंयम कहते हैं।

सर्पमुद्रा—दक्षिणहस्तं संहताङ्गुलिमुन्नमय्य सर्पफणावत् किञ्चिदाकुञ्चयेदिति सर्पमुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३२)।

परस्पर मिली हुई अंगुलियों से युक्त दाहिने हाथ को ऊपर उठाकर सांप के फण के आकार में संकुचित करने पर सर्पमुद्रा होती है।

सर्पिरास्रवी—१. रिसिपाणितलणिखित्तं रुक्खा-

हारादियं पि खणमेत्ते। पावेदि सप्पिरूवं जीए सा सप्पियासवी रिद्धी॥ अहवा दुःखप्पमुहं सवणेण मुणिददिव्ववयणस्स। उवसामदि जीवाणं एसा सप्पियासवी रिद्धी॥ (ति. प. ४, १०८६–८७)। २. येषां पाणिपात्रगतमन्नं रूक्षमपि सर्पीरस-वीर्य-विपाकानाप्नोति, सर्पिरिव वा येषां भाषितानि प्राणिनां सन्तर्पकाणि भवन्ति ते सर्पिरास्रविणः। (त. वा. ३, ३६, ३)। ३. सर्पिर्घृतम्, जेसिं तवो-महप्पेण अंजलिउडणिवदिदासेसाहारा घदासादसरूवेण परिणमंति ते सप्पिसवीणो जिणा। (धव. पु. ६, पृ. १००)। ४. वीर्यान्तरायक्षयोपशमप्रकर्षादावि-र्भूताऽसाधारणकायबलत्वान्मासिक-सांवत्सरिकादिप्र-तिमायोग (?) रूक्षमपि [अन्न] सर्पिरस-वीर्यवि-पाकमवाप्नोति, सर्पिरिवं वा येषां भाषितानि प्राणि-नां संतर्पकाणि भवन्ति ते सर्पिरास्रविणः। (चा. सा. पृ. १०१)। ५. येषां पात्रपतितं कदन्नमपि सर्पिरस-वीर्यविपाकं जायते वचनं वा शरीर-मानस-दुःखप्राप्तानां देहिनां सर्पिर्वत्सन्तर्पकं भवति ते सर्पिरास्रविणः। (योगशा. स्वो. विव. १–१६, पृ. ३६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु के हाथ में रखा गया रूखा आहार क्षणभर में घृतरूपता को प्राप्त कर लेता है उसे सर्पिरास्रवी ऋद्धि कहते हैं। अथवा जिस ऋद्धि के प्रभाव से मुनि के दिव्य वचन के सुनने से जीवों के दुख आदि शान्त हो जाते हैं उसे सर्पिरास्रवी ऋद्धि जानना चाहिए।

सर्पिस्स्रावी—देखो सर्पिरास्रवी।

सर्व—सरत्यशेषानवयवानिति सर्वः। सरति गच्छति, अशेषानवयवानिति सर्व इत्युच्यते। (त. वा. ७, २, २)।

जो समस्त अवयवों को प्राप्त होता है उसका नाम सर्व है, यह सर्व शब्द का निरुक्तार्थ है। यह सर्व-विरति की एक विशेषता को प्रगट करता है।

सर्वकरणोपशामना—देखो करणोपशामना व प्रशस्तकरणोपशामना।

सर्वकांक्षा—१. अण्णो पुण सव्वपावादियमयाइं कंखइ सा सव्वकंखा भण्णइ। (दशवै. चू. पृ. ६५)। २. सर्वकांक्षा तु सर्वदर्शनान्येव कांक्षति अहिंसा-प्रतिपादनपराणि सर्वाण्येव कपिल-कणभक्षाक्षपाद-मतानीह लोके च नात्यन्तक्लेशप्रतिपादनपराणि, अतः शोभनान्येवेति। (श्रा. प्र. टी. ८७)। ३. सर्वविषया (कांक्षा) सर्वपाखण्डिधर्माकांक्षा-रूपा। (योगशा. स्वो. विव. २–१७)।

२ कपिल व कणाद आदि के द्वारा प्ररूपित सब ही सम्प्रदाय अहिंसा का प्रतिपादन करते हैं, तथा वे इस लोक में अधिक क्लेश का भी प्रतिपादन नहीं करते, अतः वे सब ही उत्तम हैं; इस प्रकार सब सम्प्रदायों की आकांक्षा को सर्वकांक्षा कहा जाता है।

सर्वज्ञ—१. जो जाणदि पच्चक्खं तियालगुण-पज्जएहिं संजुत्तं। लोयालोयं सयलं सो सव्वण्हू हवे देओ॥ (कार्तिके. ३०२)। २. जो खुह-तिस-भयहीणो दोसो तह राग-मोहपरिचत्तो। चिंता-जराहिं रहिदो सो सव्वण्हू समुद्दिट्ठो॥ (जं. दी. प. १३–८५)। ३. तदयं चेतनो ज्ञाता सवेदनात्मा प्रतिक्षणम्। तत्प्रतिबन्धविश्लेषे सर्वज्ञः सर्वार्थदृक्॥ सर्वज्ञः करणपर्यायव्यवधानातिवर्तिधीः। परिक्षीण-दोषावरणः × × ×॥ (सिद्धिवि. ८, ३७–३८, पृ. ५८०); सर्वज्ञः सकलार्थ [विद्] अशेषदोषा-वृत्तिच्छेदतः। (सिद्धिवि. ८–४३, पृ. ५८७)। ४. सर्वज्ञो यथावन्निखिलार्थसाक्षात्कारी। (रत्नक. टी. १–७)। ५. सर्वं लोकालोकवस्तुजातं जाना-तीति सर्वज्ञः। (लघीय. ५०, पृ. ७३)।

१ जो त्रिकालवर्ती गुण-पर्यायों से सहित समस्त लोक व अलोक को प्रत्यक्ष जानता है उसे सर्वज्ञ कहा जाता है।

सर्वज्ञानावरण—सर्वं ज्ञानं केवलाख्यमावृणोतीति सर्वज्ञानावरणीयम्, केवलावरणं हि आदित्यकल्पस्य केवलज्ञानरूपस्य जीवस्याच्छादकतया सान्द्रमेघ-वृन्दकल्पमिति तत्सर्वज्ञानावरणम्। (स्थाना. अभय. वृ. १०५)।

जो केवलज्ञान स्वरूप समस्त ज्ञान को आच्छादित करता है उसे सर्वज्ञानावरणीय कर्म कहा जाता है।

सर्वतः आहारपोषधव्रत—सर्वतस्तु चतुर्विधस्या-प्याहारस्याहोरात्रं यावत्प्रत्याख्यानम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–८५)।

चारों ही प्रकार के आहार का दिन-रात के लिए परित्याग करना, इसे सर्वतः आहारपोषधव्रत कहते हैं।

सर्वतः कुव्यापारनिषेधपोषध—सर्वतस्तु सर्वे-षामपि कृषि-सेवा-वाणिज्य-पाशुपाल्य-गृहकर्मादीना-

मकरणम् । (योगशा. स्वो. विव. ३–८५) ।
खेती, व्यापार, पशुपालन और गृहकर्म आदि सभी व्यापारों का न करना; इसे सर्वतः कुव्यापारनिषेधपोषधव्रत कहते हैं ।

सर्वतः ब्रह्मचर्यपोषध—सर्वतस्तु अहोरात्रं यावत् ब्रह्मचर्यपालनम् । (योगशा. स्वो. विव. ३–८५) ।
दिन-रात पर्यन्त ब्रह्मचर्य के परिपालन को सर्वतः ब्रह्मचर्यपोषध कहा जाता है ।

सर्वतः स्नानादित्याग—सर्वतस्तु सर्वस्यापि स्नानादेः शरीरसत्कारस्याकरणम् । (योगशा. स्वो. विव. ३–८५) ।
शरीरसंस्कार स्वरूप स्नानादि सभी क्रियाओं का परित्याग करना, इसे सर्वतः स्नानादित्यागपोषध कहते हैं ।

सर्वधत्तासर्व—सा हवइ सव्वधत्ता दुपडोआरा जिया य अजिया य । दव्वे सव्वघडाई सव्वघत्ता पुणो कसिणं ॥ (आव. भा. १८७; हरि. वृ. पृ. ४७७) ।
जो जीव-अजीव स्वरूप सब वस्तुओं के समूह को व्याप्त करके व्यवस्थित है उसे सर्वधत्ता सर्व कहा जाता है । यह नाम-स्थापनादि रूप सात सर्वभेदों में छठा है ।

सर्वपरिक्षेपी नैगम—सर्वपरिक्षेपी—सर्वं सामान्यम् एकं नित्यं निरवयवादिरूपम्, तत् परिक्षेप्तुं शीलमस्य स सर्वपरिक्षेपी, सामान्यगृहीति यावत् । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–३५) ।
जो सबको—सामान्य, एक, नित्य और निरवयवादि को—स्वभावतः ग्रहण किया करता है उसे सर्वपरिक्षेपी नैगम कहते हैं ।

सर्वरत्ननिधि—एकेन्द्रियाणि सप्तापि सप्त पंचेन्द्रियाणि च । चक्रिरत्नानि जायन्ते सर्वरत्नाभिधे निधौ । (त्रि. श. पु. च. १, ४, ५७७) ।
जिस निधि में सात एकेन्द्रिय और सात पंचेन्द्रिय ये चक्रवर्ती के चौदह रत्न उत्पन्न होते हैं उसे सर्वरत्ननिधि कहा जाता है ।

सर्वविपरिणामना—जा पयडी सव्वणिज्जराए णिज्जरिज्जदि सा सव्वविपरिणामणा णाम । (धव. पु. १५, पृ. २८३) ।
जो प्रकृति सर्वनिर्जरा से निर्जीर्ण होती है उसका नाम सर्वविपरिणामना प्रकृति है ।

सर्वविरति—स्थूलानामितरेषां च हिंसादीनां विवर्जनम् । सिद्धिसौधैकसरणिः सा सर्वविरतिस्तथा ॥ (त्रि. श. पु. च. १, १, १९५) ।
स्थूल और सूक्ष्म दोनों प्रकार के हिंसादिक पापों का जो परित्याग किया जाता है, इसे सर्वविरति कहते हैं ।

सर्वविषयमिथ्यादृष्टिप्रशंसन—सर्वविषयं सर्वाण्यपि कपिलादिदर्शनानि युक्तियुक्तानीति माध्यस्थ्यसारा स्तुतिः सम्यक्त्वस्य दूषणम् । (योगशा. स्वो. विव. २–१७, पृ. १८९) ।
महर्षि कपिल आदि के द्वारा प्ररूपित सब ही सम्प्रदाय युक्तियुक्त हैं, इत्यादि रूप में जो मध्यस्थ वृत्ति से स्तुति की जाती है उसे सर्वविषयमिथ्यादृष्टिप्रशंसन कहते हैं ।

सर्वविषया कांक्षा—देखो सर्वकांक्षा ।

सर्वविषया शङ्का—देखो सर्वशङ्का ।

सर्वशङ्का—१. सव्वमेयं पागयभासाए वद्धं अण्णेण व कुसलकप्पियं होज्जत्ति एसा सव्वसंका । (दशवै. चू. पृ. ९५) । २. सर्वशंका पुनः सकलास्तिकायव्रात एव किमेवं स्यान्नैवमिति । (श्रा. प्र. टी. ८७) । ३. सर्वविषया अस्ति वा नास्ति वा धर्म्म इत्यादि । (योगशा. स्वो. विव. २–१७) ।
१ यह सब प्राकृत भाषा में निबद्ध अथवा अन्य के द्वारा कुशलता से कल्पित हो सकता है, इस प्रकार की शंका को सर्वशंका कहा जाता है । २ समस्त अस्तिकायों के विषय में शंका रखना कि ऐसा होगा या नहीं होगा, इसे सर्वशंका कहते हैं ।

सर्वसंक्रमण—चरमकाण्डकचरमफालेः सर्वप्रदेशाग्रस्य यत्संक्रमणं तत्सर्वसंक्रमणम् । (गो. क. जी. प्र. ४१३) ।
अन्तिम काण्डक की अन्तिम फाली के समस्त प्रदेशपिण्ड का जो संक्रमण होता है उसे सर्वसंक्रमण कहते हैं ।

सर्वसाधु—णिव्वाणसाधए जोगे सदा जुंजंति साधवो । समा सव्वेसु भूदेसु तह्मा ते सव्वसाधवो ॥ (मूला. ७–११) ।
जो मुक्तिसाधक योग—मूलगुणादि रूप अनुष्ठान में—निरन्तर अपने जो योजित करते हैं तथा समस्त प्राणियों में समान—राग-द्वेष से विहीन—रहते हैं, वे सर्वसाधु कहलाते हैं ।

सर्वस्पर्श—१. जं दव्वं सव्वं सव्वेण फुसदि, जहा परमाणुदव्वमिदि, सो सव्वो सव्वफासो णाम। (षट्खं. ५, ३, २२; धव. पु. १३, पृ. २१)। २. सव्वावयवेहि फासो सव्वफासो णाम। (धव. पु. १३, पृ. ७); जहा परमाणुदव्वमण्णेण परमाणुणा पुसिज्जमाणं सव्वं सव्वप्पणा पुसिज्जदि तहा अण्णो वि जो एवंविहो फासो सो सव्वफासो त्ति दट्ठव्वो। (धव. पु. १३, पृ. २१)।

१ जो द्रव्य परमाणु के समान सबको सर्वात्मकरूप से स्पर्श करता है उस सबको सर्वस्पर्श कहा जाता है।

सर्वानशनतप—१. परित्यागोत्तरकालो जीवितस्य यः सर्वकालः, तस्मिन्ननशनं अशनत्यागः सर्वानशनम्। (भ. आ. विजयो. २०६)। २. सव्वाणसणं सर्वस्मिन् संन्यासोत्तरकालेऽनशनमशनत्यागः। (भ. आ. मूला. २०६)।

१ आहारपरित्याग के बाद का जो जीवित का सब काल है उसमें भोजन के परित्याग को सर्वानशन कहा जाता है।

सर्वानन्त—जं तं सव्वाणंतं तं घणागारेण आगासं पेक्खमाणे अंताभावादो सव्वाणंतं। (धव. पु. ३, पृ. १६)।

आकाश को घनाकार से—सब ओर से—देखने पर उसका अन्त नहीं देखा जाता, इसीलिए अन्त का अभाव होने से उसे सर्वानन्त कहा जाता है।

सर्वानुकम्पा—१. सद्दृष्टयो वापि कुदृष्टयो वा स्वभावतो मार्दवसंप्रयुक्ताः। यां कुर्वते सर्वशरीर[रि] वर्गे सर्वानुकम्पेत्यभिधीयते सा॥ (भ. आ. विजयो. १८३४)। २. सद्दृष्टिभिः कुदृष्टिभिर्वा क्रियमाणा क्लिश्यमानसर्वप्राणिषु अनुकम्पा सर्वानुकम्पेत्युच्यते, यया प्रयुक्तोऽन्यदुःखं स्वात्मस्थमिव मन्यमानस्तत्स्वास्थ्याय प्रत्युपकारनिरपेक्षं प्रयतते सदुपदेशं च ददाति। (भ. आ. मूला. १८३४)।

१ चाहे सम्यग्दृष्टि हों और चाहे मिथ्यादृष्टि हों वे मार्दवगुण से प्रेरित होकर स्वभावतः सब प्राणियों के समूह में जिस दया को किया करते हैं उसे सर्वानुकम्पा कहा जाता है।

सर्वान्त—सर्वान्ताः पुनरशेषधर्मा विशेष-सामान्यात्मकद्रव्य-पर्यायव्यक्तिविधि-व्यवच्छेदाः। (युक्त्यनु. टी. ६२)।

विशेष-सामान्यस्वरूप व द्रव्य-पर्यायरूप व्यक्ति के विधि-निषेधरूप सब धर्मों को सर्वान्त कहा गया है।

सर्वार्थसिद्ध—१. सर्वेष्वभ्युदयार्थेषु सिद्धाः सर्वार्थसिद्धाः, सर्वार्थैश्च सिद्धाः, सर्वे चैव चैषामभ्युदयार्थाः सिद्धा इति सर्वार्थसिद्धाः। (त. भा. ४–२०)। २. आभ्युदयिकसुखप्रकर्षवर्तित्वात् सर्वप्रयोजनेष्वव्याहतशक्तयः सर्वार्थसिद्धाः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–२१)।

१ जो सभी अभ्युदय सम्बन्धी प्रयोजनों में सिद्ध हैं वे सर्वार्थसिद्ध कहलाते हैं। अथवा जो सभी इन्द्रियविषयों से प्रसिद्ध हैं, अथवा जिनके लौकिक सुख के सब प्रयोजन सिद्ध हो चुके हैं उन्हें सर्वार्थसिद्ध कहा जाता है।

सर्वावधि—सर्वं विश्वं कृत्स्नमवधिर्मर्यादा यस्य स बोधस्सर्वावधिः। × × × अथवा सरति गच्छति आकुञ्चन-विसर्पणादीनि इति पुद्गलद्रव्यं सर्वम्, तमोही जिस्से सा सव्वोही। (धव. पु. ९, पृ. ४७, ४८)।

जिसके विषय की अवधि समस्त विश्व है, अथवा जिसकी अवधि पुद्गल (रूपी द्रव्य) है उसे सर्वावधि कहते हैं।

सर्वावधिजिन—सर्वावधयश्च ते जिनाश्च सर्वावधिजिनाः। (धव. पु. ९, पृ. ५१)।

सर्वावधि स्वरूप जिनों को सर्वावधिजिन कहते हैं।

सर्वावधिमरण—सर्वावधिमरणं नाम यदायुर्यथाभूतमुदेति सांप्रतं प्रकृति-स्थित्यनुभव-प्रदेशैस्तथानुभूतमेवायुः प्रकृत्यादिविशिष्टं पुनर्बध्नाति उदेष्यति च यदि तत्सर्वावधिमरणम्। (भ. आ. विजयो. २५; भावप्रा. टी. ३२)।

जो आयु वर्तमान में प्रकृति, स्थिति, अनुभव और प्रदेश की अपेक्षा जिस रूप में उदय को प्राप्त है उसी रूप में यदि उसे प्रकृति-स्थिति आदि से विशिष्ट बांधता है व भविष्य में उदय को भी प्राप्त होती है तो इसे सर्वावधिमरण कहा जाता है।

सर्वासंख्यात—जं तं सव्वासंखेज्जयं तं घणलोगो। कुदो? घणागारेण लोगं पेक्खमाणे पदेसगणणं पडुच्च संखाभावादो। (धव. पु. ३, ...)

घनलोक को सर्वासंख्यात माना जाता है, कारण यह कि उस घनलोक को घनाकार से देखने पर प्रदेश-गणना की अपेक्षा संख्या संभव नहीं है।

सर्वोदयतीर्थ—सर्वान्तवत्तद्गुण-मुख्यकल्पं सर्वान्त-शून्यं च मिथोऽनपेक्षम्। सर्वापदामन्तकरं निरन्तं सर्वोदयं तीर्थमिदं तवैव। (युक्त्यनु. ६२)।

जो तीर्थ—परमागम—सबके अभ्युदय का कारण हो उसे सर्वोदय तीर्थ कहा जाता है। ऐसा वह वीतराग सर्वज्ञ प्ररूपित तीर्थ गौण और मुख्य अथवा विवक्षित-अविवक्षित की अपेक्षा सब अन्तों—विधि-निषेध रूप धर्मों—से सहित होता है, वही उन धर्मों के परस्पर निरपेक्ष होने पर सब धर्मों से शून्य रहता है, वह एकान्तवाद स्वरूप दुर्नयों या मिथ्यादर्शनादि का विघातक होने से समस्त आपत्तियों को दूर करने वाला तथा प्रतिवादियों के द्वारा अखण्डनीय होने से निरन्त भी होता है।

सर्वौषध—देखो सर्वौषधि।

सर्वौषधि—१. जीए पस्स जलाणिल-रोम-णहादीणि वाहिहरणाणि। दुक्करतवजुत्ताणं रिद्धी सव्वोसही-णामा॥ (ति. प. ४-१०७३)। २. अङ्ग-प्रत्यङ्ग-नख-दन्त-केशादिरवयवः, तत्संस्पर्शी वाय्वादिस्सर्व औषधिप्राप्तो येषां ते सर्वौषधिप्राप्ताः। (त. वा. ३, ३६, ३; चा. सा. पृ. ६६)। ३. रस-रुहिर-मांस-मेदट्ठि-मज्ज-सुक्क-पुप्फस-खरीस-कालेज्ज-मुत्त-पित्तंतुच्चारादओ सव्वे ओसहित्तं पत्ता जेसिं ते सव्वोसहिपत्ता। (धव. पु. ६, पृ. ६७)। ४. सर्व-विट्मूत्रादिकमौषधं यस्य स सर्वौषधः। किमुक्तं भवति? यस्य मूत्रं विट् श्लेष्मा शरीरमलो वा रोगोपशमसमर्थो भवति स च सर्वौषधः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २७३)। ५. सर्वे एव विण्मूत्र-केश-नखादयोऽवयवाः सुरभयो व्याध्यपनयनसमर्थत्वादौ-षधयो यस्यासौ सर्वौषधिः, अथवा सर्वा आमर्षौ-षध्यादिका औषधयो यस्य एकस्यापि साधोः स तथा। (आव. नि. मलय. वृ. ६६, पृ. ७८)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से दुष्कर तपयुक्त मुनियों का स्पर्श जल, वायु, रोम और नख आदि रोग के विनाशक होते हैं उसका नाम सर्वौषधि ऋद्धि है। २ जिनके अंग-प्रत्यंग, नख-दांत और बाल आदि अवयवों को स्पर्श करने वाली वायु आदि सब औषधि को प्राप्त हो जाते हैं वे सर्वौषधि ऋद्धि के धारक होते हैं।

सर्वौषधिप्राप्त—देखो सर्वौषधि।

सललितगेय—यत् स्वरघोलनाप्रकारेण ललतीव तत् सह ललितेन ललनेन वर्तत इति सललितम्, यदि वा यत् श्रोत्रेन्द्रियस्य शब्दस्पर्शनमतीव सूक्ष्ममुत्पादयति सुकुमारमिव च प्रतिभासते तत् सललितम्। रायप. मलय. वृ. ३२ पृ. १६२-६३)।

जो गेय स्वरघोलना के प्रकार से विलसितसा प्रतीत होता है वह ललित सहित होने से सललित गेय कहलाता है, अथवा जो श्रोत्र इन्द्रिय के शब्द-स्पर्श को अतिशय सूक्ष्म उत्पन्न कराता है उसे सललित गेय जानना चाहिए।

सल्लेखना—देखो संलेखना। १. उपसर्गे दुर्भिक्षे जरसि रुजायां च निःप्रतीकारे। धर्माय तनुविमोचन-माहुः सल्लेखनामार्याः॥ (रत्नक. ५-१)। २. सम्यक्काय-कषायलेखना सल्लेखना। कायस्य बाह्यस्याभ्यन्तराणां च कषायाणां तत्कारणहापन-क्रमेण सम्यग्लेखना सल्लेखना। (स. सि. ७-२२)। ३. बाह्याभ्यन्तरनैःसंग्याद् गृहीत्वा तु महाव्रतम्। मरणान्ते तनुत्यागः सल्लेखः स प्रकीर्त्यते॥ (वरांग-च. १५-१२५)। ४. सम्यक् काय-कषायलेखना सल्लेखना। × × × कायस्य बाह्यस्य अभ्यन्तराणां च कषायाणां तत्कारणहापनया क्रमेण सम्यक् लेखना सल्लेखना। (त. वा. ७, २२, ३)। ५. सम्यक्काय-कषायाणां बहिरन्तर्हि लेखना। सल्लेखनापि कर्तव्या कारणे मारणान्तिकी॥ रागादीनामनुत्पन्नावगमो-दितवर्त्मना। अशक्यपरिहारे हि सान्ते सल्लेखना मता॥ (ह. पु. ५८, १६०-६१)। ६. सम्यक्काय-कषायलेखना, बाह्यस्य कायस्याभ्यन्तराणां च कषायाणां यथाविधि मरणविभक्त्याराधनोदितक्रमेण तनूकरणमिति यावत्। (त. श्लो. ७-२२)। ७. बाह्यस्य कायस्याभ्यन्तराणां कषायाणां तत्कारण-हापनया क्रमेण सम्यग्लेखना सल्लेखना। उपसर्गे दुर्भिक्षे जरसि निःप्रतिक्रियायां धर्मार्थं तनुत्यजनं सल्लेखना। (चा. सा. पृ. २३)। ८. चइऊण सव्वसंगे गहिऊणं तह महव्वए पंच। चरिमंते सण्णासं जं धिप्पइ सा चउत्थिया सिक्खा॥ (धम्मर. १५६)। ९. सल्लेखना कायस्य कषाया-णां च सम्यक्कृशीकरणम्। (अन. ध. स्वो. टी

७–६८)। १०. सल्लेखना सम्यक् लाभाद्यनपेक्षत्वेन, लेखना बाह्येनाभ्यन्तरेण च तपसा कायकषायाणां कृशीकरणम्। (सा. ध. स्वो. टी. १-१२); सल्लेखनां बाह्याभ्यन्तरतपोभिः सम्यक्काय-कषाय-कृशीकरणमाचारम् × × × । (सा. ध. स्वो. टी. ७–५७)। ११. सल्लेहणा सम्यक् कृशीकरणं अर्थात् काय-कषायाणाम्। (भ. आ. मूला. ६८)। १२. दुर्भिक्षे चोपसर्गे वा रोगे निःप्रतिकारके। तनोर्विमोचनं धर्मायाऽऽहुः सल्लेखनामिमाम् ॥ (धर्मसं. श्रा. १०–२१)। १३. सत् सम्यक् लेखना कायस्य कषायाणां च कृशीकरणं तनूकरणं सल्लेखना। (त. वृत्ति श्रुत. ७–२२)। १४. सोऽस्ति सल्लेखनाकालो जीर्णे वयसि चाथवा। दैवाद् घोरोपसर्गेऽपि रोगेऽसाध्यतरेऽपि च ॥ क्रमेणाराधनाशास्त्रप्रोक्तेन विधिना व्रती। वपुश्च कषायाणां जयं कृत्वा तनुं त्यजेत् ॥ (लाटीसं. ६, २३४–३५)।

१ जिसका कुछ प्रतीकार नहीं किया जा सकता है ऐसे उपसर्ग, दुष्काल, बुढ़ापा अथवा रोग के उपस्थित होने पर धर्म के लिए शरीर को छोड़ना, इसे सल्लेखना कहते हैं। २ बाह्य में शरीर को और अभ्यन्तर में कषायों को जो उनके कारणों को कम करते हुए सम्यक् प्रकार से कृश किया जाता है, इसका नाम सल्लेखना है।

सविकल्प—'तद्भावः परिणामः' स्यात् सविकल्पस्य लक्षणम् ॥ (न्यायवि. १२१)।

धर्माधर्मादि द्रव्य जिस स्वरूप से हैं उनके उस स्वरूप का नाम परिणाम है। यह परिणाम सविकल्प का लक्षण है।

सविकल्पचारित्र—तत्रैवात्मनि रागादिविकल्पनिवृत्तिरूपं सविकल्पचारित्रम्। (प्रव. सा. जय. वृ. ३–३८)।

ज्ञानस्वरूप शुद्ध आत्मा में जो राग-द्वेषादिरूप विकल्पों की निवृत्ति होती है, इसे सविकल्प चारित्र कहते हैं।

सविकल्पज्ञान—विशदाखण्डैकज्ञानाकारे स्वशुद्धात्मनि परिच्छित्तिरूपं सविकल्पज्ञानम्। (प्रव. सा. जय. वृ. ३–३८)।

निर्मल अखण्ड एक ज्ञानमय शुद्ध आत्मा के विषय में जो परिच्छित्ति होती है उसे सविकल्प ज्ञान कहते हैं।

सविचार—विचारो नाम अत्थ-वंजण-जोगाण संकमण, सह विचारेण सविचारं, अत्थ-वंजण-जोगाणं जत्थ संकमणं तं सविचारं भण्णइ। (दशवै. चू. पृ. ३५)।

अर्थ, व्यञ्जन (शब्द) और योग का जो संक्रमण (परिवर्तन) होता है उसका नाम विचार है, इस विचार से सहित जो शुक्लध्यान होता है उसे सविचार कहते हैं। अर्थात् जिस शुक्लध्यान में अर्थ, व्यञ्जन और योग का परिवर्तन हुआ करता है उसे सविचार शुक्लध्यान जानना चाहिए।

सविज्ञानदाता—द्रव्यं क्षेत्रं सुधीः कालं भावं सम्यग् विचिन्त्य यः। साधुभ्यो ददते दानं सविज्ञानमिमं विदुः ॥ (अमित. श्रा. ६–७)।

जो बुद्धिमान् दाता द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव का भले प्रकार से विचार करके साधुओं के लिए दान देता है उसे सविज्ञान दाता कहते हैं। दाता के श्रद्धादि सात गुणों में यह चौथा है।

सवितर्क-अवीचार-एकत्वध्यान—एकत्वेन वितर्कस्य स्याद् यत्राविचरिष्णुता। सवितर्कमवीचारमेकत्वादिपदाभिधम् ॥ (म. पु. २१–१७१)।

जिस शुक्लध्यान में एकत्व के साथ वितर्क तो रहता है, पर वीचार नहीं रहता है; उस दूसरे शुक्लध्यान को नाम से सवितर्क-अवीचार-एकत्व कहा जाता है।

सवितर्कध्यान—१. जम्हा सुदं वितक्कं जम्हा पुव्वगदअत्थकुसलो य। ज्झायदि ज्झाणं एदं सवितक्कं तेण तं ज्झाणं ॥ (भ. आ. १८८१; धव. पु. १३, पृ. ७८ उद्.)। २. निजशुद्धात्मनिष्ठत्वाद् भावश्रुतावलम्बनात्। चिन्तनं क्रियते यत्र सवितर्कस्तदुच्यते ॥ (भावसं. वाम. ७१६)।

१ श्रुतज्ञान और उसके विषयभूत अर्थ को भी वितर्क कहा जाता है। चूंकि पूर्वगत श्रुत—चौदह पूर्वो के—अर्थ में जो कुशल है वही ध्याता इस शुक्लध्यान को ध्याता है, इसीलिए उस ध्यान को सवितर्क कहा जाता है।

सवितर्क-सवीचार-सपृथक्त्वध्यान—१. पृथक्त्वेन वितर्कस्य वीचारो यत्र विद्यते। सवितर्कं सवीचारं सपृथक्त्वं तदिष्यते ॥ (ज्ञाना. ४२–१३, पृ. ४३३)। २. पृथक्त्वेन वितर्कस्य वीचारो यत्र तद् विदुः। सवितर्कं सवीचारं पृथक्त्वादिपदाह्वयम् ॥ (म. पु. २१–१७०)। ३. सवितर्कं सवीचारं सपृथक्त्वमुदाहृ-

तम् । त्रियोगयोगिनः साधोः शुक्लमाद्यं सुनिर्मलम् ॥ (भावसं. वाम. ७०१) ।

१ प्रथम शुक्लध्यान में चूंकि पृथक्‍ता के साथ वितर्क और वीचार ये दोनों भी रहते हैं, इसीलिए उसे सवितर्क-सविचार-सपृथक्त्व कहा जाता है ।

सविपाकनिर्जरा—१. अनेहसा या दुरितस्य निर्जरा, साधारणा साऽपरकर्मकारिणी । (अमित. श्रा. ३–६५) । २. सयमेव कम्मगलणं इच्छारहियाण होइ सत्ताणं । सविपक्कणिज्जरा सा × × × ॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. १५७) । ३. चतुर्गतिभव-महासमुद्रे एकेन्द्रियादिजीवविशेषैः अवघूर्णिते नानाजातिभेदैः संभृते दीर्घकालं पर्यटतो जीवस्य शुभाशुभस्य क्रमपरिपाककालप्राप्तस्य कर्मोदयावलिप्रवाहानुप्रविष्टस्य आरब्धफलस्य कर्मणो या निवृत्तिः सा सविपाकनिर्जरा कथ्यते । (त. वृत्ति श्रुत. ८, २३) । ४. तत्र सविपाका स्वकालप्राप्ता स्वोदयकालेन निर्जरणं प्राप्ता, समयप्रबद्धेन बद्धं कर्म स्वाबाधाकालं स्थित्वा स्वोदयकालेन निषेकरूपेण गलति पक्वाम्रफलवत् । (कार्तिके. टी. १०४) । ५. यथाकालं समागत्य दत्त्वा कर्म रसं पचेत् । निर्जरा सर्वजीवानां स्यात् सविपाकसंज्ञकः[का] ॥ (जम्बू. च. १३–१३६) ।

१ समय के अनुसार जो कर्म की निर्जरा होती है वह सभी जीवों के साधारण है व उसे सविपाकनिर्जरा कहा जाता है । वह नवीन कर्मबन्ध की कारण है । २ इच्छा से रहित जीवों के जो स्वयं कर्मों का गलन होता है उसे सविपाक निर्जरा कहते हैं ।

सवीचार—देखो सविचार । १. अत्थाण वंजणाण य जोगाण य संकमो हु वीचारो । तस्स य भावेण तयं सुत्ते उत्तं सवीचारं ॥ (भ. आ. १८८२) । २. अर्थादर्थान्तरे शब्दाच्छब्दान्तरे च संक्रमः । योगाद् योगान्तरे यत्र सवीचारं तदुच्यते ॥ (भावसं. वाम. ७०४) ।

१ अर्थ (द्रव्य व पर्याय), व्यञ्जन (शब्द) और योग इनका जो संक्रम (परिवर्तन) होता है उसका नाम वीचार है । इस वीचार का सद्भाव होने से प्रथम शुक्लध्यान को सवीचार कहा गया है । २ जिस ध्यान में एक अर्थ से दूसरे अर्थ में, एक शब्द से दूसरे शब्द में तथा एक योग से दूसरे योग में संक्रमण हुआ करता है उसे सवीचार कहा जाता है ।

सवीचार-कायक्लेश—१. सवीचारं ससंक्रमं पूर्वावस्थिताद् देशाद् गत्वाऽपि स्थापितस्थानम् । (भ. आ. विजयो. २२३) । २. सविचारं ससंक्रमं पूर्वस्थानात् स्थानान्तरे गत्वा प्रहर-दिवसादिपरिच्छेदेनावस्थानम् । (भ. आ. मूला. २२३) ।

२ पूर्व स्थान से जाकर पहर अथवा दिन आदि की मर्यादा से अन्य स्थान में रहना, इसे सवीचार कायक्लेश कहते हैं ।

सव्याघातपादपोपगमन—१. सतोऽप्यायुषो यदोपक्रान्तिः क्रियते समुपजातव्याधिनोत्पन्नमहावेदनेन तत् सव्याघातम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–१६) । २. तत्र सतोऽप्यायुषः समुपजातव्याधिविधुरेणोत्पन्नमहावेदनेन वा देहिना यदुत्क्रान्तिः क्रियते तत् सव्याघातम् । (योगशा. स्वो. विव. ४–८६) ।

१ विद्यमान भी आयु का जब उपक्रमण किया जाता है तब उत्पन्न हुई व्याधि के साथ जो मरण होता है उसे सव्याघात पादपोपगमन मरण कहते हैं ।

सव्वकुले—सव्वकुले णामं जेण सव्वतो सव्वसंभवाभावा णो तच्चं सव्वतो सव्वहा सव्वकालं व णत्थित्ति सव्वच्छेदं वदति, से तं सव्वकुले । (ऋषिभा. २०, पृ. १५) ।

सबसे सबकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है, इसलिए सर्वतः, सर्वथा व सब काल तत्त्व नहीं है, इस प्रकार सब का उच्छेद करना, इसे सव्वकुल कहा जाता है ।

सशल्यमरण—माया-निदान-मिथ्यात्वलक्षणशल्यसमेतस्य मरणं सशल्यं मरणम् । (भ. आ. मूला. २५) ।

माया, निदान और मिथ्यात्व स्वरूप शल्य के साथ जो मरण होता है उसे सशल्य मरण कहते हैं ।

सहज मित्र—१. तत्सहजं मित्रं यत्पूर्वपुरुषपरम्परायातः सम्बन्धः । (नीतिवा. २३–३, पृ. २१६) । २. तथा च भागुरिः—सम्बन्धः पूर्वजानां हि यस्तेन योऽत्र समाययौ । मित्रत्वं कथितं तच्च सहजं नित्यमेव हि ॥ (नीतिवा. टी. २३–३) ।

१ जिसके साथ पूर्व पुरुषों का—पिता-पितामह आदि का—संबन्ध परम्परा से चला आया है वह सहज मित्र माना जाता है ।

सहज शत्रु—समाभिजनः सहजशत्रुः। (नीतिवा. २६-३३, पृ. ३२१)।

जो सम्पत्ति आदि का उत्तराधिकारी होता है उसे सहज शत्रु माना गया है, वह कभी भी भलाई का विचार नहीं करता।

सहन—सहनं चास्य क्रियादिवादिनां विचित्रमतश्रवणेऽपि निश्चलचित्ततया धारणम्। (समवा. अभय. वृ. २२)।

क्रिया-अक्रिया आदि वादियों के मत के सुनने पर भी निश्चल चित्त रहना—क्रोध आदि न करना, यह अज्ञानपरीषह का सहन है।

सहसानिक्षेपाधिकरण—१. उपकरणं पुस्तकादि, शरीरं शरीरमलानि वा सहसा शीघ्रं निक्षिप्यमाणानि भयात् कुतश्चित्कार्यान्तरकरणप्रयुक्तेन वा त्वरितेन षड्जीवनिकायबाधाधिकरणतां प्रतिपद्यन्ते। (भ. आ. विजयो. ८१४)। २. पुस्तकाद्युपकरणशरीरतन्मलानि भयादिना शीघ्रं निक्षिप्यमाणानि षड्जीवबाधाधिकरणत्वात् सहसानिक्षेपः। (अन. ध. स्वो. टी. ४-२८)।

१ पुस्तक आदि उपकरण, शरीर अथवा शरीरगत मल इनको सहसा—शीघ्रता से—रखने पर अथवा भय से या किसी अन्य कार्य में दत्तावधान होने से शीघ्रतावश रखे गये उपर्युक्त उपकरण आदि प्राणिसमूह को बाधा के आधार होते हैं। इसलिए इसे सहसानिक्षेपाधिकरण कहा जाता है।

सहसादोष—आलोकन-प्रमार्जनेऽकृत्वा पुस्तकादेरादानं निक्षेपं वा कुर्वत एकः सहसाख्यो दोषः। (भ. आ. मूला. ११६८)।

अवलोकन व प्रमार्जन न करके पुस्तक आदि का ग्रहण करना या रखना, यह एक आदान-निक्षेपणसमिति का सहसा नामक दोष है।

सहसाऽभ्याख्यान—१. सहसा अनालोच्य अभ्याख्यानं सहसाऽभ्याख्यानम्। (आव. हरि. वृ. अ. ६, पृ. ८२१)। २. सहसा अनालोच्याभ्याख्यानमसद्दोषाध्यारोपणं यथा चौरस्त्वं पारदारिको वेत्यादि। (योगशा. स्वो. विव. ३-६१)।

२ समुचित विचार न करके कथन करना तथा अविद्यमान दोषों का आरोप करना—जैसे तुम चोर हो, परस्त्रीगामी हो इत्यादि, इसे सहसाभ्याख्यान कहा जाता है। यह सत्याणुव्रत का एक अतिचार है।

सहानवस्थालक्षण विरोध—सहानवस्थालक्षणो हि विरोधः पदार्थस्य पूर्वमुपलम्भे पश्चात्पदार्थान्तरसद्भावादभावावगतो निश्चीयते शीतोष्णवत्। (प्र. क. मा. परि. ४, सू. ६, पृ. ४६८)।

पदार्थ का पूर्व में उपलम्भ होने पर पश्चात् अन्य पदार्थ के सद्भाव से उसके अभाव का ज्ञान होने पर दोनों में जो विरोध देखा जाता है उसे सहानवस्थारूप विरोध समझना चाहिए।

संकट—१. अइसण्हदेहपमाणेण संकुडदि त्ति संकुडो। (धव. पु. १, पृ. १२०); संहरधर्मत्वात्संकटः। (धव. पु. ६, पृ. २२१)। २. व्यवहारेण सूक्ष्मनिगोदलब्ध्यपर्याप्तकसर्वजघन्यशरीरप्रमाणेन संकुटति संकुचितप्रदेशो भवतीति संकुटः। (गो. जी. जी. प्र. टी. ३३६)। ३. जहण्णेण संकुइदपदेसो संकुडो। (अंगप. २, ८६-८७, पृ. २६५)।

१ जीव अतिशय श्लक्ष्ण (सूक्ष्म) शरीर के प्रमाण आत्मप्रदेशों से संकुचित हो सकता है, इसीलिए उसे संकट या संकुट कहा जाता है।

संकर—१. संकरोऽयोग्यैरसंयतैः सह मिश्रणम्। (भ. आ. विजयो. २३२)। २. संकरोऽसंयतैः सह मिश्रणम्। (भ. आ. मूला. २३२)।

१ अयोग्य और असंयमी जनों से मिश्रण होना, इसका नाम संकर है। क्षपक के लिए निर्दिष्ट विविक्त वसति में इस प्रकार का संकर संभव नहीं है।

संकल्प—१. व्यापादनाभिसंधिः संकल्पः। (श्रा. प्र. टी. १०७)। २. बहिर्द्रव्ये चेतनाचेतन-मिश्रे ममेदमित्यादि परिणामः संकल्पः। (पंचा. जय. वृ. ८)। ३. इष्टाङ्गनादर्शनादिना तां प्रत्युत्कण्ठागर्भो मनोव्यापारः संकल्पः। (अन. ध. स्वो. टी. ४, ६५)।

१ प्राणियों के घात आदि का जो विचार होता है उसे हिंसा-अहिंसा के प्रसंग में संकल्प कहा जाता है। २ चेतन, अचेतन और मिश्र द्रव्यों में जो 'यह मेरा है और मैं इसका स्वामी हूं' इस प्रकार का जीवका अभिप्राय होता है उसे प्रकृत में संकल्प कहते हैं। ३ अभीष्ट स्त्री के देखने आदि से जो उसके प्रति उत्कण्ठा से प्रेरित मन का व्यापार

होता है उसका नाम संकल्प है। इस प्रकार विषय-भेद से संकल्प अनेक प्रकार का है।

संकुचित दोष—कुंचितहस्ताभ्यां शिरः परामर्शं कुर्वन् यो वन्दनां विदधाति जानुमध्ययोर्वा शिरः कृत्वा संकुचितो भूत्वा यो वन्दनां करोति तस्य संकुचितदोषः। (मूला. वृ. ७–१०८)।

संकुचित हाथों से शिर का स्पर्श करते हुए जो वन्दना करता है अथवा घुटनों के बीच में शिर को करके व संकुचित होकर जो वन्दना करता है उसके संकुचित नाम का वन्दना का दोष होता है।

संकुट—देखो संकट।

संक्रम—देखो सङ्क्रमण। सो संकमो त्ति वुच्चइ जं बंधणपरिणओ पओगेणं। पगयंतरत्थदलियं परिणमयइ तयणुभावे जं॥ (कर्मप. सं. क. १)।

जिस प्रकृति के बन्धक स्वरूप से परिणत जीव संक्लेश अथवा विशुद्धिरूप प्रयोग के वश बध्यमान प्रकृति को छोड़कर दूसरी प्रकृति के परमाणुओं को बध्यमान प्रकृति के स्वरूप से परिणमाता है उसे संक्रम कहते हैं।

संक्रमण—देखो सङ्क्रम। १. तत्थ पगति-ट्ठिति-अणुभाग-पदेसाणं अण्णहाभावपरिणामणं अण्णपगति-परिणामणं इह वा संकमणकरणं। (कर्मप्र. चू. २)। २. संकमणमणत्थ गदी ××× ॥ (गो. क. ४३८)। ३. एतदुक्तं भवति—बध्यमानासु प्रकृतिषु मध्येऽबध्यमानप्रकृतिदलकं प्रक्षिप्य बध्यमानप्रकृति-रूपतया यत्तस्य परिणमणं, यच्च वा बध्यमानानां प्रकृतीनां दलकरूपस्येतरेतररूपतया परिणमनं तत् सर्वं संक्रमणमित्युच्यते। (कर्मप. सं. क. मलय. वृ. १)। ४. परप्रकृतिरूपपरिणमनं संक्रमणम्। (गो. क. जी. प्र. ४३८)।

१ प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशों का अन्यथा स्वरूप से परिणमाना अथवा यहीं अन्य प्रकृतिरूप परिणमाना, इसका नाम संक्रमणकरण है। २ विवक्षित प्रकृति का जो अन्य प्रकृति में गमन या परिवर्तन होता है उसे संक्रम या संक्रमण कहते हैं।

संक्लिश्यमरण—दर्शन-ज्ञान-चारित्रेषु संक्लेशं कृत्वा मरणं संक्लिश्यमरणम्। (भ. आ. मूला. २५)।

सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र के विषय में संक्लेश को प्राप्त होते हुए जो मरण होता है उसे संक्लिश्य-मरण कहते हैं।

संक्लिष्ट—१. पूर्वजन्मनि सम्भावितेनातितीव्रेण संक्लेशपरिणामेन यदुपार्जितं पापकर्म तस्योदयात् सततं क्लिष्टाः संक्लिष्टाः। (स. सि. ३–५)। २. पूर्वभवसंक्लेशपरिणामोपात्ताशुभकर्मोदयात् सततं क्लिष्टाः संक्लिष्टाः। पूर्वजन्मनि भावितेनातितीव्रेण संक्लेशपरिणामेन यदुपार्जितं पापकर्म तस्योदयात् सततमविरतं क्लिष्टाः संक्लिष्टाः। (त. वा. ३, ५, १)।

१ पूर्व जन्म में सम्भावित अतिशय तीव्र संक्लेश परिणाम से जिस पापकर्म को उपार्जित किया गया है उसके उदय से जो निरन्तर संक्लेश को प्राप्त होते हैं उन्हें संक्लिष्ट (असुरकुमार विशेष) कहते हैं।

संक्लेश—१. आर्त-रौद्रध्यानपरिणामः संक्लेशः। (अष्टशती ९५)। २. असादबंधजोग्गपरिणामो संकिलेसो णाम। (धव. पु. ६, पृ. १८०); असाद-बंधपाओग्गकसाउदयट्ठाणाणि संकिलेसो। (धव. पु. ११, पृ. २०९)। ३. मिथ्यादर्शनाविरति-प्रमाद-परिणामः संक्लेशः। (त. श्लो. ९–३०)।

१ आर्त और रौद्र ध्यानरूप परिणामों को संक्लेश कहा जाता है। २ असाता वेदनीय के बन्धयोग्य परिणाम का नाम संक्लेश है।

संक्लेशस्थान—असाद-अथिर-असुह-दुभग-दुस्सर-अणादेज्जादीणं परियत्तमाणियाणमसुहपयडीणं बंध-कारणकसाउदयट्ठाणाणि संकिलेसट्ठाणाणि। (धव. पु. ११, पृ. २०८)।

असाता, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय आदि परिवर्तमान अशुभ प्रकृतियों के बन्ध के कारणभूत कषायोदयस्थानों को संक्लेशस्थान कहा जाता है।

संक्षेपरुचि—१. अणभिग्गहियकुदिट्ठी, संखेवरुइ-त्ति होइ नायव्वो। अविसारओ पवयणे, अणभिग्ग-हिओ य सेसेसु॥ (उत्तरा. २८–२६; प्रज्ञाप. गा. १२५, पृ. ५६; प्रव. सारो. ९५९)। २. जीवादि-पदार्थसमाससंबोधनसमुद्भूतश्रद्धानाः संक्षेपरुचयः। (त. वा. ३, ३६, २)। ३. ××× पदार्थान्। संक्षेपेणैव बुद्ध्वा रुचिमुपगतवान् साधु संक्षेपदृष्टिः॥ (आत्मानु. १३)। ४. ××× पदार्थानां संक्षे-पोक्त्या समुद्गता। या सा संक्षेपजा ××× ॥ (म. पु. ७४–४४५)। ५. आप्त-श्रुत-व्रत-पदार्थ-

समासालापाक्षेपः संक्षेपः। (उपासका. पृ. ११४; अन. ध. स्वो. टी. २-६२)। ६. तत्त्वार्थसूत्रादिसिद्धान्तनिरूपितजीवादिद्रव्यानुयोगद्वारेण पदार्थान् संक्षेपेण ज्ञात्वा रुचिं चकार यः स संक्षेपसम्यक्त्वः पुमानुच्यते। (दर्शनप्रा. टी. १२)।

१ जिसने मिथ्याभाव को ग्रहण नहीं किया है तथा जो प्रवचन—जिनप्रणीत आगम—में यद्यपि निपुण नहीं है फिर भी जो कपिलादिरचित आगमों को उपादेय स्वरूप से नहीं मानता है उसे संक्षेपरुचि जानना चाहिए।

संखडी—संखड्यन्ते प्राणिनामायूंषि यस्यां प्रकरणक्रियायां सा संखडी। (दशवै. सू. हरि. वृ. ३६, पृ. २१६)।

जिस प्रकरण क्रिया में प्राणियों की आयुएँ खण्डित की जाती हैं उसे संखडी कहते हैं।

संख्या—१. संख्या भेदगणना। (स. सि. १-८; गो. जी. म. प्र. ३५)। भेदगणनं संख्या। (न्यायकु. ७६, पृ. ८०३)। ३. प्रमादालापोत्पत्तिनिमित्ताक्षसंचारहेतुविशेषः संख्या। (गो. जी. जी. प्र. ३५)।

१ भेदों की गणना का नाम संख्या है।

संख्यात—१. अहवा जं संखाणं पंचिंदियविसओ तं संखेज्जं णाम। (धव. पु. ३, पृ. २६७)। २. × × × बीयादीया हवंति संखेज्जा। (त्रि. सा. १६)।

१ जो संख्या पांच इन्द्रियों की विषय है उसका नाम संख्यात या संख्येय है। २ दो-तीन आदि संख्या को संख्येय कहा जाता है।

संख्याप्रमाण—सयं सहस्समिदि दव्व-गुणाणं संखाणं धम्मो संखापमाणं। (जयध. १, पृ. ३८)।

सौ व हजार इत्यादि जो द्रव्यों व गुणों का संख्यारूप धर्म है उसे संख्याप्रमाण कहा जाता है।

संख्याभास—प्रत्यक्षमेवैकं प्रमाणमित्यादि संख्याभासम्॥ (परीक्षा. ६-५५)।

वराटक इनमें 'यह आवश्यक है' इस प्रकार से सद्भावस्थापना अथवा असद्भावस्थापना के द्वारा एक अथवा अनेक की स्थापना की जाती है उसे स्थापनावश्यक कहा जाता है। यहां स्थाप्यमान आवश्यक से अभेदोपचारसे आवश्यकवान् को ग्रहण किया गया है।

स्थापनावेदना—सा वेयणा एस त्ति अभेएण अज्झवसियत्थो ठवणवेदणा। (धव. पु. १०, पृ. ७)।

'वह वेदना यह है' इस प्रकार अभेद के साथ जो पदार्थ का निश्चय किया जाता है उसे स्थापनावेदना कहते हैं।

स्थापनाश्रुत—जं णं कट्ठकम्मे वा जाव ठवणा ठविज्जइ से तं ठवणासुयं। (अनुयो. सू. ३१, पृ. ३२)।

काष्ठकर्म आदि में श्रुत के पठन आदि में व्यापृत एक-अनेक साधुओं आदि की जो श्रुत के रूप से स्थापना की जाती है उसे स्थापनाश्रुत कहा जाता है।

स्थापनासत्य—१. ××× ठवणा ठविदं जह देवदादि ×××। (मूला. ५-११३)। २. असत्यप्यर्थे यत्कार्यार्थं स्थापितं द्यूताक्षनिक्षेपादिषु (धव. 'द्यूताक्षादिषु', चा. व कार्ति. 'द्यूताक्षसारिका') तत् स्थापनासत्यम्। (त. वा. १, २०, १२; धव. पु. १, पृ. ११७-१८; चा. सा. पृ. २६; कार्तिके. टी. ३६८)। ३. अर्हन्निन्द्रा स्कन्द इत्येवमादयः सद्भावासद्भावस्थापनाविषयाः स्थापनासत्यम्। (भ. आ. विजयो. ११६३)। ४. आकारेणाक्ष-पुस्तादौ सता वा यदि वाऽसता। स्थापितं व्यवहारार्थं स्थापनासत्यमुच्यते॥ (ह. पु. १०-१००)। ५. धर्मोऽन्यवस्तुनः स्थाप्यतेऽन्यस्मिन्ननुरूपिणि। अन्यस्मिन् वा यया सत्यः स्थापना सा तया वचः॥ सत्यं स्यात् स्थापनासत्यं प्रतिबिम्बाक्षतादिषु। चन्द्रप्रभजिनेन्द्रोऽयमित्यादि वचनं यथा॥ (आचा. सा. ५, २७ व २८)। ६. ××× स्थापने देवोक्षादिषु ×× ×। (अन. ध. ४-४७)। ७ स्थापनासत्यं यथा पाषाणप्रतिमादिष्विदं चक्रेश्वरी, अयमर्हन् इति तदिदमिति बुद्धिपरिग्रहणम्। (भ. आ. मूला. ११९३)। ८. अन्यत्रान्यवस्तुनः समारोपः स्थापना, तदाश्रितं मुख्यवस्तुनो नाम स्थापनासत्यम्। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २२३)।

१ स्थापना में जो देवता आदि की कल्पना की जाती है—जैसे मूर्ति में ऋषभादि की, तदनुरूप वचन को स्थापनासत्य कहते हैं। २ पदार्थ के न रहते हुए भी पांसों आदि में कार्य के वश जो हाथी आदि की कल्पना करके वैसा कहा जाता है, यह स्थापनासत्य कहलाता है।

स्थापनासंक्रम—सो एसो त्ति अण्णस्स सरूवं बुद्धीए णिवत्तो ठवणसंकमो। (धव पु. १६, पृ. ३३६)।

'वह यह है' इस प्रकार अन्य के स्वरूप को बुद्धि में स्थापित करना, यह स्थापनासंक्रम है।

स्थापनासंख्या—देखो स्थापनावश्यक। जण्णं कट्ठकम्मे वा पोत्थकम्मे वा जाव से तं ठवणसंखा। (अनुयो. सू. १४६, पृ. २३०)।

काष्ठकर्म आदि में जो सद्भाव अथवा असद्भाव स्थापना के द्वारा 'यह संख्या है' इस प्रकार से अध्यारोप किया जाता है उसे स्थापनासंख्या कहते हैं।

स्थापनासंख्यात—जं तं ठवणासंखेज्जयं तं कट्ठकम्मादिसु सब्भावासब्भावट्ठवणाए ठविदं असंखेज्जमिदि। (धव. पु. ३, पृ. १२३)।

काष्ठकर्म आदि में सद्भाव व असद्भाव स्वरूप से 'यह असंख्यात है' इस प्रकार से जो स्थापना की जाती है उसे स्थापनासंख्यात कहा जाता है।

स्थापनासामायिक—१. सर्वसावद्यनिवृत्तिपरिणामवता आत्मना एकीभूतं शरीरं यत्तदाकारसादृश्यात्तदेवेदमिति स्थाप्यते यच्चित्र-पुस्तादिकं तत्स्थापनासामायिकम्। (भ. आ. विजयो. ११६)। २. काश्चन स्थापनाः सुस्थिताः सुप्रमाणाः सर्वावयवसम्पूर्णाः सद्भावरूपा मनआह्लादकारिण्यः, काश्चन पुनः स्थापना दुःस्थिताः प्रमाणरहिताः सर्वावयवैरसम्पूर्णाः सद्भावरहितास्तासाम् उपरि राग-द्वेषयोरभावः स्थापनासामायिकं नाम। ××× अथवा ××× सामायिकावश्यकेन परिणतस्याकृतिमत्यनाकृतिमति च वस्तुनि गुणारोपणं स्थापनासामायिक नाम। (मूला. वृ. ७-१७)। ३. स्थापनासामायिकं मानोन्मानादिगुणमनोहरास्वितरासु च स्थापनासु राग-द्वेषनिषेधः। ××× सामायिकावश्यकपरिणतस्य तदाकारेऽतदाकारे वा वस्तुनि गुणारोपणं स्थापनासामायिकम्। (अन. ध. स्वो. टी. ८-१९)। ४. मनोज्ञामनोज्ञासु स्त्री-पुरुषाद्याकारस्थापनासु काष्ठ-लेप्य-चित्रादिप्रतिमासु राग-द्वेषनिवृत्तिः इदं सामायिकमिति स्थाप्यमानं यत्किंचिद्वस्तु वा स्थापनासामायिकम्। (गो. जी. म.

प्र. व जी. प्र. ३६७–६८) । ५: मणुऽण्णमणुण्णासु इत्थि-पुरिसाइग्रायारठावणासु कट्ठ-लेव-चित्तादि-पडिमासु राय-दोसणियट्टी, इणं सामाइयमिदि ठाइज्जमाणयं किंचि वत्थु वा ठावणासामाइयं। (अंग-प. पृ. ३०५)।

१ समस्त सावद्य की निवृत्तिरूप परिणाम से युक्त आत्मा के साथ एकता को प्राप्त हुआ जो शरीर है उसके आकार की समानता से जो 'वही यह सामायिक है' इस प्रकार चित्र अथवा पुस्तक आदि में स्थापना की जाती है उसका नाम स्थापनासामायिक है। २ कुछ स्थापनाएं व्यवस्थित समुचित प्रमाण से संयुक्त, समस्त अवयवों से परिपूर्ण एवं सद्भावरूप होकर सबको अभिनन्दन करने वाली तथा इसके विपरीत कुछ योग्य प्रमाणादि से रहित होने के कारण मनको खेदजनक भी होती हैं। उनके विषय में राग-द्वेष नहीं करना, इसे स्थापनासामायिक कहते हैं।

स्थापनासिद्ध—पूर्वभावप्रज्ञापननयापेक्षया चरमशरीरानुप्रविष्टो य आत्मा क्षीरानुप्रविष्टोदकमिव संस्थानवत्तामुपगतः, शरीरापायेऽपि तमात्मानं चरमशरीरात् किञ्चिन्न्यूनात्मप्रदेशसमवस्थानं बुद्धावारोप्य तदेवेदमिति स्थापिता मूर्तिः स्थापनासिद्ध। (भ. आ. विजयो. १)।

पूर्वभावप्रज्ञापन नय की अपेक्षा जो आत्मा दूध में प्रविष्ट पानी के समान अन्तिम शरीर में प्रविष्ट होकर उसके आकार को प्राप्त हुआ है शरीर के विनष्ट हो जाने पर भी उक्त अन्तिम शरीर से किंचित् हीन आत्मप्रदेशों में अवस्थित उस आत्मा को बुद्धि में आरोपित करके 'वही यह है' इस प्रकार से जो मूर्ति की स्थापना की जाती है, उसे स्थापनासिद्ध कहते हैं।

स्थापनास्तव—१. चतुर्विंशतितीर्थकराणामपरिमितानां कृत्रिमाकृत्रिमस्थापनानां स्तवनं चतुर्विंशतिस्थापनास्तवः। × × × अथवा × × × चतुर्विंशतितीर्थंकराणां साकृत्यनाकृतिवस्तुनि गुणानारोप्य स्तवनं स्थापनास्तवः। (मूला. वृ. ७–४१)। २. कृत्रिमाकृत्रिमावर्णप्रमाणायतनादिभिः। व्यवर्ण्यन्ते जिनेन्द्रार्चा यदसौ स्थापनास्तवः॥ (अन. ध. ८–४०)।

१ चौबीस तीर्थंकरों की कृत्रिम-अकृत्रिम अपरिमित प्रतिमाओं की जो स्तुति की जाती है उसे स्थापनास्तव कहते हैं। तदाकार अथवा अतदाकार वस्तु में जो चौबीस तीर्थंकरों के गुणों का आरोप करके उनकी स्तुति की जाती है उसे भी स्थापनास्तव कहा जाता है।।

स्थापनास्थापन—देखो स्थापनस्थापन।

स्थापनास्पर्श—देखो स्थापनाकर्म और स्थापनाकृति। १. जो सो ठवणफासो णाम सो कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसु वा लेप्पकम्मेसु वा लेण्णकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा गिहकम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा भेंडकम्मेसु वा अक्खो वा वराडओ वा जे चामण्णे एवमादिया ठवणाए ठविज्जदि फासे त्ति सो सव्वो ठवणफासो णाम। (षट्ख. ५, ३, १०—धव. पु. १३, पृ. ८-९)। २. सोयमिदि बुद्धीए अण्णदव्वेण अण्णदव्वस्स एयत्तकरणं ठवणफोसणं णाम। (धव. पु. ४, पृ. १४२)।

१ काष्ठकर्म व चित्रकर्म आदि में जो 'स्पर्श है' इस प्रकार से स्थापना के द्वारा जो अध्यारोप किया जाता है उस सबका नाम स्थापनास्पर्श है।

स्थापनीमुद्रा—देखो आवाहनीमुद्रा। इयमेव (आवाहन्येव) अधोमुखी स्थापनी। (निर्वाणक. पृ. ३२)।

अधोमुख वाली आवाहनीमुद्रा को ही स्थापनीमुद्रा कहा जाता है।

स्थापनोद्देश—यत्तु सामान्येन देवताया इयं स्थापनेत्यभिधानं स स्थापनोद्देशः। (आव. नि. मलय. वृ. १४०)।

यह सामान्य से देवता की स्थापना है, इस प्रकार जो कथन किया जाता है उसे स्थापना-उद्देश कहते हैं।

स्थापित—देखो स्थापना-उद्गम दोष। १. पागादु भायणाओ अण्णम्हि य भायणह्मि पक्खविय। सघरे व परघरे वा णिहिदं ठविदं वियाणाहि॥ (मूला. ६–११)। २ स्वार्थमेव कृतं संयतार्थमिति स्थापितम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. २३०)। ३. स्वगृहेऽन्यगृहे वा यत् स्थापितं पाकभाजनात्। अन्यस्मिन् भाजनेऽन्नादि निक्षिप्य स्थापितं मतम्॥ (आचा. सा. ८–२६)। ४. स्थापितं यत्संयतार्थं स्वस्थाने परस्थाने वा स्थापितम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. ४–१९५)। ५. पाकभाजनाद् गृहीत्वा यदन्नं स्वगृहेऽन्यगृहे वा स्थापितम्। (भावप्रा. टी. ९९)।

१ पाक के लिए प्रयुक्त पात्र से देय आहार को निकालकर और अन्यपात्र में रखकर अपने ही घर

घटिता प्रतिमा स्थावरा। (दर्शनप्रा. टी. ३५)।
१ जिनेन्द्रदेव एक हजार आठ लक्षणों और चौंतीस अतिशयों से संयुक्त होकर जब तक विहार करते हैं उसे स्थावर प्रतिमा कहा गया है। २ व्यवहार में चन्दन, सुवर्ण, महामणि और स्फटिक आदि से निर्मित प्रतिमा को स्थावरप्रतिमा कहते हैं।

स्थित—अवधृतमात्रं स्थितम्। जो पुरिसो भावागमम्मि बुड्ढओ गिलाणोव्व सणि सणि संचरदि सो तारिससंसकारजुत्तो पुरिसो तब्भावागमो च स्थित्वा वृत्तेः ठिदं णाम। (धव. पु. ६, पृ. २५१-५२); तत्थ सणि सणि सगविसए वट्टमाणो कदि-अणियोगो ट्ठिदं णाम। (धव. पु. ६, पृ. २६८); अवधृतमात्रं स्थितं नाम। (धव. पु. १४, पृ. ७)।
अवधारण किए गये मात्र का नाम स्थित है। जो वृद्ध अथवा रुग्ण मनुष्य के समान भावागम में धीरे-धीरे संचार करता है, उस प्रकार के संस्कार से युक्त उस पुरुष को और उस भावागम को भी रुक रुक करके प्रवृत्ति होने के कारण स्थित कहा जाता है। यह आगम के नौ अर्थाधिकारों में प्रथम है।

स्थितकल्प—'आचेलक्कु' इत्येवरूपेषु दशसु स्थानेषु ये स्थिताः साधवः तेषां कल्पः स्थितकल्पः। (आव. नि. मलय. वृ. ११४)।
जो साधु आचेलक्य आदि दस स्थानों (कल्पों) में स्थित हैं उनके कल्प को स्थितकल्प कहा जाता है।

स्थितश्रुतज्ञान—जेण बारह वि अंगाणि अवहारिदाणि सो साहू ट्ठिदसुदणाणं होदि। (धव. पु. १४, पृ. ८)।
जो साधु बारहों अंगों का अवधारण कर चुका है वह साधु स्थितश्रुतज्ञान स्वरूप है।

स्थिति—१. स्थितिः कालपरिच्छेदः। (स. सि. १–७)। २. स्थितिः कालावस्थानम्। (उत्तरा. चू. पृ. २७७)। ३ स्थितिः कालकृता व्यवस्था। (त. वा. १–७), स्वेनात्तस्य देवायुषः उदयात् तस्मिन् भवे तेन शरीरेण स्थानं स्थितिरित्युच्यते। (त. वा. ४, २०, १); तद्विपरीता स्थितिः। द्रव्यस्य स्वदेशादप्रच्यवनहेतुर्गतिनिवृत्तिरूपा स्थितिरवगन्तव्या। (त. वा. ५, १७, २)। ४. स्वोपात्तायुष उदयात्तस्मिन् भवे तेन शरीरेणावस्थानं स्थितिः। (त. श्लो. ४–२०)। ५. स्थितिरात्मरूपादनपगमः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–७); तद्विपरीतः (गतिस्वरूपविपरीतः) परिणामः स्थितिः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–१७)। ६. कियच्चिरमिति (अनुयोगे) कालकृतावस्थाव्यवस्थापनं स्थितिः। (न्यायकु. ७५, पृ. ८०२)। ७. निकर्षोत्कर्षतः कालनियमः कर्मणां स्थितिः। (योगशा. स्वो. विव. १–१६, पृ. ११४)। ८. कियच्चिरमिति प्रश्ने अनन्तकालमिति कालप्ररूपणं स्थितिः। (लघीय. अभय. वृ. ७५, पृ. ९५)। ९. स्थितिश्च कालावधारणम्। (त. वृत्ति श्रुत. १–७); निजायुरुदयात् तद्भवे सार्द्धमेव स्थानं स्थितिरुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ४–२०)।
१ काल के प्रमाण का नाम स्थिति है। २ विवक्षित वस्तु के काल के अवस्थान को स्थिति कहते हैं। ३ अपने द्वारा बांधी गई आयु (प्रकृत में देवायु) के उदय से उस भव में उस शरीर के साथ अवस्थित रहना, यह आयु की स्थिति का लक्षण है। गति के विपरीत—अपने देश से च्युत होने का कारण न मिलना यह स्थिति का लक्षण है। ५ अपने स्वरूप से च्युत न होना, इसे स्थिति कहा जाता है।

स्थितिकरण—१. उम्मग्गं गच्छंतं सिवमग्गे जो ठवेदि अप्पाणं। सो ठिदिकरणेण जुदो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥ (समयप्रा. २५२)। २. दंसण-चरणुवभट्ठे जीवे दट्ठूणध म्मबुद्धीए। हिद-मिदमवगूहिय ते खिप्पं तत्तो णियत्तेइ॥ (मूला. ५–६५)। ३. दर्शनाच्चरणाद्वापि चलतां धर्मवत्सलैः। प्रत्यवस्थापनं प्राज्ञैः स्थितिकरणमुच्यते॥ (रत्नक. १–१६)। ४. कषायोदयादिषु धर्मपरिभ्रंशकारणेषु उपस्थितेष्वात्मनो धर्माऽप्रच्यवनं परिपालनं स्थितिकरणम्। (त. वा. ६–२४)। ५. काम-क्रोध-मदादिषु चलयितुमुदितेषु वर्त्मनो न्यायात्। श्रुतमात्मनः परस्य च युक्त्या स्थितिकरणमपि कार्यम्॥ (पु. सि. २८)। ६. धम्मादो चलमाणं जो अण्णं संठवेदि धम्मम्मि। अप्पाणं पि सुदिढयदि ठिदिकरणं होदि तस्सेव॥ (कार्तिके. ४२०)। ७. कषायोदयादिषु धर्मपरिभ्रंशकारणेषूपस्थितेषु स्व-परयोर्धर्म[धर्मा]प्रच्यवन परिपालनं स्थितिकरणम्। (चा. सा. पृ. ३)। ८. निवर्तमानं जिननाथवर्त्मनो निपीडयमानं विविधैः परीषहैः। विलोक्य यस्तत्र करोति निश्चलं निरुच्यतेऽसौ स्थितिकारकोत्तमः॥ (अमित. श्रा. ३–७८)। ९. प्रस्थिरः स्थिरः क्रियते सम्यक्त्व-चारित्रादिषु स्थिरीकरण

रत्नत्रये शिथिलस्य दृढयनं हित-मितोपदेशादिभिः। (मूला. वृ. ५-४)। १०. आत्मनोऽन्यस्य वा चेतो धर्माद्विलं परीषहैः। सम्बोध्य तत्र तच्चित्तस्थापनं स्थात् स्थितिक्रिया ॥ (आचा. सा. ३-६२)। ११. हितपथाद्दर्शनचर्याद् भ्रष्टस्य प्रच्युतस्य संस्थापनं हेतु-नय-दृष्टान्तैः स्थिरीकरणम्। (चारित्रभ. टी. ३, पृ. १८७)। १२. दैव-प्रमादवशतः सुपथश्चलन्तं स्वं धारयेल्लघुविवेकसुहृद्बलेन। तत्प्रच्युतं परमपि दृढयन् बहुस्वं, स्याद्धारिषेणवदलं महतां महार्हः ॥ (अन. ध. २-१०६)। १३. ठिदिकरणं स्वस्य परस्य वा सम्यक्त्वाच्चरणमात् प्रच्यवमानस्य पुनस्तत्रैव युक्तिबलाद् दृढमवस्थापनम्। (भ. आ. मूला. ४५)। १४. दर्शनाज्ज्ञानतो वृत्ताच्चलतां गृहमेधिनाम्। यतीनां स्थापनं तद्वत् स्थितीकरणमुच्यते। (भावसं. वाम. ४१५)। १५. क्रोध-मान-माया-लोभादिषु धर्मविध्वंसकारणेषु विद्यमानेष्वपि धर्मादच्यवनं (का. टी. 'स्वपरयोर्धर्मप्रच्यवनपरिपालनं') स्थितिकरणम्। (त. वृत्ति श्रुत. ६-२४; कार्तिके. टी. ३२६)। १६. कषाय-विषयादिभिर्धर्मविध्वंसकारणेषु सत्स्वपि धर्मप्रच्यवनरक्षणं स्थितिकरणम्। (भावप्रा. टी. ७७)। १७. सुस्थितीकरणं नाम गुणः सद्दर्शनस्य यः। धर्माच्च्युतस्य धर्मे तं ना धर्मे धर्मिणः (पंचा. 'ऽधर्मणः') क्षतेः ॥ (लाटीसं. ४-२६१; पंचाध्या. २-७८७)।

१ जो कुमार्ग में जाते हुए अपने को मोक्षमार्ग में स्थापित करता है उसे स्थितीकरण से युक्त सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए। ३ दर्शन व चारित्र से भ्रष्ट होते हुए प्राणियों को जो धर्मानुरागियों के द्वारा धर्म में प्रतिष्ठित किया जाता है, इसे स्थितीकरण कहा जाता है।

स्थितिक्षय— ट्ठितिक्खओ णाम ट्ठितिक्खतेण वेदिज्जति त्ति, सभावोदतो जं भणियं होति। (कर्मप्र. चू. उदय. ४)।

स्थिति के क्षय से जो कर्म का वेदन किया जाता है, इसे स्थितिक्षय कहा जाता है।

स्थितिनामनिधत्तायु—स्थितिर्यत् स्थातव्यं तेन भावेनायुर्दलिकस्य, सैव नाम—परिणामो धर्म इत्यर्थः, स्थितिनाम, गति-जात्यादिकर्मणां च प्रकृत्यादिभेदेन चतुर्विधानां यः स्थितिरूपो भेदस्तत् स्थितिनाम, तेन सह निधत्तमायुः स्थितिनामनिधत्तायुरिति। (समवा. अभय. वृ. १५४)।

आयु कर्म के प्रदेश पिण्ड का उस रूप से रहना, इसे स्थिति कहते हैं, नाम का अर्थ परिणाम या धर्म है, प्रकृति आदि के भेद से जो चार प्रकार के गति-जाति आदि कर्म हैं उनका जो स्थितिरूप है उसे स्थितिनाम कहते हैं। उसके साथ निषिक्त आयु को स्थितिनामनिधत्तायु कहा जाता है।

स्थितिबन्ध— १. तत्स्वभावादप्रच्युतिः स्थितिः। यथा अजा-गो-महिष्यादिक्षीराणां माधुर्यस्वभावादप्रच्युतिः स्थितिः तथा ज्ञानावरणादीनामर्थानवगमादिस्वभावादप्रच्युतिः स्थितिः। (स. सि. ८, ३)। २. तत्स्वभावाप्रच्युतिः स्थितिः। तस्य स्वभावस्य अप्रच्युतिः स्थितिरित्युच्यते। यथा अजा-गो-महिष्यादिक्षीराणां माधुर्यस्वभावादप्रच्युतिः, तथा ज्ञानावरणादीनामर्थानवगमादिस्वभावादप्रच्युतिः स्थितिः। (त वा. ८, ३, ५)। ३. कर्मपुद्गलराशेः कर्त्रा परिगृहीतस्यात्मप्रदेशेष्ववस्थानं स्थितिः अध्यवसायनिर्वर्तितः कालविभागः। ××× तस्यैव विपाकगन्ध-रसादेरविनाशितत्वेनावस्थानं स्थितिः। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-४)। ४. जोगवसेण कम्मसरूवेण परिणदाणं पोग्गलक्खंधाणं कसायवसेण जीवे एगसरूवेणावट्ठाणकालो ठिदी णाम। (धव. पु. ६, पृ. १४६); कम्मरूवेण परिणदाणं कम्मइयपोग्गलक्खंधाणं कम्मभावमछंडिय अच्छणकालो ठिदी णाम। ... अवट्ठाणं अवट्ठाणकारणं च ट्ठिदी णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३४८)। ५. ××× तत्स्वभावस्य तथैवाप्रच्युतिः स्थितिः ॥ यथाऽजा-गो-महिष्यादिक्षीराणां स्व-स्वभावतः। माधुर्यादप्रच्युतिस्तद्वत् कर्मणां प्रकृतिस्थितिः ॥ (ह. पु. ५८, २१०-११)। ६. स्वभावाप्रच्युतिः स्थितिः। (त. श्लो. ८-३)। ७. स्थितिबन्धस्तु तस्यैवंप्रविभक्तस्य अध्यवसाय-विशेषादेव जघन्य-मध्यमोत्कृष्टा स्थितिं निर्वर्तयति ज्ञानावरणादिकस्यैव स्थितिबन्धः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १-३)। ८. ××× स्थितिः कालावधारणम्। (अमित. श्रा. ३-५६)। ९ तेषामेव कर्मरूपेण परिणतानां पुद्गलानां जीवप्रदेशैः सह यावत्कालमवस्थितिः स स्थितिबन्धः। (मूला. वृ. ५, ४७)। १०. उत्कर्षणापकर्षण स्थितिर्या कर्मणां मता। स्थितिबन्धः स विज्ञेयः ×××। (ज्ञाना. ६-४८, पृ. १०१)। ११. स्थितिः तासामेवावस्थानं जघन्यादिभेदभिन्नम्, तस्या बन्धो निवर्तनं स्थिति-

बन्धः। (स्थाना. अभय. वृ. २६६; समवा. अभय. वृ. ४)। १२. × × × अविच्युतिस्तस्मात्। (अन. ध. २–३६); अविच्युतिरप्रच्यवनम्। कस्मात्? तस्माद् ज्ञानावरणादिलक्षणादात्मनः स्वभावात्। केषाम्? कर्मणाम्। (अन. ध. स्वो. टी. २-३६)। १३. × × × स्थितिः कालावधारणम्॥ (पंचाध्या. २–६३३)।

१ कर्म का अपने स्वभाव से च्युत न होना, इसका नाम स्थिति है। जिस प्रकार बकरी, गाय और भैंस आदि के दुध की स्थिति अपने मधुरता रूप स्वाद से च्युत न होना है उसी प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मों की स्थिति पदार्थ का ज्ञान आदि न होने देना है। ३ कर्ता के द्वारा ग्रहण की गई कर्मराशि का अपने आत्मप्रदेशों में अवस्थित रहना, इसे स्थिति कहा जाता है। इसके काल का विभाग जीव के परिणामानुसार होता है।

स्थितिबन्धस्थान—बध्यत इति बन्धः, स्थितिरेव बन्धः स्थितिबन्धः, स्थितिबन्धस्य स्थानमवस्थाविशेषः इति यावत्। (धव. पु. ११, पृ. १४२); बध्नाति इति बन्धः, स्थितिश्चासौ बन्धश्च स्थितिबन्धः, तस्य स्थान विशेषः स्थितिबन्धस्थानम्, आबाधास्थानमित्यर्थः। अथवा बन्धनं बन्धः, स्थितेर्बन्धः स्थितिबन्धः, सोऽस्मिन् तिष्ठतीति स्थितिबन्धस्थानम्। (धव. पु. ११, पृ. १६२); स्थितयो बध्यन्ते एभिरिति करणे घञुत्पत्तेः कर्मस्थितिबन्धकारणपरिणामाना स्थितिबन्ध इति व्यपदेशः। तेषां स्थानानि अवस्थाविशेषाः स्थितिबन्धस्थानानि। (धव. पु. ११, पृ. २०५); बध्यते इति बन्धः, स्थितिश्चासौ बन्धश्च स्थितिबन्धः, तस्य स्थानमवस्थाविशेषः स्थितिबन्धस्थानम्। (धव. पु. ११, पृ. २०५)।

जो बांधा जाता है उसे बन्ध या स्थितिबन्ध और उसके स्थान (विशेष) को —आबाधा-स्थान को —स्थितिबन्धस्थान कहते हैं। अथवा जिन परिणामों के द्वारा स्थितियां बांधी जाती हैं उन परिणामों का नाम स्थितिबन्ध है, उनके स्थानों —अवस्थाविशेषों—को स्थितिबन्धस्थान कहा जाता है।

स्थितिभोजन—१. अंजलिपुडेण ठिच्चा कुड्डाइविवज्जणेण समपायं। पडिसुद्धे भूमितिए असणं ठिदिभोयणं णाम॥ (मूला. १–३४)। २. स्वपादातृशुद्धोर्व्यां स्थित्वा समपदद्वयम्। निरालम्बं करद्वन्द्वभोजनं स्थितिभोजनम्॥ (आचा. सा. १-४५)।

१ भित्ति आदि के आश्रय के बिना समान पांवों से खड़े रहकर अपने पादप्रदेशरूप, उत्सृष्टपतनप्रदेशरूप और परोसने वाले के स्थानस्वरूप तीन प्रकार की शुद्ध भूमि में पाणिपात्र से भोजन को ग्रहण करना; इसे स्थितिभोजन कहा जाता है।

स्थितिमोक्ष—ओकड्डिदा वि उक्कड्डिदा वि अण्णपयडि संकामिदा अधट्ठिदीए णिज्जरिदा वि ट्ठिदी ठिदिमोक्खो। (धव. पु १६, पृ. ३३८)।

अपकर्षित, उत्कर्षित, अन्य प्रकृति में संक्रामित की गई और अधःस्थिति से निर्जीर्ण भी स्थिति को स्थितिमोक्ष कहा जाता है।

स्थितिविपरिणामना—ठिदी ओवट्टिज्जमाणा वा उव्वट्टिज्जमाणा वा अण्णंपयडि संकामिज्जमाणा वा विपरिणामिदा होदि। (धव. पु १५, पृ. २८३)।

अपवर्तमान, उद्वर्तमान अथवा अन्य प्रकृतियों में संक्रमण कराई जाने वाली स्थिति विपरिणामित कहलाती है।

स्थितिसंक्रम—१. ठिइसंकमो त्ति वुच्चइ मूलुत्तरपगईउ य जा हि ठिई। उव्वट्टियाउ ओवट्टिया व पगइं निया वऽण्णं॥ (कर्मप्र. सं. क. २८)। २. जा ट्ठिदी ओकड्डिज्जदि वा उक्कड्डिज्जदि वा अण्णपयडि संकामिज्जइ वा सो ठिदिसंकमो। (कषायपा. चू. पृ. ३१०)। ३. ओकड्डिदा वि ट्ठिदी ट्ठिदिसंकमो, उक्कड्डिदा वि ट्ठिदी ट्ठिदिसंकमो, अण्णपयडि णीदा वि ट्ठिदी ट्ठिदिसंकमो होदि। (धव. पु. १६, पृ. ३४७)। ४. जा ट्ठिति उव्वट्टण-ओवट्टण-अण्णपगतिसंकमणपाओग्गा सा उवट्टिता ठिति ठितिसंकमो वुच्चति। (कर्मप्र. चू. सं. क. २८)। ५. मूलप्रकृतीनामुत्तरप्रकृतीनां वा स्थितेर्यदुत्कर्षणं अपकर्षणं वा प्रकृत्यन्तरस्थितौ वा नयनं स स्थितिसंक्रमः। (स्थानां. अभय. वृ २९६)।

१ मूल व उत्तर प्रकृतियों की जो स्थिति उद्वर्तित या अपवर्तित की जाती है अथवा अन्य प्रकृति को प्राप्त कराई जाती है उसे स्थितिसंक्रम कहा जाता है।

स्थित्यावीचिकामरण—तस्याः (स्थितेः) वीचय इव क्रमेणावस्थितायाः विनाशादात्मनो भवति स्थित्यावीचिकामरणम्। (भ. आ. विजयो. २५)।

समुद्र की तरंगों के समान निषेकक्रम से अवस्थित

उस आयुस्थिति का जो प्रत्येक समय में विनाश होता है—एक-एक निषेक क्रम से निर्जीर्ण होता है, इसे आत्मा का स्थिति आवीचिमरण कहा जाता है।

स्थिरत्व—तह चेव एयव्वाहगचितारहियं थिरत्तणं नेयं। (योगवि. ६)।

स्थानादि योगों का परिपालन करते हुए शुद्धिविशेष के आश्रय से बाधक चिन्ता से मुक्त हो जाना, इसका नाम स्थिरत्व है। स्थानादि ५ योगों में से जो प्रत्येक के इच्छा व प्रवृत्ति आदि ४-४ भेद निर्दिष्ट किए गए हैं उनमें यह तीसरा है।

स्थिरनामकर्म—१. स्थिरभावस्य निर्वर्तकं स्थिर नाम। (स. सि. ८-११; त. श्लो. ८-११; भ. आ. मूला. २१२४)। २. स्थिरत्वनिर्वर्तकं स्थिरनाम। (त. भा. ८-१२)। ३. स्थिरभावस्य निवर्तकं स्थिरनाम। यदुदयात् दुष्करोपवासादितपस्करणेऽपि अङ्गोपाङ्गानां स्थिरत्वं जायते तत्स्थिरनाम। (त. वा. ८, ११, ३४)। ४ यस्योदयात् शरीरावयवानां स्थिरता भवति शिरोऽस्थि-दन्तादीनां तत् स्थिरनाम। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-१२; श्रा. प्र. टी. २३; प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७४)। ५. जस्स कम्मस्स उदएण रस-रुहिर-मेद-मज्जट्ठि-मांस-सुक्काणं थिरत्तमविणासो अगलणं होज्ज तं थिरणामं। (धव. पु. ६, पृ. ६३); जस्स कम्मस्सुदएण रसादीणं सगसरूवेण केत्तियं पि कालमवट्ठाणं होदि तं थिरणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६५)। ६. यस्य कर्मण उदयात् रस-रुधिर-मेद-मज्जास्थि-मांस-शुक्राणां सप्तधातूनां स्थिरत्वं भवति तत् स्थिरनाम। (मूला. वृ. १२-१९५)। ७. यतः स्थिराणां दन्ताद्यवयवानां निष्पत्तिर्भवति तत्स्थिरनाम। (समवा. अभय. वृ. ४२)। ८. स्थिरत्वकारणं स्थिरनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।

१ स्थिरता के उत्पादक कर्म को स्थिरनामकर्म कहते हैं। ३ जिसके उदय से दुष्कर तप का आचरण करने पर भी अंग-उपांगों की स्थिरता रहती है उसे स्थिरनामकर्म कहा जाता है। ४ जिसके उदय से शरीर के अवयवभूत शिर, हड्डियों और दांतों आदि में स्थिरता होती है वह स्थिरनामकर्म कहलाता है।

स्थिरीकरण—देखो स्थितिकरण। १. स्थिरीकरणं तु धर्मात्प्रिषीदतां सतां तत्रैव स्थापनम्। (दशवै. नि. हरि. वृ. १८२)। २. एतेष्वेव क्षपणादिषु सीदतां तत्रैव विशेषतः स्थापना स्थिरीकरणम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. १-६५)।

१ धर्म से खेद को प्राप्त होते हुए जीवों को उसी में स्थापित करना, इसे स्थिरीकरण कहा जाता है।

स्थूल—१. तनुत्वरहितं भावाच्च छिन्नमानानुवर्ति यत्। तैलोदक-रस-क्षीर-घृतादि स्थूलमुच्यते॥ (वरांगच. २६-१७)। २. द्रवद्रव्यं जलादि स्यात् स्थूलभेदनिदर्शनम्। (म. पु. २४-१५३; जम्बू. च. ३-५२)।

१ जो तेल, पानी, रस, दूध और घी आदि कृशता और पतलेपन के कारण छेदे जाने पर भी फिर से सम्बद्ध हो जाते हैं उन्हें स्थूल कहा जाता है।

स्थूल ऋजुसूत्रनय—१. मणुयाइयपज्जाओ मणुसु त्ति सगट्ठिदीसु वट्टंतो। जो भणइ तावकालं सो थूलो होइ रिउसुत्तो॥ (ल. नयच. ३९; द्रव्यस्व. प्र नयच. २११)। २. स्थूल ऋजुसूत्रः - यथा मनुष्यादिपर्यायस्तदायुःप्रमाणकालं तिष्ठति। (कार्तिके. टी. २७४)।

१ जो नय अपनी स्थितियों में रहने वाली मनुष्य आदि पर्याय को उतने काल तक मनुष्य कहता है वह स्थूल ऋजुसूत्रनय कहलाता है।

स्थूलकाय—× × × इयरा पुण थूलकाया य॥ (कार्तिके. १२७)।

सूक्ष्मकाय जीवों से भिन्न स्थूलकाय जीव होते हैं, अर्थात् जो जीव पृथिवी, जल, अग्नि और वायु के द्वारा रोके जा सकते हैं वे स्थूलकाय कहलाते हैं।

स्थूलदोष—देखो बादर आलोचनादोष।

स्थूलवधादि—स्थूलहिंस्याद्याश्रयत्वात् स्थूलानामपि दुर्दृशाम्। तत्त्वेन वा प्रसिद्धत्वाद्वधादि स्थूलमिष्यते॥ (सा. ध. ४-६)।

जो वध (हिंसा) आदि स्थूल हिंस्य—मारे जाने वाले प्राणियों—आदि (भाष्य व मोष्य आदि) के आश्रित हैं अथवा जो स्थूल मिथ्यादृष्टियों के यहां भी उस रूप से प्रसिद्ध हैं उन वध आदि को स्थूल माना जाता है।

स्थूलसूक्ष्म—१. चक्षुर्विषयमागम्य ग्रहीतुं यन्न शक्यते। छायातप-तमोज्योत्स्नं स्थूलसूक्ष्मं च तद्भवेत्॥ (वरांगच. २६-१८)। २. स्थूलसूक्ष्माः पुनर्ज्ञेयाश्छाया-ज्योत्स्नातपादयः। चाक्षुषत्वेऽप्यसंहार-

र्यरूपत्वादविघातका: ॥ (म. पु. २४–१५२; जम्बू. च. ३–५१)।

१ जो छाया, आतप (धूप), अन्धकार और चांदनी आदि चक्षु इन्द्रिय के द्वारा ग्राह्य होकर भी ग्रहण नहीं किये जा सकते हैं उन्हें स्थूलसूक्ष्म कहा जाता है।

स्थूलस्तेय—स्थूलं चौरादिव्यपदेशनिबन्धनं स्तेयम्। (योगशा. स्वो. विव. २–६५)।

जिस अपहरण से चोर कहलाते हैं ऐसे परकीय वस्तु के अपहरण को स्थूल स्तेय कहा जाता है।

स्थूलस्थूल—१. भूम्यद्रि-वन-जीमूत-विमान-भवनादयः। कृत्रिमाकृत्रिमद्रव्यं स्थूलस्थूलमुदाहृतम् ॥ (वरांगच. २६–१६)। २. स्थूलस्थूल: पृथिव्यादिः भेदैः स्कन्धः प्रकीर्तितः ॥ (म. पु. २४–१५३; जम्बू. च. ३–५२)।

१ पृथिवी, पर्वत, वन, मेघ, विमान और भवन आदि जो कृत्रिम और अकृत्रिम द्रव्य हैं उन्हें स्थूल-स्थूल कहा गया है।

स्थैर्य—१. स्थैर्यं पुनः अभ्युपगतापरित्यागः। (दशवै. नि. हरि. वृ. ५७)। २. स्थैर्यं तु जिनशासने निष्प्रकम्पता। (ध्यानश. हरि. वृ. ३२)। ३. स्थैर्यं जिनधर्मं प्रति चलितचित्तस्य परस्य स्थिरत्वापादनं स्वयं वा परतीर्थिकर्द्धिदर्शनेऽपि जिनशासनं प्रति निष्प्रकम्पता। (योगशा. स्वो. विव. २–१६)।

१ स्वीकृत को न छोड़ना, इसका नाम स्थैर्य है। ३ जिसका चित्त धर्म के प्रति चलायमान हो रहा है ऐसे दूसरे को उसमें स्थिर करना अथवा स्वयं मिथ्यादृष्टियों की ऋद्धि के देखने पर भी जिन-शासन के प्रति अडिग रहना, इसे स्थैर्य कहा जाता है। यह सम्यक्त्व के पांच भूषणों में प्रथम है।

स्थौल्य—देखो स्थूल। स्थूलयते परिवृंहयति, स्थूल्यतेऽसौ, स्थूल्यतेऽनेन, स्थूलनमात्रं स्थूलः, स्थूलस्य भावः कर्म वा स्थौल्यम्। (त. वा. ५–२४)।

जो बढ़ता है या जिसके द्वारा स्थूल किया जाता है वह स्थूल कहलाता है। स्थूल के भाव को अथवा क्रिया का नाम स्थूल या स्थौल्य है।

स्नातक—१. प्रक्षीणघातिकर्माणः केवलिनो द्विविधाः स्नातकाः। (स. सि. ६–४६; त. श्लो. ९–४६)। २. सयोगाः शैलेशीप्रतिपन्नाश्च केवलिनः स्नातका इति। (त. भा. ९–४८)। ३. प्रक्षीणघातिकर्माणः केवलिनः स्नातकाः। ज्ञानावरणादिघातिकर्मक्षयादाविर्भूतकेवलज्ञानाद्यतिशयविभूतयः संयोगिशैलेशिनो लब्धास्पदाः केवलिनः स्नातकाः। (त. वा. ९, ४६, ५)। ४. प्रक्षीणघातिकर्माणः स्नातकाः केवलीश्वराः ॥ (ह. पु. ६४–६४)। ५. सह योगेन सयोगः त्रयोदशगुणस्थानवर्तिनो निरस्तघातिकर्मचतुष्टयाः केवलिनः स्नातकाः, प्रक्षालितसंकलघातिकर्ममलपटला इत्यर्थः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–४८); स्नातकाः सयोगायोगकेवलिनः। (त. भा सिद्ध. वृ. ९–४९)। ६. ज्ञानावरणादिघातिकर्मक्षयादाविर्भूतकेवलज्ञानाद्यतिशयविभूतयः सयोगिशैलेशिनो नवलब्धास्पदाः केवलिनः स्नातकाः। (चा सा. पृ. ४५)। ७. तीर्थंकरकेवलीतरकेवलिभेदाद् द्विप्रकारा अपि केवलिनः स्नातका उच्यन्ते। (त. वृत्ति श्रुत. ९–४६)।

१ जिनके घातिया कर्म नष्ट हो चुके हैं ऐसे दोनों—सयोग व अयोग—केवलियों को स्नातक कहा जाता है। २ सयोग केवली और शैलेशी अवस्था को प्राप्त (अयोग) केवली स्नातक कहलाते हैं।

स्निग्ध—१. बाह्याभ्यन्तरकारणवशाद् स्नेहपर्यायाविर्भावात् स्निह्यते स्मेति स्निग्धः। (स. सि. ५–३३)। २. स्नेहपर्यायाविर्भावात् स्निह्यते स्मेति स्निग्धः। बाह्याभ्यन्तरकारणवशात् स्नेहपर्यायाविर्भावात् स्निह्यते स्मेति स्निग्धः। (त. वा. ५, ३३, १)। ३. संयोगे सति संयोगिनां बन्धकारणं स्निग्धः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ६०; त. भा. सिद्ध. वृ. ५–२३)। ४. स्निह्यति स्म बहिरभ्यन्तरकारणद्वयवशात् स्नेहपर्यायप्रादुर्भावाच्चिक्कणः संजातः स्निग्ध इत्युच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ५–३३)।

१ बाह्य और अभ्यन्तर दोनों कारणों के वश स्नेह पर्याय के प्रादुर्भूत होने से जो स्नेह को प्राप्त हो चुका है उसका नाम स्निग्ध है। ३ जो स्पर्श संयोग के होने पर संयोगी पदार्थों के बन्ध का कारण होता है उसे स्निग्ध कहते हैं।

स्निग्ध नामकर्म—एवं सेसफासाणं पि अत्थो वत्तव्वो (जस्स कम्मस्स उदएण सरीरपोग्गलाणं णिद्धभावो होदि तं णिद्धं णामं)। (धव. पु. ६, पृ. ७५)।

जिस कर्म के उदय से शरीरगत पुद्गलों के स्निग्धता होती है उसे स्निग्ध नामकर्म कहते हैं।

स्नेहदोष—उड्ढे सग्रंकवड्ढियबालें अज्जाउ तह अणाहाओ। पासंतस्स सिणेहो हवेज्ज अच्चंतिय-विओगे ॥ (भ. आ. ३६३)।

वृद्ध यतियों, अपनी गोद में वर्धित बाल यतियों और अनाथ आर्यिकाओं को देखने वाले समाधिस्थ आचार्य के आत्यन्तिक वियोग में स्नेह हो सकता है, यह अपने गण में रहने पर दोष होगा। इस विचार से समाधिमरण से उद्यत आचार्य अपने गण से चले जाते हैं।

स्नेहप्रत्ययस्पर्धक—१. णेहणिमित्त फड्डगं णाम एगेगरूवेणं वड्ढिताणं वग्गणाणं समुदाओ। × × × अविभागाणं वग्गणाणं अणंताणंतसमुदाओ फड्डगं। (कर्मप्र चू. ब. क. २२)। २. स्नेहप्रत्ययं स्नेह-निमित्तम् एकैकस्नेहाविभागवृद्धानां पुद्गलवर्गणानां समुदायरूपं स्पर्धकं स्नेहप्रत्ययस्पर्धकम्। तच्चैकमेव भवति। (कर्मप्र. मलय. वृ. वं. क. २२)।

२ स्नेह (चिक्कणता) निमित्तक एक-एक स्नेहविभाग से वृद्धिगत पुद्गल वर्गणाओं के समूह को स्नेहप्रत्यय-स्पर्धक कहा जाता है।

स्नेहराग—स्नेहरागस्तु विषयादिनिमित्तविकलो ऽविनीतेष्वप्यपत्यादिषु यो भवति। (आव. नि. हरि. वृ. ६१८, पृ. ३८८)।

विषयादि के निमित्त बिकल होता हुआ जो विनय से रहित भी पुत्रादिकों में राग होता है उसे स्नेह-राग कहा जाता है। यह अप्रशस्त नोआगमभाव-राग के तीन भेदों में तीसरा है।

स्पर्धक—१. फद्दयपरूवणाए असंखेज्जाओ वग्ग-णाओ सेढीए असंखेज्जदिभागमेत्तीयो तमेगं फद्दयं होदि। (षट्खं. ४, २, ४, १८२ - धव. पु १०, पृ. ४५२)। २. अविभागपरिच्छिन्नकर्मप्रदेशरस-भागप्रचयपंक्तेः क्रमवृद्धिः क्रमहानिः स्पर्धकम्। (त. वा. २, ५, ४; त. श्लो. २-५)। ३. क्रमवृद्धिः क्रमहानिश्च यत्र विद्यते तत्स्पर्धकम्। (धव. पु. १०, पृ. ४५२); एगवग्गोलीए दव्वट्ठियणयावलंबणेण संगतोखित्तासेसवग्गाए कमवड्ढि-कमहाणीहि ट्ठिद-सेढीए असंखेज्जदिभागमेत्तवग्गणाहि एगं फद्दयं होदि। (धव. पु. १०, पृ. ४५३-५४); क्रमेण स्पर्धते वर्धत इति स्पर्धकम्। (धव. पु. १२, पृ. ६५)। ४. वर्गणानां समूहस्तु स्पर्धकं स्पर्धकापहैः। (पंचसं. अमित. १-४५; समयप्रा. जय. वृ. ५२ उद्.)। ५. वर्गणासमूहलक्षणानि स्पर्द्धकानि × × × अथवा कर्मशक्तेः क्रमेण विशेषवृद्धिः स्पर्द्धकलक्षणम्। (समयप्रा. जय. वृ. ५२)। ६. कर्मपुद्गलशक्तीनां क्रमवृद्धः क्रमहानिश्च स्पर्धकं तावदुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. १-२१)।

१ श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र असंख्यात वर्ग-णाओं को लेकर एक स्पर्धक होता है।

स्पर्धक (अवधिज्ञानविशेष)—स्पर्द्धकं च नामा-वधिज्ञानप्रभाया गवाक्षजालादिद्वारविनिर्गतप्रदीपप्र-भाया इव प्रतिनियतो विच्छेदविशेषः। तथा चाह जिनभद्रगणिक्षमाश्रमणः स्वोपज्ञटीकायाम्—स्पर्द्धक-मवधिविच्छेदविशेष इति। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१७)।

जिस प्रकार झरोखे आदि के द्वार में से निकलती हुई दीपक की प्रभा के प्रतिनियतविच्छेद (अविभाग-प्रतिच्छेद) होते हैं उसी प्रकार अवधिज्ञान की प्रभा के जो प्रतिनियत विच्छेदविशेष होते हैं उनके समुदित रूप का नाम स्पर्धक है। इसका सम्बन्ध स्पर्धक रूप से उत्पन्न होने वाले अन्तगत अवधि-ज्ञान से है।

स्पर्शन (इन्द्रिय)—१. आत्मना स्पृश्यतेऽनेनेति स्पर्शनम्, स्पृशतीति स्पर्शनम्। (स. सि. २-१६)। २. वीर्यान्तराय-प्रतिनियतेन्द्रियावरणक्षयोपशमांगो-पांगनामलाभावष्टम्भात् स्पर्शयत्यनेनात्मेति स्पर्श-नम्। (त. वा. २, १६, १)। ३. वीर्यान्तराय-स्पर्शनेन्द्रियावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामलाभावष्ट-म्भात्स्पृशत्यनेनेति स्पर्शनम्। (धव. पु. १, पृ. २३७); वीर्यान्तराय-स्पर्शनेन्द्रियावरणक्षयोपशमे सति शेषेन्द्रियसर्वघातिस्पर्धकोदये चैकेन्द्रियजाति-नामकर्मोदयवशवर्तितायां च सत्यां स्पर्शनमिन्द्रिय-माविर्भवति। (धव. पु १, पृ. २४०)। ४. वीर्या-न्तराय-मतिज्ञानावरणक्षयोपशमांगोपांगनामलाभावष्ट-म्भबलादात्मना स्पृश्यतेऽनेनेति स्पर्शनम्। (मूला. वृ. १-१५)।

२ वीर्यान्तराय और प्रतिनियत इन्द्रियावरण के क्षयोपशम तथा आंगोपांग नामकर्म के लाभ के आश्रय से जिसके द्वारा स्पर्श किया जाता है उसे स्पर्शन इन्द्रिय कहते हैं।

स्पर्शन (एक विशेष अनुयोगद्वार)—१. तदेव स्पर्शनं त्रिकालगोचरम्। (स. सि. १-८)। २.

अवस्थाविशेषस्य वैचित्र्यात् त्रिकालविषयोपश्लेष-निश्चयार्थं स्पर्शनम्। (त. वा. १, ८, ५)। ३. तदेव त्रिकालगोचरं स्पर्शनम्। (न्यायकु. ७६, पृ. ८०३; लघीय. अभय. वृ. ७६, पृ. ६६)। ४. क्षेत्रमेव त्रिकालगोचरं स्पर्शनम्। (त. वृत्ति श्रुत. १-८)।

२ अवस्थाविशेष की विचित्रता से जीव का तीनों कालों में कहाँ तक जाना-आना सम्भव है, इसका विचार जिस अनुयोगद्वार में किया जाता है उसे स्पर्शन कहा जाता है।

स्पर्शनक्रिया—देखो जीवस्पर्शन व अजीवस्पर्शन क्रिया। १. प्रमादवशात्स्पृष्टव्यसञ्चेतनानुबन्धः स्पर्शनक्रिया। (स. सि ६-५; त. वा. ६, ५, ६)। २. सचेतनानुबन्धो यः स्पृष्टव्येऽनिप्रमादिनः। सा स्पर्शनक्रिया ज्ञेया कर्मोपादानकारणम्॥ (ह. पु. ५८-७०)। ३. × × × स्पर्शे स्पृष्टधीः स्पर्शनक्रिया॥ (त. श्लो. ६, ५, १२)। ४. प्रमादपरतन्त्रस्य कमनीयकामिनीस्पर्शनानुबन्धः स्पर्शनक्रिया। (त वृत्ति श्रुत. ६-५)।

१ प्रमाद के वश होकर स्पर्श करने के योग्य—चेतन-अचेतन—पदार्थ के चिन्तन की निरन्तरता का नाम स्पर्शनक्रिया है।

स्पर्शनाम—१. यस्योदयात्स्पर्शप्रादुर्भावस्तत्स्पर्शनाम। (स. सि. ८-११; त. वा. ८, ११, १०)। २. औदारिकादिशरीरेषु यस्य कर्मण उदयात् कठिनादिः स्पर्शविशेषः समुपजायते तत् स्पर्शनामाष्टविधम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-१२)। ३. जस्स कम्मक्खंधस्स उदएण जीवसरीरे जाइपडिणियदो पासो उप्पज्जदि तस्स कम्मक्खंधस्स पाससण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ५५)। ४. स्पर्शनस्योदयाद्यस्य प्रादुर्भावेन भूयते। स्पर्शनाम भवत्येतत् प्रविभक्तमिवाष्टधा॥ (ह. पु. ५८-२५६)। ५. यस्य कर्मस्कन्धस्योदयेन जीवशरीरे जातिप्रतिनियतः स्पर्शः उत्पद्यते तत्स्पर्शनाम। (मूला. वृ. १२, १९४)। ६. यदुदयात्स्पर्शोत्पत्तिस्तत्स्पर्शनाम। (भ. आ. मूला. २१२४)। ७. यत्पाकेन स्पर्श उत्पद्यते स स्पर्श अष्टप्रकारो भवति। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)। ८. यस्योदयात् स्पर्शप्रादुर्भावः तत् स्पर्शनाम। (गो. क. जी. प्र ३३)।

१ जिस कर्म के उदय से शरीर में स्पर्श उत्पन्न होता है उसे स्पर्श नामकर्म कहते हैं। २ जिस कर्म के उदय से औदारिक आदि शरीरों में कठिन आदि स्पर्शविशेष उत्पन्न होता है वह स्पर्श नामकर्म कहलाता है।

स्पर्शनेन्द्रियनिरोध—१. जीवाजीवसमुत्थे कक्कडमउगादिअट्ठभेदजुदे। फासे सुहे य असुहे फासणिरोहो असंमोहो॥ (मूला. १-२१)। २. जीवाजीवोभयस्पर्शे कर्कशाद्यष्टभेदके। शुभेऽशुभेतिमध्यस्थं मनःस्पर्शाक्षनिर्जयः॥ (आचा. सा. १-३२)।

१ जो आठ प्रकार का स्पर्श जीव-अजीव में सम्भव है वह चाहे सुखकर हो अथवा दुःखकर, उसमें संमोह—हर्ष या विषाद—को प्राप्त न होना; इसे स्पर्शन इन्द्रिय का निरोध कहा जाता है।

स्पर्शनेन्द्रियव्यञ्जनावग्रह—कक्खड-मउअ-गरुअ-लहुअ-णिद्ध-लुक्ख-सीदुण्हदव्वाणि फासिदियस्स विसओ। एदेसु दव्वेसु संपत्त-फासिदियसु जं णाणमुप्पज्जदि तं फासिदियवंजणोग्गहो। (धव. पु. १३, पृ. २२५)।

कर्कश आदि आठ प्रकार का स्पर्श स्पर्शन इन्द्रिय का विषय है, इन द्रव्यों के स्पर्शन इन्द्रिय को प्राप्त होने पर जो ज्ञान होता है उसे स्पर्शनेन्द्रियव्यञ्जनावग्रह कहते हैं।

स्पर्शनेन्द्रियव्यञ्जनावग्रहावरणीय—तस्स (फासिदियवंजणोग्गहस्स) जमावारयं कम्मं तं फासिदियवंजणोग्गहावरणीयं। (धव. पु. १३, पृ. २२५)।

स्पर्शनेन्द्रियव्यञ्जनावग्रह के आवारक कर्म को स्पर्शनेन्द्रियव्यञ्जनावग्रहावरणीय कहते हैं।

स्पर्शनेन्द्रियार्थावग्रह—फासिदियदो एत्तियमद्धाणमंतरिय ट्ठिददव्वम्हि जं णाणमुप्पज्जदि फासविसयं तं फासिदिय-अत्थोग्गहो। (धव. पु. १३, पृ. २२८)।

स्पर्शन इन्द्रिय से इतने अध्वान का अन्तर करके स्थित द्रव्य के विषय में जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह स्पर्शनेन्द्रिय-अर्थावग्रह कहलाता है।

स्पर्शनेन्द्रियार्थावग्रहावरणीय—तस्स (फासिदियअत्थोग्गहस्स) जमावारयं कम्मं तं फासिदियअत्थोग्गहावरणीयं णाम। (धव. पु. १३, पृ. २२८)।

स्पर्शनेन्द्रियार्थावग्रह के आवारक कर्म को स्पर्शनेन्द्रियार्थावग्रहावरणीयकर्म कहा जाता है।

स्पर्शनेन्द्रियेहाज्ञान—फासिदिएण णिद्धादिफासमादाय किमेसो मयणफासो कि वज्जलेवफासो कि कुमारिगिरफासो कि विसिदमासफासो त्ति एदेसु

अण्णदमस्स लिंगण्णेसणं फासिंदियपदईहा। (धव. पु. १३, पृ. २३१)।

स्पर्शन इन्द्रिय के द्वारा स्निग्ध आदि स्पर्श को ग्रहण करके क्या यह मदन स्पर्श है, क्या वज्रलेपस्पर्श है, क्या कुमारिमिरस्पर्श है, अथवा क्या पिशित-मांस-स्पर्श है, इस प्रकार इनमें से किसी एक के हेतु का अन्वेषण करना, इसे स्पर्शनेन्द्रियजन्य ईहाज्ञान कहा जाता है।

स्पर्शनेन्द्रियेहावरणीय तिस्से (फासिंदिय-ईहा-याः) आवारयं कम्मं फासिंदियईहावरणीयं। (धव. पु. १३, पृ २३२)।

स्पर्शनेन्द्रिय-ईहाज्ञान के आवरक कर्म का नाम स्पर्शनेन्द्रियेहावरणीय कर्म है।

स्फोट—स्फुटति प्रकटीभवत्यर्थोऽस्मिन्निति स्फोट-श्चिदात्मा। (न्यायकु. ६५, पृ. ७५४)।

जहां अर्थ प्रकट होता है उस चेतन आत्मा को जैन दृष्टिकोण से स्फोट कहा जा सकता है।

स्फोटजीविका—१. फोडिकम्म उदत्तेणं हलेण वा भूमीफोडणं। (आव. हरि. वृ. ६–७, पृ. ८२६)। २. सरःकूपादिखननं शिलाकुट्टनकर्मभिः। पृथि-व्यारम्भसंभूतैर्जीवनं स्फोटजीविका॥ (योगशा. ३–१०६; त्रि. श. पु. च. ६, ३, ३४०)। ३. स्फोट-जीविका उडादिकर्मणा पृथिवीकायिकाद्युपमर्दहेतुना जीवनम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५–२१)।

१ उदत्त अथवा हल से पृथिवी को फोड़कर जो आजीविका की जाती है उसे स्फोटकर्म या स्फोट-जीविका कहते हैं। २ तालाब व कुएं के खोदने आदि शिलाओं को तोड़ने अथवा चिनने आदि की क्रियाओं के द्वारा आजीविका करने का नाम स्फोटजीविका है। यह क्रिया पृथिवी के आरम्भ से सम्पन्न होती है। ३ पृथिवीकायिकादि-जीवों के उपमर्दन की हेतुभूत उडादि क्रिया के द्वारा जीविकायापन करने को स्फोटजीविका कहा जाता है।

स्मय—परापराधसहनप्रायत्वात् स्मयः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१०)।

परकृत अपराध के सहनप्राय होने से स्मय होता है। यह मान के पर्यायनामों के अन्तर्गत है।

स्मरण—देखो स्मृति।

स्मरणाभास—१. अतस्मिंस्तदिति ज्ञानं स्मरणा-भास जिनदत्ते स देवदत्तो यथा। (परीक्षा. ६–८)। २ अतस्मिंस्तदिति परामर्शः स्मृत्याभासः। (लघीय. अभय. वृ. २५, पृ. ४६)।

१ जो 'यह' नहीं है उसमें जो 'यह' का ज्ञान होता है उसे स्मरणाभास माना जाता है। जैसे—जो जिनदत्त देवदत्त नहीं है उसमें 'यह देवदत्त है', इस प्रकार का ज्ञान।

स्मरतीव्राभिनिवेश—देखो कामतीव्राभिनिवेश व कामतीव्राभिलाष। स्मरतीव्राभिनिवेशः कामेऽतिमा-त्रम ग्रहः, परित्यक्तान्यसकलव्यापारस्य तदध्यवसायि-तेत्यर्थः। (सा. ध. स्वो. टी. ४–५८)।

काम के विषय में अतिशय आग्रह रखना अर्थात् अन्य समस्त व्यापार को छोड़कर काम में ही प्रवृत्त रहना, इसे स्मरतीव्राभिनिवेश कहा जाता है। यह ब्रह्मचर्याणुव्रत का एक अतिचार है।

स्मृति—१. प्रमाणमर्थसंवादात् प्रत्यक्षान्वयिनी स्मृतिः। (प्रमाणसं. १०)। २. स्मृतिज्ञानं प्राक् परिच्छिन्नेन्द्रियार्थग्राहि मानसं। (त. भा. हरि. वृ. १–१३)। ३. दिट्ठ-सुदाणुभूदट्ठविसयणाणमिदिसिद-जीवो सदी णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३३३)। ४. तदित्याकारानुभूतार्थविषया स्मृतिः। (प्रमाणप. पृ. ६६)। ५. स्मरणं स्मृतिः, सैव ज्ञानं स्मृतिज्ञानम्, तैरेवेन्द्रियैर्यः परिच्छिन्नो विषयो रूपादिस्तं यत् कालान्तरेण विनष्टमपि स्मरति तत् स्मृतिज्ञानम्, अतीतवस्त्वालम्बनमेककर्तृकं चैतन्यपरिणतिस्वभावं मनोज्ञानमिति यावत्। (त. भा. सिद्ध. वृ. १-१३); स्मर्यतेऽनेनेति स्मृतिर्मनोऽभिधीयते, स्मृतिहेतुत्वाद् वा स्मृतिर्मनः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–३१)। ६. संस्कारोद्बोधनिबन्धना तदित्याकारा स्मृतिः। स देवदत्तो यथा। (परीक्षा. ३, ३–४)। ७. ज्ञान-विशेष एव हि संस्कारविशेषप्रभवः तदित्याकारो-ऽनुभूतार्थविषयः स्मृतिरित्युच्यते। (न्यायकु. १०, पृ. ४०६)। ८. तदित्याकारानुभूतार्थविषया हि प्रतीतिः स्मृतिः। (प्र. क. मा. ३–४)। ९. किमि-दं स्मरणं नाम? तदित्यतीतावभासी प्रत्ययः। (प्रमाणनि. पृ. ३३)। १०. ततः कालान्तरे कुत-श्चित्तादृशार्थदर्शनादिकात् संस्कारस्य प्रबोधे यद्-ज्ञानमुदयते तदेवेदं यन्मया प्रागुपलब्धम् इत्यादिरूपा सा स्मृतिः। (आव. नि. मलय. वृ. २, पृ. २३);

स्मरणं स्मृतिः पूर्वानुभूतार्थालम्बनप्रत्ययः। (आव. नि. मलय. वृ १२)। ११. तदिति स्वयमनुभूतातीतार्थग्राहिणी प्रतीतिः स्मृतिः। (अन. ध. स्वो. टी. ३-४)। १२. धारणाबलोद्भूताऽतीतार्थविषया तदिति परामर्शिनी स्मृतिः। (लघीय. अभय. वृ. ३-१, पृ. २६)। १३. तदित्याकारा प्रागनुभूतवस्तुविषया स्मृतिः। यथा—स देवदत्त इति। (न्यायदी. पृ. ५३)। १४. 'तत्' इति अतीतार्थग्राहिणी प्रतीतिः स्मृतिरुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. १-१३)।

१ प्रत्यक्ष से अन्वय रखने वाली—अनुभूत पदार्थ को विषय करने वाली—स्मृति यथार्थ होने से प्रमाण है। २ जो मानसज्ञान पूर्वमें जाने गये इन्द्रिय के विषयभूत पदार्थ को ग्रहण किया करता है उसका नाम स्मृति है। ३ दृष्ट, श्रुत व अनुभूत पदार्थ को विषय करने वाले ज्ञान से जो जीव विशेषता को प्राप्त है उसे स्मृति कहा जाता है। ४ जिसका आकार 'तत् (वह)' है ऐसे अनुभूत पदार्थ के विषय करने वाले ज्ञान को स्मृति कहते हैं।

स्मृत्यनुपस्थान—१. अनैकाग्र्यं स्मृत्यनुपस्थानम्। (स. सि. ७-३३; त. श्लो. ७-३३)। २. अनैकाग्र्य स्मृत्यनुपस्थानम्। अनैकाग्र्यमसमाहितमनस्कता स्मृत्यनुपस्थानमित्याख्यायते। (त. वा. ७, ३३, ४)। ३. अनैकाग्र्यमसमाहितमनस्कता स्मृत्यनुपस्थानम्, अथवा रात्रिंदिव प्रमादिकस्य संचिन्त्यानुपस्थानं स्मृत्यनुपस्थानम्। (चा. सा. पृ. ११)। ४. स्मृतौ स्मरणे सामायिकस्याऽनुपस्थापनं स्मृत्यनुपस्थापनं सामायिकं मया कर्तव्यं न कर्तव्यमिति वा, सामायिकं मया कृतं न कृतमिति वा प्रबलप्रमादाद्यदा न स्मरति तदा अतिचारः, स्मृतिमूलत्वान्मोक्षसाधनानुष्ठानस्य। (योगशा. स्वो. विव. ३-११६); स्मृत्यनुपस्थापनं तद्विषयमेवेति पञ्चमः। (योगशा. स्वो. विव. ३-११८)। ५. स्मृतेरनुपस्थापनं सामायिकेऽनैकाग्र्यमित्यर्थः। (सा. ध. स्वो. टी. ५-३३)। ६. स्मृतेरनुपस्थापनं विस्मृतिः, न ज्ञायते किं मया पठितं किं वा न पठितम्, एकाग्रतारहितमित्यर्थः। (त. वृत्ति श्रुत. ७-३३); स्मृतेरनुपस्थापनं विस्मरणं स्मृत्यनुपस्थानम्। (त. वृत्ति श्रुत. ७-३४)। ७. अस्ति स्मृत्यनुपस्थापनं दूषणं प्रकृतस्य यत्। न्यूनं वर्णैः पदैर्वाक्यैः पठ्यते यत्प्रमादतः॥ (लाटीसं. ६-१६४)।

१ सामायिक के विषय में एकाग्रता न रहना, यह सामायिक का स्मृत्यनुपस्थान नाम का एक अतिचार है। ४ सामायिक मुझे करना है या नहीं करना है, अथवा सामायिक मैं कर चुका हूं या अभी नहीं की है; इस प्रकार प्रबल प्रमाद के कारण स्मृति में उपस्थित न रहने पर स्मृत्यनुपस्थान नामक सामायिक का अतिचार होता है। स्मृत्यनुपस्थापन यह स्मृत्यनुपस्थान का नामान्तर है। इसी प्रकार पोषधव्रत के विषय में स्मरण न रहने पर पोषधव्रत का भी उक्त नाम का अतिचार होता है।

स्मृत्यनुपस्थापन—देखो स्मृत्यनुपस्थान।

स्मृत्यन्तराधान—१. अननुस्मरणं स्मृत्यन्तराधानम्। (स. सि. ७-३०)। २. अननुस्मरणं स्मृत्यन्तराधानम्। अनुस्मरणं परामर्शनं प्रत्यवेक्षणमित्यनर्थान्तरम्, इदमिदं मया योजनादिभिरभिज्ञानं कृतमिति, तदभावः स्मृत्यन्तराधानम्। (त. वा. ७, ३०, ५)। ३. स्मृतेर्भ्रंशोऽन्तर्धानं स्मृत्यन्तर्धानं किं मया परिगृहीतं कया वा मर्यादयेत्येवमननुस्मरणमित्यर्थः। (श्रा. प्र. टी. २८३)। ४. प्रमाद-मोह-व्यासंगादिभिः अननुस्मरणं स्मृत्यन्तराधानम्। (त. श्लो. ७-३०)। ५. इदमिदं मया योजनादिभिरभिज्ञानं कृतमिति, तदभावः स्मृत्यन्तराधानम्। (चा. सा. पृ. ८)। ६. स्मृतेर्योजनशतादिरूपदिक्परिमाणविषयाया अतिव्याकुलत्व-प्रमादित्व-मत्यपाटवादिनाऽन्तर्धानं भ्रंशः। (योगशा. स्वो. विव. ३-९७)। ७. स्मृतेरन्तरं विच्छित्तिः स्मृत्यन्तरम्, तस्य आधानं विधानं स्मृत्यन्तराधानम्, अननुस्मरणं योजनादिकृतावधेर्विस्मरणमित्यर्थः। (त. वृत्ति श्रुत. ७-३०; कार्तिके. टी. ३४२)। ८. स्मृतं स्मृत्यन्तराधानं विस्मृतं च पुनः स्मृतम्। दूषणं दिग्विरतेः स्यादनिर्णीतमियत्तया॥ (लाटीसं. ६-१२१)।

२ दिग्व्रत में मैंने इतने इतने योजन जाने का नियम किया है, इसका स्मरण न रहना, यह दिग्व्रत का स्मृत्यन्तराधान नाम का अतिचार है।

स्यन्दन—चक्कवट्टि-बलदेवाणं चउणजोग्गा सव्वाउहावुण्णा णिमण-पवणवेगा अच्छिं भंगे वि चक्कवट्टणगुणेण अपडिहयगमणा संदणा णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३९)।

चक्रवर्ती और बलदेव के चढ़ने योग्य, सब आयुधों से परिपूर्ण एवं गंभीर पवनके समानवेग वाले जो विशेष जाति के रथ होते हैं उन्हें स्यन्दन कहा जाता है। उनके पहियों की रचना इस प्रकार की होती है कि अक्ष (धुरा) के टूट जाने पर भी उनके गमन में बाधा नहीं होती।

स्यात् शब्द—१. सर्वथानियमत्यागी यथादृष्टमपेक्षकः। स्याच्छब्दस्तावके न्याये ××× ॥ (स्वयम्भू. १८-१७)। २. णियमणिसेहणसीलो णिपादणादो य जो हु खलु सिद्धो। सो सियसद्दो भणियो जो सावेक्खं पसाहेदि॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. २५३)।

१ सर्वथा सत् ही है या असत् ही है, एक ही है या अनेकही है तथा भिन्न ही है या अभिन्न ही है, इत्यादि परस्पर विरुद्ध दिखने वाले धर्मों मे से 'सर्वथा सत् ही है असत् किसी भी प्रकार से सम्भव नहीं है' इत्यादि प्रकार से एकान्त पक्ष का निराकरण करता हुआ जो जैसा वस्तु का स्वरूप देखा गया है उसकी अपेक्षा करने वाला है—नयविवक्षा के अनुसार—मुख्यता व गौणता के अनुसार—उभय धर्मों की व्यवस्था करने वाला है वह 'स्यात्' शब्द है, जिसे जैन न्याय में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।

स्याद्वाद—देखो स्यात् शब्द। १. स्याद्वादः सर्वथैकान्तत्यागात् किंवृत्तचिद्विधिः। सप्तभंगनयापेक्षो हेयादेयविशेषकः॥ (आ. मी. १०४)। २. स्याद्वादः सकलादेशः ××× ॥ (लघीय. ६२); अनेकान्तात्मकार्थकथनं स्याद्वादः। (लघीय. स्वो. विव. ६२)। ३. कथञ्चित् केनचित् कश्चित् कुतश्चित् कस्यचित् क्वचित्। कदाचिच्चेति पर्यायात् स्याद्वादः सप्तभंगभृत्॥ (जयध. १, पृ. २०६ उद्.)। ४. अनेकधर्मस्वभावस्यार्थस्य जीवादेः कथनं स्याद्वादः। ××× तस्य (अर्थस्य) अनेकान्तात्मकत्वनिरूपणं स्याद्वादः। (न्यायकु. ६२, पृ. ६८६)। ५. निर्दिश्यमानधर्मव्यतिरिक्ताशेषधर्मान्तरसूचकेन स्याता युक्तो वादोऽभिप्रेतधर्मवचनं स्याद्वादः। (न्यायाव. वृ. ३०)। ६. सर्वथा सदसदेकानेकनित्यानित्यादिसकलैकान्तप्रत्यनीकानेकान्ततत्त्वविषयः स्याद्वादः (आप्त मी. वसु. वृ १०१)। ७. अस्तीत्यादिसप्तभङ्गमयो वादः स्याद्वादः। (लघीय. अभय. वृ. ५१, पृ. ७४); स्यात् कथंचित् प्रतिपक्षापेक्षया वचनं स्याद्वादः। (लघीय. अभय. वृ. ६२, पृ. ८३-८४)।

१ जो सर्वथा एकान्त को छोड़कर किंवृत्तचिद्विधि—किंचित् व कथंचित् आदि के आश्रय से वस्तुतत्त्व का विधान करता है, सात भंगों व नयों की अपेक्षा करता है तथा हेय-आदेय की व्यवस्था करता है उसका नाम स्याद्वाद है। अनेकान्त स्वरूप अर्थ के कथन को स्याद्वाद कहते हैं। २ जो सब अंशों से परिपूर्ण—अनेकान्तात्मक—वस्तु का कथन करता है, ऐसे वचन का नाम स्याद्वाद है। ५. निर्दिश्यमान धर्म से भिन्न समस्त धर्मों के सूचक 'स्यात्' शब्द से युक्त वाद को—अभीष्ट धर्म के कथन को—स्याद्वाद कहा जाता है।

स्याद्वादश्रुत—देखो स्याद्वाद। १. नयानामेकनिष्ठानां प्रवृत्तेः श्रुतवर्त्मनि। सम्पूर्णार्थविनिश्चायि स्याद्वादश्रुतमुच्यते॥ (न्यायाव. ३०)। २. तदात्मकं (स्याद्वादात्मकं) श्रुतं स्याद्वादश्रुतम्॥ (न्यायाव. वृ. ३०)॥

१ एक धर्म में चरितार्थ नयों की प्रवृत्ति से आगममार्ग में जो सम्पूर्ण पदार्थ का निश्चय कराने वाला—उसके निश्चय का कारणभूत वचन है—उसे स्याद्वादश्रुत कहा जाता है।

स्वकचरितचर—देखो स्वचरितचर।

स्वकीयवधू—बन्धु-पित्रादिसाक्षिकेण स्वकीया स्वीकृता वधू। दया-शौच-क्षमा-शील-सत्यादिगुणभूषिता॥ (धर्मसं. श्रा. ५-६१)।

जिसे बन्धुजन एवं माता-पिता आदि की साक्षी में स्वीकार किया जाता है तथा जो दया, शौच, क्षमा, शील और सत्य आदि गुणों से विभूषित होती है वह स्वकीयवधू (पत्नी) कहलाती है।

स्वकृत संहरण—स्वकृतं चारणानां विद्याधराणां चेच्छातो विशिष्टस्थानाश्रयणम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. १०-७)।

चारण ऋषि और विद्याधर जो स्वेच्छा से विशिष्ट स्थान का आश्रय करते हैं, इसे स्वकृत संहरण कहा जाता है।

स्वक्षेत्रपरिवर्तन—कश्चिज्जीवः सूक्ष्मनिगोदजघन्यावगाहनेनोत्पन्नः स्वस्थितिं जीवित्वा मृतः, पुनः प्रदेशोत्तरावगाहनेन उत्पन्नः, एवं द्वयादिप्रदेशोत्तरक्रमेण महामत्स्यावगाहनपर्यन्ताः संख्यातघनांगुल-

प्रमितावगाहनविकल्पाः तेनैव जीवेन यावत्स्वीकृताः, तत्सर्वं समुदितं स्वक्षेत्रपरिवर्तनम् । (गो. जी. जी. प्र. ५६०) ।

कोई जीव सूक्ष्म निगोद जीव की जघन्य अवगाहना से उत्पन्न होकर अपनी स्थिति प्रमाण जीवित रहने के पश्चात् मरा और एक-एक प्रदेश अधिक के क्रम से पूर्वोक्त अवगाहना से उत्पन्न हुआ, इसी प्रकार दो तीन आदि उत्तरोत्तर अधिक प्रदेशों के क्रम से जन्म को ग्रहण करते हुए महामत्स्य की अवगाहना पर्यन्त जो संख्यात घनांगुल प्रमाण अवगाहना के विकल्प हैं उनको उक्त जीव ने स्वीकार किया। इस सबके समुदाय का नाम स्वक्षेत्रपरिवर्तन है।

स्वक्षेत्रसंसार — लोकाकाशतुल्यप्रदेशस्यात्मनः कर्मोदयवशात् संहरण-विसर्पणधर्मणः हीनाधिकप्रदेशपरिमाणावगाहित्वं स्वक्षेत्रसंसारः । (त. वा. ९, ७, ३; चा. सा. पृ. ८०) ।

जीव लोकाकाश के समान असंख्यात प्रदेशों वाला है, उसके कर्मोदय के अनुसार स्वभावतः इन प्रदेशों में संकोच व विस्तार हुआ करता है, इस प्रकार हीनाधिक अवगाहना से युक्त होना, इसका नाम स्वक्षेत्रसंसार है।

स्वगुणस्तव—१. स्वतप-श्रुत-जात्यादिवर्णनं स्वगुणस्तवः । (आचा. सा. ८—४३) । २. स्वकीयतप-श्रुत-जाति-कुलादिवर्णनं स्वगुणस्तवनम् । भावप्रा. टी. ९९) ।

१ अपने तप, श्रुत और जाति आदि के वर्णन को स्वगुणस्तव कहा जाता है। इस प्रकार से यदि साधु भोजन प्राप्त करता है तो वह स्वगुणस्तव नामक उत्पादनदोष से दूषित होता है।

स्वचरितचर—जो सव्वसंगमुक्को णण्णमणो अप्पणं सहावेण । जाणदि पस्सदि णियदं (ति. प. 'आदं') सो सगचरियं चरदि जीवो ।। (पंचा. का. १५८; ति. प. ९ २२) ।

जो जीव समस्त परिग्रह से रहित होता हुआ पर पदार्थों की ओर से मन को हटाकर उसे एक मात्र आत्मा में ही स्थिर करता है तथा स्वभाव से सदा आत्मा को ही जानता है देखता है वह स्वचरितचर—वीतराग परम सामायिक का आराधन करने वाला होता है।

स्वजाति-उपचरित-असद्भूत व्यवहारनय—दट्ठूणं पडिबिंबं भणदि (द्रव्यस्व 'लवदि') हु तं चेव एस पज्जाओ । सज्जाइ असब्भूओ उवयरिओ णियजाति पज्जाओ ।। (ल. नयच. ५६; द्रव्यस्व. प्र. नयच. २२७) ।

प्रतिबिंब को देखकर 'यह वही (मुखादि रूप) पर्याय है' इस प्रकार जो कहा जाता है, इसे स्वजातिपर्याय में—दर्पणगत मुख पर्याय में—स्वजाति पर्याय—साक्षात् मुखपर्याय—का आरोपण करने वाला असद्भूत व्यवहार नय कहा जाता है।

स्वदारमन्त्रभेद—देखो साकारमन्त्रभेद । १. स्वदारमन्त्रभेदं च स्वकलत्रविश्रब्धभाषितान्यकथनं चेत्यर्थः । (श्रा. प्र. टी. २६३) । २. स्वदारे मन्त्रभेदः स्वदारमन्त्रभेद —स्वदारमन्त्र (भेद) प्रकाशनम्, स्वकलत्रविश्रब्धविशिष्टावस्थामन्त्रितान्यकथनमित्यर्थः । (आव. हरि. वृ. अ. ६, पृ. ८२१) ।

१ अपनी पत्नी के विश्वासपूर्ण कथन को दूसरों से कहना, इसका नाम स्वदारमन्त्रभेद है। यह सत्याणुव्रत का एक अतिचार है।

स्वदारसन्तोषव्रत—देखो ब्रह्मचर्य-अणुव्रत । १. स्वसृ-मातृ-सुताप्रख्या दृष्ट्वाः परयोषितः । स्वदारैरेव सन्तोषः स्वदारव्रतमुच्यते ।। (वरांगच. १५-११५) । २. माया-बहिणिसमाओ दट्ठ्वाओ परस्स महिलाओ । सयदारे संतोसो अणुव्वयं तं चउत्थं तु ।। (धम्मर. १४६) । ३. सोऽस्ति स्वदारसन्तोषी योऽन्यस्त्री-प्रकटस्त्रियौ । न गच्छत्यंहसो भीत्या नान्यैर्गमयति त्रिधा ।। (सा. ध. ४-५२); स्वदारसन्तोषं स्वदारेषु स्वभार्यायां स्वदारैर्वा सन्तोषो मैथुनसंज्ञावेदनाशान्त्या देह-मनसोः स्वास्थ्यापादनम् । (सा. ध. स्वो. टी. ४-५१) ।

१ पर स्त्रियों को बहिन, माता और पुत्री के समान देख कर अपनी पत्नी से ही सन्तोष करना, इसे स्वदारसन्तोषव्रत कहा जाता है।

स्वदेहपरितापकारिणी क्रिया—स्वदेहपरितापकारिणी पुत्र-कलत्रादिवियोगदुःखभाराद्यतिपीडितस्यात्मनस्ताडन-शिरस्फोटनादिलक्षणा । (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-६) ।

पुत्र अथवा स्त्री आदि के वियोग जनित दुःख के भार आदि से अतिशय पीड़ित प्राणी जो अपने को ताड़ित करता है व सिर को फोड़ता है, इत्यादि स्वदेह-

परितापकारिणी क्रिया के लक्षण हैं।

स्वद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकनय — सद्दव्वादिचउक्के संतं दव्वं खु गिण्हए जो खु (द्र. 'उ')। णियदव्वादिसु गाही सो × × × ॥ (ल. नयच. २५; द्रव्यस्व. प्र. नयच. १९७)।

जो स्वद्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन चार से सत् द्रव्य को अपने द्रव्य क्षेत्रादि चार में ग्रहण करता है उसे स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय कहते हैं।

स्वप्ननिमित्त — १. वातादिदोसचत्तो पच्छिमरत्ते मुयंक-रविपहुदिं। णियमुहकमलपविट्ठं देक्खिय सउणम्मि सुहसउणं॥ घड-तेलब्भंगादिं रासह-करभादिएसु आरुहणं। परदेसगमणसव्वं जं देक्खइ असुहसउणं तं॥ जं भासइ दुक्खसुहप्पमुहं कालत्तए वि संजादं। तं चिय सउणणिमित्तं चिण्हो मालो त्ति दोभेदं॥ करि-केसरिपहुदीणं दंसणमेत्तादि चिण्ह- [छिण्ण-]सउणं तं। पुव्वावरसंबंध सउणं तं मालसउणो त्ति॥ (ति. प. ४, १०१३-१६)। २. वात-पित्त-श्लेष्मदोषोदयरहितस्य पश्चिमरात्रिभागे चन्द्र-सूर्य-धरादि-समुद्रमुखप्रवेशनसकलमहीमण्डलोपगूहनादि शुभ-(चा. सा. 'शुभस्वप्नदर्शनात्') घृत-तैलाक्तात्मीयदेहखर-करभारूढादिगमनाद्यशुभस्वप्नदर्शनादागामिजीवितमरण-सुख-दुःखाद्याविर्भावकः स्वप्नः। (त. वा. ३, ३६, ३; चा. सा. पृ. ६६)। ३. छिण्ण-मालासुमिणाणं सव्वं दट्ठूण भाविकज्जावगमो सुमिणं णाम महाणिमित्तं। (धव. पु. ९, पृ. ७३-७४)। ४. यं स्वप्नं दृष्ट्वा पुरुषस्यान्यस्य वा शुभाशुभं परिच्छिद्यते तत्स्वप्ननिमित्तम्। (मूला. वृ. ६-३०)।

१ वात-पित्तादि दोषों से रहित होते हुए पिछली रात में चन्द्र व सूर्य आदि को अपने मुख-कमल के भीतर प्रवेश करते हुए स्वप्न में देखना, यह शुभ स्वप्न है तथा घी अथवा तेल से स्नान करना, गधा अथवा ऊंट आदि के ऊपर सवार होना और परदेश गमन करना इत्यादि को जो स्वप्न में देखा जाता है वह अशुभ स्वप्न है। इनको देख-सुनकर जो तीनों कालों में सम्भव दुःख-सुख आदि की सूचना की जाती है, इसे स्वप्ननिमित्त कहा जाता है।

स्वप्नमहानिमित्त — देखो स्वप्ननिमित्त।

स्वप्रत्ययोत्पाद — स्वनिमित्तस्तावदनन्तानामगुरुलघुगुणानामागमप्रामाण्यादभ्युपगम्यमानानां षट्स्थानपतितया वृद्ध्या हान्या च प्रवर्तमानानां स्वभावादेतेषामुत्पादो व्ययश्च। (स. सि. ५-७; त. वा. ५, ७, ३)।

आगम के प्रमाण से स्वीकार किये गये जो अनन्तानन्त अगुरुलघु गुण हैं वे छह स्थान पतित वृद्धि और हानि से प्रवर्तमान हैं, उनके स्वभाव से जो धर्माधर्मादि द्रव्यों में उत्पाद होता है वह स्वप्रत्यय उत्पाद कहलाता है।

स्वप्राणातिपातजननी — स्वप्राणातिपातजननी गिरिशिखरप्रपात-ज्वलनप्रवेश-जलप्रवेशास्त्रपाटनादिका (प्राणव्यपरोपणलक्षणा)। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-६)।

पर्वत के शिखर से गिरना, अग्नि में प्रवेश करना, जल में प्रवेश करना और शस्त्र के द्वारा विदारण करना, इत्यादि के करने को स्वप्राणातिपातजननी क्रिया कहा जाता है।

स्वभाव — स्वेनात्मना भवनं स्वभावः। स्वेनात्मना असाधारणेन धर्मेण भवनं स्वभाव इत्युच्यते। (त. वा. ७, १२, २)।

अपने असाधारण स्वभाव से होना, इसे स्वभाव कहा जाता है।

स्वभाव-अनित्य-अशुद्धद्रव्यार्थिक — जो गहइ एक्कसमए उप्पाय-वयद्धुवत्तसजुत्तं। सो सब्भाव-अणिच्चो असुद्धओ पज्जयत्थीओ॥ (ल. नयच. ३०; द्रव्यस्व. प्र. नयच. २०२)।

जो एक समय में उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य से संयुक्त पर्याय को ग्रहण किया करता है उसे स्वभाव अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक नय कहते हैं।

स्वभाव-अनित्य-शुद्धपर्यायार्थिक — सत्ताअमुक्खरूवे उप्पाद-वयं हि गिण्हए जो हु। सो दु सहाव-अणिच्चो भण्णइ (द्र. 'गाही') खलु सुद्धपज्जायो॥ (ल. नयच. २९; द्रव्यस्व. प्र. नयच. २०१)।

जो सत्ता को मुख्य न करके उत्पाद और व्यय को ग्रहण किया करता है उसे स्वभाव-अनित्य-शुद्धपर्यायार्थिक नय कहते हैं।

स्वभावगति — मारुत-पावक-परमाणु-सिद्ध-ज्योतिष्कादीनां स्वभावगतिः। (त. वा. ५, २४, २१)।

वायु, अग्नि, परमाणु, सिद्ध और ज्योतिषी आदि की गति स्वभावगति होती है।

स्वभावज्ञान — केवलमिंदियरहियं असहायं तं सहावणाणं त्ति । (नि. सा. ११) ।

इन्द्रियों से रहित (अतीन्द्रिय) व असहाय—आलोक आदि किसी बाह्य निमित्त की अपेक्षा न करने वाला—जो केवलज्ञान है उसे स्वभावज्ञान कहा जाता है ।

स्वभावदर्शन—केवलमिंदियरहियं असहायं तं सहावमिदि भणिदं । (नि. सा. १३) ।

इन्द्रियों से रहित (अतीन्द्रिय) व असहाय जो केवल-दर्शन है उसे स्वभावदर्शन कहा जाता है ।

स्वभावपर्याय—१. कम्मोपाधिविवज्जियपज्जाया ते सहावमिदि भणिदा ॥ (नि. सा. १५); अण्ण-णिरावेक्खो जो परिणामो सो सहावपज्जावो । (नि. सा. २८) । २. अगुरुलघुविकाराः स्वभावपर्यायाः । ते द्वादशधा षड्वृद्धिरूपाः षड्हानिरूपाः । (आलाप. प. पृ. १३४) ;

१ कर्म की उपाधि से रहित जो भी पर्यायें हैं वे सब स्वभावपर्याय कहलाती हैं । २ अगुरुलघु गुणों के छह प्रकार की हानि व छह प्रकार की वृद्धिरूप विकारों को स्वभावपर्याय कहा जाता है ।

स्वभावमार्दव—१. मृदोर्भावः मार्दवम्, स्वभावेन मार्दवं स्वभावमार्दवम्, उपदेशानपेक्षम् । (स. सि. ६–१८) । २. उपदेशानपेक्षं स्वभावमार्दवम् । मृदो-र्भावः कर्म व मार्दवम्, स्वभावेन मार्दवं स्वभावमार्द-वम्, उपदेशानपेक्षमित्यर्थः । (त. वा. ६, १८, १) । ३. उपदेशानपेक्षं मार्दवं स्वभावमार्दवम् । (त. श्लो. ६–१८) ।

१ उपदेश की अपेक्षा न करके जो स्वभाव से मृदुता (सरलता) हुआ करती है उसे स्वभावमार्दव कहा जाता है ।

स्वभाववाद—१. को करइ कंटयाणं तिक्खत्तं मिय-विहंगमादीणं । विविहत्तं तु सहाओ इदि सव्वं पि य सहाओत्ति ॥ (गो. क. ८८३) । २. सव्वं सहाववदो खलु तिक्खत्तं कंटयाण को करई । विवि-हत्तं णर-मिय-पसु-विहंगमाणं सहावो य ॥ (अंगप. २–२३, पृ. २७८) ।

१ कांटों की तीक्ष्णता को कौन करता है, तथा मृग और पक्षियों आदि की विविधता को कौन करता है ? कोई भी नहीं, वह सब स्वभाव से ही हुआ करता है । इस प्रकार के कथन को स्वभाववाद कहा जाता है ।

स्वभावविप्रकृष्ट—१. स्वभावविप्रकृष्टा मन्त्रौषधि-शक्ति-चित्तादयः । (आ. मी. वसु. वृ. ५) । २. सूक्ष्माः स्वभावविप्रकृष्टाः परमाण्वादयः । (न्यायदी. पृ. ४१) ।

१ मंत्र, औषधि, शक्ति और चित्त आदि स्वभाव-विप्रकृष्ट—स्वभावतः दूरवर्ती—माने जाते हैं । २ सूक्ष्म परमाणु आदि को स्वभावविप्रकृष्ट कहा जाता है ।

स्वभावहीन – स्वभावहीनं यद्वस्तुनः प्रत्यक्षादि-प्रसिद्धं स्वभावमतिरिच्यान्यथावचनम् । यथा—शीतो-ऽग्निः, मूर्तिमदाकाशमित्यादिः । (आव. नि. मलय. वृ. ८८२, पृ. ४८३) ।

वस्तु के प्रत्यक्षादि प्रमाण से सिद्ध स्वभाव को छोड़ कर अन्य प्रकार से कथन करने को स्वभावहीन कहा जाता है । जैसे –अग्नि शीतल है, आकाश मूर्तिक है, इत्यादि । यह सूत्र के ३२ दोषों में १६वां है ।

स्वभ्रपूरण—येन केनचित्प्रकारेण स्वभ्रपूरणवदु-दरगर्तमनगारः पूरयति स्वादुनेतरेण वेति स्वभ्रपूरण-मिष्यते । (त. वा. ६, ६, १६) ।

जिस प्रकार गड्ढे को कंकड़, पत्थर अथवा मिट्टी आदि जिस किसी भी वस्तु के द्वारा भर दिया जाता है—उसके भरने के लिए अमुक वस्तु ही होना चाहिए, ऐसी अपेक्षा नहीं रहती—उसी प्रकार साधु उदर रूप गड्ढे को निर्दोष किसी भी भोजन से पूरा करता है—वह स्वादिष्ट अथवा नीरस आदि का विचार नहीं करता । इसलिए स्वभ्र (गड्ढे) के समान भरे जाने के कारण उसके भोजन को स्वभ्रपूरण कहा जाता है ।

स्व-मनोज्ञ—स्वस्य मनोज्ञाः समानसमाचारीकतया अभिरुचिताः स्वमनोज्ञाः । (स्थाना. अभय. वृ. १७४) ।

समान समाचारी वाले होने से जो अपने लिए रुचि-कर होते हैं वे स्व-मनोज्ञ कहलाते हैं ।

स्वयंबुद्ध—स्वयम् आत्मनैव सम्यग्वरबोधिप्राप्त्या बुद्धा मिथ्यात्व-निद्रापगमसम्बोधेन स्वयं सम्बुद्धाः । (ललित. वि. पृ. २०) ।

